छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY
रायपुर, रविवार, 4 मई 2025
वर्ष - 67 | अंक - 18 | पृष्ठ - 12
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 06072/59
67 YEARS

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु



▸ मड़ई
नृत्य/नाच तब अउ अब — पृष्ठ 6

▸ नेमार को 2026 विश्व कप तक अपने साथ बनाए रखना चाहता है सैंटोस
▸ भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी — पृष्ठ 8

देश विदेश
▸ पाक की आर्थिक रीढ़ तोड़ने की तैयारी में भारत
▸ पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों की भारतीय बंदरगाहों में नो एंट्री
▸ इजरायल ने सीरिया की दमिश्क, मध्य व पश्चिमी प्रांतों पर किए हमले — पृष्ठ 7


# भारत ने पाकिस्तान से सभी आयात पर लगाया प्रतिबंध

## पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच लिया फैसला

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान से सभी प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात

- तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रहेगा प्रतिबंधित
- किसी भी अपवाद के लिए पूर्व स्वीकृति जरूरी होगी

पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यातित सभी वस्तुओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हों या अन्यथा अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। अधिसूचना में कहा गया, यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। इस प्रतिबंध में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

2 मई की अधिसूचना में कहा गया कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, ताकि 'पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जा सके।'

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 और फरवरी 2025 के बीच भारत का पाकिस्तान को निर्यात साल-दर-साल 56.91 प्रतिशत घटकर 491 मिलियन डॉलर रह गया। जबकि कोई आयात नहीं हुआ। वित्त वर्ष 2025 में पाकिस्तान को किए गए शीर्ष निर्यात में ड्रग फॉर्मूलेशन, चीनी, थोक दवाएं, अवशिष्ट रसायन और ऑटो घटक शामिल थे। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एकमात्र व्यापार मार्ग अटारी-वाघा सीमा को पहले ही बंद कर दिया गया था।

**मेल और पार्सल पर भी रोक लगाई**

केंद्र सरकार ने शनिवार को हवाई और जमीनी मार्गों के जरिए पाकिस्तान से आने वाले मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने की घोषणा की। इससे पहले दिन में सभी आयातों पर प्रतिबंध लगा दिया गया और पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों को बंदरगाहों में प्रवेश करने से रोक दिया गया। संचार मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर पड़ोसी देश से मेल और पार्सल का आवागमन निलंबित करने की घोषणा की है।

**उमर अब्दुल्ला के बाद नौसेना प्रमुख से मिले मोदी**

पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पहली बार दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बातचीत हुई। इसके बाद नौ सेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी मिलने पहुंचे। पीएम आवास पर यह बैठक हुई। यह बैठक करीब 5 से 7 मिनट तक चली।

### अंगोला के राष्ट्रपति के साथ संवाददाता सम्मेलन में बोले मोदी आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा भारत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि भारत आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह बयान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ हम पूरी तरह एकजुट हैं। मैं पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उसे धन्यवाद देते हैं।

# मुठभेड़ में 8 लाख का इनामी नक्सली ढेर

## ऑटोमेटिक हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद



**गरियाबंद**, 3 मई (देशबन्धु)। जिले के थाना जुगाड़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोतीपानी के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में शुक्रवार शाम पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 लाख रुपये का इनामी नक्सली योगेश मारा गया। वह नक्सली संगठन में डीव्हीसीएम रैंक पर था। साथ ही कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा। घटनास्थल से एक ऑटोमेटिक हथियार (एसएलआर) और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है।

दरअसल पुलिस को मोतीपानी क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद जिला बल ई-30 गरियाबंद और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए रवाना हुई। शाम करीब 6 बजे जंगल के भीतर मुठभेड़ शुरू हो गई। नक्सलियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू की, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। करीब आधे घंटे चली मुठभेड़ के बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग निकले। सर्चिंग के दौरान एक नक्सली का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान योगेश डीव्हीसीएम के रूप में की गई है। योगेश पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। जानकारी के मुताबिक योगेश (आयतु साकेत) बीजापुर के गंगालूर का रहने वाला था। जो करीब 10 से 15 साल से सक्रिय था।

इधर, मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में सघन सर्चिंग की जा रही है। बताया जाता है कि मुठभेड़ में करीब 30 से 40 नक्सली शामिल थे। जो जंगल के सहारा लेकर भाग निकले। इसमें एक बड़े लीडर मनोज के होने की खबर है। जिसके चलते पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में नक्सली नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। मृत नक्सली और बरामद सामग्री को जिला मुख्यालय लाया गया है, जहां आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है। शनिवार को मृतक नक्सली के शव का पोस्ट मार्टम किया गया।

### बस्तर से विस्थापन का परिणाम गरियाबंद जिले में नक्सली गतिविधियों में वृद्धि

बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों की बढ़ती कार्रवाई और दबाव के चलते नक्सली अब समीपवर्ती गरियाबंद जिले की ओर रख कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, नक्सली गरियाबंद को अपेक्षाकृत सुरक्षित क्षेत्र मानते हैं, इसके चलते यहां पहली बार बड़े कैडर के नक्सलियों के भी पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक नक्सली गरियाबंद में छिप कर बस्तर के हालात सामान्य होने की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन इस बार बस्तर में लगातार बढ़ते दबाव के कारण नक्सली यहीं सिमट गए है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद की भौगोलिक स्थिति भी नक्सलियों के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से भी अनुकूल है। यह क्षेत्र ओडिशा और झारखंड की सीमाओं के निकट स्थित है, जिससे इन राज्यों में आवाजाही उनके लिए आसान हो जाती है।

## सार संक्षेप

### श्रीलंका ने तमिलनाडु के 25 मछुआरों को किया रिहा

**चेन्नई।** श्रीलंकाई तटरक्षक बल द्वारा इस साल 23 फरवरी को गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के 25 मछुआरे श्रीलंका की एक अदालत से रिहाई के आदेश के बाद शनिवार को स्वदेश लौट आए। दो महीने से ज्यादा हिरासत में रहने के बाद ये मछुआरे एयर इंडिया की फ्लाइट से कोलंबो से चेन्नई पहुंचे। मछुआरों को उनके गृहनगर तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने परिवहन की व्यवस्था की थी।

### पहलगाम के पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक की है। पहलगाम की घटना ने हम सभी को झकझोर दिया है। पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से मुआवजा मिलना चाहिए। हम चाहते हैं कि सरकार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे।

### केदारनाथ में पहले दिन 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**केदारनाथ।** श्री केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के बाद पहले ही दिन (शुक्रवार को) दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। पहले दिन रिकॉर्ड 30,154 तीर्थ यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए।

### पाकिस्तानी सेना ने लगातार नौवें दिन की गोलीबारी

**जम्मू।** शनिवार को लगातार नौवें दिन, पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर भारतीय चौकियों पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। सैन्य सूत्रों ने बताया कि 2 और 3 मई की रात को पाकिस्तान की सेना ने कुपवाड़ा, उड़ी और अखनूर क्षेत्रों में छोटे हथियारों से फायरिंग की। भारतीय सेना ने तुरंत और उचित जवाब दिया।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

# गोवा में धार्मिक यात्रा में भगदड़, 7 की मौत 50 घायल

**पणजी**, 3 मई (एजेंसियां)। गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई। जानकारी शनिवार सुबह आई है। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें 20 गंभीर हैं। राहत-बचाव कार्य जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड



मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्री लैराई जात्रा नॉर्थ गोवा के बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक उत्सव है। जात्रा हर साल अप्रैल या मई में होती है। इसमें गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु आते हैं। जात्रा 2 मई की शाम से 3 मई की सुबह तक आयोजित की गई थी। इसी दौरान हादसा हुआ। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को घायलों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा किया।

# भारत का पहला एआई डेटा सेंटर पार्क नवा रायपुर में

## डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम

**रायपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। देश के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर पार्क की नींव आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के सेक्टर-22 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रखी। यह डेटा सेंटर पार्क 13.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जिसमें 2.7 हेक्टेयर हिस्सा विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज़) के रूप में विकसित होगा। रैक बैंक डेटा सेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित यह परियोजना पूरी तरह एआई सेवाओं को समर्पित होगी। पहले चरण में 80 मेगावाट क्षमता से शुरू होकर इसे 150 मेगावाट तक विस्तारित किया जाएगा। भविष्य में इस परियोजना में लगभग 2000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश संभावित है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस डेटा सेंटर को हरित और ऊर्जा दक्ष तकनीक के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### छत्तीसगढ़ के लिए क्या बदलेगा?

**रोजगार की नई राहें:** यह डाटा सेंटर पार्क आईटी, डाटा एनालिटिक्स, और तकनीकी रखरखाव जैसे क्षेत्रों में हजारों नौकरियां पैदा करेगा। छत्तीसगढ़ के युवा अब दिल्ली-मुंबई जाए बिना अपने घर पर ही तकनीकी करियर बना सकेंगे।

**किसानों की मदद:** एआई तकनीक से किसानों को स्मार्ट खेती, मौसम की सटीक जानकारी, और फसल प्रबंधन में मदद मिलेगी। इससे उनकी मेहनत का ज्यादा फल मिलेगा।

**आदिवासियों को डिजिटल ताकत:** दूरदराज के आदिवासी इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, और सरकारी सेवाएं डिजिटल रूप से आसानी से पहुंचेंगी।

**आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़:** यह पार्क राष्ट्रीय और वैश्विक डाटा ट्रैफिक को संभालेगा, जिससे सरकारी सेवाएं तेज होंगी और राज्य डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर बनेगा।

# बिना मानसून प्रदेश में झमाझम बारिश

## गरज-चमक के साथ गिरे ओले, कई जगह 80 किमी रफ्तार से चली तेज हवाएं



**रायपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में बीते 2-3 दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज भी अधिकांश जिलों में आंधी तूफान के साथ बारिश का दौर जारी रहा। आज राजधानी रायपुर में दोपहर 3 बजे के बाद लगातार ढाई घंटे झमाझम बारिश हुई, जिससे सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा और आवागमन अवरुद्ध हुआ। कोरिया में 70, बिलासपुर में 80 और रायपुर 26 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली और तेज वर्षा हुई। नया रायपुर के आसपास क्षेत्रों में बड़े-बड़े ओले गिरे। राजधानी के साथ ही बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग, गुरूर सहित कई शहरों में तेज बारिश शुरू हो गई, जिसके साथ जोरदार आकाशीय बिजली भी गिरी। इससे तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के जानकारी के मुताबिक, आने वाले 2 दिनों तक बारिश और तूफान ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया अलर्ट

सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर के लिए मौसम विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया।

# वैज्ञानिक तरीके से तहव्वुर राणा की पोल खोलेगी एनआईए

## 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के वॉइस और हैंडराइटिंग सैंपल लिए

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 3 मई (देशबन्धु)। एनआईए ने शनिवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की आवाज और हैंडराइटिंग के नमूने लिए। आवाज के नमूने एनआईए मुख्यालय में लिए गए और हैंडराइटिंग के नमूने लंच के बाद पटियाला हाउस कोर्ट में लिए।

एनआईए कोर्ट ने 30 अप्रैल गुरुवार को तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की अनुमति दी थी। हालांकि राणा के वकील ने इसका विरोध किया था। कहा था कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। लेकिन एनआईए ने अदालत से कहा कि राणा की पुरानी फोन कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर उनकी आवाज को वैज्ञानिक रूप से सत्यापित



- जांच में सहयोग नहीं कर रहा तहव्वुर राणा
- हमलों में अपना हाथ होने से कर रहा इंकार

करना आवश्यक है। एनआईए कोर्ट ने इस दलील को मान लिया और सैंपल लेने की अनुमति पर मुहर लगा दी थी।

सूत्रों का कहना है कि राणा ने अभी तक इस हमले के बारे में वह सुराग नहीं उगले हैं, जिनकी एनआईए को तलाश है। राणा के पूछताछ में सहयोग न करते देख एनआईए ने अदालत से उसके वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की अनुमति मांगी थी।

जांच दल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एनआईए के पास तहव्वुर राणा की कुछ सीसीटीवी फुटेज के अलावा फोन पर की गई बातें भी रिकॉर्ड हैं। जिनका इस हमले से डायरेक्ट लिंक है। राणा का वॉयस सैंपल लेकर उसकी आवाज का साइंटिफिक तरीके से सबूत ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# टिकैत के समर्थन में उतरा किसानों का सैलाब

**मुजफ्फरनगर**, 3 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के किसान-मजदूर सम्मान महापंचायत में किसानों का सैलाब उमड़ पड़ा। यह महापंचायत 'पगड़ी के सम्मान' के मुद्दे पर बुलाई गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में किसान और विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। जनसभा स्थल पर किसानों का जोश देखते ही बन रहा था, लेकिन इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत अचानक बेहोश हो गए। मंच पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तत्काल उन्हें संभाला। महापंचायत के बाद सभी किसान पैदल मार्च करते हुए टाउन हॉल की ओर रवाना हुए। राकेश टिकैत ने घोषणा की कि अब आगे की कार्रवाई की रूपरेखा टाउन हॉल से ही तय की जाएगी। शुक्रवार को टाउन हॉल पर ही एक विवादित घटना हुई थी, जहां राकेश टिकैत की पगड़ी उछाल दी गई थी। इस घटना को लेकर उनके कार्यकर्ताओं में भारी रोष है और किसानों ने इसे सम्मान पर हमला बताया है। इसी के विरोध में आज यह विशाल महापंचायत आयोजित की गई।

■ 'पगड़ी के सम्मान' में आयोजित की गई थी महापंचायत

**चिंता** — दक्षिण कश्मीर में आतंकी हमले तेज होने की चेतावनी मिल रही, 3 जुलाई से आरंभ होने जा रही है यात्रा

# अब अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहेगा सेना का जोर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 3 मई। पहलगाम नरसंहार के उपरांत आने वाले दिनों में दक्षिण कश्मीर में आतंकी हमले तेज होने की चेतावनी दी जा रही है। ऐसे में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा चिंता का कारण बनती जा रही है क्योंकि यह दक्षिण कश्मीर में ही संपन्न होती है। अतः इसे फूल प्रूफ बनाने को सेना भी पूरी तरह से मैदान में उतरने की तैयारी में है।

*उसका सारा जोर दक्षिण कश्मीर में होगा जहां अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले लाखों श्रद्धालु आएंगें और चिंता की बात यह है कि ताजा आतंकी हमलों, आतंकी गतिविधियों तथा पत्थरबाजों का गढ़ भी हमेशा दक्षिण कश्मीर ही रहा है।*

*रक्षा सूत्रों ने माना है कि 3 जुलाई से आरंभ होने जा रही अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने हजारों सैनिकों को दक्षिण कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक तलाशी अभियान आरंभ करने की तैयारी करने को कहा गया है। इन अभियानों का लक्ष्य 'तलाश करो और मार डालो' ही होगा। अभी तक यही होता आया था कि सेना अमरनाथ यात्रा की शुरूआत से पहले आतंकियों को क्षेत्र से भगाने का अभियान छेड़ती थी लेकिन अब रणनीति को बदल दिया गया है।*

*अगर रक्षाधिकारियों की मानें तो दक्षिण कश्मीर समेत अन्य इलाकों में तेज होते आतंकी हमले आतंकियों की उस हताशा का परिणाम था जो सेना के 'तलाश करो और मार डालो' अभियान से उनमें फैली हुई है। खबरों के मुताबिक, अमरनाथ गुफा के रास्तों पर सेना के जवानों की तैनाती का कार्य विपरीत मौसम के बावजूद इस बार जल्दी ही आरंभ हो जाएगा। और सेना तैनाती से पूर्व क्षेत्र को आतंकियों से मुक्त कर लेना चाहती है। पहलगाम नरसंहार के उपरांत यह खतरा और इसलिए बढ़ गया है क्योंकि कहा यह जा रहा है कि पहलगाम नरसंहार के दोषी अभी भी दक्षिण कश्मीर में ही छुपे हुए हैं। वैसे अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की खातिर सेना की तैनाती आधिकारिक तौर पर नहीं होगी। सेनाधिकारी कहते हैं कि उनके पास यात्रा के बाहरी इलाकों की सुरक्षा का भार हमेशा की तरह रहेगा। पर सूत्रों के अनुसार, अन्य सुरक्षाबलों को इस बार भी खतरे को भांपते हुए सेना की कमान के तहत ही अमरनाथ यात्रा में कार्य करना होगा। आधिकारिक तौर पर 70 हजार से अधिक अर्ध सैनिक बलों को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की खातिर तैनात किया जाएगा। इनमें सेना के जवानों की गिनती नहीं होगी और न ही प्रदेश पुलिस के जवानों की।*

# देश

**उवाच**

सिंधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी।

–मनीष साहनी



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 23.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 30.0 |

# भारत का पाक से सभी आयात–निर्यात पर प्रतिबंध सही कदम : हरीश रावत

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार के फैसले का किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान से सभी आयात–निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का समर्थन किया। रावत ने इसे एक अच्छा और आवश्यक कदम बताया। हरीश रावत ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे नागरिकों का खून बहाया है।

ऐसे देश से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखा जाना चाहिए। देश इससे भी कठोर कदमों की अपेक्षा कर रहा है। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए हर संभव प्रहार किया जाना चाहिए। हमने सरकार से कहा है कि आप पाकिस्तान के खिलाफ जो भी कदम उठाएंगे, हम उसके साथ हैं। रावत ने कहा कि हमने सरकार से कहा है कि हम उनके साथ हैं। ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे आतंकवादी नेटवर्क तबाह हो और पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार हो। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए हर जरूरी कदम का समर्थन किया जाएगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा सर्जिकल



पाकिस्तान ने हमारे नागरिकों का खून बहाया है ऐसे देश से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखा जाना चाहिए : हरीश रावत

स्ट्राइक पर सवाल उठाने को लेकर सवाल किए जाने पर रावत ने कहा कि यह वक्त पुराने इतिहास को टटोलने का नहीं है। यह समय राष्ट्रीय एकता दिखाने का है।

हमारी पार्टी की आधिकारिक लाइन स्पष्ट है कि हम सरकार के आतंकवाद विरोधी हर कदम के साथ खड़े हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी साफ तौर पर कह चुकी है कि हम एकजुट हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा द्वारा कांग्रेस पर सेना का मनोबल तोड़ने के आरोप पर हरीश रावत ने कहा कि सत्ताधारी दल के प्रवक्ता को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। जब पूरा देश एकजुटता दिखा रहा है, तब वह ऐसा बयान देकर क्या यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत में मतभेद हैं। उन्होंने पात्रा के उस बयान को भी गैर जिम्मेदाराना बताया, जिसमें कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी को पीडब्ल्यूसी–पाकिस्तान वर्किंग कमेटी कहा गया। उन्होंने कहा कि यह अपमानजनक है और दर्शाता है कि भाजपा अब भी राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता से खेल रही है।

### सरकार ने घाटी में अमन–चैन का वादा किया था लेकिन वह विफल रही : अधीर रंजन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सांसद एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगने का मुद्दा गरमाया हुआ है। इस बीच शनिवार को दिग्गज कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने पहलगाम हमले को लेकर सरकार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने घाटी में अमन–चैन का वादा किया था, लेकिन वह विफल रही। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी को ऐसा लगा होगा, इसलिए वो बोल रहे हैं। लेकिन उस समय सरकार ने पाकिस्तान को जैसा सबक सिखाने का दावा किया था, वैसा नहीं किया गया। घाटी में आतंकवाद खत्म करने का दावा हवा हवाई ही साबित हुआ। सरकार की ओर से आतंकवाद के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण ही आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सरकार की लापरवाही से उसी घाटी में 26 सैलानियों की धर्म के आधार पर चुन–चुन हत्या कर दी गई। सरकार ने पूरी दुनिया के सामने घाटी में अमन–चैन लाने का जो वादा किया था, उसे पूरा करने में विफल हुई।

## अरुणाचल में डकैती गिरोह का भंडाफोड़

**ईटानगर,** 3 मई (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के बांदरदेवा पुलिस ने कारसिंगसा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग–415 पर राजमार्ग डकैती की घटनाओं में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से, कई पीड़ितों ने कहा है कि दोपहिया वाहनों पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा किया और इनर लाइन परमिट तथा अन्य अवैध पदार्थों की जांच के बहाने उन्हें चाकू की नोंक पर लूट लिया। एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात राजमार्ग लुटेरों का पता लगाने के लिए नाहरलागुन एसडीपीओ ऋषि लोंगडो और इंस्पेक्टर किपा हमाक, ओसी बांदरदेवा पीएस की देखरेख में एसआई कोज टाडा, हेड कांस्टेबल ताडे बोमडोम, चेरा अचा और कांस्टेबल रिनचिन त्सेरिंग की एक विशेष जांच टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर, टीम ने एक मई को कार्सिंगसा में दो संदिग्धों को ट्रैक किया और उन्हें रोका, जहां उन्होंने एक और डकैती का प्रयास किया था। एक आरोपी भागने में कामयाब रहा लेकिन इटानगर के गंगा निवासी 19 वर्षीय पाटे बगांग पकड़ा गया।

# जम्मू–कश्मीर ने कभी पाकिस्तान का साथ नहीं दिया और न देगा : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 3 मई (एजेंसियां)। शनिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील की और पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अब्दुल्ला ने कहा अब घड़ा भर गया है, अब आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा।

जम्मू–कश्मीर ने कभी पाकिस्तान का साथ नहीं दिया और न ही कभी देगा। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उस दुल्हन से कहना चाहता हूं जिसकी शादी को सिर्फ छह दिन हुए थे, उस बच्चे से जिसने अपने पिता को खून से



■ नेकां प्रमुख ने की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील

लथपथ देखा , हम भी रोए, हम भी खाना नहीं खाया। ऐसे राक्षस अभी भी जीवित हैं जो लोगों को मार डालते हैं। वे मनुष्य नहीं हैं। और वे खुद को मुसलमान बताते हैं, मैं नहीं मानता कि वे मुसलमान हैं। आतंकवाद के कारण अपनों को खो चुके परिवारों के साथ हम खड़े हैं। मैं उन्हें यकीन दिलाता हूं कि यह कुर्बानियां व्यर्थ नहीं जाएंगी। हर एक को दंड मिलेगा। हम इसे पिछले 35 वर्षों से देख रहे हैं, लेकिन वे जीत नहीं पाए हैं और न कभी जीत पाएंगे।

गांधी का देश भारत है। हां, आज हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि हम पानी को रोक सकते हैं, लेकिन हम उन्हें नहीं मारेंगे। हम क्रूर नहीं हैं। उन्होंने अपने ही लोगों पर अत्याचार किए हैं। बलूचिस्तान और सिंध की हालत देखें। उन्होंने कहा कि वे अपने देश को बचा नहीं पाए, हमारे देश को बर्बाद करना चाहते हैं। हमले के बाद पहलगाम में पर्यटकों से मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें साहस मिला।

### सिंधु जल संधि पर उठाया सवाल

फारूक अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि की भी आलोचना की और सीमा पार की हिंसा को खत्म करने की मांग की। उनका कहना था कि जम्मू–कश्मीर के लोगों से कोई राय नहीं ली गई थी जब यह संधि बनाई गई थी। इस संधि से जम्मू–कश्मीर सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। हमें बिजलीघर नहीं बनाने की अनुमति है। पानी की एक बाल्टी लेने के लिए हमें पूछना पड़ता है। मैं भारत सरकार से अपील करता हूं कि उस पानी का कुछ हिस्सा जम्मू के लोगों के लिए लाया जाए। अमरनाथ यात्रा को लेकर उन्होंने कहा अमरनाथ यात्रा पर आने वालों को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अमरनाथ स्वयं उनकी रक्षा करेंगे।

## सार संक्षेप

### शैव सिद्धांत तमिल संस्कृति का रत्न : मोदी

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां कहा कि शैव सिद्धांत तमिल संस्कृति का एक रत्न है, जिसमें आध्यात्मिक साहित्य की सुंदर कृतियां और विभिन्न आधीनमों का सामाजिक योगदान शामिल है। मोदी ने तिरुकायिलया परम्परा धर्मपुरम अधीनम के अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत अनुसंधान संस्थान, धर्मपुरम और शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन के संदेश में कहा कि तमिलनाडु भारत की आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमुख केंद्र रहा है।

### जम्मू-कश्मीर में पाक ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार सुबह कहा कि शुक्रवार देर रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया। इससे पहले दो मई को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था।

### बिहार के जमुई जिले में दो नक्सली गिरफ्तार

**जमुई।** बिहार में उग्रवाद प्रभावित जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की देर रात सूचना मिली थी कि करमटांड गांव में दो नक्सली छुपे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करमटांड गांव में छापेमारी की। इस दौरान दो नक्सली हरि यादव उर्फ हरिलाल यादव और नरेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सलियों के विरुद्ध जिले के बरहट थाना में कई उग्रवादी मामले दर्ज हैं।

### अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस की मीडिया के बंधुओं को शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोकतंत्र, एकता व प्रगति के लिए ऐसी पत्रकारिता की जरूरत है, जो सतर्क होने के साथ प्रत्येक मायने में स्वंतत्र भी हो। पत्रकार बंधु चुनौतियों के बीच कर्तव्य पथ पर गतिमान रहते हुए राष्ट्रसेवा में सतत् सहभागी बने रहें, यही कामना है।

## हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी ममता

**कोलकाता,** 3 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा के बाद की स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पांच मई को मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों सुती और शमशेरगंज का दौरा करेंगी। मुख्यमंत्री का दौरा वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हो रहा है, जिसमें पिछले महीने तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। जिला प्रशासन के अनुसार, मुख्यमंत्री चार मई की शाम को बेहरामपुर सर्किट हाउस पहुंचेंगी। पांच मई को वह सुति के छबघाटी केडी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगी और धुलियान तथा शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगी। यह बनर्जी की इस क्षेत्र में 20 जनवरी के बाद पहली यात्रा होगी। वह हिंसा में क्षतिग्रस्त 316 घरों के प्रभावितों को बंगला आवास योजना के तहत सहायता वितरित करेंगी। मुख्यमंत्री ने मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि को मंजूरी दी और वादा किया कि राज्य सरकार उनके बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगी। पश्चिम मेदिनीपुर के गोलतोर में एक कार्यक्रम में बनर्जी ने हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और आरोप लगाया कि इसमें बाहरी तत्वों और कुछ स्थानीय लोगों की मिलीभगत थी। उन्होंने हालात सामान्य होने पर मुर्शिदाबाद जाने का वादा भी किया था।



वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हो रहा दौरा

# जाति जनगणना कराने में न हो विलम्ब : तेजस्वी

## जाति जनगणना को लेकर मोदी को लिखे पत्र को किया साझा

**पटना,** 3 मई (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि केंद्र सरकार को जाति जनगणना कराने के निर्णय को अमली जामा पहनाने में बिल्कुल भी विलम्ब नहीं करना चाहिए। यादव ने जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र को सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा करते हुए लिखा, जाति जनगणना कराने का निर्णय हमारे देश की समानता की यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण हो सकता है।

इस जनगणना के लिए संघर्ष करने वाले लाखों लोग केवल आंकड़ों की नहीं बल्कि सम्मान और सशक्तिकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में कई नई मांगें भी रखीं जिसमें निजी क्षेत्र में आरक्षण, ठेकेदारी में आरक्षण, न्यायपालिका में आरक्षण, जाति जनगणना के आंकड़ों के आधार पर आनुपातिक आरक्षण और लंबित मंडल आयोग का पूर्ण कार्यान्वयन शामिल है। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में लिखा, देश भर में जाति जनगणना कराने की आपकी सरकार की



जाति जनगणना कराने का निर्णय हमारे देश की समानता की यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण हो सकता है : तेजस्वी यादव

हाल की घोषणा के बाद मैं आज आपको सतर्क आशावाद की भावना के साथ लिख रहा हूं। वर्षों से आपकी सरकार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन ने जाति जनगणना की मांग को विभाजनकारी और अनावश्यक बताकर खारिज कर दिया था। यादव ने पत्र में बिहार द्वारा अपने स्तर पर शुरू किए गए जाति सर्वेक्षण पर केंद्र सरकार की ओर किए गए प्रश्नों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब बिहार ने अपने संसाधनों से जाति सर्वेक्षण कराने की पहल की तो केंद्र सरकार और उसके शीर्ष कानून अधिकारी ने हर कदम पर बाधाएं खड़ी कीं।

आपकी पार्टी के सहयोगियों ने इस तरह के डेटा संग्रह की आवश्यकता पर ही सवाल उठाया। अनेक प्रकार कि फूहड़ और अशोभनीय टिप्पणियां कि गयी। आपका विलंबित निर्णय उन नागरिकों की मांगों की व्यापकता को स्वीकार करता है, जिन्हें लंबे समय से हमारे समाज के हाशिये पर रखा गया है। नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि बिहार के जाति सर्वेक्षण ने, जिसमें पता चला कि अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग हमारे राज्य की आबादी का लगभग 63 प्रतिशत हिस्सा हैं, यथास्थिति बनाए रखने के लिए फैलाए गए कई मिथकों को तोड़ दिया।

### जाति जनगणना सामाजिक न्याय की लंबी यात्रा का पहला कदम : राजद

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने जाति जनगणना कराने को सामाजिक न्याय की लंबी यात्रा का पहला कदम बताते हुए कहा कि जनगणना के आंकड़ों से सामाजिक सुरक्षा और आरक्षण के दायरे को आबादी के अनुरूप बढ़ाने का ध्येय भी इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। एक देश के रूप में, हमारे पास आगामी परिसीमन में कई प्रकार के अन्याय को ठीक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण जनगणना के आंकड़ों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। ओबीसी और ईबीसी का निर्णय लेने वाले संस्थानों में पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। राज्य विधानसभाओं और भारत की संसद में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत के आधार पर इन वंचित समूहों को सम्मिलित किया जाना होगा।

# भाजपा ने विकास करने के बजाय उत्तर प्रदेश को विनाश की ओर धकेला : अखिलेश यादव

## समाजवादी सरकार के विकासकार्यों को बर्बाद करने करने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 3 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी सरकार में प्रदेश में हुए विकास कार्यों की आज भी देश दुनिया में सराहना हो रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है। यादव ने शनिवार को यहां जारी बयान में भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के विकासकार्यों को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया।

भाजपा ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है। प्रदेश की जनता एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का इंतजार कर रही है। वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार



बनने पर विकास के रुके कार्य फिर शुरू होंगे। प्रदेश में खुशहाली आएगी और नए विकास की नींव रखी जाएगी। समाजवादी सरकार ने लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम, आधुनिक सुविधाओं से लैस पुलिस मुख्यालय की सिग्नेचर बिल्डिंग, एशिया का सबसे बड़ा पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क, विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो रेल, विश्वस्तरीय आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे का निर्माण कराया। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे देश का पहला एक्सप्रेस–वे है जिस पर सेना के लड़ाकू विमान उतारने के लिए हवाई पट्टी बनाई गई। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे का निर्माण रिकार्ड 23 महीनें में पूरा हुआ।

### भाजपा सरकार ने सभी विकास कार्य रोके

सपा नेता ने कहा कि समाजवादी सरकार में जिलों को जोड़ने के लिए फोरलेन सड़कें बनाई गईं लेकिन भाजपा सरकार ने सभी विकास कार्य रोक दिए। इसी तरह से समाजवादी सरकार में बनाए गए आईटी सिटी की कम्पनियों में पढ़े लिखे हजारों नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। समाजवादी सरकार ने प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम किया। किसानों के लिए मंडिया बनाईं।

## झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने की हेमंत सोरेन से भेंट



**रांची,** 3 मई (एजेंसियां)। झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री को उनके सफल विदेश दौरे तथा झारखंड में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. अंसारी ने जमशेदपुर एवं कोडरमा जिले के दौरे की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी और विभागीय गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने डॉ. अंसारी को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और उस दिशा में कार्य करते हुए कार्य निष्पादन को और बेहतर करने का निर्देश भी दिया।

# किसानों को एमएसपी देने में आंध्र सरकार विफल : जगन

## नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बोला हमला

**विजयवाड़ा,** 3 मई (एजेंसियां)। आन्ध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने में विफल रही है, जिससे किसानों को विरोध प्रदर्शन करने और वित्तीय बर्बादी का सामना करना पड़ा है। रेड्डी ने सोशल मीडिया एक्स पर नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर किसानों की दुर्दशा की अनदेखी करने का आरोप लगाया।उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि किसान कर्ज में डूब रहे हैं, लागत वसूल नहीं कर पा रहे हैं, जबकि सरकार उनकी तरफ देखती तक नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापक आंदोलन के बावजूद मुख्यमंत्री और उनका प्रशासन भारी कर्ज के बीच अपने निवेश की वसूली के लिए संघर्ष कर रहे किसानों की दुर्दशा की



अनदेखी कर रहा है, साथ उनकी प्रति कम सहानुभूति दिखा रही है। उन्होंने कहा कि मिर्च, कपास, ज्वार, लाल चना, काला चना, हरा चना, मक्का, बाजरा, रागी, मूंगफली, टमाटर, केला, गन्ना और तंबाकू जैसी फसलों को एमएसपी से काफी कम कीमत मिल रही है, जिससे किसान असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बाजार में हस्तक्षेप करने या कीमतों को स्थिर करने की जिम्मेदारी लेने में विफल रही, इसके बजाय उसने भ्रामक रणनीति का इस्तेमाल किया जिससे उसने कृषि समुदाय में अपना विश्वास को धोखा दिया।


**चुनौती** | *पहलगाम हमले के बाद ट्रेनों के संचालन में कोई प्रगति नहीं*

# जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ लटका

**जम्मू, 3 मई (देशबन्धु)। पिछले छह महीनों से जम्मू से चलने वाली जिन बीसियों रेलों को जम्मू रेलवे यार्ड का रिमाडलिंग का कार्य पूरा करने की खातिर रद्द कर दिया गया था वे अब फिर से शुरू हो गई हैं। पर अब रेल के मोर्चे पर लाख टके का सवाल यह है कि कश्मीर कब रेलमार्ग से जुड़ेगा क्योंकि पहलगाम नरसंहार के उपरांत जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ फिलहाल लटक गया है।**

रेलवे ने जम्मू से चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को फिर से बहाल कर दिया है। 16 नवम्बर, 2024 से शुरू हुए यार्ड रि–मॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द या उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया था।

अब यह कार्य पूर्ण होने के बाद एक मई से इन ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। हालांकि, कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को मार्च में बहाल कर दिया गया था, लेकिन अभी भी कई ट्रेनें रद्द ही चल रही थीं पर पहलगाम नरसंहार के उपरांत कश्मीर के लिए शुरू होने वाली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होने पर संकट के बादल छा गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 अप्रैल को हरी झंडी दिखाए जाने वाली हाई–स्पीड वंदे भारत ट्रेन को क्षेत्र में खराब मौसम की चेतावनी सहित कई मुद्दों पर अंतिम समय में रद्द कर दिया गया था। पहलगाम हमले के बाद ट्रेन के उद्घाटन को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम



■ अनुकूल माहौल वापस आने तक तीन माह तक की देरी संभव

हमले के बाद जम्मू–कश्मीर में 'कमजोर' रेलवे बुनियादी ढांचे पर आतंकी खतरे की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा प्रमुख प्राथमिकता बन गई है। सुरक्षा प्रतिष्ठान ने घाटी में गैर–स्थानीय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति वाले भारतीय रेलवे को अपने निर्धारित स्थानों से बाहर जाने से बचने की सलाह दी थी।

भारतीय रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि अभी परिचालन शुरू करने पर कोई प्रगति नहीं हुई है। हमें लगता है कि अनुकूल माहौल वापस आने तक इसमें तीन महीने तक की देरी हो सकती है। वे कहते थेकि कई मुद्दों पर गौर करने की जरूरत है। इसमें एक प्रमुख सुरक्षा आडिट, व्यवहार्यता और बाद में वीआईपी की उपलब्धता शामिल है जो ट्रेन को हरी झंडी दिखा सके। अब स्थिति यह है कि 270 किलोमीटर में फैली उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल लिंक औपचारिक उद्घाटन का इंतजार कर रही है।

चार महीने पहले वाणिज्यिक संचालन के लिए मंजूरी मिल गई थी। पूरी रेल परियोजना चार चरणों में पूरी की जा रही है, जिसमें उधमपुर–कटरा (जुलाई 2014 में पूरा हुआ), बनिहाल–काजीगुंड (जून 2013 में पूरा हुआ), काजीगुंड–बारामुल्ला (2009 तक चरणों में) और कटरा–बनिहाल शामिल हैं। कश्मीर घाटी तक सीधा रेल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए भूकंपीय क्षेत्र 5 और ऊबड़–खाबड़ पहाड़ों और गहरी घाटियों से गुजरने वाले 111 किलोमीटर लंबे बनिहाल–कटरा गलियारे को चालू किया जाना है। जनवरी में हाई–स्पीड वंदे भारत का ट्रायल सफलतापूर्वक किया गया था।

कहानी

# पत्थर का शहज़ादा

■ जिलानी बानो

आईए... आईए मैडम जी... छोटे बाबा!

आपने पूरे शहर की सैर कर ली! मगर इस म्यूज़ीयम को देखे बग़ैर कैनाडा वापस मत जाईए।

शाम हो गई है? अजी मैडम! शाम तो रोज़ ही हुआ करती है। रोज़ मशरिक़ बड़ी भाग दौड़ कर के सूरज को दुनिया की तरफ़ घसीट कर लाता है। और रोज़ मग़रिब उसे अंधेरे में डुबो देता है। हाहाहा। आप बेफ़िक्र रहिए। रात होने से पहले आप अपने ठिकाने पर ज़रूर पहुंच जाएँगी।

इस म्यूज़ीयम में दुनिया के हर कोने से नायाब चीज़ें इकट्ठी की गई हैं।

ये लीजिए, ये इस म्यूज़ियम की गाईड बुक है और ये एलबम है। मैं इसकी क़ीमत नहीं लूंगा।

आप मेरे बग़ैर इस म्यूज़ियम को नहीं देख सकेंगी मैडम। आपको एक गाईड की ज़रूरत है।

अभी आप म्यूज़ीयम के अंदर क़दम मत रखिए।

वो आपको सामने बादशाह का दरबार-ए-ख़ास नज़र आरहा है?

आप यहां खड़े हो कर ताली बजाइये।

पूरे महल में आवाज़ गूंज उठती थी। कोई फ़र्यादी आया है?

बादशाह सलामत घबरा के उठ जाते थे।

मगर झटपट सारे मुसाहिब उनके आस-पास खड़े हो कर उन्हें यक़ीन दिलाते थे। ये तो झोंका हवा का था। भला उनके राज में किसी को फ़र्याद करने की क्या ज़रूरत है?

अब मुलाहिज़ा फ़रमाईए।

ये एक नायाब घड़ी है। एक सदी हो गई। हर घंटे पर घड़ी के अंदर से एक ग़ुलाम निकल कर ड्रम पर ज़रब लगा कर महल के अंदर सोने वालों को जगाना चाहता है।

मगर अभी तक बिचारे की आवाज़ महल वालों तक नहीं पहुंच सकी।

ज़रा ठहरिए। अभी अंदर मत जाईए। पहले दरवाज़े पर रखे हुए इन हब्शी ग़ुलामों के स्टैचू तो देख लीजिए।

आपका बेटा ठीक कह रहा है मैडम! उन ग़ुलामों की आँखें निकाल दी जाती थी और उन्हें मर्दानगी से महरूम कर दिया जाता था। क्योंकि वो बेगमात के हरमसरा की हिफ़ाज़त करते थे।


ये देखिए। महल के दरवाज़े पर कितनी शानदार तोपें रखी हुई हैं। आप ठीक कह रहे हैं छोटे मियां...

अगले वक़्तों में जब राजा किसी मुल्क पर चढ़ाई करते थे तो वहां के अवाम को संगसार किया जाता था। फिर तलवारों से मारने लगे। फिर बंदूक़ो से और अब तो अवाम के सर पर एटम बम का स्विच दबाया जाता है। हाहाहा।

आईए। अब म्यूज़ीयम के अंदर चलते हैं।

ये शहनशाह बाबर के जूते हैं... इन ही जूतों को पहन कर वो हिन्दोस्तान में दाख़िल हुआ था। आज भी सियासत के मैदान में दाख़िल होने वाले इन जूतों में पाँव ज़रूर डालते हैं।

ये वो ताज है जो शहनशाह जहांगीर ने अनारकली के लिए बनवाया था। बाद में अनारकली का सर इस में से ग़ायब कर दिया गया।



अब आप ये देखिए... ये शहनशाह अकबर की तलवार की मियान है... जी नहीं बादशाहों की मियान में तलवार कभी नहीं रही। वो तो सिर्फ़ मियान ही से डराते थे।

ये एक शहनशाह की ख़्वाबगाह है। सोने का छप्पर खट... सोने की जालियाँ। ख़्वाबगाह के सामने सात कुंवारियां सर झुकाए खड़ी हैं।

कौन जाने। आज किस के नसीब जागेंगे?

ये एक भिकारी का स्टैचू है। उसे भी ज़रूर किसी बादशाह ने ही बनवाया होगा। दोनों हाथ फैलाए वो भीक मांग रहा है।

इसके बारे में सही तौर पर मैं भी नहीं बता सकता कि ये कौनसा ज़माना था, जब किसी बादशाह ने अपने आगे किसी हाथ फैलाने वाले को न पाकर, ये स्टैचू बनवाया होगा!

ये मिर्ज़ा ग़ालिब की टोपी है... हाँ, उस का साइज़ बहुत बड़ा है... बहुत से शाइरों ने इसे पहनने की कोशिश की। मगर उनका मुँह छूप गया। हाहाहा। पहले मिर्ज़ा ग़ालिब का क़लमी दीवान भी इस म्यूज़ियम में था। सुना है कुछ ज़रूरतमंद अदीबों ने उसको नीलाम कर दिया।

अब आप इस गैलरी में आईए।

यहां दुनिया भर की नायाब पेंटिंग्स का कलेक्शन है मैडम!

ये देखिए... एक शायर दरबार में बादशाह की शान में क़सीदा पढ़ रहा है। उस शायर का मुँह मोतियों से बंद कर दिया जाता था।

उस ज़माने में ऐवार्ड देने का यही तरीक़ा था मैडम जी।

ये एक और शहनशाह का दरबार है।

सारे नवरतन सर झुकाए आँखें बंद किए खड़े हैं।

जी ? आपके बेटे पूछ रहे हैं कि क्या ये पार्लिमेंट हाउस है। हाहाहा।

सुना है इन दरबारों में आने वालों का अगर क़द ऊंचा होता था तो उनका सर काट कर छोटा कर देते थे।

ये दुनिया की नायाब किताबों के मेन स्क्रिप्टस हैं... उनमें क्या लिखा है? ये तो शायद अभी खोल कर नहीं देखा गया है।

आप पहले ये पेंटिंग देख लीजिए मैडम! सुक़रात को सच बोलने के जुर्म में ज़हर का पियाला पिलाया जा रहा है।

हाँ छोटे बाबू! सच बोलना आज की तरह उस वक़्त भी जुर्म था।

ये एक और भी पेंटिंग है।

नाफ़रमानी करने वाले को संगसार किया जा रहा है। छोटे मियां...! पुराने ज़माने में उन्हें पत्थरों से मारते थे। फिर तलवारों से मारने लगे... फिर बंदूक़ो से नाफ़रमानी करने वालों को निशाना बनाया जाता था। अब उनके सरों पर एटम बम रख दिया गया है।

जी हाँ। दुनिया मुसलसल तरक़्क़ी कर रही है ना।

ये मिस्र का बाज़ार है... नीम ब्रहना हसीनाएं। अपने हुस्न और जवानी की झलक दिखा कर अमीरों और शहज़ादों को अपनी तरफ़ मुतवज्जा कर रही हैं। नहीं छोटे बाबू...! ये कनॉट प्लेस नहीं है।

इस फ्रेम के अंदर सोने के हुरूफ़ से लिखा किसी शहनशाह का फ़रमान मुबारक है। इस फ़रमान की इबारत का तर्जुमा अलग रखा गया है।

हरमसरा की दो सौ रानियों के मन्सब को दोगुना कर दिया गया है।

आज़ादी। तमाम वज़ीरों के लिए।

ख़िलअत और इनाम... तमाम शहज़ादों के लिए।

सज़ाएं और जुर्माने। सोचने वाले नौजवानों के लिए।

बाग़ी और सरकश अवाम को जहन्नुम रसीद करने के लिए ज़िल्ले सुबहानी ने अपने मुल्क में ही एक दोज़ख़ तामीर करने का हुक्म दिया है।

ये मलिका आलम के ज़ीवारात हैं...

ये शहज़ादे का सोने का पालना है।

ये शहनशाह के हीरों-मोतियों से आरास्ता जूते हैं।

इस सेक्शन में दुनिया के नायाब स्टैचूज़ हैं मैडम!

इन संग तराशों ने बड़े बड़े महात्माओं और दुनिया की मशहूर हस्तीयों को किस ख़ूबी से पत्थर में ढाल दिया है... मुलाहिज़ा फ़रमाईए बेगम साहिबा...

बहन जी... आप ठीक कह रही हैं। पत्थर को प्यार अक़ीदत के हाथों से ढालो तो भगवान का रूप धार लेता है। और हवस भरे हाथ एक औरत को पत्थर बना देते हैं।

ये देखिए, ये मीराबाई है। कहते हैं उसके पति ने उसके हाथ से इकतारा छीन कर उस के मुँह से गीत भी छीन लिए थे। आप देखिए... अब वो इस म्यूज़ीयम में पत्थर की औरत नज़र आती है।

ये देखिए, फ़िरऔन... रावण... मुसोलेनी... हिटलर के स्टैचूज़ हैं। दूर से देखिए तो ऐसा लगेगा जैसे सच-मुच का फ़िरऔन खड़ा अपनी ख़ुदाई का ऐलान कर रहा है।

इसके बाद ये सब और बादशाहों और हमारे लीडरों की क़तार शुरू हो जाती है। उनको भी ख़ुदा होने का इतना ही यक़ीन था... ये हमारे आख़िरी राहनुमा हैं... क़रीब आकर देखो छोटे बाबा...! वो हाथ में एटम बम उठाए इस संसार के ख़ातमे का ऐलान करने वाले हैं। मगर एक अड़चन आ गई है...

सारी दुनिया ख़त्म कर देंगे तो उन्हें नोबल प्राइज़ कौन देगा?

अब सामने देखिए।

कितना ऊंचा महात्मा बुद्ध का मुजस्समा है वहां।

आप चाहें किसी तरफ़ जा खड़े हों। बुद्ध की निगाहें आपका पीछा किए जाएँगी।

मैडम जी...! कुछ देर यहां रुक जाईए।

आँखें बंद कर लीजिए और ग़ौर से सुनें।

बुद्धा आपसे कह रहा है,

तुम जो कुछ कह रहे हो, उसे सुना भी करो।

ये पेंटिंग यहां पहले नहीं थी। शायद अभी आई है।

ये किसी आज के मुसव्विर की आख़िरी पेंटिंग है। सुना है इसकी सब पेंटिंग्स जला दी गईं। इसका टाईटल है, पत्थर का शहज़ादा ।

सॉरी मैडम... ये तो मैं नहीं जानता कि मुसव्विर ने इस पेंटिंग का ये टाईटल, क्यों रखा है?

शहज़ादे को तो पीछे पलट कर देखने पर सज़ा मिलती थी। मगर इस शहज़ादे को शायद आगे देखने के जुर्म में पत्थर बना दिया गया।

## दो गजलें

■ बालमोहन पांडेय

1

समय से पहले भले शाम-ए-ज़िंदगी आए
किसी तरह भी उदासी का घाव भर जाए

हम अब उदास नहीं सर-ब-सर उदासी हैं
हमें चराग़ नहीं रौशनी कहा जाए

जो शेर समझे मुझे दाद-वाद देता रहे
गले लगाए जिसे ग़म समझ में आ जाए

गए दिनों में कोई शौक़ था मोहब्बत का
अब इस अज़ाब में ये ज़ेहन कौन उलझाए

किसी के हँसने से रौशन हुई थी बाद-ए-सबा
कोई उदास हुआ तो गुलाब मुरझाए

ये एक दुख ही दबा रह गया है आँखों में
वो एक मिसरा जिसे शेर कर नहीं पाए

अगर हूँ ग़ुस्से में फिर भी मैं चाहता ये हूँ
मैं सिर्फ़ हिज्र कहूँ और फ़ोन कट जाए

2

सब के होंटों पे ये मरने की दुआएँ कैसी
चारागर तू ने हमें दीं हैं दवाएँ कैसी

एक ही पल में बदलते हैं मनाज़िर क्या क्या
हम तिरी आँखें बनाएँ तो बनाएँ कैसी

मय-कशी छोड़ दो जब भूल चुके हो उस को
अब शिफ़ा मिल ही गई है तो दवाएँ कैसी

ऐसे हालात में हँसने की तमन्ना किस को
ऐसे माहौल में जीने की दुआएँ कैसी

अंधे लोगों को सुना देते हैं उस का चेहरा
आप के लोग भी देते हैं सज़ाएँ कैसी

हँसते-गाते भी उदासी नहीं छोड़ी मैं ने
छोड़ देती हैं जो बच्चों को वो माएँ कैसी

# कविता जहां दुख भी सुख की तरह बोलता है

■ मालिनी गौतम

श्रुति कुशवाहा का दूसरा कविता संग्रह 'सुख को भी दुख होता है' (राजकमल प्रकाशन) समकालीन हिंदी कविता की भीड़ में एक ऐसी आवाज़ है जो चुपचाप, बिना किसी शोर-शराबे के, बेहद मारक ढंग से अपनी बात कहती है। यह संग्रह किसी विशेष विचारधारा के प्रदर्शन की कोशिश नहीं करता लेकिन विचारों की परतों से भरा है। इसमें एक ऐसी दृष्टि है जो किसी भी स्थूल प्रतिरोध से ज़्यादा भीतर के सन्नाटे, संबंधों की जटिलता, भाषा के अवचेतन और सत्ता की महीन बुनावट को पहचानने की ज़िद करती है।

इस संग्रह को पढ़ते हुए यह जल्दी समझ में आने लगता है कि श्रुति की कविताएँ 'अर्थ देने' की जल्दी में नहीं हैं। वे अनुभव के स्तर पर भाषा को जीती हैं, उसे उसकी मूल संवेदना में पकड़ती हैं। संग्रह की पहली कविता में ही भाषा के जन्म की जो कल्पना रची गई है वह न तो लिंग से ग्रस्त है न ही किसी पूर्वग्रह से-बल्कि वह भाषा को स्मृति, ध्वनि, स्पर्श और बाल-संवेदना से जोड़ती है। श्रुति के लिए भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि एक जीवित अनुभव है, जिसमें माँ की लोरी, पिता की आवाज़, मिट्ठुओं की चहचहाहट और मिट्टी की गंध शामिल होती है।

श्रुति की कविताओं में विचार किसी घोषणापत्र की तरह नहीं आते बल्कि एकदम किनारे से दाख़िल होते हैं। 'सुख को भी दुख होता है' शीर्षक कविता को अगर पढ़ा जाए, तो वहाँ कवयित्री 'सुख' की उस आभासी संरचना को सामने लाती हैं जिसे हम रोज़ अपने जीवन में 'प्राप्त' मानते हैं- संगीत, बारिश, चाय, नींद, किताबें, बच्चों की मुस्कान। लेकिन क्या सुख सिर्फ सजावटी वस्त्रों का नाम है? नहीं, बल्कि यह एक ऐसा अनुभव भी हो सकता है जो अपनी ही छवि में कैद होकर घुटने लगे। सुख के भीतर छुपे भय, असुरक्षा और खो जाने का डर इस कविता को सिर्फ एक भावनात्मक रचना नहीं रहने देते, बल्कि यह कविता सत्ता और पूंजी के उन तंतुओं को छूती है जो 'खुशी' और 'संपन्नता' को भी बाज़ार का उत्पाद बना देते हैं। सुख का फफककर रो पड़ना एक चौंकाने वाला लेकिन बेहद मार्मिक क्षण है जो हमें हमारे अपने आत्मप्रवंचन से टकरा देता है।

इस संग्रह में प्रेम और स्त्री की उपस्थिति विशिष्ट है। प्रेम के विचार से शुरू करें, तो श्रुति की कविताएँ इस संग्रह में प्रेम को एक स्थिर, अपरिवर्तनीय भावना के रूप में नहीं देखतीं। कविता में प्रेम के विभिन्न रूप हैं, लेकिन यह केवल एक आकर्षण या भटकाव तक सीमित नहीं है। प्रेम की अनुभूति संग्रह में बहुत जटिल और बहुआयामी रूप में प्रस्तुत होती है। एक कविता में वे कहती हैं: 'देह का नमक भात की गंध में सानकर खाना/आँख मीचकर देखना प्रियतम का स्पर्श/ध्वनी को पोरों से टटोलना/प्रेम में गिरना नहीं...उठना सखी।' यह पंक्ति प्रेम के स्थायित्व और अस्थायित्व दोनों को व्यक्त करती है, जिसमें समय और स्मृति के साथ प्रेम की ध्वनियाँ बदल जाती हैं। इस तरह प्रेम की मानसिक स्थिति, उसके बदलते रंग और उसका हर रूप अंततः संज्ञा और अभिव्यक्ति से परे एक अनुभव बन जाता है। यह न केवल व्यक्तिगत प्रेम की परिभाषा प्रस्तुत करता है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में भी प्रेम के रूप में होने वाले बदलाव को दर्शाता है। कविता की भाषा में एक सादगी है, लेकिन वही सादगी इंद्रियों के गहन अनुभवों को एक आत्मीय विस्तार देती है। 'देह का नमक', 'भात की गंध', 'प्रियतम का स्पर्श', 'ध्वनि को पोरों से टटोलना' ये सारे बिंब प्रेम को केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण इन्द्रियबोध में बदल देते हैं। कवयित्री प्रेम को गिरने की नहीं, उठने की क्रिया मानती है। एक ऐसी स्थिति जिसमें स्त्री अपनी चेतना, इच्छाओं और स्मृतियों के साथ पूर्ण रूप से उपस्थित रहती है।


प्रेम की संपूर्णता को कविता में इस तरह चित्रित किया गया है कि उसमें न केवल आत्मविलयन है, बल्कि आत्मरक्षा और आत्मसम्मान की भावना भी अंतर्निहित है। कविता का अंत विशेष रूप से मार्मिक है, जहाँ वह प्रेम की विदाई को भी एक सुंदर अनुभव बनाकर प्रस्तुत करती है-वह जो अपने प्रिय की नाभि पर स्मृतियों का अमृत छिड़क सकती है, और उसके अपराधों को अपनी नदी में बहा सकती है।

कविता प्रेम को नई दृष्टि से देखने का अवसर देती है। ऐसी दृष्टि जिसमें करुणा है, आत्मबल है, और सबसे बढ़कर एक उदात्त भाव है। यह केवल प्रेम की नहीं, प्रेम में संपूर्ण नारी अस्मिता की कविता है।

प्रेम को लेकर प्रचलित धारणा रही है कि वह व्यक्ति को विह्वल करता है, भीतर से तोड़ता है, और अक्सर उसे निर्बल बना देता है। लेकिन श्रुति की प्रेम कविताएँ इस धारणा का संवेदनशील प्रतिवाद हैं। वह प्रेम को एक सजग, सशक्त और गरिमामय अनुभव के रूप में रेखांकित करती है, जहाँ स्त्री न केवल प्रेम करती है, बल्कि उसमें आत्मनिर्भर भी होती है।

'प्रेमिकाएँ' कविता उन भावनात्मक श्रमों का लेखा-जोखा है जिन्हें सामान्यतः स्त्रियाँ निभाती हैं- बिना नाम, बिना अधिकार, बिना मांग के। यह कविता प्रेमिका की उस सामाजिक स्थिति को उजागर करती है जहाँ वह सिर्फ एक आश्रयस्थल है-पुरुष की हार, थकान, विफलता के समय की ठौर। यह प्रेम नहीं, एक व्यवस्था है-जहाँ स्त्री का प्रेम उसकी अपनी अस्मिता का विसर्जन बन जाता है। कवयित्री यहाँ न तो कोई भावुक करुणा रचती हैं, न कोई प्रत्यक्ष गुस्सा व्यक्त करती हैं, बल्कि वह बहुत सधे हुए शब्दों में उस अन्याय की गहराई को छूती हैं जो दिखने में सहज है पर भीतर से खोखला करता है।

स्त्री के संदर्भ में श्रुति की कविताएँ केवल लिंग आधारित पीड़ाओं की पुनरावृत्ति नहीं करतीं, बल्कि वे उन सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक दबावों को उद्घाटित करती हैं जहाँ स्त्री हर भूमिका में 'प्राप्त वस्तु' की तरह दिखती है-घर में, प्रेम में, इतिहास में। ये कविताएँ स्त्री के अनुभव को पुनः परिभाषित करती हैं, लेकिन एक स्थूल दृष्टिकोण से नहीं। कविता 'आलू' एक नज़र में हम सबके प्रिय भोजन आलू पर लिखी गयी एक



| | | |
|---|---|---|
| कविता संग्रह | : | सुख को भी दुख होता है |
| लेखिका | : | श्रुति कुशवाहा |
| प्रकाशक | : | राजकमल |
| प्रकाशन वर्ष | : | 2025 |

मनोरंजक कविता लग सकती है लेकिन वहाँ बिना कहे ही एक रूपक साथ-साथ चलता रहता है। आलू, जो सबका पोषण करता है लेकिन कभी अपने स्वाद, अपनी अस्मिता का गौरव नहीं पाता, वह स्त्री की स्थिति का एक ज़रूरी, सूक्ष्म और गहरा प्रतीक है।

श्रुति की राजनीतिक चेतना किसी नारेबाज़ी में नहीं, बल्कि प्रतीकों और भाषा की पुनर्रचना में प्रकट होती है। 'रामराज' कविता उदाहरण है कि किस तरह भाषा सत्ता की सहयोगी बन सकती है। वहाँ 'रोटी' भूख की जगह नहीं लेती, 'लोकतंत्र' तानाशाही का नया नाम हो जाता है। यह कविता स्पष्ट करती है कि किस तरह शब्दों के अर्थ बदलकर पूरी दुनिया की संरचना को नियंत्रित किया जाता है। 'अब वहाँ दिन का नाम रात है/कोयले का नाम फूल/चीख़ का नाम संगीत/भूख का नाम रोटी/भय का नाम भक्ति और तानाशाही का नाम लोकतंत्र'। यह कविता स्पष्ट रूप से सत्ता के उस खेल को दर्शाती है, जहाँ धर्म और राजनीति के बीच समझौता किया जाता है और सत्ताधारी अपनी शक्ति को धार्मिक प्रतीकों के सहारे मज़बूत करते हैं। इस कविता में कोई आक्रोश या गुस्सा नहीं है, बल्कि एक गहरी चिंतनशीलता है जो पाठक को स्थिति के प्रति सचेत करती है। यह राजनीति और सत्ता के नाम पर होने वाली नैतिक लूट का एक साफ संकेत देती है।

इसी तरह 'बयान' कविता का नैतिक बल इस बात में है कि वह एक ऐसे समय में लिखी गई है जब चुप रहना ही सबसे अधिक पुरस्कृत गुण माना जाता है। यह कविता चुप्पी के अपराधबोध को उजागर करती है और यह बताती है कि कविता भी एक बयान है- एक गवाही, एक हस्तक्षेप।

कविता श्रुति के यहाँ सिर्फ महसूस करने का माध्यम नहीं, बल्कि जानने का, समझने का औजार है। संग्रह की 'खोना' जैसी कविताएँ दर्शाती हैं कि आधुनिकता ने मनुष्य से उसकी जड़ों को किस तरह काट दिया है-सपनों का नींद से, स्मृतियों का रिश्तों से और भाषा का संवेदना से खो जाना, एक सभ्य लेकिन शून्य में जीते हुए समाज की तस्वीर है। यह खोना किसी निजी क्षति का अनुभव नहीं, बल्कि समय की विडम्बना है जिसमें मनुष्य अपनी ही बनायी हुई व्यवस्था में विस्थापित होता चला गया है।

कवयित्री की तेज नज़र सिर्फ़ स्त्री या राजनीति तक सीमित नहीं है। वह समाज के हर उस व्यक्ति तक पहुँचती है जो शोषित है, उपेक्षित है, जो हमारे सामाजिक नियमों, कायदों या प्रचलित परंपराओं में जगह न बना सकने के कारण व्यथित है, उदास है और खुद को हारा हुआ महसूस करता है।

'हारे हुए लोग' एक ऐसी कविता है जो आधुनिक समाज की उस भीतरी परत को उजागर करती है, जहाँ हार केवल एक परिणाम नहीं, बल्कि एक पहचान बन जाती है। यह कविता उन असंख्य व्यक्तियों की कहानी है, जो जीवन की निरंतर स्पर्धा में पीछे रह जाते हैं- कभी एक नौकरी में, कभी एक रिश्ते में, कभी स्वयं अपने अस्तित्व में।

कविता की सबसे बड़ी विशेषता इसकी संवेदनशील और गहराई से पगी दृष्टि है। यह नायकों की नहीं, आम और अनदेखे लोगों की बात करती है। यह उनकी बात करती है जो सबसे कोने में बैठते हैं, जिन्हें प्रमोशन कभी नहीं मिला, जो बच्चों से किए वादे पूरे नहीं कर पाए, जिनकी ज़िन्दगी में 'चुपचाप' एक स्थायी भाव बन गया है। यह कविता हमें याद दिलाती है कि हार केवल करियर या पैसे से जुड़ी नहीं होती, बल्कि संबंधों, आत्मसम्मान और स्वीकृति के स्तर पर भी उतनी ही गहरी और मारक हो सकती है।

कविता की भाषा सरल है, पर उसका असर असाधारण। इसमें बिंब नहीं, सीधे जीवन की ठोस छवियाँ हैं। ठंडा खाना, अंधेरा कमरा, पसंद की सब्ज़ी का न मिलना, ये सब प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ हैं, जो पाठक को भीतर तक झकझोरते हैं। 'खोटे सिक्के' और 'गुमशुदा' जैसे शब्द न केवल सामाजिक उपेक्षा को उजागर करते हैं, बल्कि हमारे मूल्यांकन के तरीकों पर भी सवाल उठाते हैं।

यह कविता प्रश्न करती है कि हारे हुए लोग आख़िर कहाँ जाते हैं? और यही प्रश्न इसकी शक्ति है। यह पाठक को उदास नहीं, जागरूक बनाती है। यह कविता एक सामाजिक दस्तावेज़ की तरह है, जो बाजारू सफलता के पीछे छूट गए चेहरों की ओर हमारी दृष्टि मोड़ती है। यह आज के समय की उन अनसुनी आवाज़ों को शब्द देती है, जिन्हें पहचान और करुणा दोनों की दरकार है।

लेकिन हताशा, उदासी या निष्कर्षहीनता इस संग्रह की कविताओं का मूल स्वर या केन्द्रीय भाव नहीं है। यहाँ अगर निराशा है तो उम्मीद भी है। 'उम्मीद' कविता, जो संभवतः संग्रह की सबसे सादगीपूर्ण लेकिन गहरी कविताओं में से है, हमें यह भरोसा दिलाती है कि तमाम विफलताओं, अकेलेपन और टूटन के बावजूद जीवन में उम्मीद का एक कोना हमेशा सुरक्षित रहता है। यह उम्मीद किसी उत्साही उद्घोष की तरह नहीं आती, बल्कि एक मौन सहमति की तरह आती है कि जीने का अर्थ केवल सहना नहीं, बल्कि उम्मीद के साथ टिके रहना भी है।

श्रुति की कविताएँ सत्ता की विडंबनाओं के साथ-साथ समाज के भीतर छिपी उन असमानताओं को भी खोलती हैं, जो अक्सर अदेखी रह जाती हैं। श्रुति के काव्य-विश्व में भाषा का प्रयोग बेहद सूक्ष्म और तीव्र है। उनकी कविता में शब्दों की गति, उनका प्रवाह, और उनकी अंतरंगता बहुत प्रभावी रूप से पाठक से जुड़ती है। कविता में एक घरेलू-सी सहजता होती है, लेकिन उसी भाषा में सत्ता की आलोचना और समाज के विरोधाभासों की खुलकर व्याख्या भी होती है।

श्रुति की कविताएँ शोर नहीं करतीं, लेकिन वे अपने भीतर गहरी शांति और प्रतिबद्धता से भरी होती हैं। वे अपने शब्दों में विचारों को इस तरह छिपा देती हैं कि वे धीरे-धीरे पाठक के भीतर पैठ जाते हैं। इस संग्रह की हर कविता को पढ़ते समय यह महसूस होता है कि कवि ने अपने शब्दों को पूरी जिम्मेदारी से चुना है। उनका कोई भी शब्द बिना किसी उद्देश्य के नहीं होता, और यही संग्रह की सबसे बड़ी ताकत है।

'सुख को भी दुख होता है' संग्रह के माध्यम से श्रुति ने जो काव्य-रचना प्रस्तुत की है, वह न केवल समकालीन समाज, राजनीति और स्त्री के संघर्ष का जीवंत दस्तावेज़ है, बल्कि यह जीवन के समग्र अनुभवों का गहरा और सूक्ष्म विश्लेषण भी है। उनके शब्दों में न केवल गहरी संवेदनशीलता है, बल्कि एक गहरी विचारशीलता और सामाजिक जागरूकता भी है, जो इसे एक सशक्त संग्रह बनाती है।

इन कविताओं में विचार और संवेदना के बीच कोई युद्ध नहीं, बल्कि एक गहन संवाद है। यह संवाद भाषा को पॉलिश नहीं करता, वह उसकी धूल झाड़ता है, उसे स्मृति में डुबोता है, और फिर उस पर एक नया प्रश्नचिह्न रखता है। ये कविताएँ पाठक को एक निष्कर्ष नहीं देतीं, बल्कि उन्हें अपने भीतर झाँकने को विवश करती हैं। वे प्रश्न करती हैं धीरे से लेकिन अटल मजबूती से। और शायद कविता का सबसे गहरा प्रभाव भी यही होता है कि वह समय के विरुद्ध खड़ी होकर हमें सोचने, पहचानने, और संदेह करने की ताकत दे।

प्रिय श्रुति का यह कविता संग्रह हिन्दी काव्य जगत में एक विशेष स्थान बनाए यही शुभकामनाएँ!

### हाना

चार बेटा राम के कौड़ी के न काम के।
जेकर चार झन बेटा हावय अउ चारोंझन कोनो काम नइ करय त ये हाना ल केहे जाथे।

### शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

## आतंकवादी ऊपर चढ़व

पहलगाम म धर्म पूछ पूछ के गोली मारे गीस। अइसना पहिली बेर होय हावय। सत्ताईस मनखे ल गोली मार के मार दिन। माई लोगन मन ल कुछु नई करिन। का ये च्हिन्दू राष्ट्र बनाना हेज्ज नारा के जवाब आये या फेर हिन्दू ल मार के अपन कुरान के मुताबिक पुन्न कमाना आये। काफिरों को मारा जाये। लिखाये हावय।

काश्मिर मरत मरत साँस लेना शुरु करे रहिस हे। धारा 370 के हटाये के बाद काश्मिरी पंडित मन लहुटत रहिन हे। पर्यटक मन घलो जाना शुरू कर दे रहिन हे। सप्ताह भर बाद फेर लोगन मन जाना शुरु कर दे हावंय। ऊंखर कहना हे के एक बेर घटना होगे रोज रोज थोरे होही। कुछ मन अपन टिकट केंसिल करा लिन।

उंहा के रहने वाला मन के रोजी रोटी पर्यटक मन ले ही चलते। आज दुकान बंद हो गे हावय। रोड मन सुन्ना होगे हावय। बहुत उदास हावंय शिकारा वाले मन। घोड़ा या टट्टू वाला मन के रोजी रोटी बंद होगे हावय। एक टट्टू वाला तो आतंकवादी के बंदूक नंगावत रहिस हे। छिना झपटी म मरगे तभो ले अपन पर्यटक ल बचा नइ पइस। तीन जोड़ी मन तो हनीमून मनाये बर गे रहिन हें अउ गोली लगे ले मरगे।

बार–बार पाकिस्तान मन ल छोड़ दिये जाथे। ये सब काम उही ह करवाथे। भारत ह पानी देना बंद कर दिही तब पता चलही। ओखर मन ऊपर चढ़ई कर देना चाही सबके इही विचार आवत हे। हमर छत्तीसगढ के एक व्यापारी ल मार देय गीस। एक हवाई सेना के मनखे जेखर बिहाव होय एक हफ्ता होय रहिस हे ओला गोली मार दे गीस। मनखे मरे परे हावय ओखर बाजू म नवब्याहता आंसू बोहावत बइठे हावय। ओखर फोटो ल देख के सबके दिल दहल गीस। उंहा हमेशा सेना ल रहना चाही। थोरिक चूक होगे। काश्मीर अभी शांत हावय त कखरो ध्यान नइ गिस येखरे फायदा उठा के आतंकवादी मन हमला कर दिन। अब फेर पर्यटक मन जावत हावंय निडरता दिखत हे तब तो सरकार ल सुरक्षा के जिम्मेदारी लेना चाही। आज रोवत काश्मीर अउ उंहा के मनखे मन म मुस्कुराहट लाये के जरुरत हे। ओखर रोजी रोटी चलय अउ हमू मन काश्मीर के खूबसूरती के मजा लेवन।

–सुधा वर्मा

# नृत्य/नाच तब अउ अब

बर बिहाव, छट्ठी बरही, पार्टी सार्टी, भागवत, रमायण कस चाहे कुछु भी जुराव या मंगल के कार्यक्रम होय आज बिना नाच(नृत्य) के नइ होत हे। नृत्य जे युगों युगों ले चलत आवत हे, ता आज भला कइसे रुक जही। बल्कि आज तो दुनिया के लगभग 80–85 प्रतिशत मनखें नाचत गावत दिखथें। एक जमाना रिहिस जब नचइया गिनती के राहय। सुनब मा आथे कि स्वर्ग लोक मा रम्भा, मेनका, उर्वशी, तिलोत्तमा कस गन्धर्व कन्या मन नाच करें। अउ उही मन ला पृथ्वी लोक मा घलो राजा अउ राक्षस मन अपन शक्ति के दम मा नचावै। खैर वो समय ला छोड़व। जब 1912 मा दादा साहब फाल्के फिलिम बनाए के सोचिस ता वो बेरा मा, उन मन चारो मुड़ा नृत्यांगना अउ फिलिम बर हीरोइन खोजिस, फेर उन ला निरासा हाथ लगिस, आखिर मा पुरुष कलाकार मन ही स्त्री पात्र के रोल करिन। एक दौर रिहिस जब नचई ला बने नइ समझे जावत रिहिस। अउ जे नाचे गावै तेला समाज मा घलो बने मान सम्मान नइ मिलत रिहिस। नोनी मन के शादी बिहाव मा घलो नचई गवई अड़ंगा डाल देवत रिहिस। फेर धीरे धीरे समाज स्वीकारत गिस अउ आज के स्थिति ला तो सब देखतेच हन।

लगभग 200 ईसापूर्व मा भरत मुनि नाट्य शास्त्र के रचना करे रिहिन, जिहाँ रंगमंच, नृत्य अउ संगीत के वर्णन मिलथे। ऋग्वेद के श्लोक मन मा घलो नृत्य के वर्णन हे। प्राचीन वैदिक धर्म ग्रंथ मन मा देवी देवता मन ला घलो नृत्य करे के चित्रण करे गय हे। भगवान शंकर ला तो साक्षात नटराज घलो कहे जाथे।नृत्य करत नटराज के मूर्ति सहज दिखथे। महाभारत मा वर्णन हे, कि अर्जुन हा इंद्रलोक मा नृत्य अउ संगीत के शिक्षा लिए रिहिन। त्रेता युग मा भगवान कृष्ण अउ गोपी मन के द्वारा प्रस्तुत रास नृत्य के वर्णन मिलथे। नृत्यकला 64 कला मा अपन एक महत्वपूर्ण स्थान रखथे। एक मात्र भगवान कृष्ण ला सम्पूर्ण 64 कला मा पारंगत बताए गय हे।

वैदिक काल मा नृत्य, देवी देवता मनके आराधना अउ पूजा पाठ करत बेरा करे जावत रिहिस, फेर धीरे धीरे समय अनुसार जम्मों मंगल काज, ताहन फेर मनखें मन के मनोरंजन बर होय लगिस। मोहनजोदड़ो के खुदाई मा प्राप्त तांबा के मूर्ति मन के भाव भंगिमा ला देखे ले नृत्य के पुष्टि होथे। प्राचीन काल में नृत्य के एकमात्र उद्देश्य रिहिस– धार्मिक अउ आधात्मिक उद्देश्य के पूर्ति बर देवी देवता मन के नाच नाच आराधना अउ पूजा। जे शास्त्रीय नियम अउ लय ताल मा बँधाये रहय। भक्तिकाल में रामलीला अउ अउ कृष्णलीला कस कतको दैविक कथा ला नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करे के वर्णन मिलथे। समय बीतत राजा महाराज अउ मुगलकाल मा नृत्य राजदरबार मा मनोरंजन अउ सभा सदन के मन बहलाये बर होय लगिस। आज घलो विभिन्न अवसर मा नृत्य देखे बर मिलथे।

अलग अलग देश, राज अउ क्षेत्र के अलग अलग नृत्य देखब मा मिलथे। पहली भारतीय नृत्य कला के सिर्फ दुई रूप रिहिस शास्त्रीय नृत्य अउ लोक नृत्य। शास्त्रीय नृत्य मा भरतनाट्यम, कत्थक, कत्थक्कली, कुचिपुड़ी, ओड़िसी, मणिपुरी, मोहनीअट्टम,सत्रिया जइसन नृत्य शामिल हे, ता लोक नृत्य मा भांगड़ा, गरबा, गिद्दा, चौ, लावणी, कर्मा, घूमर कस नृत्य मन के नाम आथे। बॉलीवुड नृत्य मा ये दुनो के सम्मिश्रण ले विशेष शैली मा नृत्य होय लगिस। एखर आलावा समय के साथ साथ वैश्विक प्रभाव पड़त गिस, अउ पश्चिमी नृत्य घर करत गिस। ब्रेक डांस, हिपहॉप, स्विंग, कांट्रा कस कतको नृत्य देखे बर मिले लगिस। समकालीन नृत्य घलो भारतीय नृत्य मा झट झट समाहित होगे। जेमा बैले, जैज अउ आधुनिक नृत्य कस अउ कतको प्रकार नाच शामिल हे।

कई ठन नृत्य अउ संगीत के विद्यालय अउ कोचिंग खुलगे हे, जिहां नृत्य सीखे के सरलग उदिम होवत हे। कला, साधना के नाम आय, अउ साधना साधे ले सधते। कला ला तपस्या घलो कहे जाथे, जेखर बर ईमानदारी, लगन अउ महिनत के जरूरत पड़थे। फेर आज कला मात्र देख देखावा अउ ग्लैमर के चीज बनत जावत हे।

भाव(अभिव्यक्ति), राग(संगीत) अउ ताल(लय) ये तीनों के मधुर समन्वय बिन नृत्य नइ होय। सबे प्रकार के नृत्य के अलग अलग शैली होथे, जेमा भाव, राग अउ लय होबेच करथे। प्राचीन कालीन नृत्य मा चेहरा के भाव अउ हस्तमुद्रा प्रमुख रहय, फेर आज शरीर के अन्य अंग भी शामिल दिखथे। धार्मिक, आध्यात्मिक ले चालू होके नृत्य मनोरंजन के साथ साथ आज आकर्षण, ग्लैमर अउ व्यवसायिक होवत जावत हे। आधुनिकता के चकाचौंध मा नृत्य फूहड़ता कोती भागत हे। जे नाच ला देखत आध्यात्मिक अउ मानसिक सुख मिलत रिहिस, उहाँ आज काम वासना जाग्रत होवत हे। आज शारीरिक खुलापन, अउ बेढंग शारीरिक मुद्रा नृत्य के पारम्परिकता ला भंग करत हे। जे चिंतनीय हे। पहली नाच देखे बर मनखें तरस जावत रिहिस, कई कोस के दूरी लांघे के बाद नृत्य के आनंद मिले, उंहे आज सोशलमीडिया के दौर मा, घर बैठे रंग रंग के नाच देखे बर मिल जावत हे। नचइया अतका के देखइया घलो कमती हो जावत हे। नाचे मा छोटे, बड़े, बुढ़वा, जवान सबे लगे हें, अउ एखर श्रेय जाथे इस्टाग्राम अउ रील ला। रील के चक्कर मा नृत्य के छाती मा खील गोभावत हे। मन ला मोहित करइया अउ परम् शांति प्रदान करइया नृत्य आज उत्तेजक, फूहड़ अउ मन ला अशांत करइया हो गय हे। अइसे भी नही कि सबे नाच मा अश्लिता हे। आज भी विशेष पोशाक अउ शैली के कतको नृत्य जस के तस प्रभावी हे, चाहे कत्थक होय, कुचीपुड़ी होय,ओड़िसी होय या कोनो लोक नृत्य, फेर आधुनिकता के छाप अब नृत्य के शैली, हाव भाव अउ भाव भंगिमा मा आघात करत हे।

गुण, ज्ञान अउ कला कखरो भी होय यदि मनोभाव सकारात्मक हे, ता वो गुण, ज्ञान अउ कला ला देखत सुनत मन मा आनंद अउ सुख के संचार होबेच करथे, अउ यदि कहीं मनोभाव नकारात्मक हे, ता डाह घलो उपजत दिखथें। यदि वो डाह, प्रतियोगिता ला जनम देवत हे, ता तो बने बात हे, फेर यदि टांग खिचई के उदिम होय लगथे, ता वो बड़ घातक हे। आजो कई कलाकार नृत्य कला के ज्ञान पाय बर बड़ महिनत करत हे, कतको जघा सीखत पढ़त हें।

कई ठन नृत्य अउ संगीत के विद्यालय अउ कोचिंग खुलगे हे, जिहां नृत्य सीखे के सरलग उदिम होवत हे। कला, साधना के नाम आय, अउ साधना साधे ले सधते। कला ला तपस्या घलो कहे जाथे, जेखर बर ईमानदारी, लगन अउ महिनत के जरूरत पड़थे। फेर आज कला मात्र देख देखावा अउ ग्लैमर के चीज बनत जावत हे, चाहे नचई होय या फेर गवई। जे नही ते देखासीखी बेढंग कनिहा हलावत हे। सोसल मीडिया मा चढ़े डांस अउ अभिव्यक्ति के खुमारी देखत लाज लगथे। रील बनई के चक्कर मा बहू बेटी मन मान मर्यादा अउ डांस के दायरा ला लांघत हें।

महतारी कतको भूख मरत रहै, भुखाय लइका के पेट भरत देख, परम् शांति अउ सुख के अनुभव करथे, अउ अपन भूख ला भूला जाथे। घर मा कोनो एक के तरक्की या नाम होय ले, न सिर्फ घर, बल्कि पूरा गाँव गर्व करथे। कहे के मतलब मनखें दूसर के सुख अउ दुख ले आत्मीय भाव ले जुड़े रथे, अउ सुख दुख के अनुभव करथे। वइसने गीत संगीत सुने अउ नाच देखे मा परम् सुख मिलथे। एक गवइया या एक नचइया हजारों करोड़ो के मन ला मोहित कर लेथे। फेर आज मनखें नचइया के संग खुदे नाचत दिखथें या बिन नाचे नइ रही सकत हे। बस कुछु नाचे के बहाना चाही ताहन घर भर कनिहा मटकाए बर धर लेथे। आज वो अनुभव के चीज ला खुदे करे ला धर लेहे। पहली नाचे ते समाज मा असहज महसूस करे, फेर आज जे नइ नाचे तेखर मरना हो जावत हे। इशारा मा नाचना या कठपुतली बनना मुहावरा ला तो सबे जानते हन। येला स्वीकारना बने बात नइ रहय। अइसन करना मतलब अपन आप ला झुका देना या स्वाभिमान ला बेच देना होय। शोले फिलिम मा गब्बर के आघू मा बसंती नाचे बर तैयार नइ रिहिस। बड़े मिया छोटे मिया फिलिम मा अमिताभ अउ गोविदा गुंडा के आघू नाचे बर अनाकानी करथे। कहानी, चीन, साहब बीबी और गुलाम, मदर इंडिया, राजी अइसन कतको फिलिम अउ हकीकत दृश्य हे, जिहाँ हीरो हीरोइन अउ मनखें मन गुंडा या कखरो आन के आघू मा नाचे बर या अपन स्वाभिमान बेचे बर मना करथें। फेर आज कोनो भी मनखें कही भी नाच देवत हे, वाह रे जमाना। शादी मा पहली नचइया लगाय जाय, अउ घर भर के मनखें सगा सोदर संग आनंद उठावय। आज घरे के मन सगा सोदर सुद्धा जे बेर पाय ते बेर रही रही के नाचत हें। भागवत, रमायण मा बेढंग ठुमका लगावत मनखें भला का वो पावन ग्रंथ के मरम ला पा पाही? पंडा, पंडित मन घलो नाच ला प्राथमिकता देवत हें। अपने अपन सब मिलजुल के नाचत कूदत हें, अइसन मा जोक्कड़, परी, नचइया अउ गवइया मन के पेट भरना मुश्किल हो जावत हे। नाचत हे ते तो ठीक हे, फेर कुछ भी नाचत हे, ते चिंतनीय हे। रील अउ नेम फेम अउ चंद पइसा के चक्कर मा मनखें मन गिरत जावत हे। छोटे बड़े के लिहाज नइहे। इस्टाग्राम अउ रील के चक्कर मा नचइया मनके बाढ़ आ गय हे। कोनो भी चीज होय, मर्यादा मा ही शोभा पाथे। जिहाँ मरियादा नइ रहय उहाँ इज्जत मान सम्मान के जघा नइ रहय। लाज रूपी चिड़िया आज विलुप्तप्राय होवत जावत हे। बेटी, बहू के फूहड़ नृत्य ला देख के, बाप,भाई अउ पति ऊपर का बीतत होही तेला उही मन जाने? फेर पूरा समाज तो मजा ले ले के देखत हें, यहू बात सही हें। व्यूह,लाइक अउ सब्सक्राब पाय बर आँय बाँय नाच आज निश्चित ही चिंतनीय विषय हे। पर्दा के चीज आज उघरत हे अउ उघरे के चीज तोपावत हे। कोन जन जमाना आघू बेरा मा नृत्य जइसन पाक कला ला अउ कतका गिराही? बहरहाल अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के आप जम्मों ला सादर बधाई।

**जीतेन्द्र वर्मा**
**'खैरझिटिया', बाल्को,कोरबा**

### 1 मई जनमदिन सुरता

# छत्तीसगढ़ म कहरत हे पालेश्वर के कलम

इत्र और शख्सियत के अइसन गुन हर डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा जी के जिनगी ला परिभाषित करे बर सटीक हावय।उंखर लिखे कहानी, कविता, निबंध, अऊ कतको दूसर रचना मन ह रहीम,कबीर,तुलसी, मुंशी प्रेमचंद, रविंद्र नाथ टैगोर,हजारी प्रसाद के लिखे कस कहरत हावय।

छत्तीसगढ़ अउ छत्तीसगढ़ी भाखा ल पोठ रोंठ बनाए बर उंखर कलम हर दिन अउ रात, जियत मरत ले चलीस। च्अपन हक बर लड़े ल परही सुतनिदहा मन जागाज्ञ ल लिख के पालेश्वर बाबूजी हर छत्तीसगढ़िया मन के स्वाभिमान ल जगाए के जबड़ बूता करीस हावय।

रायपुर ले छप के चारों मुड़ा बगरोईया अखबार म उंखर लिखे 'गुड़ी के गोठ' ल पढ़े के ललक मोर भीतर म कूट कूट के भराए रहीस।मोला सुरता हे बिहनिया ले दुरूग के 'हिंदी भवन ग्रंथालय' म खुले के पहली में हबर जांव। ग्रंथालय खुलय त सबले पहली खुसरवं। अव गुड़ी के गोठ पढ़े बर समाचार पत्र ल हथिया लेवत रहें। मोला अइसे लागथे कि छत्तीसगढ़ी म गीत,गजल, कविता माने पद्य म अड़बड़ लिखे के कारज होवत हे, फेर गद्य म कहानी, नाटक, उपन्यास, व्यंग, संस्मरण, निबंध के लिखई हर कम होवत हे।



छत्तीसगढ़ के साहित्य जगत ल ए दसा ले उबारे बर, छत्तीसगढ़ी गद्य कोठी ल भरे बर च्पालेश्वर कलमज्ञ हर कमाल करीस हावय।

छत्तीसगढ़िया गुनी जनमन पालेश्वर जी ल जीयत जागत च्आखर कोठी,पोथी पुरानज्ञ कहिथें। उंखर संग सीधा भेंट मुलाकात, गोठ बात, उंखर आसीस हर मोला एके दू घवं थोरिक थोरिक माने दार म मिले नून कस मिलीस।बछर1985–86 के बात होही में हर राजनांदगांव के सर्वेश्वर दास नगर निगम स्कूल में मास्टर रहें। उही बेरा म शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थी मन ह मोर लिखे– निर्देशित नाटक च्हम पंछी एक डाल केज्ञ ल युवा उत्सव बिलासपुर में प्रस्तुत करे रहीन। तभे दू–तीन दिन के उत्सव में कतको कलमकार, कलाकार सहित थोरिक देर बर डॉ पालेश्वर शर्मा जी संग तको संघराए के अवसर मिलीस। तभे ऊंखर च्मिलिट्री मेनज्ञ कस अंदाज, अवाज, अनुशासन सहित एके मनखे के भीतर अनेक गुन के खान के भान होगे रहीस।

धरम नहीं करम हर महान बनाथे– छत्तीसगढ़ के नामी सांस्कृतिक संस्था चंदैनी गोंदा अउ लोकनाट्य कारी के सर्जक दाऊ रामचंद्र देशमुख के संग म कई बछर रहे के मौका मिलीस। काबर कि ओखर सिरझे लोकनाट्य कारी म च्सरपंच संग सूत्रधारज्ञ के जबड़ रोल ल में करवं।तभे छत्तीसगढ़ के बड़े बड़े रचनाकार मन के नाम अउ काम के चरचा म पालेश्वर बाबूजी के नाम हर घेरी पइंत आवय।

उंखरे असन जबड़ साहित्यकार पण्डित श्याम लाल चतुर्वेदी, प्रो.राम नारायण शुक्ल जी के सानिध्य मोला बनेच घवं मिलीस। अइसनेहे कतको साहित्यकार मन के संगत आज ले मिलतेच हे।ओमन संग पालेश्वर जी के चरचा म ए बात हर छन के आथे कि च्मनखे के धरम हर नहीं ओखर करम हर मनखे ल महान –अजर– अमर बनाथेज्ञ। डॉ. पालेश्वर हर छत्तीसगढ़ महतारी के अइसन मयारुक दुलरवा बेटा आए जेन हर छत्तीसगढ़ी साहित्य जगत खातिर नवा रद्दा गढ़े के गूर अवइया पीढ़ी ल सिखा के सरग सिधारिस हे।

छत्तीसगढ़ राज ल बने पच्चीस बछर होवत हे फेर आज ले छत्तीसगढ़ी भाखा ल लेके खींचा तानी मचे हावय। हांसिल आइस अण्डा माने जीरो कस दसा हे।फेर पालेश्वर बाबूजी हर अंग्रेजी और हिंदी सहित दीगर भाखा के जानकार होए के बावजूद छत्तीसगढ़ी भाखा के महल खड़े करे बर जेन च्पोक्खा नींव च गढ़ीस हे तेन हर संदेसा देवत हे–कुछू काम करे बर मौसम नहीं मन होना चाही,साधन जम्मो जुट जाही बस मनखे के भीतर संकल्प के धन होना चाही।

पसीना म भींझ के रंचिस इतिहास– दाऊ रामचंद्र देशमुख के संगे संग मोर पिताजी नारायण स्वामी मिश्रा ( नैला जांजगीर ) हर छत्तीसगढ़ के खेती किसानी के ऊपर बातचीत म मोला नवा नवा बात ल बतावय।ओखरे मुहू ले सुनेवं कि– खेती अपन सेथी, गाय ना गरु सूत जा हरू। अइसन गोठ बात के बेरा म पालेश्वर जी के शोध प्रबंध च्छत्तीसगढ़ के कृषक जीवनज्ञ के चरचा जम के चलय। किसान के नांगर अउ जांगर के ऊपर जी परान ले लिखे के जेन बूता पालेश्वर जी करीन हें तेला सुने–गुने– पढ़े के पाछु इही बात हर मन म आथे कि जेन हर बरखा के बरसे पानी म भींझथे, तेन हर खाली अंगरक्खा ल बदलथे।फेर जेन हर पछीना म भींजथे तेने हर पालेश्वर बनके नवा इतिहास गढ़थे।

प्रेम साईमन के लिखे लोकनाट्य कारी म एक ठिन दृश्य हे जेमा नायिका कारी अउ नायक बिसेसर हर पारा भर के लइका मन संग दल बनाके कबड्डी खेलत रहिथें।तभे बिसेसर के महतारी आमादाई हर आ जाथे अउ अपन बेटा के कान ल उमेटत कहिथे –कस रे हूड़मा बहुरिया ल कबड्डी खेलावत हस तोला थोरको लाज सरम नी लागत हे।ए सीन के चरचा करत, कठल कठल के हांसत गोठियावत पं श्याम लाल चतुर्वेदी,प्रो. रामनारायण शुक्ला जी बताय रहिन कि पालेश्वर जी के मास्टरी उंच डंगनी कूद,कबड्डी म जोरदार रहीस।उंखर इही आदत–बिचार– दिनचर्या हर पालेश्वर जी ल हिट अउ फीट बनाके राखे रहीस।

एक ठिन कवि सम्मेलन म शामिल होय बर रामेश्वर वैष्णव अउ मीर अली मीर जी के साथ जात रहें। तभे रद्दा म खेत म बड़ अकन कोंकड़ा कस चिरई दिखीन। चिरई मन के ऊपर चर्चा करत ओमन ह पालेश्वर जी के किताब च्सुसक झन कुररी !सुरता लेज्ञ के चर्चा छेड़ीन।तब मेहर जानेवं कि प्रवासी पक्षी मन ल छत्तीसगढ़ी म 'कुररी' कहे जाथे।

अइसनेहे एक ठिन अउ नवा बात जाने के सुरता आवत हे।पढ़े लिखे के पाछु जब नौकरी चाकरी बर फारम भरवं त मातृभाषा हिन्दी लिखवं।फेर एक घवं दाऊ देशमुख हर बताईस कि पालेश्वर शर्मा जी कस गुनीजन के कहना हे कि छत्तीसगढ़िया मन ल अपन मातृभाषा छत्तीसगढ़ी लिखना चाही।

डॉ पालेश्वर जी बर लिखत लिखत मोला शक्ति रियासत के राज पुरोहित मोर नाना पंडित शिवकुमार चतुर्वेदी के एक ठिन गुने लाइक गोठ हर तको सुरता आवत हे।ओ हर कहय कि छत्तीसगढ़ महतारी के कोरा म करोड़ झन पहिली ले जनमे हावयं तभो ले तोर जनम काबर होइस हे तेला सुन। असल म तोर ले पहली जनमे मन ल जेन काम करना रहीस तेन ल ओमन ह नी करे पाइन हें।त तोर पुरखा के छोंड़े बुता ल तोला पूरा करना हे। छत्तीसगढ़ महतारी के ऋण चुकाए बर ओखर मान बढ़ाए बर कुछू अईसे करना हे जेन ल आज ले कोनो नी करे हावय।नाना जी के कहे ए गोठ ल गुनथों त अइसे लागथे जानो मानो ओहर डॉ पालेश्वर जी मन कस मनखे मन बर ए बात ल कहे हे।जेन हर छत्तीसगढ़िया मन ल सबले बढ़िया बनाए बर अपन सरी जिनगी ल हूम कर दीस हे। छत्तीसगढ़ महतारी, ओखर बानी छत्तीसगढ़ी साहित्य के अइसन खेवनहार बनीस जेकर लिखे आखर हर अटूट पतवार बनके कभू छत्तीसगढ़ी साहित्य के डोंगा ल बुड़न नी देवय।

गोरस म पागे मखना कस साहित्य लिखोइया– डॉ पालेश्वर शर्मा के लिखे हरेक रचना हर गोरस म पागे मखना कस सवाद देथे। तभे तो एक घवं हाथ म आथे त आखरी पन्ना के सिरावत ले पढ़ोइया हर छोंड़य नहीं। किताब ल छोंड़ भी देथे त दिमाग हर किताब म लिखाए बात हर गुजंत रहिथे।नानपन ले जानत रहें कि छत्तीसगढ ल धान के कटोरा कहे जाथे, फेर धान के कटोरा काबर कहे जाथे? धान के बोंआई ले मिंजाई कुटाई के कारज हर कइसे होथे? कोन–कोन किसीम के अवजार ले खेती किसानी के कारज होथे?इंखर ले जूड़े हाना– जनऊला के गियान हर पालेश्वर जी के किताब च्छत्तीसगढ़ के कृषक जीवन की शब्दावलीज्ञ ले मिलथे। किसान के नांगर अउर जांगर ले जादा बालेश्वर जी के कलम हर छत्तीसगढ़ के किसानी ल जनवाए खातिर बड़का बूता करिस हावय।ए ग्रंथ के ग्यारह अध्याय हर कांख काख के बताथे कि– जेखर हंथेली म लकीर नहीं छाला रहीस ओखरे नाव पालेश्वर रहीस।

जिहां जनमे,जिहां के खाए पीए उहीं के गुन गाबे बजाबे इही म जिनगी के सार हे अउ नहीं त चौरासी लाख जोनि म सबले बढ़िया जनम मिले हावय तेन ह बेकार हे।अइसन संदेसा देवइया सियान,छत्तीसगढ़ भूइयां के लाल हर 2 जनवरी 2016 के दिन सदा दिन बर बिदा ले लेहे रहिस। आखिर म कलम के अइसन पूजेरी ल जोहार करत अपन कलम ल बिराम देवत लिखत हवं – नंगा लेहू कलम ल कलमकार से, त ओहर लिख देही कविता तलवार से।

**विजय मिश्रा 'अमित**
**अग्रोहा कालोनी, पोआ–सुंदरनगर रायपुर**

# पहलगाम के आतंकी हमला हमर शांति के रद्दा म कांटा

## लहू ले भींजगे पहाड़, निंदा ले नइ चलय अब पोठ जवाब देहे के बेरा हे

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम म होय आतंकी हमला सिरिफ एकठन दुखद घटना नोहय, ए हमला जम्मो देश के आत्मा ऊपर हमला आय। 28 निर्दोष मनखेमन के बेरहमी ले हत्या करे गे हेबय, जेमा दू झन विदेशी मनखे घलो शामिल हवय। ए गोठ फेर ले साबित करत हे के आतंकवाद के मुख कतेक अमानवीय, क्रूर अऊ घृणास्पद हेबय। ए हमला सिरिफ पर्यटक ऊपर नोहय, ए हमला भारत के एकता, विविधता अऊ शांति के चिनहा ऊपर सीधा घाव आय।




हमर सुरक्षा बल अऊ एजेंसी मन कतको बेरा ले आतंक के खिलाफ अपन बहादुरी के परचम ल फहराइस हे, फेर पहलगाम जइसन संवेदनशील ठऊर म सुरक्षा के चूक गजब के सवाल खड़ा करथे। आतंकी सेना वर्दी म आइन, परिचय–पत्र मांगिन अऊ धर्म पूछ–पाछ के मनखेमन ऊपर गोली चलाइन ए एकठन सोचे–समझे नफरत के डरावना रूप आय। ए गोठ सुरक्षा के खोखला दावा अऊ खुफिया तंत्र के कमजोरी ल उघारथे।

प्रधानमंत्री ले गृह मंत्री अऊ दूसर नेता मन हमला के निंदा करिन हे, न्याय के बात कहिन हे ए सब्बोजरूरी तो हे, फेर अब सिरिफ बात ले कुछु नइ होवय। अब बेरा आ गे हवय जब हमन पोठ फैसला लेवन, सफ़्फ़ा नीति बनाइन अऊ आतंकी मन के संग संग वो मन के पोसइया मन ल घलो करारा जवाब देवन।

ए हमला कश्मीरियत ऊपर घलो हमला आय ओ मिंझरा संस्कृति, ओ भाईचारा के भावना ऊपर जेन ल कश्मीर कतको बछर ले अपन कोरा म संजोय हे। कोनो पार्टी के प्रतिक्रिया होवय पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस या भाजपा बात साफ हे, ए समय राजनीति के नइ, मानवता के बात हे अऊ मानवता के लड़ई म कोनो दल नइ बोलय, जम्मो देश बोलय।

आज पहलगाम के घाव सिरिफ ओ ठऊर के नोहय, ए जम्मो भारतवासी के हिरदे म पीरा बन के बसे हे। ए घाव म मरहम तबे लगही जब निर्दोष मनखेमन के मौत के बलदा, न्याय अऊ सुरक्षा के पोठ कदम ले लेहे जाही। अब बेरा आ गे हवय जब देश एक हो के आतंकवाद ल जरी ले उखाड़ देवय। शोक, संवेदना अऊ श्रद्धांजलि के संग संग हमन ल ए संकल्प घलो लेना हे अब अउ नइ।जेमन अपन दुलरुवा गवाय हेबय ओमन ल संवेदना।

**त्रिभुवन लाल साहू**
**बोड़सरा,जांजगीर**

# अकती के होय ले होथे किसानी बुता के सुरुवात

अकती परब जेन आखा तीज अउ परशुराम जयंती के नाव ले घलो जाने जाथे। बैसाख महीना के अंजोरी पाख के तीसरा दिन म मनाय जाथे। ये एसन परब आय जेन ल हिंदु के संगे संग जैन समुदाय के मन घलो मनाय जाथे।

शुभ दिन माने जाथे–ए परब ल बड़ शुभ परब माने गे हवय ।अक्ति म सोना बिसाना,सोना के जिनिस लेना बड़ शुभ माने जाथे। ।ए दिन अचल सम्पत्ति खेत खार,जमीन खरीदना घलो बहुते शुभ माने गे हवय। पौरानिक कथा अनुसार ए दिन त्रेता युग के सुरुआत माने जाथे।भगवान विष्णु के छटवा अवतार परशुराम के जयंती घलो माने जाथे । इहि कारन सोना,चाँदी के आभूषण खरीदना अउ दान पुन के अड़बड़ महत्व बताए गे हवय।

किसान मन के उचछाह उमंग के परब–
किसान मन बर अकती ह उछाह अउ उमंग के परब आय । काबर कि किसान मन के किसानी बुता के सुरुवार इहि दिन ले होथे। जेकर सेती गाँव म किसान मन अकती ल बिसेस ढंग ले मनाथे।

अकती के पहिली रतिहा गाँव के कोतवाल ह मुनादी करथे की काली जुवार अकती तिहार मनावत जाहूँ होज..! मुनादी के पाछूँ के असल उद्देश ये रथे कि बिहाने दिन जब तक ले ठाकुर देव म पूजा पाठ ह सपुरन नइ हो जाय तब तक ले कोनो ल अपन घर म पिए बर पानी नइ भरना हे रहिथे।

अकती के दिन घर के बेटी माई मन बिहानियाँ ले उठ के घर ल बने लिप बहार के बने साफ सफाई करथे।अंगना दुवारी ल गोबर अउ छूही म लिपथे।

बाबूजात मन नऊ ठाकुर के घर ले परसा पान ले बने दोनो ल लाय बर जाथे अउ दोना ल अपन घर ले आथे ।

नहा धो के बने उज्जर कपड़ा पहिर के दोना म माई कोठी के धान ल हेर के गाँव के ठाकुर देव म चढ़हाय ल जाथे। गाँव भर के जम्मों मनखेमन अपन-अपन घर के माई कोठी के धान ल दोन म भर के ठाकुर देव म चघा देथे। गांव के सियान बइगा मन दोना म लाए जम्मों धान ल उही मेरा उलद देथे अउ बिधि बिधान ले पूजा पाठ हुँम जग देथे।

नहा धो के बने उज्जर कपड़ा पहिर के दोना म माई कोठी के धान ल हेर के गाँव के ठाकुर देव म चढ़हाय ल जाथे। गाँव भर के जम्मों मनखेमन अपन–अपन घर के माई कोठी के धान ल दोन म भर के ठाकुर देव म चघा देथे।

गाँव के सियान बइगा मन दोना म लाए जम्मों धान ल उही मेरा उलद देथे अउ बिधि बिधान ले पूजा पाठ हुँम जग देथे। ओकर पाछूँ दु झन नान्हे लइका ल सांकेतिक बइला बना के नाँगर फाँद के धान ल छित के खेत जुताई के बुता करथे। थोरिक धान ल पैरा डोरी के दु ठन कोठी बना के धान ल भर के ठाकुर देव कना जागे रुख म बने उँचहा जगह में बांध देथे। सुख समृद्धि अउ बने फसल के कामना करत बाचे धन ल उही दोना म भर के जम्मों झन अपन अपन घर ले आनथे।

**पानी रितो के करथे स्वागत-**

घर के मुहाटी म पहुँचे ले घर के बेटी माई मन एक लोटा पानी अउ पिऊरा चाउर ल थारी म लेके आथे। अउ दोना लेके अवइया मन के स्वागत पानी ल दुनो मुड़ा म रितो के अउ पिऊरा चाउर माथा म लगा के स्वागत करथे।

ठाकुर देव म सपुरन पूजा पाठ होय के पाछूँ कोतवाल ह अउ मुनादी करथे की अकती पूजा होगे पानी काजी भरत जाहू होज.!

जेकर बाद म झम्मो झन पिए खाय बर पानी काजी भरथे ।

**नकता करे के परमपरा**

साँझा बेरा म किसान मन दोना म लाए धान ल ले के अपन खेत त जाथे अउ विधि बिधान ले पूजा पाठ करके कुँदारी म कोड़ के बाँवत करत बने फसल के कामना करथे। इही ल नकता करना कहे जाथे। अकती के दिन नकता कराई ल बहुते शुभ माने जाथे।

**प्रीतम कुमार साहू, गुरुजी**
**लिमतरा, धमतरी,( छ.ग )**

# देश विदेश

## दक्षिणी चिली में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी जारी

**सैंटियागो,** 3 मई (एजेंसियां)। चिली के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है। चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है।

# पाक की आर्थिक रीढ़ तोड़ने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत पाकिस्तान को हर मोर्चे पर शिकस्त देना चाहता है। रणनीतिक और कूटनीतिक घेराबंदी के साथ ही नई दिल्ली इस्लामाबाद को पाई-पाई के लिए भी मोहताज करना चाहती है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन और ऋण पर फिर से विचार करने के लिए कहेगा। साथ ही वैश्विक धन शोधन निरोधक एजेंसी, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) से इस्लामाबाद को 'ग्रे' सूची में डालने की अपील की जाएगी। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि भारत, दिवालियापन से बचने में मदद के लिए हाल के महीनों में आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को दी गई सुविधाओं की समीक्षा की मांग करेगा। वह परियोजनाओं को फंड देने वाली विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य एजेंसियों के साथ भी संपर्क में है।

यह सभी जानते हैं कि पाकिस्तान गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। वह पूरी तरह से विदेशी कर्ज पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को रोक दिया जाए या मुश्किल बना दिया जाए तो उसके लिए अपने वजूद को बचाना ही सबसे बड़ा सवाल बन जाएगा।



- विश्व बैंक व एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य एजेंसियों के साथ संपर्क में भारत
- जनवरी में विश्व बैंक ने पाकिस्तान को 20 अरब डॉलर के ऋण पैकेज को दी थी मंजूरी

पाकिस्तान ने पिछले साल आईएमएफ से 7 बिलियन डॉलर का बेलआउट प्रोग्राम हासिल किया था और मार्च में उसे 1.3 बिलियन डॉलर का नया जलवायु ऋण मिला था। जनवरी 2025 में विश्व बैंक ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को उसकी चुनौतियों से उबरने के लिए 20 अरब डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दी थी। आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड विस्तारित वित्तपोषण की पहली समीक्षा के लिए 9 मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है।

जानकारों का कहना है कि आईएमएफ को 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के मद्देनजर पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। उसे आतंकवाद के लिए पाकिस्तान के समर्थन को ध्यान में रखते हुए कठोर शर्तों के बिना वित्तीय सहायता जारी रखने से आर्थिक स्थिरता और सुधार के मूल उद्देश्यों को नुकसान पहुंचने का खतरा है। आईएमएफ को यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय सहायता अनजाने में उन गतिविधियों को बढ़ावा न दे, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। बता दें आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों पर गोलियां चला दी थीं।

## पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों की भारतीय बंदरगाहों में नो एंट्री

**नई दिल्ली।** पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही भारतीय झंडे वाले जहाजों के पाकिस्तान के बंदरगाहों पर जाने पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए नवीनतम आदेश इसी सिलसिले की एक कड़ी है। ये प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958 की धारा 411 के तहत भारतीय परिसंपत्तियों, कार्गो और बंदरगाह अवसंरचना की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं।मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि अधिनियम का उद्देश्य राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए सर्वोत्तम तरीके से भारतीय व्यापारिक नौवहन के विकास को बढ़ावा देना और उसका कुशल रखरखाव सुनिश्चित करना है।सुरक्षा को मजबूत करने और भारत के समुद्री हितों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत यह आदेश अगली सूचना तक लागू रहेगा।



- भारतीय व्यापारिक नौवहन के विकास को बढ़ावा देना व उसका रखरखाव सुनिश्चित करना है उद्देश्य

## गुटेरेस सदस्य देशों के समक्ष सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे : दुजारिक

**संयुक्त राष्ट्र,** 3 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कुछ ही सप्ताह में सदस्य देशों के समक्ष संगठन के सुधार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी। श्री गुटेरेस ने मार्च में यूएन-80 पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें व्ययों को अनुकूलित करने के लिए इसके संचालन का ऑडिट शामिल है। ये सुधार अमेरिका की ओर से संयुक्त राष्ट्र बजट योगदान में कटौती और मानवीय परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ट्रम्प प्रशासन के रुख के बीच किए जा रहे हैं। श्री दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को रिपोर्ट करेंगे, क्योंकि हमें इन महत्वाकांक्षी सुधारों के लिए उनकी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उनकी सहमति की आवश्यकता होगी और उनकी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी। प्रवक्ता ने कहा कि कार्य प्रासंगिक पहल के हिस्से के रूप में, संसाधन अनुकूलन, अधिदेश पुनर्गठन और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर संरचनात्मक परिवर्तन जैसी तीन दिशाओं पर केंद्रित है।



- महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को करेंगे रिपोर्ट

## सुडोकू 6902

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 4 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 6

## राशिफल

मेष - आज आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। भावुक रूप से आप थोड़े कमजोर बने रहेंगे। किसी भी बात से आपका मन दु-खी हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी।

वृषभ - आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे- संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट- सौगात की प्राप्ति होगी। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा।

सिंह - आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद तथा संघर्ष खड़ा हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें।

कन्या - आज लाभ का दिन है। व्यापार- धंधे में विकास के साथ- साथ आय भी बढ़ेगी। नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख- संतोष की अनुभूति होगी।

तुला - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। मां से आर्थिक लाभ होगा। गृह सजावट का काम हाथ में लेंगे।

वृश्चिक - आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में गहरी चिंताएं सताया करेगी। नौकरी- व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे।

धनु - अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा।

मकर - विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

कुंभ - आज किए गए काम में आपको यश, कीर्ति और सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आपके विचार और व्यवहार में भावुकता अधिक रहेगी।

मीन - आप आज अपने काम में काफी रचनात्मक रहेंगे। आप साहित्य के क्षेत्र में लेखन तथा पठन के काम में गहरी रुचि रखेंगे। हृदय की कोमलता प्रियजनों के निकट लाएगी। स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायल ने सीरिया की दमिश्क, मध्य व पश्चिमी प्रांतों पर किए हमले

**दमिश्क,** 3 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने हवाई हमले तेज करते हुए सीरिया की राजधानी दमिश्क के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिमी प्रांतों में युद्धक विमानों के हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं। सीरियाई मीडिया और एक निगरानी समूह के अनुसार इजरायल ने पूरे सीरिया में हवाई हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई। सीरियाई अखबार अल-वतन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना द्वारा दमिश्क में कल दोपहर कनाकर शहर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, हरस्टा के पूर्वी उपनगर के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाकर कम से कम 10 हवाई हमले किए गए, जिसमें हरस्टा सैन्य अस्पताल के पास एक सैन्य चौकी भी शामिल है।

सीरिया के सरकारी प्रसारक अल-इखबरिया ने बताया कि हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कल शाम तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।



- इजरायली टोही विमान भी सीरिया पर मंडराते रहे

दक्षिणी सीरिया में, इजरायली हवाई हमलों ने दारा प्रांत के मोथबीन और इजरा के शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया में, कल रात को हामा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में शाहता गांव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमले किए गए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कथित तौर पर इजरायली टोही विमान भी सीरिया के दक्षिणी और मध्य भागों, जिसमें दारा, होम्स और हामा के ऊपर मंडराते रहे, जो एक समन्वित अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है।

## इजरायली हमलों में 30 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** गाजा में विस्थापित लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों में कम से कम 30 फिलिस्तीनी मारे गए।गाजा में नागरिक सुरक्षा मामलों के प्रवक्ता महमूद बसल ने यहां बताया कि पूर्वी गाजा शहर के शुजाय्या के निकट 'घट्टास' परिवार के घर पर हवाई हमले में 10 लोग मारे गए है। उधर समीपवर्ती दाराज में नागरिकों पर ड्रोन हमले में चार अन्य लोग मारे गए। गाजा शहर के ही ज़ीतून में दो और लोगों के मारे जाने की भी खबर है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक रिहायशी घर पर हमले में 11 लोग मारे गए। नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक तंबू पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य हमले में पास के तंबू में एक और व्यक्ति की मौत की खबर है1

इजरायली सेना ने हमलों के बारे में नहीं की कोई टिप्पणी

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**बिना मानसून प्रदेश में ...**

का दौर जारी रहने वाला है। आज रायपुर के कोटा और नया रायपुर के कुछ इलाकों में ओले गिरे। तेज आंधी-तूफान और बारिश से लोगों को राहत मिली है. रायपुर में अधिकतम 39.9 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।लेकिन कल के तापमान में और गिरावट की संभावना बनी हुई है।कल 39 डिग्री अधिकतम वही 23 डिग्री न्यूनतम तापमान के अनुमान मौसम विभाग ने लगाए गए है। प्रदेश का अधिकतम तापमान बिलासपुर में 40 डिग्री दर्ज किया गया. वही न्यूनतम 22 डिग्री दुर्ग में दर्ज किया गया. इधर पेंड्रा में 35.5, अंबिकापुर में 36.2, जगदलपुर में 33.7, दुर्ग में 38.6 तापमान दर्ज किया गया. अधिकांश जिलों में 3-4 डिग्री तक तापमान में गिरावट हुई है।

मौसम विभाग की दी गई जानकारी के अनुसार, प्रदेश में दो सिस्टम का प्रभाव बना हुआ है। एक द्रोणिका दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्र से गुजरात, महाराष्ट्र, आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण-तमिलनाडु तक औसत समुद्र तल से 0.9 बकमी ऊपर बनी हुई है।पूर्वी-पक्षिम द्रोणिका उपरोक्त चक्रवाती परीसंरचना क्षेत्र से दक्षिण पूर्व राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्रों से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए उत्तरी उड़ीसा तक जो औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है।

6 मई तक लोगों को राहत, फिर चढ़ेगा पारा

मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक, आने वाले दो दिन बारिश की संभावना बनी हुई है। लगभग प्रदेश के कुछ इलाकों में 40-50 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। साथ ही अंधड़ और तेज बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना जताई गई है।

**वैज्ञानिक तरीके से तहव्वुर राणा की ...**

के तौर पर पेश करने के लिए यह मिलान करना जरूरी है। इसी वजह से उसका यह सैंपल लिया गया । दूसरे उसकी हैंड राइटिंग लेकर भी कुछ संदिग्ध दस्तावेजों को उसकी लिखाई से मिलान कराना है।

ज्ञात रहे कि अमेरिका से भारत लाने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए 26/11 मुंबई अटैक के मास्टरमाइंड में से एक तहव्वुर हुसैन राणा से लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों ने बताया कि पहले दिन से ही राणा ने अपनी इस हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी से दोस्ती तो कबूली है। लेकिन मुंबई हमले में वह अपना हाथ होने से लगातार इनकार कर रहा है। अब एनआईए उसके वॉयस और हैंड राइटिंग सैंपल से साजिश का खुलासा करने की कोशिश करेगी।

सूत्रों का कहना है कि एनआईए के पास राणा के कश्मीरी दोस्त के साथ दुबई के लिंक भी हैं, जिनकी वेरिफिकेशन जरूरी है। इसमें अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से लेकर डी कंपनी के और लोग भी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई हमले की जांच में सामने आया है कि इस अटैक को अंजाम देने के लिए हेडली अगस्त 2005 में राणा से शिकागो में कई बार मिला था। वहां हेडली ने राणा को पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैबा के नापाक मंसूबों के बारे में बताया था। इसके बारे में हेडली कई बार राणा से मिला था।

**मामला** *बिना मंजूरी पाकिस्तानी युवती से शादी करना पड़ गया भारी*

# सीआरपीएफ के जवान को नौकरी से किया बर्खास्त

**जम्मू,** 3 मई (देशबन्धु)। बिना मंजूरी पाकिस्तानी युवती से विवाह करने वाले सीआरपीएफ के जवान मुनीर अहमद को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुनीर ने न केवल बिना मंजूरी पाक युवती से निकाह किया बल्कि उसे वीजा खत्म पर अवैध तरीके से घर पर रखा था। अधिकारियों का कहना था कि मुनीर के कार्य को सर्विस कंडक्ट का उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक माना गया जिस कारण यह कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई है। मीनल खान, मोहम्मद असगर खान की बेटी, कोटली फकीर चंद, गुजरांवाला, सियालकोट, पंजाब, पाकिस्तान की रहने वाली हैं।

मुनीर की दुल्हन मीनल खान अधिकारियों से 15 दिन का प्रवेश परमिट प्राप्त करने के बाद एक मार्च को देर रात भारत पहुंची। पंजाब में वाघा सीमा पर उसके ससुराल वालों ने उसका स्वागत किया था और उसे हंदवाल गांव में उसके पति के घर तक पहुंचाया गया था। हालांकि दूल्हे के परिवार ने दावा किया था कि मीनल के प्रवेश के लिए सभी कानूनी प्रोटोकॉल का पालन किया गया था, और संबंधित एजेंसियों द्वारा आवश्यक अनुमति दी गई थी।

नौ महीने के लंबे इंतजार के बाद एक मार्च की देर रात मीनल अपनी ससुराल पहुंचीं। जम्मू के भलवाल तहसील के राब्ता हंडवाल गांव निवासी नाजिर अहमद ने अपने बेटे मुनीर अहमद की शादी पाकिस्तान के सियालकोट पंजाब में स्थित कोटली फकीर चंद गुंजन निवासी अपने साले असगर खान की बेटी मीनल से तय की थी।

- मुनीर के कार्य को सर्विस कंडक्ट का उल्लंघन व राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए माना गया खतरनाक

शादी से पहले मुनीर ने मीनल के वीजा के लिए आवेदन भी कर रखा था। लेकिन सरहद पर चल रही तल्खियों के चलते मीनल को वीजा नहीं मिल सका। आखिरकार पिछले साल 24 मई को मुनीर व मीनल ने आनलाइन निकाह कर अपने प्यार को रिश्ते का नाम दे दिया। शादी के बाद मीनल को 15 दिन का वीजा मिला है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उसे उन नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है, जिनके तहत जांच करने की आवश्यकता नहीं है। मुनीर अहमद को पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और जानबूझकर उसके वीजा की वैधता से परे उसे शरण देने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।


सीआरपीएफ के प्रवक्ता उप महानिरीक्षक (डीआईजी) एम दिनाकरन ने कहा की उनके कार्यों को सेवा आचरण के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया।

कूटनीतिक उपायों के तहत भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहने के बाद अहमद की मीनल खान के साथ शादी का पता चला। दोनों ने पिछले साल 24 मई को एक वीडियो कॉल के जरिए शादी की थी।

## आज का इतिहास

1767-प्रसिद्ध कवि तथा कर्नाटक संगीत के संगीतज्ञ त्यागराज का जन्म।
1780-अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना।
1799-मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन।
1846-अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
1854-भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रुप से जारी हुआ।
1896-लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
1897-फ्रांस के पेरिस बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत हुई।
1905-भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म।
1924-पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1935-पंजाबी की प्रतिष्ठित, बहुचर्चित अग्रज लेखिका दलीप कौर तिवाना का जन्म।
1945-जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में सरेंडर किया।
1957-भारतीय इतिहासकार हेमचंद्र रायचौधरी का निधन।
1959-पहला ग्रैमी अवॉर्ड आयोजित हुआ।
1979-श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1980-कोल माइंस डे की घोषणा हुई।
1980-जिम्बाब्वे के नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।
1983-चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
1989-अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।
1994-काहिरा में इजरायल एवं फ़िलिस्तीनी नेताओं द्वारा फ़िलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर।
1999-भूमिगत बारूदी सुरंगों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) में शुरू।
2003-मैक्सिको की अन्ना गुएवेरा ने 35.30 सेकेण्ड का समय लेकर ग्रांप्री मीटर की 300 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।

## वर्ग पहेली 6902



**दायें से बायें:-**

१. पराजित होना, अपमानित होना (मुहावरा है दांत ...)
३. तबेला, अश्वशाला
५. गायब, लुप्त
६. 26 दिसंबर साल 1934 के पूर्व ईरान को इस नाम से जाना जाता था
७. निरुत्तर, अनुपम (उर्दू)
८. चांदी का घड़ा
१३. भिड़ंत, टकराव
१५. घर्षण, घिसाव
१६. शिष्टता, शहर में रहने का भाव
१७. लाजवंती
१८. जवानी, .युवावस्था
२०. दर्शकगण
२२. तकलीफदेह
२३. डरावना

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनबन, मनमुटाव
२. बुद्धिमान
३. मुनाफाखोरी
४. उपद्रवकारी (उर्दू)
५. जिसे जीता गया हो, पराजित
९. कसकर बांधना, कसना, बांदना
१०. जिद्दी
११. प्रभात, सुबह
१२. असुविधा, कठिनाई
१४. सभासद (उर्दू)
१७. चंद्रमा
१९. वसन
२०. ध्वनि, आवाज
२१. गगन, आकाश

### वर्ग पहेली-6901

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नि | र्व | २ ह | न | ■ | ■ | ३ कु | प्र | ४ बं | ध |
| ष्कं | ■ | म | ■ | ५ भ्र | मि | त | ■ | दो | ■ |
| ६ ट | का | सा | ■ | म | ■ | ७ र | ह | ब | र |
| क | ■ | ८ या | ९ द | र | ख | ना | ■ | स्त | ■ |
| ■ | १० ल | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ गं | ■ | १२ ब |
| १३ ज | ग | दं | बा | ■ | १४ का | ■ | १५ ध | व | ल |
| ■ | भ | ■ | १६ न | शे | म | न | ■ | ■ | बू |
| १७ आ | ग | त | ■ | ■ | या | ■ | १८ व | १९ क्र | ता |
| कं | ■ | ■ | २० पै | ग | बं | २१ र | ■ | मां | ■ |
| २२ ठ | न | क | ना | ■ | ■ | २३ त | म | क | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### इस साल अमेरिका में खसरे के 900 से अधिक मामले सामने आए : सीडीसी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में इस साल खसरे के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। अब तक 935 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जो पिछले साल 2024 में पूरे साल में आए मामलों से तीन गुना से भी ज्यादा है। यह जानकारी अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने दी है। इस साल पूरे अमेरिका में खसरे के 12 प्रकोप दर्ज किए गए हैं। सीडीसी के अनुसार, जब तीन या उससे ज्यादा आपस में जुड़े मामले एक साथ सामने आते हैं, तो उसे प्रकोप (आउटब्रेक) कहा जाता है।

सीडीसी ने बताया है कि खसरे से बचने का सबसे अच्छा तरीका टीकाकरण है। खसरा, मम्प्स और रूबेला (एमएमआर) का टीका दो बार लगवाने से यह बीमारी बहुत हद तक रोकी जा सकती है। इसी बीच, अमेरिका में 26 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में 12 बच्चों की मौसमी इन्फ्लूएंजा वायरस इंफेक्शन से मौत हुई है। इस फ्लू सीजन में अब तक बच्चों की कुल 216 मौतें हो चुकी हैं। यह संख्या अब तक के किसी भी सामान्य (गैर-महामारी) फ्लू सीजन से ज्यादा है। पिछली सबसे ज़्यादा संख्या 207 थी, जो 2023-2024 के सीजन में दर्ज की गई थी।

# खेल जगत

## प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है : फजल अत्राचली



**मुंबई।** ईरान के स्टार कबड्डी खिलाड़ी फजल अत्राचली ने प्रो कबड्डी लीग को अद्भुत बताते हुए कहा है कि इसने उनके जीवन को बदल डाला है। मुंबई के जियो वल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में हिस्सा लेने पहुंचे अत्राचली ने कहा कि इस समिट में भाग लेना वाकई रोमांचक है और साथ ही इससे खेलों को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। अत्राचली ने कहा कि प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह प्रोफेशनल खिलाड़ियों के साथ खेलें। प्रो कबड्डी एशियन चैंपियनशिप या वल्ड कप से ज्यादा प्रोफेशनल है। उनमें 10टीमें आती हैं जिनमें पांच टीमें अच्छी होती हैं लेकिन प्रो कबड्डी में हर टीम में सभी देशों के खिलाड़ी होते हैं और यह कहीं ज्यादा प्रोफेशनल है। उन्होंने कह कि प्रो कबड्डी से हम स्टार बन चुके हैं और इसने हमें पैसा दिया है।

# पंजाब अब लखनऊ को रिटर्न मैच में भी हरा एक पैर प्ले ऑफ में रखने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। निकोलस पूरन के चौथा अर्द्धशतक जमाने के बाद राह भटकने से लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) अपने पिछले चार में तीन हार कर आईपीएल 2025 में दस मैचों में पांच जीत व पांच हार के साथ दस अंकों के साथ अंक तालिका में अधर में छठे स्थान पर खिसक गई है।श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स अपने पिछले पांच मे मात्र एक हारी और एक बारिश के कारण धुला है और तीन मैच उसने जीते हैं। पंजाब किंग्स के दस मेचों छह जीत और एक बेनतीजा रहने तीन हार के साथ 13 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है। पंजाब किंग्स को अपने बाकी चार मैचों में शनिवार को लखनऊ सुपर जायंटस सहित,दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इडियंस सहित तीन अपने घर में खेलने है। पंजाब किंग्स को अपना अंतिम मैच प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी राजस्थान रॉयल्स से उसके घर में खेलना है। पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में स्थान पक्का करने के लिए अपने बाकी चार में तीन मैच जीतने जरूरी है। पंजाब किंग्स के पास हालांकि 15 अंकों के साथ भी प्ले ऑफ का मौका रहेगा लेकिन तब उसकी किस्मत उसके हाथ में नहीं बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर करेगी। हां यदि पंजाब किंग्स बाकी चारों मैच हारी तो 13 अंकों पर रही तो जरूर प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो जाएगी। लखनऊ सुपर जायंटस को उसके घर में आठ विकेट से हरा चुकी पंजाब किंग्स को अब धर्मशाला में अपने घर में उसे रिटर्न मैच में भी हरा सबसे पहले 11 मैचों से 15 अंकों के साथ प्ले ऑफ में एक पैर रखने के इरादे से शनिवार को उतरेगी। लखनउ सुपर जायंटस अपने पिछले मैच में जरूर पंजाब किंग्स से हारी है लेकिन उसने उससे अंतिम पांच में से तीन जीते हैं और इसी से प्रेरणा से ले वह जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लखनऊ सुपर जायंटस को अपने बाकी चार मैचो में शनिवार को पंजाब किग्स सहित अपने तीन शीर्ष चार में चल टीमों के खिलाफ खेलने है और उसकी प्ले ऑफ की राह खासी मुश्किल हो चली है। लखनऊ को पंजाब किंग्स से शनिवार को धर्मशाला और दूसरे स्थान पर चल रही गुजरात टाइटंस से उसके घर अहमदाबाद में खेलना है जबकि दो मैच अपने घर लखनऊ में आरसीबी और एसआरएच के खिलाफ खेलने हैं।



■ लखनऊ सुपर जायंटस की प्ले ऑफ की राह हुई मुश्किल

### किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद है : श्रेयस



जहां तक मेरी सीएसके के खिलाफ 72 रन की पारी है तो मैं कहूंगा कि मुझे किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद है। मुझे लगता है जब भी मेरे सामने बड़ा स्कोर होता है तो मुझे आनंद आता है और ऐसे में आपको आगे बढ़ कर तेजी से रन बनाने का मौका मिलता है जिससे की आपके बाद आने वाले बल्लेबाज खुल कर बल्लेबाजी कर सके। मैं वर्तमान में जीना चाहता हं अैर गेंद देख कर उस पर प्रहार करता हूं। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता मैं कहा खेल रहा हूं और मैं अपनी सोच से बल्लेबाजी करता हू कई बार यह कारगर रहीती है कई बार नहीं। मैं हाल ही में नई गेंद से तेज गेंदबाजों के खिलाफ नेट पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहा था। बल्लेबाजी से ज्यादा फील्डिंग मुश्किल थी क्योंकि मुझे खासी मशक्कत करनी पड़ी। जहां तक बड़े लक्ष्य का पीछा करने की बात है तो जब हमारे चीफ कोच रिकी पॉन्टिंग ब्रेक में मैउदान पर आए तो तो उन्होंनके कहा कि हमें अभी से तेज रन बनाने की जरूरत है और आखिर के ओवर पर छोड़ने की जरूरत रहीं क्योंकि सीएसके पास आखिर के ओवरों के बेहतरीन गेंदबाज है।

### मैं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की बाबत बहुत नहीं सोच रहा : पंत



हमने अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा किया और हम अपने गेंदबाजों को बढ़िया स्थितियों में गेंदबाजी का मौका देना चाहते थे पर लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ उसके घर में दिन हमारा नहीं था। मुंबई इंडियंस की टीम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेल रही हैऔर हम पर सवाल करने की बजाय आपको उसे जीत का श्रेय देना होगा। मैं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की बाबत बहुत नहीं सोच रहा। इस तरह सीजन में आप खुद पर सवाल उठाने लगते हैं और मैं यह नहीं चाहता। तेज गेंदबाज मयंक की टीम में वापसी से मैं खुश हूं। मयंक अपनी लय ना रहे है और उम्मीद है कि वह बराबर और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फाल्कन्स के आइकॉन खिलाड़ी बने

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। टी20 मुंबई लीग में इस साल पहली बार खेलने जा रही टीम सोबो मुंबई फाल्कन्स ने स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन खिलाड़ी घोषित किया है। श्रेयस अब उन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनमें सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, पृथ्वी शॉ, सरफराज खान, तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर पहले से शामिल हैं। श्रेयस अय्यर के आने से टीम को न सिर्फ अनुभव और मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि उनकी लीडरशिप टीम को मजबूत बनाएगी और खिताब जीतने की उम्मीद को बढ़ाएगी। उन्होंने भारतीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और अब सोबो मुंबई फाल्कन्स के लिए भी अहम भूमिका निभाएंगे। टीम के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा कि श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल करना हमारे लिए गर्व की बात है। उनका शांत स्वभाव, लीडरशिप और खेल की समझ उन्हें आइकॉन खिलाड़ी के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है। हमारी कोशिश है ऐसी टीम बनाना जो न सिर्फ टैलेंटेड हो, बल्कि लीग में खिताब जीतने के लिए भी तैयार हो। टीम के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा क श्रेयस अय्यर एक महान खिलाड़ी हैं। उनकी मौजूदगी टीम को प्रेरित करेगी और युवा खिलाड़ियों को सही दिशा देगी। यह टीम के लिए बहुत बड़ा पल है। टीम प्रिंसिपल विक्रांत येलिगेटी ने कह कि यस के आने से टीम की सोच और खेलने का तरीका मजबूत होगा। वे खिलाड़ियों को जोड़कर टीम में एक अच्छा माहौल बनाएंगे। हेड कोच ओमकार साल्वी ने कहा कि श्रेयस अय्यर का अनुभव और युवा खिलाड़ियों को गाइड करने की क्षमता हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगी।

## किरण जाधव ने पुरुषों की एयर राइफल का खिताब जीता

**केएसएसएम शूटिंग चैम्पियनशिप**

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। मौजूदा 3पी राष्ट्रीय चैंपियन और भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल (केएसएसएम) शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीतकर अपने शानदार फॉर्म को जारी रखा। नेवी शूटर, जो अगले महीने विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे, ने 24 शॉट में 251.5 का स्कोर बनाया और सेना के दो निशानेबाजों विवेक शर्मा और विशाल सिंह से आगे निकल गए। विवेक ने किरण से 1.4 अंक पीछे रहकर रजत पदक जीता, जबकि विशाल ने कांस्य पदक जीता, विवेक ने शूट-ऑफ में हार का सामना किया, दोनों ने 22 शॉट के बाद 230.1 अंक बनाए थे। महाराष्ट्र ने जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता जब पार्थ राकेश माने ने आखिरी शॉट में आंध्र प्रदेश के उमा महेश मद्दीनेनी को पछाड़ दिया और रोमांचक फाइनल में 0.1 के सबसे कम अंतर से जीत हासिल की। उमा महेश 24वें और अंतिम शॉट में 0.3 से आगे थे, लेकिन 10.0 पर्याप्त नहीं था, क्योंकि पार्थ ने 10.4 का स्कोर करके जीत हासिल की। कर्नाटक के नारायण सुरेश ने कांस्य पदक जीता। अभिनव शॉ ने चैंपियनशिप में चौथा स्वर्ण जीता, पुरुषों की एयर राइफल युवा स्पर्धा में उन्होंने फाइनल में 252.2 का स्कोर किया, जो पार्थ से 0.5 आगे था, जिससे उन्हें उस दिन दोहरा पदक जीतने से रोक दिया गया। तमिलनाडु के गुरु सबरी ने कांस्य (230.3) जीता। इससे पहले, 17 वर्षीय अभिनव शॉ ने ओलंपिक स्पर्धा में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों स्वर्ण पदक जीते। संयोग से, पश्चिम बंगाल के राइफल शूटर, जो राष्ट्रीय स्तर पर अब तक के सबसे कम उम्र के पदक विजेता हैं, मिश्रित टीम स्पर्धा में जूनियर विश्व चैंपियन भी हैं। सीनियर फाइनल में, अभिनव ने विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मेहुली घोष के साथ जोड़ी बनाई और दोनों ने रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया। एलावेनिल वलारिवन और स्मित रमेशभाई मोराडिया ने गुजरात के लिए कांस्य पदक जीता। जूनियर वर्ग के स्वर्ण मैच में, स्वाति चौधरी के साथ मिलकर महाराष्ट्र की शंभवी और पार्थ राकेश माने को कड़े मुकाबले में 16-12 से हराया। अभिनव अग्रवाल और गौतमी भनोट ने मध्य प्रदेश (एमपी) के लिए कांस्य पदक जीता, जिससे गौतमी को दिन का पहला पदक मिला।



■ नेवी शूटर, जो अगले महीने विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे

## शुभमन बनाते हैं कोहली के स्टाइल में लगातार रन : जडेजा

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि शुभमन गिल जिस तरह से लगातार रन बना रहे हैं, वह विराट कोहली की बल्लेबाजी शैली की याद दिलाता है। जडेजा ने कहा कि गिल के पास कमाल की बल्लेबाजी कला है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान गिल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 76 रन की शानदार पारी खेली, जिससे टीम ने 224/6 रन बनाए। इस पारी की बदौलत जीटी ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 38 रन से हरा दिया और अंक तालिका में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मुंबई इंडियंस (एमआई) के भी इतने ही अंक हैं। गिल अब तक 10 मैचों में 465 रन बना चुके हैं और आईपीएल 2025 के सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। इस सूची में पहले नंबर पर उनके ही ओपनिंग साथी साई सुदर्शन हैं। जडेजा ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि शुभमन गिल की बल्लेबाजी अब सामान्य लगने लगी है क्योंकि वह इतनी निरंतरता से रन बनाते हैं। हमारे पास विराट कोहली हैं, लेकिन गिल भी किसी से कम नहीं हैं। अगर आप निरंतरता की बात करें तो यह एक जैसी है। वह बिना जोखिम लिए गेंदबाज की गलती का इंतजार करते हैं। जब तक जरूरत न हो, वह अपना विकेट नहीं फेंकते। तकनीक के मामले में गिल शानदार हैं। गिल ने ऑफ साइड में शानदार कवर ड्राइव लगाए। गिल के शॉट्स में उनकी बल्लेबाजी का एक नया अंदाज था। वह हमेशा की तरह मजबूत दिखे जडेजा ने आगे बताया कि गुजरात की शानदार फील्डिंग ने भी हैदराबाद को दबाव में डाला।



## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अंततः ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। भारत के लिए नवनीत कौर (35%) और लालरेमसियामी (59%) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2%), जेड स्मिथ (36%) और ग्रेटा हेस (42%) के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे मिनट में ही सफलता मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और सेट-पीस खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मुकाबले में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ाया।

भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेमसियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर की अगुआई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम ने अब तक दो बार ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के साथ खेला है, और जोशीले प्रदर्शन के बावजूद, उन्हें पर्थ में मेजबान टीम से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के खिलाफ मैच से पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ भी दो दोस्ताना मैच खेले, लेकिन दृढ़ निश्चयी प्रदर्शन के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर पाई। अगले साल होने वाले विश्व कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पर नजर रखते हुए भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे पर नए संयोजन और रणनीतियां आजमा रही है।



■ पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की।

## वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ कार्रवाई न करे बीसीसीआई : आईएसी

**पुणे,** 3 मई (एजेंसियां)। इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने शनिवार को बीसीसीआई से क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ निराधार शिकायत के आधार पर कोई कार्रवाई न करने का अनुरोध किया। यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि महज 14 साल की उम्र में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए रिकॉर्ड बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी को विवाद में घसीटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि वैभव ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेलते हुए 35 गेंदों में शतक बनाया था। बाद में दावा किया गया कि इतनी कम उम्र का क्रिकेटर 90-90 मीटर का छक्का नहीं मार सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आयु वर्ग क्रिकेट में आयु परीक्षण में वैभव को अनुपयुक्त नहीं पाया गया। पाटिल ने कहा कि बीसीसीआई वर्तमान में उम्र धोखाधड़ी को रोकने के लिए टीडब्ल्यू3 तकनीक का उपयोग करता है। इस तकनीक में खिलाड़ी की हड्डियों की परिपक्वता की जांच करने के लिए बाएं हाथ और कलाई का एक्स-रे किया जाता है।

## सार संक्षेप

### कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे।

रूड ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा। क्ले पर रूड का यह 18वां फाइनल होगा, नोवाक जोकोविच एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जो क्ले पर सबसे अधिक बार फाइनल तक पहुंचे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रेड डर्ट पर 11 खिताब जीते हैं और उनकी सबसे हालिया सफलता मई 2024 में जिनेवा ओपन में आई है।

### ब्रिटेन के जोश केर ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत

**फ्लोरिडा।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई।

## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिये संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आये हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है। इस बीच उन्होने एक आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी) खेला है। पूर्व खिलाड़ी ने आशंका जताते हुये कहा कि उन्होंने बहुत सारे मैच खेले हैं। अगर वह अभी भी अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है। हम सभी मान रहे हैं कि ऐसा ही है, तो आगे क्या होगा, इस बारे में एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। मौजूदा आईपीएल सीज़न में अपने नौ मैचों में, शमी ने केवल छह विकेट लिए हैं, जिनका औसत 56.16 और इकॉनमी रेट 11.23 रहा है। शमी की खराब फॉर्म का भारत पर असर को लेकर चोपड़ा ने कहा कि हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे, और अगर शमी होते तो चीजें कितनी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इंग्लैंड में शमी होंगे और किस तरह के शमी होंगे।



■ भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी

## ओवरआल टीम प्रयास से गुजरात को मिली है सफलता : राशिद


अहमदाबाद, 3 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटन्स के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा है कि ओवरआल टीम प्रयास ही इस सत्र में गुजरात की सफलता के पीछे का कारण है।

गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को शुक्रवार को 38 रन से हराकर अपनी सातवीं जीत हासिल की और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। गुजरात प्लेऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर पहुंच गया है।

आईपीएल 2025 में टीम की सफलता की कुंजी क्या है, यह पूछे जाने पर राशिद खान ने से कहा कि मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक टीम प्रयास है। आशीष भाई से शुरू करते हैं कि वह टीम का प्रबंधन कैसे करते हैं। फिर कप्तान शुभमन गिल, वह अंदर (मैदान पर) कैसे प्रबंधन करते हैं। और फिर, वह कैसे आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं, यह कुछ ऐसा है जो एक खिलाड़ी के रूप में हमारे लिए एक उदाहरण स्थापित करता है कि कप्तान आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। और यह कुछ ऐसा है जो इसे बहुत आसान बनाता है।

## हैदराबाद के लिए प्लेऑफ में जाने का रास्ता बहुत मुश्किल : रायडू

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने दावा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ का रास्ता कठिन होने वाला है। क्योंकि, हैदराबाद को जीटी के खिलाफ एक अहम मुकाबले में शुक्रवार को 38 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल की उपविजेता टीम इस सीजन में अब तक 10 मैचों में केवल तीन मैच ही जीत पाई है। अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उनके प्लेऑफ की संभावनाएं लगभग खत्म होने की कगार पर है। वे इस सीजन में अपनी टीम में संतुलन बनाने में विफल रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की हार का विश्लेषण करते हुए रायडू ने कहा कि गुजरात ने हैदराबाद के सामने 224 रनों का स्कोर किया। मैच की हार-जीत का यह एक बड़ा अंतर साबित हुआ। जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने 38 गेंदों पर 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रनों की पारी खेली, जबकि जोस बटलर ने 37 गेंदों पर चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रनों की पारी खेली। हालांकि, हैदराबाद के बल्लेबाज जब लक्ष्य का पीछा करने उतरने तो अभिषेक शर्मा ने 41 गेंदों में छह छक्कों और चार चौकों की मदद से 74 रन बनाए। लेकिन, शर्मा को छोड़कर कोई अन्य बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं कर सका। जबकि अन्य बल्लेबाज मोहम्मद सिराज (2-33) और प्रसिद्ध कृष्णा (2-19) की शानदार गेंदबाजी में लड़खड़ा गए।



■ पिछले साल की उपविजेता टीम इस सीजन में अब तक 10 मैचों में केवल तीन मैच ही जीत पाई है।

### सुडोकू 6902 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

## नेमार को 2026 विश्व कप तक अपने साथ बनाए रखना चाहता है सैंटोस



हम तकनीकी रूप से यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि नेमार की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी को किस तरह बदला जाए कि वह अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं और अगले साल के वर्ल्ड कप तक टीम में बने रहें : मार्सेलो टक्सेइरा

**रियो डी जेनेरियो,** 3 मई (एजेंसियां)। सैंटोस क्लब नेमार का कॉन्ट्रैक्ट अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाना चाहता है, भले ही नेमार इस समय चोटों से जूझ रहे हों। सैंटोस के प्रेसिडेंट मार्सेलो टक्सेइरा ने इसकी जानकारी दी। नेमार ने इस साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस में वापसी की थी। वह यूरोप और सऊदी अरब में खेल चुके हैं। उन्होंने छह महीने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। मार्सेलो टक्सेइरा ने कहा कि हम तकनीकी रूप से यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि नेमार की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी को किस तरह बदला जाए कि वह अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं और अगले साल के वर्ल्ड कप तक टीम में बने रहें। नेमार पिछले साल अक्टूबर में घुटने की गंभीर चोट से वापसी के बाद से पैर की मांसपेशियों की कई समस्याओं से परेशान हैं। उन्होंने सैंटोस के लिए अब तक सिर्फ 9 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 3 गोल किए और 3 असिस्ट दिए हैं। टक्सेइरा ने कहा कि जब हमने नेमार को वापस लिया, हमें पता था कि वह एक गंभीर चोट से उबर रहे हैं। इसलिए हमने अपनी पूरी टीम और जरूरी व्यवस्था उनके लिए उपलब्ध कराई ताकि वह पूरी तरह ठीक हो सकें। नेमार यहां खुश हैं, यह उनका घर है। फिलहाल सैंटोस क्लब ब्राजील की सीरी ए लीग में 20 टीमों में 19वें स्थान पर है। उसने छह मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल किए हैं। हाल ही में क्लब ने ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व सहायक कोच क्लेबर जेवियर को नया कोच नियुक्त किया है। उन्होंने पेड्रो कैक्सीन्हा की जगह ली है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 2- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | I+0.867 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.199 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 10 | 4 | 5 | 9 | +0.271 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.780 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.192 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 2 | 8 | 4 | -1.211 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 4.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.62 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.65 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.51 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.21 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.04 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.61 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.36 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.85 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 92,629 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,100 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# आरबीआई ने चार बैंकों पर लगाया 1.91 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक , बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

आरबीआई ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)', और 'क्रेडिट कार्ड

### इन बैंकों पर लगाया जुर्माना

- ❖ आईसीआईसीआई बैंक - 97.80 लाख रुपए
- ❖ एक्सिस बैंक - 29.60 लाख रुपए
- ❖ बैंक ऑफ महाराष्ट्र - 31.80 लाख रुपए
- ❖ आईडीबीआई बैंक - 31.80 लाख रुपए

और डेबिट कार्ड - जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

इसी तरह से केन्द्रीय बैंक ने एक्सिस बैंक लिमिटेड पर 'आंतरिक/कार्यालय खातों के अनधिकृत संचालन' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 29.60 लाख रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

आरबीआई ने 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 31.80 लाख रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) और 51(1) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से प्राप्त कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए अल्पावधि ऋण हेतु ब्याज अनुदान योजना पर जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने पर 31.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

## आरबीआई पैनल ने कॉल मनी मार्केट का समय बढ़ाकर शाम 7 बजे करने का दिया सुझाव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेटअप एक वर्किंग ग्रुप ने कॉल मनी मार्केट के लिए ट्रेडिंग के घंटे बढ़ाने की सिफारिश की है। ग्रुप ने सुझाव दिया है कि ट्रेडिंग विंडो शाम 5 बजे तक ओपन रखने के बजाय 2 घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक ओपन रखनी चाहिए। इस कदम का उद्देश्य बैंकों को रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम की जरूरतों के अनुरूप अपने फंड को बेहतर ढंग से मैनेज करने में मदद करना है। हालांकि, ग्रुप ने सरकारी प्रतिभूतियों, ब्याज दर डेरिवेटिव या विदेशी मुद्रा बाजारों जैसे दूसरे वित्तीय बाजारों के लिए ट्रेडिंग के घंटों में कोई बदलाव करने का सुझाव नहीं दिया। वर्किंग ग्रुप की अध्यक्षता राधा श्याम राठो ने की, जो आरबीआई में कार्यकारी निदेशक हैं। आरबीआई ने इस साल फरवरी में अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान इस ग्रुप के गठन की घोषणा की थी। ग्रुप की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टैंडअलोन प्राइमरी डीलर्स (एसपीडी) ने कॉल मनी मार्केट में लंबे समय तक ट्रेडिंग के घंटे मांगे थे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि रद्द किए गए लेनदेन को मिलाकर रिपोर्टिंग विंडो का समय शाम 7.30 बजे तक बढ़ाना चाहिए। रिपोर्ट में पिछले दशक में ओवरनाइट मनी मार्केट में दर्ज शानदार वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है। 2014-15 और 2024-25 के बीच, इस बाजार में वार्षिक कारोबार 281.37 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 1,324.05 लाख करोड़ रुपए हो गया। इस बीच, दैनिक औसत कारोबार 1.17 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 5.52 लाख करोड़ रुपए हो गया। यह तेज वृद्धि मुख्य रूप से बाजार के कोलैटरलाइज्ड सेगमेंट में वृद्धि के कारण हुई।

## एसबीआई का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 9.93 प्रतिशत कम है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शनिवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 16.08 प्रतिशत अधिक है।

उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 42775 करोड़ रुपए रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपए की आय की तुलना में 2.69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपए रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपए की आय की तुलना में 4.43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किए गए 3294 करोड़ रुपए के प्रावधान की तुलना में 20.35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 9518 करोड़ रुपए के प्रावधान की तुलना में 51.49 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका सकल एनपीए 42 आधार अंक कम होकर 1.82 प्रतिशत पर आ गई और इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 10 आधार अंकों की कमी के साथ 0.47 प्रतिशत पर रही।

## जापान में 'एक्सपो 2025' भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का प्रमाण : गोयल

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि जापान में छह महीने तक चलने वाले एक्सपो 2025 में 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी अग्रणी पहलों के साथ-साथ एनर्जी, आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ और टूरिज्म सेक्टर की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओसाका में एक्सपो में इंडिया पवेलियन-भारत देश की सांस्कृतिक समृद्धि और व्यावसायिक सफलताओं को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह स्थान भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति और पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश द्वारा उठाए गए बड़े और महत्वपूर्ण कदमों का एक शानदार प्रदर्शन है। पवेलियन का एक मुख्य आकर्षण चंद्रयान-3 का चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना और स्पेस टेक्नोलॉजी में भारत की प्रगति का प्रदर्शन रहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह एक्सपो भारत में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगा और दुनिया के भरोसेमंद भागीदार के रूप में हमारी भूमिका को और मजबूत करेगा। इस बीच, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस सप्ताह लंदन की अपनी यात्रा के दौरान अल्फा वेव ग्लोबल के सह-संस्थापक और भागीदार नवरोज डी. उदवाडिया से मुलाकात की।

# आईआईसीटी एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर को देगा बढ़ावा : वैष्णव

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शनिवार को औपचारिक रूप से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) को लांच कर दिया। आईआईसीटी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएल्टी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर के लिए डेडिकेटेड एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिक्की और सीआईआई के सहयोग से वेव्स 2025 समिट में भारत के एवीजीसी-एक्सआर इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए आईआईसीटी को पेश किया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया और एंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडर बनने की भारत की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि आईआईसीटी अपने क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विकसित होने की राह पर है, ठीक उसी तरह जैसे आईआईटी और आईआईएम टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट एजुकेशन में मानक बन गए हैं।



केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईआईसीटी भारत में आईआईटी और आईआईएम के समान टेम्पलेट का पालन करेगा, ताकि एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर में पेशेवर बनने की

**आईआईसीटी अपने क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विकसित होने की राह पर है : अश्विनी वैष्णव**

आकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए यह खुद को एक विशाल विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्र में बदल सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने एक ऐसी पहल शुरू की है जो फिल्म और मनोरंजन की दुनिया में पूरी तरह से नई है। यह (पहल) हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है कि भारत मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में दुनिया में ग्लोबल लीडर बन सकता है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने उद्योग भागीदारों को धन्यवाद दिया।

0 **नई दिल्ली।** सोने के दाम 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे दर्ज किए गए। हालांकि, इससे पहले 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का भाव 93,393 रुपए पर था।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that | HUPENDRA RAO KADHARE S/O Late. Manohar Rao Kadhare resident of 51/1215, Subhas Nagar, Near Shiv Mandir, Kukaripara, Raipur (C.G.) PIN-492001 have change my old name, HUPENDRA RAO KARHADRE so in future I should be recodgnized by my son new name that is HUPENDRA RAO KADHARE S/O Late. ManoharRao Kadhare in all Government and other documents,

**HUPENDRA RAO KADHARE**

Address. 51/1215, Subhas Nagar, Near Shiv Mandir, Kukaripara, Raipur (C.G.) PIN-492001


## पहली तिमाही में स्मार्टफोन की वैश्विक बिक्री में तीन प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्मार्टफोन बाजार के राजस्व में साल 2025 की पहली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 364 डॉलर पर पहुंच गया।

काउंटरपॉइंट की मार्केट मॉनिटर सर्विस के हालिया रिसर्च में कहा गया है कि टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद, स्मार्टफोन बाजार ने अपनी गति बनाए रखी। मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने टैरिफ-संचालित संभावित चुनौतियों को कम करने के लिए चैनलों में रणनीतिक रूप से इन्वेंट्री का स्टॉक किया। वरिष्ठ विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा कि उत्पादन में रणनीतिक बदलावों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण वैश्विक स्मार्टफोन बाजार में मामूली विस्तार हुआ।

जैन ने कहा कि एप्पल और वीवो के अलावा, राजस्व में वृद्धि का मुख्य योगदान शीर्ष पांच से बाहर के ब्रांड जैसे गूगल, मोटोरोला और हुआवेई का रहा। यह दूसरे ब्रांड की हाई-वैल्यू मिक्स की पेशकश करने की क्षमता और मौजूदा प्रीमियमाइजेशन ट्रेंड में उनकी बढ़ती भूमिका का संकेत देता है।

एप्पल के आईफोन के औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, ब्रांड का राजस्व अप्रभावित रहा। शीर्ष पांच ब्रांड में एप्पल की वृद्धि सबसे तेज रही, जो इसके शिपमेंट में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के कारण हुई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे छोटापारा, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20246/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20246**
**वार्ड का नाम- 64-विपिन बिहारी सूर**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR656D00110 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JANAK RAM DHURANDHAR पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. KASHI RAM DHURANDHAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Dipti verma पिता/पति श्री/श्रीमती Janak ram ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 4 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे छोटापारा, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20519/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20519**
**वार्ड का नाम- 46-मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR440C00091 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJESH LOHANA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. RATAN LAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती नेता छुगानी पिता/पति श्री/श्रीमती पति शंकर छुगानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 4 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./19978/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19978**
**वार्ड का नाम- 11-कालीमाता वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR330E00076 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती OJAL SANDEEP LADDA पिता/पति श्री/श्रीमती SANDEEP TAKUR DAS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री रमेश कुमार भावनानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. मोटूमल भावनानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 3 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./19971/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19971**
**वार्ड का नाम- 11-कालीमाता वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR229K00095 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RADHA PRASAD KUSHWAHA पिता/पति श्री/श्रीमती ......... नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कमलावती सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. राधा प्रसाद कुशवाहा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार shapath patr, sahmati patr, adhar card, mrityu praman patr, old ragistri/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 3 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./19972/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19972**
**वार्ड का नाम- 11-कालीमाता वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR229K00169 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MRS FERTIN BAI पिता/पति श्री/श्रीमती MR. UDAY RAM SAHU नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कविता साहू पिता/पति श्री/श्रीमती पिता नरेन्द्र साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार notri dwara dan patr, shahpath patr, sahmati patr, aadhar card old tax/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 3 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202504111500095/अ-6/2024-25
ग्राम कोटा 1+2, प.ह.नं. 51
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जय कुमार धर दुबे पिता के.एम. दुबे निवासी अनुव्रत विहार भवानी नगर कोटा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम कोटा प.ह.नं. 51 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 152 का भाग, शीट नंबर 7, प्लाट नंबर 24/6 का भाग रकबा 750 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता रिखब जैन पिता त्रिलोक चंद जैन निवासी 138 वल्लभ नगर प्रियदर्शनी नगर सेक्टर-6 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.04.2025 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202504111500094/अ-6/2024-25
ग्राम कोटा 1+2, प.ह.नं. 51
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जय कुमार धर दुबे पिता के.एम. दुबे निवासी अनुव्रत विहार भवानी नगर कोटा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम कोटा प.ह.नं. 51 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 152 का भाग, शीट नंबर 7, प्लाट नंबर 24/5 का भाग रकबा 750 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता श्रीमती सपना जैन पति रिखब जैन निवासी 138, सेक्टर-6 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 16.04.2025 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202504111500073/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. समीर पहलाजानी पिता कृष्णा पहलाजानी निवासी अनुपम नगर शंकर नगर रायपुर छ.ग. 02. राजीव जसवानी पिता नंदलाल जसवानी निवासी रायगढ़ बाड़ा सिविल लाईन रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 3 प्लाट नंबर 87/20 का भाग खसरा नंबर 87 का भाग रकबा 1665.67 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण द्वारा विक्रेता/ अनावेदक भूपेश पिथालिया पिता स्व. किशोरचंद्र पिथालिया निवासी फाफाडीह चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.03.2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 13.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

**शपथ पत्र**

मैं अनिता दौलत कुमार बलवानी पति श्री दौलत कुमार बलवानी उम्र 40 वर्ष, निवासी बी-7 पहाडी चौक, कृष्णा नगर, गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग. की निवासी हूँ।

1. यह कि, मेरे आधार कार्ड क्र. 5622 8131 3611 में मेरा नाम सौम्या गंगवानी दर्ज है जिसे विलोपित कर अनिता दौलत कुमार बलवानी करवाना चाहती हूं।
2. यह कि, शादी के पहले मेरा नाम अनिता फूलवानी (ANITA FULWANI) पिता उत्तमचंद फुलवानी था ।
3. यह कि, दिनांक 12.07.2024 को श्री दौलत कुमार बलवानी पिता श्री नारायण दास बलवानी उम्र 40 वर्ष निवासी बी-7, पहाड़ी चौक, कृष्णा नगर, गुढ़ियारी रायपुर छ.ग. के साथ सम्पन्न हुआ है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 5622 8131 3611 में मेरा नाम सौम्या गंगवानी दर्ज है लेकिन मेरे पूर्व पति राहुल गंगवानी से अब मेरा विधिवत न्यायालय से तलाक हो चुका है, इसलिये मैं अपना पूर्व नाम अनिता फलवानी जो कि मेरे अन्य दस्तावेज अंकसूची में दर्ज है एवं अब मेरा विवाह दौलत कुमार बलवानी से हो चुका है इसलिये मैं आधार कार्ड में अपना नाम परिवर्तित कर अविता दौलत कुमार बलवानी करवाना चाहती हूं।
5. यह कि अब से मुझे अनिता दौलत कुमार बलवानी के नाम से जाना पहचाना पुकारा तथा लिखा व पढ़ा जावे के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
6. यह कि, इस शपथ पत्र की आवश्यकता मुझे अपने नाम परिवर्तन होने के तथ्य का प्रकाशन क्षेत्रीय मुद्रालय से प्रकाशित राजपत्र में प्रकाशन कराने हेतु है।

**शपथकर्ती**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुशील कुमार पिता पवन कुमार निवासी ग्राम बेलटुकरी जिला गरियाबंद (छ. ग.) पिन 493885 यह शपथ करता हु कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुशील कुमार साहू पिता पवन कुमार साहू रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्ध शासकीय दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुशील कुमार साहू पिता पवन कुमार साहू से ही जाना पहचाना जावे ।

**सुशील कुमार साहू**
**पिता पवन कुमार साहू**
**निवासी ग्राम बेलटुकरी जिला गरियाबंद ( छ. ग. ) पिन 493885**

**NAME CHANGE**

It is Informed to the general public that I SUSHIL KUMAR s/o PAWAN KUMAR resident Vill- Beltukri Dist- Gariyaband Pin 493885 (C.G.) have changed my old name SUSHIL KUMAR S/O PAWAN KUMAR so in future I should be recognized by my new name that is SUSHIL KUMAR SAHU S/O PAWAN KUMAR SAHU in all government and other documents.

**SUSHIL KUMAR SAHU S/O PAWAN KUMAR SAHU**
**Resident Vill- Beltukri Dist- Gariyaband Pin - 493885 (C.G.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे छोटापारा, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20622/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025**
**रायपुर, दिनांक 03.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20622**
**वार्ड का नाम- 35-पं.रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR334A00172 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BHIM SINGH SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. श्रीमती शशिकला शर्मा 02. श्री संजय शर्मा 03. श्री विवेक शर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता स्व. भीम सिंह शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत वसीयत नामा/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 4 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे छोटापारा, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20613/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025**
**रायपुर, दिनांक 03.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20613**
**वार्ड का नाम-57 पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR440E00083 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MOHAMMED HUSAIN ZAKARIYA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. MOHAMMED ZAKIR ZAKARIYA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. अनस अहमद खान नियाजी, 02. फातिमा तुज्जहरा पिता/पति श्री/श्रीमती 01. पिता रफीक अहमद खान नियाजी 02. पति अनस अहमद खान नियाजी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 4 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

**क्रमांक 711/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की गभरापारा योजनान्तर्गत जनता मकान क्रमांक 26 रकबा 328 वर्गफुट श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल पिता श्री होतीलाल अग्रवाल को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 18.07.2020 को हो जाने के कारण प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उनके वारिसान पत्नी 1. श्रीमती कृष्णा देवी अग्रवाल पति स्व. जगदीश प्रसाद अग्रवाल 2. श्रीमती ममता अग्रवाल (पुत्री) 3. श्रीमती अनिता अग्रवाल (पुत्री) 4. श्रीमती कुसुम गोयनका (पुत्री) पिसरान स्व. जगदीश प्रसाद अग्रवाल 4. स्व. नरेश अग्रवाल (मृतक पुत्र) पिता स्व. जगदीश प्रसाद अग्रवाल की वारिसान पत्नी (अ.) श्रीमती संगीता अग्रवाल पति स्व. नरेश अग्रवाल एवं (ब.) श्री आकाश अग्रवाल (पुत्र) (स.) श्री अभय अग्रवाल (पुत्र) (द.) श्री सक्षम अग्रवाल (पुत्र) (ई) कु. गरिमा अग्रवाल (पुत्री) पिसरान स्व. नरेश अग्रवाल सभी निवासी जनता मकान क्रमांक 26, गभरापारा, चांदनी चौक, नेहरू नगर, रायपुर (छ.ग) द्वारा उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त उत्तराधिकारी नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्राप्त नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HARISH JAGGI S/O RAM AVTAR JAGGI resident of FLAT NO. A-408 SHREEJAN APARTMENT HEXA SQUARE BHAWANA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name HARISH JAGGI S/O RAM AVTAR JAGGI so in future I should be recognized by my new name that is HARESH RAM JAGGI S/O RAM AVTAR JAGGI in all Government and other documents.

**HARESH RAM JAGGI**
FLAT NO. A-408 SHREEJAN APARTMENT HEXA SQUARE BHAWANA NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHISH GOYAL S/O MAHAVEER PRASAD GOYAL resident of BUNGLOW NO. 52 CREST GREEN RAMNAGAR, KOTA ROAD NEAR DISHA COLLAGE RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name ASHISH GOYAL S/O MAHAVEER PRASAD GOYAL so in future I should be recognized by my new name that is ASHISH KUMAR GOYAL S/O MAHAVEER PRASAD GOYAL in all Government and other documents.

**ASHISH KUMAR GOYAL**
BUNGLOW NO. 52 CREST GREEN RAMNAGAR, KOTA ROAD NEAR DISHA COLLAGE RAIPUR (C.G.) 492001

### वेव्स के जरिए हम चढ़ेंगे तरक्की की सीढ़ियां : हिमेश रेशमिया

**मुबंई।** विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का आगाज गुरुवार को मुंबई में हुआ। इस चार दिवसीय समिट में देश-दुनिया के तमाम दिग्गज शामिल हो रहे हैं। फिल्मी जगत की हस्तियां भी इसमें जमकर हिस्सा ले रही हैं। इस कड़ी में मशहूर सिंगर हिमेश रेशमिया और एक्टर मंत्रा ने क्रिएटिव विजन, स्टोरीटेलिंग और मनोरंजन के भविष्य जैसे पहलुओं पर खुलकर बात की। बॉलीवुड सिंगर हिमेश रेशमिया ने वेव्स 2025 में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की। सिंगर ने अपने बयान में बताया कि इस समिट में अलग-अलग कलाकार, म्यूज़िक डायरेक्टर, फिल्ममेकर्स, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स आपस में मिल रहे हैं और मिलकर काम करने के मौके तलाश रहे हैं।

# 'काला बिछुआ', औषधीय गुणों से है भरपूर

■ कोलेस्ट्रॉल रोधी, एंटीऑक्सीडेंट, सूजन रोधी व दर्द निवारक गुण ■ विंध्याचल के जंगलों, हिमालय या किसी पेड़ की जड़ से मिलती है असली हथजोड़ी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। बारिश के मौसम में उगने वाला पौधा काला बिछुआ, जिसे बघनखी, बाघनखी या बाघनख के नाम से जाना जाता है वह अपनी खास बनावट और औषधीय गुणों के कारण प्रसिद्ध है। हालांकि, इसको लेकर भ्रांतियां भी कम नहीं हैं।

बघनखी एक मौसमी पौधा है, यह बरसात के मौसम में उगता है और सर्दी आते-आते सूख जाता है। इसके फल सूखने के बाद चटक जाते हैं और इनमें से काले या भूरे रंग का ब ड़ । बीज निकलता है, जो दिखने में बाघ के मुड़े हुए नाखून जैसा होता है। इसी के चलते इसे 'बघनखी' या 'बाघनख' कहा जाता है। इस पौधे के पत्ते बड़े और रोएंदार होते हैं। कई लोग इसे 'हथजोड़ी' नामक वनस्पति समझ बैठते हैं, जो पूरी तरह से गलत है।



'हथजोड़ी' के नाम से पहले बाजार में जो वस्तु बेची जा रही थी, वह मॉनिटर लिजर्ड (गोह) का जननांग था। वैज्ञानिकों की रिसर्च के बाद यह सामने आया कि इस धंधे के चलते मॉनिटर लिज़र्ड की अवैध तस्करी और हत्या की जा रही थी, जिसके चलते इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। भ्रम फैलाने वाले लोग कहते थे कि असली हथजोड़ी विंध्याचल के जंगलों, हिमालय या किसी पेड़ की जड़ से मिलती है, जबकि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ऐसे झूठ फैलाकर जंगली जीवन को हानि पहुंचाई जा रही थी।

बघनखी को अंग्रेजी में डेविल्स क्लॉ यानी शैतानी पंजा कहा जाता है। तो वहीं, इसका वैज्ञानिक नाम मार्टिनिया एनुआ है। देसी भाषाओं में इसे कुछ क्षेत्रों में 'उलट कांटा' या 'बिच्छू फल' भी कहा जाता है। कई लोग इसे 'बिच्छू झाड़ी' भी कहते हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से एक अलग पौधा है।

नेशनल स्कूल ऑफ लाइब्रेरी के जून 2022 में प्रकाशित शोध में दावा किया गया कि इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लामेंट्री गुण दर्द और सूजन से राहत दिलाने वाले होते हैं। साक्ष्यों से पता चला कि डेविल्स क्लॉ पौधे में कोलेस्ट्रॉल रोधी, एंटीऑक्सीडेंट, सूजन रोधी और दर्द निवारक गुण प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो रूमेटाइड अर्थराइटिस, कमजोर याददाश्त, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, ऑस्टियोआर्थराइटिस, कटिवात, मधुमेह, अपच और सीने में जलन सहित अनगिनत बीमारियों के इलाज में मददगार साबित होते हैं, साथ ही यह विषहरण और टॉनिक एजेंट के रूप में भी कार्य करते हैं।

यह पौधा औषधीय गुणों से भी भरपूर है। इसमें सूजन और दर्द निवारक गुण होते हैं। यह गठिया रोग में काफी उपयोगी माना जाता है। इसके पत्तों को सरसों के तेल में पकाकर तैयार किया गया तेल जोड़ों के दर्द में अत्यंत लाभकारी है। साथ ही इसके सूखे फलों को कूटकर भी तेल में पकाया जा सकता है जिससे एक प्रभावी दर्द निवारक तेल तैयार होता है।

इसके फलों से निकले तेल को बालों में लगाने से समय से पहले सफेदी की समस्या से राहत मिलती है। वहीं इसकी जड़ का चूर्ण, अश्वगंधा के चूर्ण के साथ समान मात्रा में मिलाकर एक से दो ग्राम शहद के साथ सुबह-शाम लेने से गठिया में राहत मिलती है।

# 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी' एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर को देगा बढ़ावा : अश्विनी वैष्णव



**मुंबई,** 3 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने शनिवार को औपचारिक रूप से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) को लॉन्च कर दिया। आईआईसीटी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएल्टी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर के लिए डेडिकेटेड एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिक्की और सीआईआई के सहयोग से वेव्स 2025 समिट में भारत के एवीजीसी-एक्सआर इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए आईआईसीटी को पेश किया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया और एंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडर बनने की भारत की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि आईआईसीटी अपने क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विकसित होने की राह पर है, ठीक उसी तरह जैसे आईआईटी और आईआईएम टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट एजुकेशन में मानक बन गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईआईसीटी भारत में आईआईटी और आईआईएम के समान टेम्पलेट का पालन करेगा, ताकि एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर में पेशेवर बनने की आकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए यह खुद को एक विशाल विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्र में बदल सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने एक ऐसी पहल शुरू की है जो फिल्म और मनोरंजन की दुनिया में पूरी तरह से नई है। यह (पहल) हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है कि भारत मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में दुनिया में ग्लोबल लीडर बन सकता है।

**हमने एक ऐसी पहल शुरू की है जो फिल्म और मनोरंजन की दुनिया में पूरी तरह से नई है। यह (पहल) हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है कि भारत मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में दुनिया में ग्लोबल लीडर बन सकता है : अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री**

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने उद्योग भागीदारों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने घोषणा की कि प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने पाठ्यक्रम विकास, इंटर्नशिप, छात्रवृत्ति, स्टार्टअप फंडिंग और नौकरी प्लेसमेंट में सहायता प्रदान करने के लिए आईआईसीटी के साथ साझेदारी करने पर सहमति व्यक्त की है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं सभी उद्योग भागीदारों और उनके शीर्ष प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं, जिनसे मैंने इस पहल के लिए हमारे साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की है। वे हमें इस संस्थान को बनाने और दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने में मदद करेंगे। मुझे उम्मीद है कि आईआईसीटी सेक्टर के लिए एक बड़े एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने देश में आईआईटी और आईआईएम के लिए जो प्रारूप तैयार किया है, उसी पर चलेंगे, ताकि इसे विश्वस्तरीय संस्थान बनाया जा सके। एडोब, गूगल और यूट्यूब, मेटा, वाकॉम, माइक्रोसॉफ्ट और एनवीडिया जैसी कुछ कंपनियों ने दीर्घकालिक सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है।

# जीन एडिटिंग थेरेपी से कोलोरेक्टल कैंसर के इलाज में उम्मीद की किरण

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। कोलन और आंतों के एडवांस कैंसर से लड़ने में सीआरआईएसपीआर/कैस9 नाम की जीन एडिटिंग तकनीक से अच्छे नतीजे मिले हैं। यह जानकारी एक अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल द लैंसेट ऑन्कोलॉजी में छपी पहली मानव परीक्षण (क्लीनिकल ट्रायल) की रिपोर्ट से सामने आई है। इस शोध में वैज्ञानिकों ने एक खास तरह की रोग-प्रतिरोधक कोशिका (जिसे ट्यूमर-इंफिल्ट्रेटिंग लिम्फोसाइट्स या टीआईएलएस कहते हैं) को जीन एडिटिंग के जरिए बदला। उन्होंने सीआईएसएच नाम के एक जीन को बंद कर दिया। इसका



नतीजा यह हुआ कि इन बदली हुई कोशिकाओं ने कैंसर कोशिकाओं को पहले से बेहतर पहचानना और नष्ट करना शुरू कर दिया। मिनेसोटा यूनिवर्सिटी के डॉक्टर एमिल लोउ ने कहा कि कैंसर पर बहुत रिसर्च के बावजूद स्टेज 4 कोलोरेक्टल कैंसर आज भी ज्यादातर मामलों में लाइलाज है। उनके सहयोगी प्रोफेसर ब्रैंडन मोरियारिटी ने बताया कि सीआईएसएच नाम का यह जीन कैंसर से लड़ने वाली कोशिकाओं को ठीक से काम करने से रोकता है। इसे रोकने के लिए परंपरागत तरीकों से कुछ नहीं हो सकता था, इसलिए सीआरआईएसपीआर तकनीक का इस्तेमाल किया गया। यह इलाज 12 ऐसे मरीजों पर आजमाया गया जिनका कैंसर बहुत ज्यादा फैल चुका था। इलाज से किसी को कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं हुआ। कई मरीजों में कैंसर बढ़ना रुक गया और एक मरीज में तो कैंसर पूरी तरह खत्म हो गया।

# वेव्स बाजार ने 2025 में 250 करोड़ से अधिक का कारोबार किया : संजय जाजू

**मुंबई,** 3 मई (देशबन्धु)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि विश्व श्रृव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है।वेव्स समिट की महत्वाकांक्षी पहल, वेव्स बाजार, मीडिया और मनोरंजन उद्योग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरी है। विभिन्न देशों के रचनाकारों को निवेशकों और खरीदारों से जोड़कर उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गयी यह पहल भारत को कॉन्टेंट के व्यवसायीकरण के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाने के लिए तैयार है।जाजू ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स में कहा कि वेव्स बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स बाजार अपने पहले सत्र में दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सहित 22 से अधिक देशों के अग्रणी पेशेवरों को एक साथ लाया।

# सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों व कलाओं का आयोजन 'विविधा'

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रतिभा सिंह द्वारा निर्देशित कुमार अनुपम की लंबी कविता 'बिस्कोहर की वसंतसेनाएं' के प्रमुख अंशों की प्रस्तुति के साथ कला मंडली दिल्ली द्वारा आयोजित भारत की विविध प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों एवं कलाओं का आयोजन 'विविधा' सम्पन्न हुआ। श्रीराम सेंटर में आयोजित हुए इस समापन समारोह में कवि कुमार अनुपम के अतिरिक्त मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के आईजी (कम्युनिकेशन एंड आईटी) सईद मोहम्मद हसनैन, सामाजिक कार्यकर्ता इसरार अहमद, वैष्णवी जगदंबा नंद गिरि के साथ ही बड़ी संख्या में कला समीक्षक एवं कला प्रेमी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम तीन चरणों में सम्पन्न हुआ। दिनांक 21 अप्रैल को मंडी हाउस स्थित एनएसडी के सम्मुख सभागार में आईएएस ज्योति कलश, नृत्यांगना नलिनी एवं सामाजिक कार्यकर्ता इसरार अहमद के कर कमलों से इसका विधिवत उद्घाटन किया हुआ। सम्मुख सभागार में दो दिनों तक दिल्ली के विभिन्न कालेजों के नाट्य संस्थाओं की प्रस्तुतियों के साथ ही डॉ. सतीश कश्यप का स्वांग, ब्रह्मपाल नागर की रागिनी, जितेन्द्र सिंह जामवाल एवं डॉ. आशिक कुमार का गायन, पंडित दीपक महाराज एवं कनिका घोष, आर्यव आनंद, सुमन चौधरी तथा अभिनव आनंद के कथक नृत्य तथा डॉ. स्मिता पाराशर द्वारा संचालित नदी तुम बहती चलो के प्रदर्शन हुए। मंडी हाउस स्थित रवीन्द्र भवन परिसर में साहित्य अकादमी सभागार के मंच पर दूसरे चरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां एकल नाटक ढोल तथा कफ़न की प्रस्तुतियां हुईं। इसके अतिरिक्त रामभजन सिंह ने बुंदेली लोकगीत एवं लोरी पर तथा अपने समय के मशहूर नौटंकी कलाकार मुन्ना मास्टर ने दास्तान ए नौटंकी पर अपने अनुभव बांटे। प्रयागराज से इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची सखी री द्वारा प्रस्तुत नकटा का दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया। इसका निर्देशन जयंती वर्मा ने किया था। दर्शकों ने इस बार भी विविधा में विभिन्न शैलियों में नाट्य प्रदर्शन, शास्त्रीय नृत्य, पपेट शो, लोकनाट्य स्वांग, शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं लोक संगीत के गायन-वादन का आनंद लिया।



# सुभाष घई की संगीत के छात्रों को सौगात



**मोहम्मद रफी के नाम पर स्कॉलरशिप देने का किया ऐलान**

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। हिंदी सिनेमा को मोहम्मद रफी ने कई सदाबहार गाने दिए हैं, जो आज भी लोगों की जुबान पर रहते हैं। उनकी आवाज में गाए गए गाने को सुनकर लोग झूमने लगते हैं। आज वह बेशक हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन गानों के जरिए लोग उन्हें अभी भी याद करते हैं। इस कड़ी में रफी साहब की विरासत को सम्मान देते हुए फिल्म निर्माता और निर्देशक सुभाष घई की व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल ने नई स्कॉलरशिप की घोषणा की है। इस वजीफे को मोहम्मद रफी म्यूजिक स्कॉलरशिप नाम दिया गया है। यह स्कॉलरशिप संगीत के क्षेत्र में उभरती प्रतिभा को सम्मान और सहायता देने के लिए बनाई गई है। यह पहल नई पीढ़ी के कलाकारों को आगे बढ़ने में मदद करेगी। सालाना छात्रवृत्ति है, जो उन छात्रों को दी जाएगी, जो संगीत को समर्पित होंगे और उनकी गायकी या संगीत में दम-खम होगा। यह म्यूजिक स्कूल के छात्रों के लिए एक बड़ा मौका होगा। 5 मई को महान सिंगर के बेटे शाहिद मोहम्मद रफी की उपस्थिति में यह स्कॉलरशिप लॉन्च की जाएगी, जो कैडेंस म्यूजिक फेस्टिवल 2025 के उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि बनकर शामिल होंगे। स्कॉलरशिप के बारे में बात करते हुए सुभाष घई ने कहा कि रफी साहब का संगीत आज भी पीढ़ियों को प्रेरणा देता है। इस स्कॉलरशिप के जरिए हम ऐसे युवा टैलेंट को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जिनमें संगीत के प्रति वही जुनून और समर्पण हो जो रफी साहब में था। यह पहल न सिर्फ एक महान कलाकार को श्रद्धांजलि है, बल्कि भारत के आने वाले संगीत सितारों को तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुभाष घई की अगली फिल्म अमायरा 16 मई को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल की पूर्व छात्रा साई गोडबोले, राजेश्वरी सचदेव और अजिंक्य देव नजर आएंगे।

# आने वाले दिनों में बहुत सारी विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आने वाली हैं : भूमि पेडनेकर

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां) बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने उम्मीद जतायी कि आने वाले दिनों में बहुत सारी विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आएगी। भूमि पेडनेकर ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रृव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन ( वेव्स) 2025 में 'लाइट्स, कैमरा, गंतव्य! फिल्मों के माध्यम से भारत की ब्रांडिंग' विषय पर पैनल चर्चा में शिरकत की। इस चर्चा के अन्य पैनलिस्टों में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार, एनएफडीसी के एमडी नितिन तेज आहूजा, प्रोड्यूसर्स गिल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, गुजरात सरकार के सचिव (पर्यटन), आईटीडीसी की एमडी मुग्धा सिन्हा शामिल थीं। पेडनेकर ने कहा कि आने वाले दिनों में बहुत सारे विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में लोग हमारे सिनेमा की वजह से मुंबई को जानते हैं। भारत के गंतव्यों में शूटिंग की अपनी प्राथमिकता के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि मेरी अधिकांश फिल्में सांस्कृतिक रूप से गंभीर हैं और देश के केन्द्रीय स्थल की फिल्में हैं।



# गर्मी में गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल की जरूरत

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। गर्मियों की तपती धूप और बढ़ता तापमान हर किसी के लिए चुनौतीपूर्ण है, लेकिन गर्भवती महिलाओं के लिए यह समय विशेष रूप से सावधानी बरतने का होता है। गर्मी के मौसम में गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल की ज़रूरत है। नोएडा स्थित सीएचसी भंगेल की सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मीरा पाठक से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने गर्मी के मौसम में गर्भवती महिलाओं को होने वाली समस्याओं और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. मीरा पाठक ने बताया कि गर्भावस्था में शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं, जिससे महिलाओं को पहले से ही पेट भरा हुआ महसूस होता है। इसके अलावा, जी मिचलाना, चक्कर आना, घबराहट और थकावट जैसे लक्षण होते हैं। गर्मी का मौसम इन लक्षणों को और अधिक बढ़ा देता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं के शरीर में दो जीवन पल रहे होते हैं, इसलिए डिहाइड्रेशन के खतरे और भी अधिक हो जाते हैं। गर्मी में ब्लड प्रेशर गिरने या बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे मां और बच्चे दोनों को नुकसान हो सकता है।

डॉ. ने कहा कि गर्मियों में बाहर का खाना जल्दी खराब हो जाता है, जिससे पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे डायरिया, टाइफॉइड, और जॉन्डिस का खतरा बढ़ जाता है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की इम्युनिटी कमजोर होती है, जिससे संक्रमण जल्दी पकड़ में आ सकता है और इसका असर सीधे बच्चे पर भी पड़ सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गर्भवती महिलाओं की त्वचा ज्यादा संवेदनशील हो जाती है, जिससे स्किन रैशेज, इंफेक्शन और पिगमेंटेशन की संभावना बढ़ जाती है। गर्मी के दौरान शरीर का तापमान संतुलित रखना चुनौती बन जाता है, क्योंकि बाहर का तापमान 42-43 डिग्री तक पहुंच सकता है, जबकि शरीर को 37 डिग्री पर बनाए रखना जरूरी होता है। इससे हीट वेव और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी सावधानियां और सुझाव पर बात करते हुए डॉ. पाठक ने कहा कि डिहाइड्रेशन से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं को दिन में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी या अन्य तरल पदार्थ जैसे नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ, और घर के बने फ्रेश जूस पीना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैकेट या बाहर के जूस से परहेज करें।




■ जी मिचलाना, चक्कर आना, घबराहट और थकावट जैसे लक्षण
■ संतुलित और पौष्टिक आहार लेना बेहद महत्वपूर्ण

उन्होंने बाहर का या बासी खाना खाने से बचने की भी सलाह दी। डॉ. ने कहा कि इससे पेट के संक्रमण, उल्टी, दस्त, और जॉन्डिस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपनी डाइट में हाइड्रेटिंग फल शामिल करना चाहिए। तरबूज, खरबूजा, अंगूर, केला, खीरा और ककड़ी जैसे फलों को आहार में शामिल करें। ये शरीर में पानी की कमी नहीं होने देते और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखते हैं। दूध की जगह दही खाएं, क्योंकि इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो पेट की सेहत को दुरुस्त रखते हैं और इसकी तासीर भी ठंडी होती है। डॉ. मीरा ने गर्मी के मौसम में गर्भवती महिलाओं को हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने घर से बाहर जाने के दौरान सिर को दुपट्टा या टोपी से ढकने, सनस्क्रीन का प्रयोग करने और टाइट जूते, हील्स और मोज़े न पहनने की सलाह दी। उन्होंने आगे कहा कि गर्भवती महिलाओं को एसी या कूलर का प्रयोग करते समय ध्यान रखना चाहिए कि कमरे का तापमान 24 से 26 डिग्री पर रहे। एसी की समय-समय पर सर्विसिंग कराएं और सीधे हवा से बचें। कमरे में वेंटिलेशन अच्छा होना चाहिए। इसके अलावा, योग और व्यायाम के लिए सुबह जल्दी या शाम के समय का चयन करें, जब मौसम ठंडा हो।

# पेट से त्वचा तक हर रोग से लड़ने में मददगार प्रियंगु

■ प्रियंगु का स्वाद तीखा, कड़वा और मधुर
■ त्वचा की रंगत निखारने, घाव को भरने, उल्टी, जलन, पित्तजन्य बुखार में प्रयोग

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। आयुर्वेद में अनेक वनस्पतियां अपने औषधीय गुणों के कारण जानी जाती हैं। इनमें प्रियंगु का नाम भी प्रमुखता से लिया जाता है, इसे हिन्दी में बिरमोली या धयिया कहा जाता है और यह पौष्टिक गुणों से भरपूर होता है। प्रियंगु में मौजूद औषधीय गुणों के कारण इसे विशेष रूप से पेट और त्वचा संबंधी समस्याओं के इलाज में उपयोग किया जाता है।

प्रियंगु का उल्लेख आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों जैसे चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, भावप्रकाश, धन्वंतरी निघण्टु आदि में देखने को मिलता है। इन ग्रंथों में प्रियंगु को विभिन्न कल्पों जैसे पेस्ट, काढ़ा, तेल, घी और आसव के रूप में प्रयोग किया गया है। वाग्भट्ट और सुश्रुत के ग्रंथों में भी इसे कई रोगों के उपचार में शामिल किया गया है। प्रियंगु पौधा भारत के अधिकांश क्षेत्रों, विशेषकर लगभग 1800 मीटर की ऊंचाई तक के पर्वतीय इलाकों में पाया जाता है। यह बहुउपयोगी वनस्पति न केवल परंपरागत चिकित्सा में स्थान



रखती है बल्कि आधुनिक विज्ञान भी इसके औषधीय गुणों की पुष्टि कर रहा है। वर्तमान में प्रियंगु की चर्चा तीन प्रमुख वनस्पतियों- कैलिकार्पा मैक्रोफिला वाहल, एग्लैया रॉक्सबर्गियाना मिक और प्रूनस महालेब लिन के रूप में की जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम कैलिकारपा मैक्रोफिला वाहल है। अंग्रेजी में इसे सुगंधित चेरी या ब्यूटी बेरी कहा जाता है। भारत की विभिन्न भाषाओं में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। संस्कृत में इसे वनिता, प्रियंगु, लता, शुभा, सुमङ्गा के नाम से जाना जाता है। हिन्दी में बिरमोली, धयिया के नाम से, बंगाली में मथारा के नाम से, मराठी में गहुला के नाम से, तमिल में नललु के नाम से, मलयालम में चिमपोपिल के नाम से, गुजराती में घंऊला के नाम से और नेपाली में इसे दयालो के नाम से जाना जाता है।

प्रियंगु का स्वाद तीखा, कड़वा और मधुर होता है। यह स्वभाव से शीतल, लघु और रूखा होता है और वात-पित्त दोषों को संतुलित करने वाला होता है। यह त्वचा की रंगत निखारने, घाव को भरने, उल्टी, जलन, पित्तजन्य बुखार, रक्तदोष, रक्तातिसार, खुजली, मुंहासे, विष और प्यास जैसी समस्याओं में लाभकारी होता है। इसके बीज और जड़ आमाशय की क्रियाविधि को उत्तेजित करने में मदद करते हैं और मूत्र संबंधी विकारों में उपयोगी सिद्ध होते हैं।

दांतों की बीमारियों के इलाज में भी प्रियंगु का उपयोग अत्यंत लाभकारी है। प्रियंगु, त्रिफला और नागरमोथा को मिलाकर तैयार किए गए चूर्ण को दांतों पर रगड़ने से शीताद (मसूड़ों से जुड़ा रोग) में राहत मिलती है। खान-पान में असंतुलन के कारण होने वाले रक्तातिसार और पित्तातिसार में शल्लकी, तिनिश, सेमल, प्लक्ष छाल तथा प्रियंगु के चूर्ण को मधु और दूध के साथ सेवन करने से लाभ होता है। इसके अलावा प्रियंगु के फूल और फल का चूर्ण अजीर्ण, दस्त, पेट दर्द और पेचिश में भी कारगर होता है।

# धान खरीदी में सूखत को हेराफेरी बताकर समिति प्रबंधकों पर अनावश्यक दबाव



**पलारी,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान परिवहन को लेकर हुई प्रशासनिक देरी के कारण समिति को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। धान खरीदी के 90 दिन बाद भी उठाव नहीं हो पाने के कारण प्रति कट्टा 2-3 किलो धान सूख गया, जिससे खरीदी केंद्रों में बड़े पैमाने पर कमी दर्ज की जा रही है। इस पूरे मामले में समिति प्रबंधकों को ही जिम्मेदार ठहराकर उन पर भरपाई का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि इसकी जवाबदेही प्रशासन और अन्य अधिकारियों की भी बनती है।

प्रदेश में इस साल 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू हुई, जो 31 जनवरी तक चली। इस दौरान करीब 20 लाख क्विंटल धान पलारी तहसील के 35 धान खरीदी केंद्रों में खरीदा गया, जिसका परिवहन 15 दिसंबर से शुरू हुआ। मगर परिवहन की गति इतनी धीमी रही कि पूरे धान का उठाव करने में पांच महीने लग गए। इस लंबी अवधि तक खुले आसमान में पड़े रहने के कारण धान में प्राकृतिक सूखत (2-3 किलो प्रति कट्टा) हो गया। नतीजतन, अब हर खरीदी केंद्र पर 100 से 600 क्विंटल तक धान कम दिखाई दे रहा है। आज भी कई समितियों में धान जाम पड़ा है जिसका परिवहन नहीं हुआ है।

**समिति प्रबंधकों पर अन्यायपूर्ण दबाव:** सूखत की इस कमी को हेराफेरी बताकर समिति प्रबंधकों पर भरपाई का दबाव बनाया जा रहा है। उन्हें जेल भेजने की धमकी दी जा रही है, जबकि यह समस्या प्रशासनिक लापरवाही और परिवहन में देरी के कारण पैदा हुई है। कई प्रबंधकों ने नेताओं से गुहार लगाते हुए कहा है कि उन्हें चोर कहकर प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि उन्होंने पूरी ईमानदारी से धान खरीदी का काम किया था। एक प्रबंधक ने कड़वाहट भरे शब्दों में कहा, इज्जत नीलाम कर दी गई है। न समाज में, न परिवार में, न रिश्तेदारों के बीच मुंह दिखाने लायक रह गए हैं। ऐसी जिल्लत भरी जिंदगी जीने से अच्छा तो मौत है।

**केवल प्रबंधक ही क्यों जिम्मेदार ?**

सवाल यह उठता है कि धान में सूखत की कमी के लिए सिर्फ समिति प्रबंधकों को ही क्यों जिम्मेदार ठहराया जा रहा है ? धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया में डीएमओ, नोडल अधिकारी, सीईओ, पर्यवेक्षक और शाखा प्रबंधकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अगर खरीदी में कोई गड़बड़ी हुई है, तो इन सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है। फिर सिर्फ समिति कर्मचारी और प्रबंधकों पर ही क्यों ? उन पर दबाव क्यों ? जबकि कई केंद्रों पर बफर लिमिट से पांच गुना अधिक धान महीनों तक पड़ा रहा, तब प्रशासन ने समय पर परिवहन की व्यवस्था क्यों नहीं की ?

इस पूरे मामले में समिति प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष मनी राम केवर्त ने कहा कि समिति प्रबंधकों के साथ अन्याय हो रहा है। अगर धान में सूखत की कमी हुई है, ईमानदारी से काम करने वाले प्रबंधकों को बदनाम करने और उन पर दबाव बनाने के बजाय, प्रशासन को अपनी कमियों को स्वीकार करते हुए एक निष्पक्ष समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक एफ आई आर हो चुका दूसरा हुआ तो उग्र आंदोलन करेंगे उन्होंने मंत्री और गौरीशंकर अग्रवाल, डॉ रमन सिंह कलेक्टर दीपक सोनी से मिलकर आग्रह किया कि समिति प्रबंधकों को प्रताड़ित न किया जाए और सूखत को हेरा फेरी का नाम न दे ।

**पलारी तहसील में करीब 4 करोड़ रुपये के धान की कमी:** पलारी तहसील के 35 धान खरीदी केंद्रों में करीब 15,000 क्विंटल धान की कमी सामने आई है, जिसका मूल्य लगभग 4 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। यह कमी धान के सूखने (सूखत) के कारण हुई है, जो खरीदी के बाद महीनों तक खुले में पड़े रहने से स्वाभाविक रूप से हुई। हालांकि, प्रशासन इस कमी को हेराफेरी मानकर समिति प्रबंधकों पर दबाव बना रहा है, जबकि उनका दावा है कि यह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है।

बता दे इस साल 20 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई, लेकिन परिवहन में देरी के कारण धान लंबे समय तक खुले में रहा। प्राकृतिक सूखत के चलते प्रति कट्टा 2-3 किलो धान कम हुआ, जिससे समितियों में लगभग 15,000 क्विंटल की कमी आई।

वहीं अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने नियम बनाया था कि अगर खरीदी के 1 महीने बाद भी धान का परिवहन नहीं होता, तो सूखत का मामला वित्त विभाग को भेजा जाए। लेकिन इसका पालन नहीं हुआ। और अब प्रबंधकों पर भरपाई का दबाव डाला जा रहा है और जेल की धमकी दी जा रही है। वही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उन पर अनुचित दबाव जारी रहा, तो वे भविष्य में धान खरीदी प्रक्रिया से हट सकते हैं जिससे किसानों को नुकसान होगा।

वहीं इस संबंध में डीएमओ राहुल अंधसकर ने कहा कि जिन समिति में धान जाम है उसके पीछे धान की क्वालिटी का मामला है धान खराब होने के कारण उसका परिवहन नहीं हुआ है।

# रायपुर जिले के तीन प्रतिभावान शिक्षकों को राज्यस्तरीय एफएलएन सह नवाजतन सम्मान



**खरोरा,** 3 मई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला टेमरी (वि.ख.) धरसीवां से श्रद्धा शर्मा (सहायक शिक्षिका), शासकीय प्राथमिक शाला राखी (वि.ख.) आरंग से श्रीमती सीमा हरदेल (सहायक शिक्षिका), शासकीय प्राथमिक शाला भेजरीडीह (वि.ख.) तिल्दा रायपुर से श्री रमेश कुमार करेबिया (प्रधान पाठक) को रायपुर द्वारा सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान जो आंजनेय विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित था जिसमें इन्हें अपने-अपने विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कक्षा अनुरूप हिंदी भाषा शिक्षण और गणितीय शिक्षण कौशल हेतु बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता दक्षताओं के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने, सरल से कठिन की ओर नवाचारी गतिविधियां, शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री, खेल आधारित शिक्षण हेतु शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। पूरे (छ.ग.) राज्य से 1500 शिक्षकों ने भाग लिया था जिसमें चयन की प्रथम प्रक्रिया ऑनलाइन व द्वितीय चरण मे ऑफलाइन अवलोकन जिला की टीम के द्वारा किया गया सभी सम्मानित शिक्षकों ने रायपुर जिले को गौरवित किया।

# सुशासन तिहार में नागरिकों की मांग पर भटगांव को मिला एसडीएम लिंक कोर्ट

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 3 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में नागरिकों की मांग पर कलेक्टर ने भटगांव में एसडीएम का लिंक कोर्ट संचालन व्यवस्था प्रदान किया है। जिले में राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने, आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा राजस्व एवं दाण्डिक प्रकरण के साथ-साथ समस्त न्यायालीन प्रकरण जो तहसील सरसीवां एवं भटगांव से संबंधित है, के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ का प्रत्येक गुरुवार को तहसील कार्यालय भटगांव में लिंक कोर्ट संचालन के लिए अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक आदेशित किया गया है। इस लिंक कोर्ट के माध्यम से राजस्व मामलों की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु राजस्व एवं दाण्डिक प्रकरण के साथ-साथ समस्त न्यायलयीन प्रकरणों आयोजित की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार समीक्षा उपरांत संशोधित की जा सकेगी।

# निमोनिया और दिल की बीमारी का पता ऐ आई से होगा आसान



**बागबाहरा,** 3 मई (देशबन्धु)। शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरा के कक्षा दसवीं के छात्र चंकी पांडे, मनीष पांडे और narra की रूपाली यादव ने विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा का उपयोग कर एक आसान सा ऐ आई मॉडल विकसित किया है, जिसके उपयोग से साधारण व्यक्ति भी चेस्ट × हृ्4 को ऐ आई मॉडल की सहायता से निमोनिया है या नहीं इसकी पहचान कर सकेगा, इससे बीमार व्यक्ति को शीघ्र सही उपचार मिल पाने की संभावना रहेगी। छात्रों ने केगल से लगभग 4 हजार से अधिक डेटा का उपयोग करके इस ऐ आई मॉडल को विकसित किया है।

कोविड के बाद युवाओं में बढ़ रहे साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं को देख कर ऐ आई ईसीजी रीडर मॉडल विकसित किया। केगल एक ओपन सोर्स है जिसमें उपलब्ध 4 हजार से अधिक ईसीजी इमेज डेटा का उपयोग ट्रायल और ट्रेन करने में उपयोग करने के बाद लगभग 100त्न एक्यूरेसी वाला यह मॉडल विकसित किया है। इसकी सहायता से ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य चिकित्सकीय जानकार एवं जन साधारण भी हृदय घात की स्थिति को समझ सकेंगे तथा समय पर इलाज की सुविधा कर पाएंगे।

ज्ञात हो कि महासमुंद जिले में इंटेल डिजिटल रेडीनेस कार्यक्रम के तहत 5 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का आयोजन हुआ था, जहां विशेषज्ञ से स्कूली छात्रों ने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस की बारीकियों और तकनीकी पहलुओं को सीखने के बाद, न्यूनतम कोडिंग तकनीक से टिचेबल मशीन प्लेटफॉर्म पर इन दोनों ऐ आई मॉडल को विकसित किया है।

एटीएल प्रभारी सुबोध कुमार तिवारी ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर छात्रों की रुचि बढ़ने के कारण ही अब वो अपने आस पास की समस्याओं का पहचान कर उसके समाधान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। इस नवीनतम तकनीक के और उन्नत वर्जन तथा ऐ आई कोडिंग की बारीकियां आने वाले समय में छात्रों को सिखाया जाएगा। जिससे कि वे और उन्नत मॉडल बना सकें। इसके पहले भी इस विद्यालय के दो छात्रों वैभव देवांगन और धीरज यादव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित 2द्दद्भ्र डिटेक्टर मॉडल की कोडिंग की थी, जिसकी सहायता से खेतों में धान की फसल और खरपतवार में अंतर आसानी से पता किया जाकर निंदाई आसानी से की जा सकती है। इनके इस मॉडल के लिए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव छात्रों को सम्मानित कर चुके हैं।

समग्र शिक्षा द्वारा 5 दिवसीय ऐ आई स्किलिंग कैंप के आयोजन के बाद विद्यार्थियों के इस तरह के कार्यों को पूरा करने से अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। समाज के लिए कुछ करने की भावना से छात्रों में राष्ट्रीयता का भी विकास होगा।*

**- सतीश नायर, सहायक संचालक**
**जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय**
**महासमुंद**

# गांजा तस्करी के तीन आरोपियों को मिला 4-4 वर्ष का कारावास



**बालोद,** 3 मई (देशबन्धु)। माननीय एसण् एलण् नवरत्न, विशेष न्यायाधीश अंतर्गत एनण्डीण्पीण् एसण, जिला.बालोद ;छण्गण्द्ध के द्वारा आरोपीगण चेविल कुमार मांझी उम्र 23 वर्ष निवाद 1 पीटीएस वार्ड 17 राजनांदगांव, थाना.कोतवाली, जिला.राजनांद गांव, सन्नीकांत सोनी उम्र 22 वर्ष, निवास हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड नंबर 39 कौरिनभाठा, थाना.बसंतपुर, जिला.राजनांदगांव, टिकेश कुमार भारतद्वाज उम्र 26 वर्ष, निवासी संबलपुर, थाना.डौण्डीलोहारा, जिला.बालोद को स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के अधीन क्रमश: चार.चार वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000-10,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। व्यतिक्रम पर 02-02 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास से दण्डित किया गया। प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से घनश्याम सिंह साहू, विशेष लोक अभियोजक ;एनण्डीण्पीण्एसण्द्ध बालोद ;छण्गण्द्ध के द्वारा किया गया। जिसके अनुसार 22 जनवरी 2024 को मुखबिर से सूचना मिला था कि तीन व्यक्ति ग्राम तरौद के पास गांजा जैसे वस्तु को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। घटनास्थल जाकर मुखबिर के बताये अनुसार हुलिया एवं वाहन के आधार पर 03 व्यक्ति ग्राम तरौद के बाजार मैदान में दिखाई दिये। जिन्हें स्टॉफके साथ घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर चेविल कुमार मांझी, सन्नीकांत सोनी एवं टिकेश कुमार भारतद्वाज होना बताये। उनके कब्जे के मोटरसायकल क्रमांकमें अवैध रूप से गांजा का तौल करने पर 01 किलो 300 ग्राम कीमती 13,000 रूपये का होना पाया गया। जिसका बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। सम्पूर्ण विवेचना पश्चात् माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया। प्रकरण में आये साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय व सण्उण्निण् धरम भुआर्य के द्वारा किया गया।

# नपाध्यक्ष ने मांगी अमन चैन की दुआ



**महासमुंद,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर में गंगा जमुनी तहजीब व हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक माने जाने वाले हज़रत सैय्यद शाह बाबा के उर्स मौके पर शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बाबा के दरबार पहुंचकर देश, प्रदेश तथा नगर में अमन.चैन, खुशहाली, तरक्की, आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दुआएं मांगी।

# मछली पकड़ने गए मछुआरे की डैम में नाव पलटने से मौत

**बालोद,** 3 मई (देशबन्धु)। जिले के तांदुला डेम में मछली पकड़ने गए मछुआरे का शव पानी में तैरता मिला। मिली जानकारी के अनुसार घटना बालोद जिले का है। मृतक का सोमन निषाद है जो मछली पकड़ने का काम करता था। रोज की तरह गुरुवार को शाम के समय तांदुला डेम में मछली पकड़ने गया था तभी तेज आंधी तूफान की वजह से उसकी नाव पलट गई। इस हादसे में सोमन पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीम पहुंची और लगातार 36 घंटे तक मछुवारा सोमन का तलाश करते रहे। जिसके बाद शनिवार को उसका शव पानी में तैरता मिला।


**फॉर्म नं. यूआरसी-2**

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (पंजीकरण के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार]

1. इस विज्ञापन के माध्यम से सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उपधारा (2) के अनुसार, रायपुर (छत्तीसगढ़) में रजिस्ट्रार को पंद्रह दिनों के पश्चात लेकिन तीस दिनों की समाप्ति से पहले आवेदन किया जाना प्रस्तावित है कि **मेसर्स आर आर इंजीनियर्स एंड सर्वेयर्स** जो कि एक साझेदारी फर्म है, को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत शेयरों द्वारा मर्यादित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं: (क) विद्युत संचरण, फाइबर ऑप्टिक सिस्टम और वितरण नेटवर्क के निर्माण, इंस्टालेशन व नेटवर्क बिछाने और कमीशनिंग के लिए डिजाइन, स्थापना, निर्माण, परामर्श और प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना या टर्नकी परियोजनाएं संचालित करना। बिल्डरों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, सिविल, मैकेनिकल और बिल्डिंग और इरेक्शन इंजीनियरों, सलाहकारों, डीलरों, आयातकों, निर्यातकों के रूप में व्यवसाय करना और साथ ही व्यक्तिगत रूप से या किसी अन्य कंपनी/फर्म/व्यक्ति/परामर्शदाता के साथ संयुक्त उद्यम के रूप में परियोजनाओं के निर्माण और विकास, रखरखाव और संचालन का व्यवसाय करना, चाहे वह स्थानीय हो या विदेशी। (ख) उत्पादन, प्रसंस्करण, निर्माण और संयोजन, मरम्मत, परिवर्तन, खरीद, आयात, विपणन, बिक्री, निर्यात और बाकी सभी प्रकार के विद्युत घटकों में काम करने सहित विनिर्माण का व्यवसाय करना। (ग) उपरोक्त उद्देश्यों के लिए सरकारी परियोजनाएं संचालित करना।

3. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन और एसोसिएशन के लेखों की एक प्रति **फ्लैट नंबर 402, ब्लॉक नंबर 15, अशोका रतन, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001** स्थित कार्यालय में अवलोकनार्थ है।

4. इस विज्ञापन द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामले संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050 के रजिस्ट्रार को लिखित रूप में अपनी आपत्ति बता सकता है, साथ ही इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेज सकता है।

दिनांक: 04 मई, 2025

**आवेदकगणों के नाम**
**1. श्री मुकेश माहेश्वरी**
**2. श्री रजत माहेश्वरी**
**3. सुश्री हर्षिता माहेश्वरी**


# फौती प्रक्रिया पूरी होते ही लोकनाथ को मिला पुश्तैनी भूमि का अधिकार



**महासमुंद,** 3 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल शासन की पहुंच को आमजन तक सुनिश्चित करना है, बल्कि वर्षों से लंबित जनसमस्याओं का समाधान भी सुलभ रूप से प्रदान करना है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम केवरापाली के निवासी लोकनाथ को फौती प्रक्रिया पूरी होते ही उनकी पुश्तैनी भूमि का अधिकार प्राप्त हुआ। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में लोकनाथ पिता स्व. कृष्णप्रसाद ने ग्राम केवरापाली स्थित 176 हेक्टेयर भूमि के स्वामित्व हेतु आवेदन किया था। यह भूमि पूर्व में उनके पिता कृष्णचंद्र के नाम दर्ज थी। उनके निधन के उपरांत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की भूमि अधिकार योजना के तहत विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए जमीन को लोकनाथ के नाम स्थानांतरित किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में बसना तहसीलदार सुश्री ममता ठाकुर की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर फौती की प्रक्रिया पूरी करवाई जिसमें भूमि की वास्तविक स्थिति, कब्जा और सीमाएं जांची जाती हैं और उसके बाद जमीन का सीमांकन कराया गया। फौती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ही लोकनाथ को संबंधित खसरा और बी.वन दस्तावेज विधिवत सौंपे गए। अपनी पुश्तैनी भूमि का अधिकार प्राप्त होने पर लोकनाथ भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि यह वह क्षण था जिसका उन्हें वर्षों से इंतज़ार था। लंबे समय तक चली प्रतीक्षा और निरंतर प्रयासों के बाद जब उन्हें अपने हक का प्रमाण पत्र मिला तो उनकी आँखें भर आईं। उन्होंने सरकार की इस पहल के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम न केवल उनके लिए बल्कि उनके जैसे कई लोगों के लिए आशा की एक नई किरण है।


दुर्ग जिले में फॉर्महाउस के लिए जमीन, कृषि जमीन, छोटे बड़े प्लाट, ऑफिस, सबसे बढ़िया दाम में खरीदी बिक्री की गारंटी, कृपया इसी महीने के Bv नक्शा खसरा ही लाये। विवादित जमीन वाले बिल्कुल संपर्क ना करें।

**एस एस प्रॉपर्टीज**
**ओम परिसर, दुर्ग ( छ.ग. )**
**मो.नं.-07389902902**



**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग ( छ.ग. )**
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**( विषय-6 देखिये )**

क्रमांक/273/प्रस्तुतकार/विवाह अधि./2024-2025
दुर्ग, दिनांक 04.04.2025

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि ओवदक रविन्द्र हरवंश पिता रामाधार हरवंश निवासी वार्ड 64 ब्रह्मपुरी बड़ेपारा आशादीप स्कूल के पास ग्राम नेवई , पोस्ट पुरई, जिला दुर्ग (छ.ग.) आवेदिका आरती निषाद पिता संतराम निषाद निवासी म.नं. 51 सिलहाटी लाखाटोला, जिला कवर्धा (छ.ग.) 491995 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 16.05.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अपर कलेक्टर**
मुहर **एवं विवाह अधिकारी दुर्ग ( छ.ग. )**



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील सुकमा, जिला-सुकमा ( छग )**
रा.प्र.क्र. 202504190100003, विषय- अ-21, सन-2024-25

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण नगर पालिका परिषद सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय, जिला सुकमा का न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुकमा के माध्यम से प्राप्त हुई है। जिसमें आवेदिका श्रीमती मीना देवी पति रामनरेश, उम्र-51 वर्ष, जाति चौरसिया निवासी लाईनपारा, वार्ड क्रमांक 13 सुकमा, तहसील सुकमा, जिला सुकमा छग के द्वारा नगर सुकमा, प.ह.नं. 13 सुकमा, तहसील व जिला सुकमा स्थित स्वंय की स्वामित्व हक की खाते की भूमि खसरा नम्बर 749/9 रकबा 0.0040 खसरा नम्बर 749/13 रकबा 0.0010 खसरा नम्बर 749/18 रकबा 0.0020 परिवर्तित भूमि में से 0.007 हेक्टेयर भूमि को गैर आदिवासी क्रेता श्री आकाश जैन पिता श्री गौतम जैन, उम्र 33 वर्ष, जाति जैन निवासी सुकमा, तहसील सुकमा जिला छग को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहते है। प्रकरण में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के तहत् निर्धारित बिन्दुओं पर जांच करते हुए भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6-क) में निहित प्रावधान के तहत् विस्तृत जाँच कर जांच प्रतिवेदन एवं स्पष्ट अभिमत सहित प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुई है। तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो, वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

मुहर **तहसीलदार**
**सुकमा, जिला-सुकमा**



**न्यायालय तहसीलदार साजा**
**जिला बेमेतरा ( छ. ग. )**
**ईशतहार**

रा.प्र.क्र./202504230700038
ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तिहारी दास पिता गौतरिहा जाति पनिका निवासी का निवासी ग्राम चोरभट्टी तहसील साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ द्वारा अपनी माता अमृत बाई की मृत्यु दिनांक 10.5.2006 जो कि उनके स्वयं के घर में हुई है जो कि ग्राम पंचायत बिरनपुर सीमा क्षेत्र अंतर्गत आता है का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर अपनी माता अमृत बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु (जन्म मृत्यु) प्रविष्टि को संबंधित रजिस्टर में दर्ज किए जाने हेतु ग्राम पंचायत बिरनपुर को आदेशित किया जाने आवेदन पत्र के समर्थन में शपथ पत्र,रजिस्टर (जन्म मृत्यु )एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी जिला बेमेतरा( छत्तीसगढ़ )का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत बिरनपुर का पंचनामा तथा बैंक चालान संलग्न किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07.05.2025 तक पेश कर सकते हैं, प्रकरण के लिये निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23. 04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
**साजा ( बेमेतरा )**



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEEPAK KUMAR GANDHI S/O CHIRANJI LAL GANDHI resident of H.NO-419, KELA BADI GALI, SANJAY NAGAR, SHIKSHAK COLONY, WARD NO-1, KURUD, DHAMTARI, 493663, (C.G.) have changed my old name DEEPAK KUMAR GANDHI S/O CHIRANJI LAL GANDHI so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK GANDHI S/O CHIRANJI LAL GANDHI in all Government and other documents.

**DEEPAK GANDHI**
H.NO-419, KELA BADI GALI,
SANJAY NAGAR, SHIKSHAK
COLONY, WARD NO-1,
KURUD, DHAMTARI, 493663,
(C.G.)



**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान**
**जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**
**ईशतहार**

**रा.प्र.क. /ब-121/वर्ष 2024-25**
**ग्राम:- मोखा, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं. कोमाखान**
**तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय कलेक्टर महोदय (खाद्य शाखा) जिला महासमुन्द (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक / 1492/खाद्य/ 2024 / महासमुन्द, दिनाँक 12.07 2024 एवं छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन शाखा बागबाहरा के पत्र क्रमांक/छ.ग वेका/ निर्माण/2024-25 बागबाहरा दिनाँक 05.03.2025 के अनुसार आवेदक शाखा प्रबंधक छ.ग. स्टेर वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन शाखा बागबाहरा में भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम के खद्यान के अतिरिक्त भण्डारण हेतु 50,000 मेट्रिक टन गोदाम निर्माण हेतु तहसील कोमाखान अंतर्गत ग्राम मोखा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. कोमाखान स्थित शासकीय भूमि (घांस मद) खसरा नंबर 134 कुल रकबा 14 360 हे. मे से 09 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। आवेदक संस्था द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय (खाद्य शाखा) जिला महासमुन्द (छ.ग.) के समक्ष ग्राम मोखा स्थित उक्त शासकीय भूमि को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन शाखा बागबाहरा निवेदन किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदनार्थ श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बागबाहरा के माध्यम से इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में राजस्व प्रकरण क्रमांक 202504123/00050 /ब-121/वर्ष 2024-25 के रुप में दर्ज किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें आगामी पेशी दिनाँक 05.05.2025 को नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा किसी बैंक को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो, नियत तिथी तक स्वयं अथवा अपने द्वारा नियुक्त प्रतिनिधी/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील-मुद्रा सहित जारी किया गया।

**( मुहर )** **तहसीलदार, कोमाखान**



**ICICI Bank** **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री धर्मेंद्रनाथ तिवारी (कर्ज़दार), उमा तिवारी (सह-कर्ज़दार), LBDRG00004720090 | ब्लॉक नंबर 266, प्लॉट नंबर 53/8, ख. नंबर 803/8, पी एच नंबर 04, मौजा-ग्राम परसादा, आरएनएम दुर्ग भिलाई 3, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 1056 वर्ग फीट | रु. 7,89, 950/- अप्रैल 24, 2025 तक। | रु. 6,80, 000/- / रु. 68,000/- | मई 19, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मई 27,2025 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (URL Link-https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मई 26, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **मई 26, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **मई 26, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **मई 26, 2025** को **शाम 05:00 बजे** से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

**तिथि : मई 03, 2025**
**स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# घर बैठे रजिस्ट्री के साथ होगा नामांतरण

- मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्री से संबंधित 10 क्रांतिकारी नवाचारों का प्रदेशवासियों को दिया तोहफा
- लागू किए गए रिफॉर्म्स से आम जनता को मिलेगी राहत
- ऑफलाईन व्यवस्था को बंद कर ऑनलाईन व्यवस्था प्रारंभ होने से भ्रष्टाचार की सम्भावना हो रही खत्म
- जमीन की फर्जी खरीदी-बिक्री और धोखाधड़ी पर लगेगी रोक



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार में 10 क्रांतिकारी नवाचारों का तोहफा प्रदेशवासियों को दिया है। मुख्यमंत्री साय ने आज मेफेयर रिसॉर्ट में इन नवाचारों का शुभारंभ करते हुए कहा कि भूमि पंजीयन के लिए 10 नए क्रांतिकरी नवाचारों से राज्य की जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सुशासन की राह में आगे बढ़ रही है। राजस्व से जुड़े कार्यो के लिए अब लोगों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।पंजीयन के साथ अब नामांतरण का कार्य भी तत्काल होगा। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटि का असर भूस्वामी पर पड़ता है। त्रुटि कोई और करे और भुगतता कोई और है। अब लोगों को इन समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऑफलाईन व्यवस्था को बंद कर ऑनलाईन करते हुए सरकार भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर रही है।कोयला, आबकारी सेक्टर में किए गए सुधारों की तर्ज पर भूमि पंजीयन की प्रक्रिया में रिफार्म किया गया है। इससे आम जनता को राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। राज्य सरकार सभी स्तर पर डिजिटल गवर्नेंस को अपना कर सुशासन स्थापना की दिशा में कार्य करते हुए शासकीय काम-काज में पारदर्शिता ला रही है। साथ ही शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर इनका लाभ आमजन तक समय पर पहुंचा रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म पर जोर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तकनीक को बढ़ावा देकर नागरिक सेवाओं की डिलीवरी को आसान बनाने का जो रास्ता दिखाया है, उस पर अग्रसर होते हुए राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में लगातार रिफार्म कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले रजिस्ट्री और नामांतरण के लिए लोगों को महिनों चक्कर लगाना पड़ता था। अब ये कार्य मिनटों में होंगे।

वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि कोई भी अर्थव्यवस्था, देश और समाज जब तक तकनीक और रिफार्म को नहीं अपनाता है, तब तक महान नहीं बनता। उन्होंने कहा कि पंजीयन विभाग ने सुधारों को लागू करने के लिए दिन-रात मेहनत की है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में परिवर्तन होने से पहले इसका विरोध होता है,लेकिन यह सत्य है कि विकास के लिए परिवर्तन जरूरी है।जनता के हित और सुशासन के लिए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य हो, यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के 10 क्रांतिकारी सुधार को तैयार करने के लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत की है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पंजीयन विभाग में परिवर्तन से जनता को लाभ मिलेगा।

# सिहावा में फांसी के फंदे में लटके मिले प्रेमी जोड़े की हुई शिनाख्त

**धमतरी,** 3 मई (देशबन्धु)। सिहावा थाना क्षेत्र के जंगल में प्रेमी जोड़े की फंदे पर लटकी लाश की शिनाखित हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सौंप दिया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या बताया जा रहा है, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं है।



1 मई को ग्राम टांगापानी सरपंच यशवंत मण्डावी, ग्राम कोटवार सदाराम ने थाना आकर मौखिक सूचना दी कि ग्राम टांगापानी जंगल के बीच में एक छोटे कुम्ही पेड के डंगाल में गमछा से एक पुरुष व अज्ञात महिला दोनों का उम्र करीबन 20 से 30 वर्ष के मध्य है चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है शव डी-कम्पोज हो गया है। जो दोनों प्रेमी जोड़ा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिये है। सरपंच की मौखिक सूचना पर शव पंचनामा कार्यवाही के लिए सिहावा पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नगरी शैलेन्द्र पांडेय द्वारा लगातार मानिटरिंग की जा रही है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल दोनो शव की शिनाख्तगी के लिए आसपास के गांव में पतासाजी किया गया। गांव के सरपंच तथा अन्य ग्रामीणों से सम्पर्क किया गया साथ ही अन्य थाना क्षेत्रों में भी इस मैसेज को प्रसारित किया गया। इसके बाद मृतक की पहचान परमेश्वर नेताम पिता स्व संतोष नेताम उम्र 29 वर्ष ग्राम रावण सेमरा थाना सिहावा तथा मृतिका की पहचान कु राजेश्वरी ओटी पिता स्व खेलन ओटी उम्र 22 वर्ष निवासी लिलांज थाना मेचका के रूप में होने से उनके परिजनों को सूचित किया गया। परिजनों की उपस्थिति में दोनों शवों का सिविल अस्पताल नगरी मैं पीएम कराया गया। डॉक्टर ने बताया गया कि प्रथम दृष्टया यह मामला फांसी लगाकर आत्महत्या प्रतीत होता है। पश्चात शवों को कफन दफन हेतु उनके परिजनों को सुपुर्द में दिया गया। थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। लड़के का उस गांव में आना जाना था। मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। रविवार को बयान लिया जाएगा तभी स्पष्ट हो पाएगा।

# राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम सरगोड़ के एसएस फॉर्म का किया औचक निरीक्षण



- उन्नत तकनीक से किये जा रहे मछली पालन एवं मुर्गी पालन का लिया जायजा

**राजिम,** 3 मई (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका आज एक दिवसीय गरियाबंद जिला प्रवास के तहत विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम सरगोड़ पहुंचे। उन्होंने गांव में संचालित एसएस फॅार्म का औचक निरीक्षण किया। राज्यपाल श्री डेका ने फॅार्म में उन्नत तकनीक एवं नई पद्धति से किये जा रहे मछली पालन, मुर्गी पालन एवं हैचरी का अवलोकन किया। उन्होंने फॅार्म में विकसित किये गए तालाब एवं बड़ी-बड़ी टंकियों में किये जा रहे मछली उत्पादन का विस्तृत जायजा लिया। राज्यपाल को फॅार्म के संचालक ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि तीन टन क्षमता के आठ टंकियों में मछली पालन किया जा रहा है। नई तकनीक में मछलियों को टंकियों में ही चारे एवं शुद्ध फिल्टर युक्त पानी प्रदान किया जाता है। जिससे मछलियों को विकास के लिए पर्याप्त शुद्ध पानी एवं पौष्टिक चारा मिल जाता है। इसके ऑक्सीजन एवं वॉटर सप्लाई के लिए अत्याधुनिक मशीने भी लगाई गई है। इन तकनीकों का उपयोग करके मछली का अधिक उत्पादन होता है। साथ ही मछली पालक संचालक को अधिक आमदनी भी होती है। राज्यपाल श्री डेका ने नई तकनीक से मछली पालन देखकर जिले के किसानों को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने मौके पर मौजूद मछली पालन विभाग के सहायक संचालक को नई तकनीक की जानकारी किसानों तक पहुंचाने एवं उन्हें उन्नत विधि से मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। राज्यपाल श्रीडेका ने एसएस फॅार्म में उन्नत तकनीक से किये जा रहे मुर्गी पालन एवं हैचरी उत्पादन का भी अवलोकन कर तकनीक को लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस दौरान विधायक रोहित साहू, कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम सहित एसएस फॅार्म के संचालक एवं विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एसीआई ने एक बार फ़िर रचा नया इतिहास

- कैथलैब में हुई लेजर कट एंजियोप्लास्टी का हुआ देशभर में जीवंत प्रसारण
- राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े कार्डियोलॉजिस्ट ने देखी प्रक्रिया
- निजी अस्पताल में मरीज की एंजियोप्लास्टी का किया गया था प्रयास



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजिस्ट एवं उनकी टीम ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर एक नया इतिहास रचा है। निजी अस्पताल में असफल हो चुकी 70 वर्षीय मरीज की एंजियोप्लास्टी लेजर कट (एक्साइमर लेजर कोरोनरी एंजियोप्लास्टी/ तकनीक से की गई। इसका जीवंत प्रदर्शन (लाइव डेमोंस्ट्रेशन) जबलपुर समेत देश के अन्य कार्डियोलॉजिस्ट ने भी देखा। वर्चुअल प्लेटफार्म पर आयोजित हुए इस लाइव कार्यशाला के जरिए एक बार फिर छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हुई है।

कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित हुए इस कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. एस. के. शर्मा, डॉ. प्रतीक गुप्ता, नर्सिंग स्टाफ नीलिमा, वंदना, निर्मला, पूर्णिमा, टेक्नीशियन जितेंद्र, बद्री, प्रेम तथा मेडिकल सोशल वर्कर खोगेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा। मरीज का उपचार मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत हुआ।

एक्साइमर लेजर कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कट एक विशेष प्रकार की एंजियोप्लास्टी है, जिसमें लेजर का उपयोग करके कोरोनरी धमनियों में जमी हुई रुकावटों को हटाया जाता है। यह उन मामलों में प्रयोग की जाती है जहां पारंपरिक बैलून एंजियोप्लास्टी या स्टेंटिंग पर्याप्त नहीं होती।

डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार, एक 73 वर्षीय व्यक्ति के राइट कोरोनरी आर्टरी में ब्लॉकेज था। निजी अस्पताल में मरीज की एंजियोप्लास्टी की कोशिश की गई लेकिन यह प्रक्रिया असफल रह गई। मरीज के आर्टरी में इतना ज्यादा कैल्शियम जमा था कि कैल्शियम की वजह से एंजियोप्लास्टी करने वाला वायर क्रॉस नहीं हो सकता था(बैलून नॉन क्रॉसेबल)। साथ ही राइट कोरोनरी आर्टरी की उत्पति अपने मूल स्थान से न होकर ऊँचाई पर थी। यह इस केस की दूसरी जटिलता थी। इसके बाद यह मरीज अम्बेडकर अस्पताल स्थित एसीआई आया। मरीज की स्थिति को देखते हुए हमने एक्साइमर लेजर कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कट पद्धति से कैल्शियम को तोड़कर एंजियोप्लास्टी करने का सुझाव दिया।

मरीज के दाहिने हाथ की धमनी के रास्ते दिल की नस तक कैथेटर को ले जाया गया। अत्यधिक वजनी और कठोर तारों से नस की रुकावट को पार किया गया एवं एक्साइमर लेजर का इस्तेमाल करते हुए जमे हुए कैल्शियम को तोड़कर आगे बढ़ा गया। वहां से बैलून के गुजरने का रास्ता बनाया गया। इसके उपरांत कोरोनरी इंट्रा वैस्कुलर अल्ट्रा सोनोग्राफी (आईवीयूएस) जो कि एंजियोग्राफी की अत्याधुनिक प्रक्रिया है, से हृदय के नस के अंदर की सोनोग्राफी कर बचे हुए कैल्शियम को चिन्हाकित कर धारदार चाकूनुमा विशेष कटिंग बैलून का इस्तेमाल करते हुए कैल्शियम को ऐसे काटा गया जैसे कोई मशीन चट्टान काट कर सुरंग बनाती है। कैल्शियम के पूरी तरह टूट जाने के बाद स्टंट जाने का रास्ता बनाया गया और दो स्टंट लगाकर एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान देशभर के कार्डियोलॉजिस्ट ने इस प्रक्रिया को लाइव देखा तथा प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

डॉ. स्मित के अनुसार जबलपुर में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय स्तर का कांफ्रेंस आयोजित हुआ है। उनके आग्रह पर हमने इस केस का जीवंत प्रदर्शन कर कार्यशाला को सफल बनाने में अपना योगदान दिया जिसकी देशभर में सराहना हुई।

# बिलाही पुल पर सुरक्षा घेरा की चोरी

## राहगीर असुरक्षित, पुलिस पेट्रोलिंग की आवश्यकता



**नवापारा राजिम,** 3 मई (देशबंधु)। धमतरी जिला को रायपुर जिला से जोड़ने वाली नवापारा नवागांव मार्ग पर बिलाही पुल का निर्माण छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया गया था। पुल की लंबाई 502 मीटर है।साढ़े पांच करोड़ की लागत में पूर्ण किया गया है उनके दोनों किनारे लोहे के खंबे खड़े कर लोहे के पाइप ग्रिल से सुरक्षा घेरा बनाया गया है। यह घेराकरण मजबूत भी है परंतु कुछ वर्षों से इसमें लोहे चोरों की नजर पड़ गई है। इनके पाइप काटकर निकाली जा रही हैं और अब तो लोहे की मोटे खंभे को भी निकल रहे हैं। इन्हें गड़ाने के लिए लगाएं गए सीमेंटेड घेरा को भी क्षति पहुंचा रहे हैं। यह प्लास्टर सीधी नदी में जाकर गिर रही हैं। दोनों किनारे कई जगह पूरी तरह से काट कर घेरा का सत्यानाश कर दिया है। हालत यही रही तो कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अब तो लोग इस पुल पर आवागमन तो जरूर करते हैं लेकिन किनारे में जाने से डरते हैं कहीं धोखे से भी ध्यान हट गया तो सीधे नदी में जाकर गिरेंगे।

### सोमवारी बाजार से लगा हुआ है पुल

सोमवारी बाजार बस्ती से पुल लगा हुआ है। इस हिसाब से हमेशा लोगों का आना-जाना लगा रहता है फिर यह चोर कब और कैसे पाइप को काटकर अपना हाथ साफ कर रहे हैं यह दिलचस्प विषय है। शहर से सटे होने के बावजूद भी चोर अपना कमाल कर रहे हैं और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचा रहे हैं हालात पर काबू नहीं पाया गया तो पुरी बिलाही पुल से सुरक्षा घेरा निकाल ली जाएगी तब राहगीरों के लिए इसमें सफ़र कर पाना बड़ी दिक्कत होगी। पुल पर लाइट भी लगी हुई है। उनके उत्तर दिशा में नवापारा के सोमवारी बाजार तथा दक्षिण दिशा में धमतरी जिला के नवागांव की सीमा रेखा टच करती है। देश के प्रसिद्ध पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर, लक्ष्मण झूला, त्रिवेणी संगम, लोमस ऋषि आश्रम इसी मार्ग से पहुंचा जाता है।

### पुलिस पेट्रोलिंग की आवश्यकता

चूंकि नवापारा थाना और करेली बड़ी चौकी दोनों की सीमा पर इनका निर्माण किया गया है। इसलिए दोनों जगह के पुलिस पेट्रोलिंग करें और कड़ी निगरानी करते हुए घेराकरण को क्षति पहुंचाने वाले के ऊपर ध्यान दे तो चोरों को पकड़ा जा सकता है। इस संबंध में कुछ लोगों से चर्चा किया तो इनका कहना था कि शासन अपनी संपत्ति का सुरक्षा नहीं कर पा रही है तभी तो चोरों के हौसले बुलंद है। पहली बात तो सुरक्षा घेरा को दुरुस्त करें, वरना कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। अब यह सड़क और पुल अत्यंत व्यस्त हो गया है 24 घंटे आवागमन लगा रहता है। शासन प्रशासन को गंभीर होने की जरूरत है।

# बिलासपुर में 8 से होगी कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली की शुरुआत

- उसके बाद सभी मुख्यालयों और विस क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। पूरे देश में कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरूआत बिलासपुर से होगी। 8 मई को बिलासपुर में संविधान बचाओ रैली होगी, उसके बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी।

बिलासपुर में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और एआईसीसी सह-सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों, विधायकों की बैठक लिया। बिलासपुर संभाग की रैली के लिए पूर्व मंत्री उमेश पटेल को कांग्रेस का संयोजक बनाया गया है।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा।

एआईसीसी सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट है। हम इस देश के गरीबों को लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

बैठक में वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक उमेश पटेल, फूलसिंह राठिया, अटल श्रीवास्तव, ब्यास कश्यप, बालेश्वर साहू, शेषराज हरवंश, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, हृदय राम राठिया, शैलेष पाण्डेय, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, महामंत्री प्रेमचंद जायसी, लोकसभा प्रभारी सुमित्रा घृतलहरे, कन्हैया अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, विधानसभा प्रभारी अशोक राजवाल, सुंयक्त महामंत्री रजनीश तिवारी, पंकज सिंह, उत्तम वासुदेव आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत



- नशे में दौड़ा रहा था बाइक

**सरगुजा,** 3 मई (देशबन्धु)। पत्थलगांव-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ, जहां नशा और रफ्तार युवक सुलेश मांझी की मौत का कारण बन गया। पल्सर सवार युवक तेज रफ्तार में बेरीकेट्स को टक्कर मारते हुए खड़ी पिकअप से टकरा गया। दर्दनाक हादसे में सुलेश के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। हादसा सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापगढ़ के पास हुआ है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात युवक सुलेश तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। वह नशे की हालत में था। तेज रफ्तार और नशे के कारण युवक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया। बाइक अनियंत्रित होकर पहले बेरिकेट्स से टकराई, फिर सामने खड़ी पिकअप से जा भिड़ी। जोरदार टक्कर में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# गर्ल्स हॉस्टल में फूड पॉइजनिंग से 12 बच्चे बीमार

## मेस के खाने में निकले कीड़े, फोटो वायरल

**रायगढ़,** 3 मई (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, यहाँ जिंदल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में फ़ूड पॉइज़निंग से कई बच्चे बीमार हो गये है, जिन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं गर्ल्स हॉस्टल के मेस में खाने में कीड़े निकलने की शिकायत सामने आ रही है, कीड़े निकलने का फ़ोटो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। दरअसल देर रात खाना खाने के बाद आज सुबह से 12 बच्चे बीमार थे, जिन्हें जिंदल के अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया गया, वहीं एक बच्ची का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में चल रहा है।



# सरकारी स्कूल के टीचर की सड़क हादसे में मौत

**जगदलपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जहां सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। शनिवार सुबह तेज रफ्तार बस ने रॉन्ग साइड जाकर बुलेट को टक्कर मार दी। घटना में बुलेट सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 युवक घायल है। मामला गीदम थाना क्षेत्र का है। बीजापुर नेशलन हाईवे 63 पर जावंगा में के कैंप के पास यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि मृतक महिला प्रेम लता तामो (48) दंतेवाड़ा के चितालंका की रहने वाली है और सरकारी स्कूल में टीचर है। वहीं, घायल दयानंद समर्थ (28) भी दंतेवाड़ा का ही रहने वाला है। गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

- तेज रफ्तार बस ने बुलेट को मारी थी टक्कर

**NECC**

| 04.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 471 | 65 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 160 |

डिलीवरी 486 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पंडित जी ने कुंडली मिलाई, 36 के 36 गुण मिल गए। पर लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान होकर पूछने लगे- जब सारे गुण मिल रहे हैं तो आप क्यों मना कर रहे हो?
लड़के वाले- हमारा बेटा बिल्कुल लफंगा है, क्या बहू भी उसी के जैसी लाएं?

# सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त 264 में से 73 आवेदनों का निराकरण

## ममता को मिला मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजनांतर्गत 20 हजार रूपए की सहायता राशि

**सुकमा,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत श्रम विभाग को छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम रोकेल निवासी लक्ष्मी ने अपनी पुत्री को श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित राशि प्राप्त नहीं होने पर शिकायत की थी। श्रम विभाग द्वारा लक्ष्मी से प्राप्त शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 20 हजार रूपए की राशि आरटीजीएस के माध्यम से उनकी पुत्री कु. ममता को प्रदान करते हुए लाभान्वित किया गया। लक्ष्मी ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत लाभान्वित होने पर शासन-प्रशासन और श्रम विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह सुशासन तिहार 2025 में छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम चिड़पाल निवासी भागेश्वरी और दसी ने श्रम विभाग को श्रम कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। प्राप्त आवेदन पर श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में नवीन पंजीयन निर्माणी श्रमिक के रूप पंजीकृत कर कार्ड प्रदाय किया गया। इसके साथ ही हितग्राहियों को श्रम विभाग की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं से अवगत कराया गया।

### दसी और भागेश्वरी को मिला श्रमिक कार्ड



**73 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका द्दु जिला श्रम अधिकारी:** जिला श्रम अधिकारी सतानंद नाग ने बताया कि सुशासन तिहार में श्रम विभाग को कुल 264 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 73 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। बाकी आवेदन पत्रों का सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है।

# विधायक जनता की समस्याओं से हो रहे अवगत और संबंधित विभागों को समस्या निराकरण का दे रहे निर्देश



**जगदलपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधायक कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र की जनता से भेंट कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उनकी समस्याओं का निराकरण करने के संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। क्षेत्रीय विधायक श्री देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे जनमानस से सुबह से ही विधायक कार्यालय में मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जिसमें मुख्यत: पेयजल आपूर्ति, सडक निर्माण, नाली निर्माण, देवगुड़ी का नवनिर्माण, राजस्व संबंधी प्रकरण, विधुत संबंधित व अन्य समस्याओं से अवगत होकर तत्काल कार्रवाई करते जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण करना है। उन समस्याओं को संबंधित विभाग से चर्चा कर तत्काल निराकरण किया गया। वहीं सड़क, पुलिया, नाली ,बोर खनन व अन्य समस्याओं को जल्द आगामी दिनों में निराकरण करने की बात >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 31 मई तक जिले के 54 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे समाधान शिविर : कलेक्टर



**जगदलपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन ने जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान सेवा दोबारा शुरू कराने के लिए प्रदेश सरकार को पत्र लिखा है। इसकी मांग सुशासन तिहार में बस्तर चेंबर आफ कामर्स की ओर से आई थी। शनिवार शाम को कलेक्ट्रेट में सुशासन तिहार से संबंधित जानकारी मीडिया से साझा करते हुए कलेक्टर हरिस एस ने इस बात की जानकारी कलेक्टर हरिस एस ने दी। विदित हो कि पूर्व में एलायंस एयर द्वारा जगदलपुर और हैदराबाद के लिए उड़ान सेवा की सुविधा दी जा रही थी। निजी विमानन कंपनी इंडिगो द्वारा इन दोनों शहरों के लिए विमान सेवा शुरू करने के बाद एलायंस एयर ने अपना हाथ खींच लिया था। कुछ माह बाद इंडिगों ने भी रायपुर के लिए उड़ान सेवा बंद कर दी और कंपनी अब केवल हैदराबाद के लिए सेवाएं दे रही है। रायपुर के लिए उड़ान सेवा दोबारा शुरू कराने की मांग लगातार जोर पकड़ रही है लेकिन अभी तक इसका कोई हल नहीं निकला है। सुशासन तिहार में रेल और सड़क संपर्क बढ़ाने, इंद्रावती नदी जलसंकट के स्थायी समाधान आदि कुछ सार्वजनिक हित से जुड़ी मांगे भी आई हैं। सुशासन तिहार पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार में यहां बस्तर में भी जनता की ओर से मिले 95 प्रतिशत से अधिक आवेदन व्यक्तिगत मांगो और समस्याओं से संबंधित है। उड़ान सेवा सहित कुछ सार्वजनिक मांगे भी हैं। हरिस एस के अनुसार सुशासन तिहार में मिले एक लाख 88 हजार 555 आवेदन पत्रों में 85 प्रतिशत का निराकरण किया जा चुका है। पांच मई से समाधान शिविरों के आयोजन की शुरूआत की जाएगी। जो कलस्टर आधार पर 31 मई तक जिले के 54 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आकस्मिक निरीक्षण और जनता से चर्चा के लिए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्रीपरिषद के अन्य सदस्य, उच्चाधिकारी भी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के अन्तर्गत जो मुख्य मांगे हैं उनमें से प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कुल आवेदन 48385, राशन कार्ड के 12181, उज्जवला योजना के 5327, भूमि सुधार के 3819, आवास योजना के 3280, पेयजल के लिए हैंडपंप की मांग 3262, स्वच्छत्ता के लिए 2311, सड़क/भवन/पुलिया की मांग के 1554 , वृद्धावस्था सहायता 1426 और भूमि का सीमांकन नामांतरण, बंटवारा के 1355 लम्बित कुल 17839 मांग एवं 194 शिकायतों के त्वरीत निराकरण हेतु 5 मई से 31 मई तक सभी ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड बकामन में समाधान शिविर सात स्थानों पर आयोजित होगी। 09/05/2025 बडेजिराखाल, 11/05/2025 उलनार, 15/05/2025 करपावण्ड, 18/05/2025 मूली, 23/05/2025 फरसीगांव, 26/05/2025 कोसमी, 30/05/2025 बेडाउमरगांव।

### जगदलपुर से रायपुर उड़ान के लिए कलेक्टर ने प्रदेश सरकार को लिखा पत्र

**नगर पंचायत बस्तर के तीन स्थानों में समाधान शिविर का होगा आयोजन:** इसी क्रम में नगर पंचायत बस्तर के तीन स्थानों पर शिविर का आयोजन होगा। दिनांक 13 /5/ 2025 को सद्भावना भवन वार्ड क्रमांक 6 बस्तर में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार जातिगत जनगणना कराने को हुई बाध्य : सुशील मौर्य



**जगदलपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने को लेकर राजीव भवन के समक्ष जश्न मनाते हुए आम जनता को मिठाई का वितरण किया गया। सुशील मौर्य ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है। मोदी सरकार तो 2021 में होने वाली आम जनगणना को 4 साल से रोक रखा है, अंतत: कांग्रेस के दबाव में जातिगत जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करवाने को बाध्य हुई है। पिछले तीन दशकों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के भी आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को शिक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार में आरक्षण दिया जा चुका है। पर अभी भी हमें यह ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है कि वो कौन-कौन सा समुदाय हैं जो आरक्षित वर्गों में आते हैं और उनकी जनसंख्या तथा असली हालात क्या हैं। सामाजिक न्याय को पूरी तरह से तभी स्थापित किया जा सकता है जब हमें इन समुदायों की जनसंख्या स्पष्ट रूप से पता हो। इसीलिए जाति की गिनती ज़रूरी है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा।

### जाती जनगणना मांग पूरी होने पर कांग्रेस ने मनाया जश्न मिठाई का किया वितरण

श्री मौर्य ने कहा कांग्रेस पार्टी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और हम सबके नेता राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया। मोदी, शाह सहित आरएसएस और भाजपा के तमाम नेता हमारे जिस मांग को देश को बांटने की साज़िश बता रहे थे, जिस विषय में विपक्ष का उपहास उड़ाते थे, अब उसी विषय पर मोदी सरकार घुटनों पर आ गई है। हमने पहले भी कहा कि ओबीसी इस देश का सबसे बड़ा वर्ग है, बहुत अधिक विभिन्नताएं हैं, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तौर पर विभिन्नताएं हैं। जातिगत जनगणना किए बिना सरकारी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना संभव ही नहीं है, सामाजिक न्याय के लिए यह अति आवश्यक कदम है। कांग्रेस की यह मांग है कि केवल जातिगत जनगणना को आगामी आम जनगणना में शामिल करने की घोषणा मात्र से काम नहीं चलेगा, जातिगत जनगणना करवा के तत्काल आंकड़े जारी करें सरकार। जाति जनगणना के साथ-साथ हमें यह जानना भी आवश्यक है कि आर्थिक विकास का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है - हमारा अनुभव ये रहा है कि विकास का फ़ायदा कोई और उठा रहा है और क़ीमत कोई और चुका रहा है। देश के सभी संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे के लिए सर्वे करके यह पता लगाना ज़रूरी है कि देश के संसाधनों और शासन चलाने वाली संस्थाओं पर आखिर किसका क़ब्ज़ा है। इसीलिए जाति जनगणना के साथ-साथ देश की संपत्ति और सरकारी संस्थाओं का सर्वे करना भी आवश्यक है ताकि हम समय-समय पर नए आंकड़ों के आधार पर सुधार करते रहें और प्रभावी नीतियों का निर्माण कर सामाजिक और आर्थिक न्याय के सपने को साकार किया जा सके। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसजन, शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस के समस्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व समस्त पार्षदगण, कार्यकर्ता सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखंड ज्योति कलश यात्रा जगदलपुर पहुंचा



**जगदलपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। शांतिकुंज हरिद्वार से निकलकर देश भ्रमण के लिए निकली अखंडज्योति कलश यात्रा का आगमन शनिवार की दोपहर को जगदलपुर हुआ। इस यात्रा का प्रथम स्वागत माड़िन चौक में सर्व समाज ने किया। यहां से बाइक रैली निकाली गई। इसके बाद यात्रा का पड़ाव सीताराम शिवालय में हुआ। यहां पर ज्योति कलाश की आरती महिला संगठन ने उतारी। यहां से कलश धारण कर महिलाएं पदयात्रा कर दंतेश्वरी मंदिर परिसर तक पहुंचे। यहां पर विशालमंच में इस कलश का स्वागत नजरवासियों ने किया। यहां वरिष्ठ परिजन ने व जागरुक जनों ने इस कलश के आगमन के बारे में जानकारी दी।

मां दंतेश्वरी मंदिर में कलश की आरती उतारी गई। इसके बाद यह पदयात्रा संजय बाजार होते गायत्री शक्तिपीठ पहुंची। यहां तीन दिनों तक इसे दर्शनार्थ रखा जाएगा। यह अखंड ज्योति लगातार सौ वर्षों से प्रज्ज्वलित है। आने वाले 2026 में इसका शताब्दी वर्ष है। देश की अखंडता व संस्कृति को बनाए रखने व भेदभाव मुक्त समाज के लिए यह ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है।

# सुशासन तिहार से मिलेगा जनता को समयबद्ध समाधान : कलेक्टर

**सुकमा,** 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट समाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर जिले में चल रहे सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। साथ ही अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में आप सभी सहभागी बने, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर का लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर श्री ध्रुव ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में च्सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। पत्रकारवार्ता के दौरान पत्रकारों ने भी कलेक्टर श्री ध्रुव के समक्ष अपनी बात को रखा।



### समाधान शिविर के दौरान भी होगा आवेदन जमा

**तीन चरणों मे होगा आयोजन:** सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाटबाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। सुकमा जिले में कुल 50444 आवेदन प्राप्त हुए हैं। निराकरण की कार्यवाही जारी है। दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्वाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है।

**5 मई से 30 मई तक होगा अंतिम चरण, मुख्यमंत्री आम नागरिकों से करेंगे सीधे संवाद:** तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 05 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 08 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में ग्रामीण स्तर पर कुल 26 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, शिविरों की तारीख स्थानवार पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी। तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ग्राम पंचायत तथा नारायणपुर शहर में चलित वाहन द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार




**नारायणपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। श्रीमती किरण चतुर्वेदी जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार एवं सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमान हरेंद्रसिंह नाग अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर, कुमारी प्रतिभा मरकाम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति नारायणपुर के मार्गदर्शन में एवं श्री चन्द्र प्रकाश कश्यप रिटेनर अधिवक्ता नारायणपुर प्रबंधन कार्यालय** के नेतृत्व मे अधिकार मित्र घासीराम नेताम के सहयोग से 10 मई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में ग्राम पंचायत बड़े जम्हरी , बकुलवाही, बेलगांव, कुकड़ाझोर, माहका, बिंजली, सुपगांव, गरांजी, दुग्गाबेंगाल, गुरीया, शांति नगर, और नारायणपुर शहर वासियों को जानकारी दी गई। तथा नेशनल लोक अदालत के संबंध में चलित वाहन के द्वारा प्रचार प्रसार किया गया और नगर के विभिन्न वार्ड में प्रचार-प्रसार मुनियादी एवं पाम्पलेट वितरण कर लोगो को बताया गया कि न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाता है। साथ ही सिविल, दाण्डिक, चेक, बाउंस पारिवारिक विवाद, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरणों, बैंक के प्री-लीटिगेशन प्रकरण, बीमा, विधुत, दूरभाष, डाकघर एवं नगर पालिका का भी निराकरण किया जाता है। नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों के पारित अवार्ड/आदेश की प्रतिलिपि पक्षकारों को नि:शुल्क प्रदाय किया जाता है।

# कलेक्टर ने बंधा तालाब उद्यान के सौंदर्यीकरण कार्यों का लिया जायजा



**कोण्डागांव,** 3 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 02 मई शाम बंधा तालाब उद्यान पहुंचकर सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को शीघ्र एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उद्यान में स्थापित विद्युत प्रकाश उपकरणों सहित अब तक किए गए कार्यों का गहन निरीक्षण किया और स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्माणाधीन म्यूजिकल फाउंटेन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा अध्यक्ष ने शांति नगर में हेलमेट बैंक का उद्घाटन किया



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा में हेलमेट बैंक का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने किया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने श्रमिक दिवस पर हेलमेट बैंक प्रारंभ किया है, जो कि जीरो रोड दिगंबर जैन मंदिर के सामने शांति नगर में है। श्री सेन ने दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया के लिए सीट बेल्ट को आवश्यक बताते हुए कहा कि यातायात नियम भी यह कहता है। प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में लाखों लोगों की जान हेलमेट नहीं पहनने से होती है। जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन, भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर लाल देवांगन ने हेलमेट बैंक उद्घाटन किया। हेलमेट बैंक में लगभग 5 हजार हेलमेट रखें गए हैं। ऐसे लोग जो अच्छा हेलमेट नहीं ले पाते, आर्थिक अभाव के चलते हेलमेट बगैर वाहन चलाते हैं, वो 1 रूपये प्रतिदिन किराये के आधार पर बैंक से हेलमेट प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर शशी भगत, तरूण सिंह, दीपक भोंडेकर, गोपाल साहू, विजय शुक्ला, मोतीलाल श्रीवास्तव, मुखविंदर सिंह, अवतार सिंह मेहरा, सतबीर सिंह, विवेक सेन, मनीष सिंह, हरिश्चंद्र कनौजिया, मनमीत कौर, बी रामाराव, प्रदीप गुप्ता, संदीप यादव, तसविंदर सिंह, दीपक गुप्ता, अखिलेश सिंह, हरजिंदर सिंह, बाबी चौहान मौजूद रहे।

# जिलाधीश आदेश के तहत हो रही कार्रवाई

## आयुक्त सुशासन तिहार की जानकारी लेने पहुंच घरों में



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। भिलाई सुशासन तिहर 2025 के अंतर्गत नगर निगम भिलाई में कुल 1683 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से मांग के संबंध में 1228 निराकृत किया जा चुका है। 1055 लंबित है। 173 इसी प्रकार शिकायत 455, निराकृत 343 लंबित 112 है। जो बच गया है उसका निराकरण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह सुशासन तिहार के संबंध में दुर्ग जिले के सभी नगर निगमों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई थी। इसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि निराकृत आवेदनों का औचक रूप से निरीक्षण भी किया जाए। इससे आम जनता की संतुष्टि पता चल जाएगा। इसी तारतम में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त ऐसा लहरे के साथ जोन क्रमांक 2 में प्राप्त आवेदनों के निराकरण का सत्यापन करने के लिए वार्ड क्रमांक 15 पूर्णिमा गुप्ता के घर गए। उनकी समस्या थी कि उनका मकान नीचे हो जाने के कारण बारिश के समय उनके घर में पानी भरता है। जिससे उन सबको बहुत परेशानी होती है। इसके निराकरण के लिए प्रस्ताव बना करके प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किये। कहीं पर बैक लाइन सीवरेज की समस्या थी। उसका भी निरीक्षण किये। शांति नगर पुलिस थाना सियान सदन के बगल में कुछ लोगों द्वारा नजूल जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है। सभी को नोटिस देखकर कार्रवाई करने के लिए सहायक राजस्व प्रभारी सहायक शरद दुबे को निर्देशित किये। कुछ लोगों द्वारा लिखित शिकायत की गई थी कि वैशाली नगर में 20 दुकानों का आवंटन पूर्व साडा से हुआ है। उसमें कुछ लोग किराए पर अपनी दुकान चलवा रहे हैं। ऐसी शिकायत शिकायत मिली है। उसको भी जांच करने के लिए आदेशित किये। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद संतोष मौर्या, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता सर्व समाज में शामिल

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। संजय साहू समाज सेवी युवा व्यवसायी छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के संरक्षक सदस्य एवं विनोद देवांगन अधिवक्ता, राजेंद्र सिंह चौहान सेवानिवृत शिक्षक द्वारा संघ की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश महासचिव लखन लाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्षगण अनुरूप साहू, संत कुमार केशकर, घनश्याम देवांगन, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी डी. पी. देशमुख, दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग भानु प्रताप यादव ने संगठन की ओर से बधाई दी है। यह जानकारी संगठन के भानू प्रताप यादव ने दी है। उन्होनें बताया कि पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने संगठन में शामिल हुए है।

# शासकीय नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटवाया गया



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का नबंर 43 खसरा नबंर 541 में अनिल द्वारा लगभग 8000 वर्गफीट में प्रिकास्ट लगाकर घेरा किया जा रहा है। जबकि ग्राम जुनवानी राजस्व अभिलेख में अनिल के नाम पर खसरा नबंर 541/81 रकबा 0.04 दर्ज है। पूर्व में उक्त भूमि का स्थल निरीक्षण गठित टीम द्वारा किया गया था। जिस पर बृजेश द्वारा मुरूम डालकर एवं प्रिकास्ट घेरा करके अतिक्रमण किया गया था। जिसे संयुक्त रूप से निगम भिलाई द्वारा पूर्व में रिक्त करवाया गया था। उक्त शासकीय भूमि भिलाई सीमा के अंदर होने के नाते हल्का पटवारी प्रतिवेदन में पंचनामा छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 1956 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप आज कार्यवाही की गई। अतिक्रमणकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के दुसरे खसरे में अपना जमीन मानकर जानबुझ कर अतिक्रमण कर रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आज सुबह निगम भिलाई के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में ईएसआईसी हास्पिटल के सामने पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जा को रिक्त कराया गया। ततपश्चात उक्त स्थल पर पंचनामा तैयार कर शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जोन प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्ना तिवारी, राजस्व निरीक्षक मीनू सिंह, सुपरवाईजर ईमान सिंह कनौजे, निरंजन असाटी, हरिओम गुप्ता, शशांक सिंह, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज उपस्थित रहे।

# रिश्वत की मांग करने वाली लिपिका निलंबित

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। कॉलेज के प्रोफेसर से कॉलेज में ही पदस्थ महिला लिपिक ने मेडिकल बिल क्लियर करवाने के एवज में रिश्वत की मांग की। रुपए नहीं मिलने पर मिन-मेख निकालती रही। शिकायत के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने महिला लिपिक को निलंबित कर दिया है। मामला भिलाई-3 में स्थित शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय का है। यहां प्रोफेसर के पद पर प्रोफेसर डा. श्रीकांत प्रधान पदस्थ हैं। उन्होंने अपनी मां का इलाज करवाने के बाद मेडिकल क्लेम के लिए डेढ़ लाख रुपए का बिल जमा किया था। जिसमें कॉलेज की लिपिक के द्वारा मीन मेख़ निकाल कर बिल क्लियर नहीं किया जा रहा था। बिल को क्लियर करवाने की बजाय लंबा इंतजार करवा दिया गया। बिल क्लियर करवाने के लिए कहने पर कमीशन की डिमांड की। चिकित्सा देयक का बिल अमाउंट करीब डेढ़ लाख था। आरोप लगाया गया कि लिपिक द्वारा जानबूझकर बिल लटकाए जाने और रिश्वत मांगने की शिकायत प्रोफेसर श्रीकांत प्रधान ने संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा दुर्ग राजेश पांडे से की थी। मामले की जांच करवाई गई जिसमें लिपिक को दोषी पाया गया। जिसमें अपर संचालनालय के प्रतिवेदन के अनुसार उच्च शिक्षा संचालनालय ने लिपिक को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में लिपिक को रायपुर क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय में अटैच किया गया है।

# टाउनशिप की विद्युत व्यवस्था को सामान्य



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। एक दिन पूर्व भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में आए तेज आंधी और तूफान से प्रभावित जनजीवन को सामान्य करने भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत अनुभाग के कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। बिजली के खंभे गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति और यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। उखड़े हुए पेड़ों को हटाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया गया। आंधी-तूफान के दौरान हवा की गति होने के कारण भिलाई टाउनशिप के 70-75 पेड़ गिर गए। जिसमें विद्युत आपूर्ति लाइन पर गिरे 42 से अधिक पेड़ों ने टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित किया। जिसके कारण टाउनशिप के विभिन्न सेंक्टरों में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। स्थिति की सूचना मिलने पर भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत अनुभाग के सदस्यों ने क्रेन, डोजर, डम्पर और उद्यानिकी विभाग के टीम के सहयोग से तत्काल कार्य प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम गिरे हुए पेड़ों को हटाया और हुई क्षति का आंकलन कर क्रमाश: सुधार की कार्यवाही प्रारंभ की। आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए पेड़ों को हटाने के बाद उन क्षेत्रों को प्राथमिकता के साथ रात में ही विद्युत आपूर्ति को सामान्य करने का प्रयास किया गया। जहां क्षति कम हुई थी और थोड़े से प्रयास से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो सकती थी। वहां पर रात्रि में ही विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई। विद्युत अनुभाग की टीम कल संध्या से लगातार विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द सामान्य करने में लगी है। हालांकि, व्यापक नुकसान के कारण कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति सामान्य होने में समय लग रहा है। टाउनशिपवासियों से अपील है कि ऐसे प्राकृतिक आपदा के दौरान धैर्य और संयम बनाए रखें और विद्युत अनुभाग के कर्मियों को अपना काम करने में सहयोग प्रदान करें। वही टाउनशिप में विद्युत व्यवस्था सामान्य होने की बात कही गई है।

# सेंट थॉमस में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग की समिति आरकन्स काउंसिल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समरोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ.पी.एस.वर्गीस थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम जी. रोईमोन ने कहा कि प्रबंधन विभाग की विशेषता इनकी एक्टिविटी क्लास है जिसमें छात्र विशेषरूप से प्रबंधन की बारीकियां सीखते हैं। फादर डॉ.पी.एस.वर्गीस ने कहा कि समय का प्रबंधन सबसे ज़रूरी है जो छात्र समय का सम्मान करत हैं वो जीवन में सदा सफल होते हैं। डॉ. देबजानी मुख़र्जी ने कहा कि समय प्रबंधन के साथ साथ विद्यार्थी यदि स्वयं को भी व्यवस्थित करेंगे तो जीवन में सदा सफलर हेंगे। डॉ सूसनआर अब्राहम ने कहा कि हमारे छात्र पढ़ाई के साथ उद्योग जगत में भी अपनी योग्यता सिद्ध कर रहें हैं। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरण के साथ एक्टिविटी क्लास, समूह परिचर्चा, बेस्ट प्रेसेंटेशन, समाज सेवा कार्य. औद्योगिक भ्रमण एवं अन्य प्रतियोगिताओं केप्रमाणपत्र भी वितरित किये गए। छात्रों द्वारा इस अवसर पर मॉक पार्लियामेंट का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र इखार, डॉ. निम्मी वर्गीस, डॉ. सुनीता क्षत्रिय, डॉ. रिंसी अब्राहम एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# लैग से रेत निर्माण की दिशा में शोध कार्य जारी : अनुप

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। संयंत्र सहित विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों की सहभागिता म मेटलर्जिकल उद्योगों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समस्याएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई लोकल सेंटर तथा इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ प्लांट इंजीनियर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य शासन एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी दोनों संस्थानों के सदस्य एवं दुर्ग.भिलाई के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र.छात्राएं भी उपस्थित थे। इस अवसर पर इस्पात संयंत्र से मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सिन्टर प्लांट बीएसपी अनुप कुमार दत्ता , महाप्रबंधक सीईटी.बीएसपी श्रीमती मंजू हरिदास, पूर्व महाप्रबंधक प्रभारी राजीव वर्मा, सहायक प्राध्यापक मेटलजी, एनआईटी रायपुर डा. सुभाष गांगुली, वरिष्ठ महाप्रबंधक वेदांता एल्यूमिनियम लिमिटेड ओडिशा, अभिषेक दुबे, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैप्टर ए.एन. सिंह तथा अध्यक्ष भिलाई लोकल सेंटर पुनीत चौबे ने अपने विचार साझा किए। अनुप कुमार दत्ता ने बताया कि इस्पात उत्पादन के प्रारंभिक वर्षों में स्लैग के निष्पादन में अनेक चुनौतियाँ थीं, किन्तु सीमेंट संयंत्रों द्वारा स्लैग के उपयोग ने इसका समाधान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्लैग से रेत निर्माण की दिशा में शोध कार्य जारी हैं, जिससे नदी से रेत खनन कम होगा और नदियों का संरक्षण संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सेल द्वारा हाल ही में धान की पराली को सिन्टर संयंत्रों में बायोफ्यूल के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। जिससे उत्तरी भारत में स्मॉग की समस्या कम करने में मदद मिल रही है। बी.एस.पी. के पूर्व महाप्रबंधक प्रभारी राजीव वर्मा ने मेटलर्जिकल अपशिष्ट को फेरस और नॉन फेरस श्रेणियों में विभाजित करते हुए बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस तथा इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्लैग के पुन: उपयोग की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक टन लोहा उत्पादन पर लगभग 0.6 टन ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है। उन्होंने हरित इस्पात तकनीकों विशेषकर हाइड्रोजन के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हुए ठोस ईंधनों पर निर्भरता घटाने की आवश्यकता पर जोर दिया।



एनआईटी रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ.सुभाष गांगुली ने मेटलर्जी प्रक्रियाओं में हजार्डस हज़ार्डस और नॉन.हज़ार्डस अपशिष्ट की पहचान एवं पृथक्करण पर बल दिया। उन्होंने भूजल और जलाशयों में हेवी मेटल से होने वाले दीर्घकालिक प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए जीरो सॉलिड डिस्चार्ज मॉडल अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने उद्योगो, शैक्षणिक संस्थानों एवं अनुसंधान निकायों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। अभिषेक दुबे ने एल्यूमिनियम उत्पादन से उत्पन्न अत्यधिक क्षारीय रेड मड के निष्पादन की प्रक्रिया को साझा किया। उन्होंने बताया कि वेदांता द्वारा स्थापित एक पायलट संयंत्र के माध्यम से रेड मड को सीमेंट निर्माण योग्य फिल्टर केक में बदला जा रहा है। साथ ही उन्होंने उल्लेख किया कि चीन द्वारा बॉक्साइट से सीधे एल्युमिनियम निष्कर्षण की नई तकनीक विकसित की गई है। जिससे ठोस अपशिष्ट का उत्पादन काफी हद तक कम हो गया है। चर्चा का संचालन महाप्रबंधक श्रीमती मंजू हरिदास ने किया। अध्यक्ष ए. एन. सिंह पुनीत चौबे ने विचार व्यक्त किए। बसंत साहू द्वारा स्वागत भाषण तथा कार्यक्रम का संचालन निधि शुक्ला ने तथा पी. के. नियोगी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# भिलाई-चरौदा के दादर में चला निगम का बुलडोजर



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरौदा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-5 दादर-पर्थरा वार्ड में निगम प्रशासन की ओर से आज कार्यवाही की गई। जिसमें अवैध प्लाटिंग को निगम के जेसीबी वाहन की मदद से जमीदोज किया गया। यहां ज्ञात हो कि नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन को मिली सूचना के आधार पर वार्ड क्रमांक-5 दादर में धरसा रोड के किनारे नवा तालाब के पीछे अवैध प्लाटिंग किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत के द्वारा अपनी टीम को मामले में फौरन कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिसके पश्चात् उप अभियंता मुकेश रात्रे द्वारा अपने अमले के साथ मौके पर पहुच कर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान मुकेश रात्रे उप अभियंता के साथ टाईम कीपर श्यामता साहू सहित जेसीबी चालक भी मौजूद रहे। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा की इस कार्यवाही से लोगों में दहशत देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस तरह की शिकातया मिलने पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक जनता की समस्याओं से...

कही। क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर सजगता से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का कार्य कर रहे हैं। विधायक श्री देव ने कहा कि क्षेत्र के जनता से प्रतिदिन भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे है, और उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। जनता को किसी भी तरह की समस्या व परेशानी ना हो उस संबंध में कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है। जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### 31 मई तक जिले के...

वार्ड क्रमांक 1 ,2, 3,4,12 और 13 के लिए। दिनांक 15 /5/ 2025 को नवीन कार्यालय नगर पंचायत बस्तर में वार्ड क्रमांक 5, 6 ,7 और 10 के लिए शिविर का आयोजन होगा। वहीं दिनांक 17/ 5 /2025 को सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 9 बस्तर में वार्ड क्रमांक 8, 9 ,11, 14 और 15 के लिए समाधान शिविर का आयोजन होगा। इसके लिए प्रभारी अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। इसी तरह नगर निगम जगदलपुर में भी महेश्वरी भवन,रोटरी भवन, भगत सिंह स्कूल टाउन हॉल, माता मंदिर परिसर और बोधघाट हाई स्कूल कुल 6 स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्टर ने बंधा तालाब...

फ्लोर में आवश्यक सुधार किए जाने के निर्देश भी दिए।

उल्लेखनीय है कि बंधा तालाब उद्यान में नगरवासियों के मनोरंजन और सुविधा हेतु विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें आकर्षक विद्युत सज्जा, फाउंटेन निर्माण तथा अन्य सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार से मिलेगा...

अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय अपने प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे।

# सुमधुर गीतों से गायक मन्ना डे को दी गई श्रद्धांजलि

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। महान गायक मन्ना डे के 106 वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक शाम मन्ना डे के नाम संगीतमय कार्यक्रम 1 मई की शाम रिसाली में आयोजित की गई। इस दौरान रिसाली लड्डू गणेश मैदान के मंच का भी शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रिसाली महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, पार्षद जमुना ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम में नैवेद्य एण्ड ग्रुप द्वारा मन्ना डे के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती शशि सिन्हा द्वारा मन्ना डे के छायाचित्र पर पुष्प और ड्रिप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्यामल गोस्वामी, देवाशीष विश्वास, पामेला विश्वास, तपन कुमार नाथ, जाह्नवी दत्त ने मन्ना डे के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। तबला में आर पी जेना और सिंथेसाइजर में साईं चक्रवर्ती ने संगत की। मंच संचालन गोविंद पाल ने किया। तेज हवा का साथ बारिश के बाद भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। यह जानकारी सुभांकर ने दी है।



# स्टील सिटी चेंबर ने सांसद से की भेंट



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा के साथ स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता एवं स्टील सिटी चेंबर के सचिव करमजीत सिंह गगन ने सांसद के आमंत्रण पर चर्चा में शामिल हुए। चर्चा के दौरान सांसद ने लीज नवीनीकरण प्रकरण में प्रबंधन के कार्यकलापों पर रोष जाहिर किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी, भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, प्रदेश के राजस्व मंत्री, संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर दुर्ग के नाम पत्र तैयार कर ई मेल के माध्यम से टाउनशिप क्षेत्र के व्यापारियों, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं हो रही परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्र लिखा। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विजय बघेल ने आश्वस्त किया है कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है आप सब लोग संगठित और एक जुट रहिए हम इस समस्या का हल स्तर पर निकालेंगे। ज्ञानचंद जैने में बताया कि संभवत सोमवार 5 मई को जिला कलेक्टर दुर्ग के साथ इसी विषय पर चर्चा प्रस्तावित है । आने वाले 15 दिनों तक हम सब लोग अपन अपने बाजार में संगठित होकर बीएसपी प्रबंधन के गैर जिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ नगर सेवा विभाग कि किसी भी कार्यवाही का डटकर मुकाबला करने तैयार रहेंगे। ज्ञानचंद जैने ने बताया कि सांसद विजय बघेल ने अपना पूरा सहयोग और मार्गदर्शन समय-समय पर देने का वादा चेंबर प्रतिनिधियों को किया है।

# 5 किलो कुकर आईईडी के साथ नक्सल सहयोगी दो आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता

- रायनार व इंडिया गेट के मध्य कुकर आईईडी लगाने के फिराक में थे आरोपी
- मामला थाना ओरछा का
- आरोपी मंगलू पोड़ियाम एवं सुनील कोर्राम उर्फ सामू कोला निवासी भटबेड़ा नक्सली संगठन में सक्रिय सहयोगी के रूप में थे कार्यरत



**नारायणपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस अक्षीक्षक श्री प्रभात कुमार (भा.पु.से.) एवं श्री रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.), श्री सुशील कुमार नायक (रा.पु.से.) अति. पुलिस अधीक्षक नारायणपुर के नेतृत्व में नारायणपुर पुलिस के द्वारा एक ओर नक्सल विरोधी माड़ बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में शांति सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आपराधिक तत्वों पर नजर रखकर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है

ज्ञात हो कि थाना ओरछा एवं थाना धनोरा से डीआरजी पुलिस बल एवं आईटीबी 29 वी वाहीनी नक्सल गस्त वास्ते एरिया सर्चिंग कर वापसी कर रही थी कि रायनार, इंडिया गेट के मध्य आईईडी लगाने के फिराक में घुम रहें 02 संदेही पुलिस को देखकर भागे जिसे कि घेराबंदी कर पकडने पर बताया गया कि मंगलू पोड़ियाम एवं सुनील कोर्राम उर्फ सामू कोला निवासी भटबेडा है, इनके द्वारा नक्सलियों के कहने पर पुलिस को नुकसान पहुचाने की नियत से आईईडी लगाये है, इसके पश्चात उनकी निशानदेही पर कूकर आईईडी बम बरामद कर मौके पर आईटीबीपी के बीडीएस टीम के द्वारा सुरक्षा मानको का पालन करते हुए विस्फोटक कूकर आईईडी को नष्टीकरण किया गया एवं आरोपियों से मनोवैज्ञानिक पूछताछ करने नक्सल सहयोगी के रूप मे आईईडी लगाने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। साथ ही बताया गया कि थाना ओरछा क्षेत्रान्तर्गत फरवरी 2024 में ग्राम एडजुम जंगल में पुलिस पार्टी के उपर एम्बुस लगाकर फायरिंग करने, जान सहित मारकर हथियार लूटने की नीयत से कारित घटना में नक्सली कमाण्डर दीपक, रामदास, अर्जुन, मंगल एवं अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहा था। इन आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी जिन्हे कि आज पुलिस द्वारा बजह सबूत में मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक तरीके से न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

सम्पूर्ण कार्रवाई में डीआरजी बल, आईटीबीपी 29 वाहिनी एवं नारायणपुर पुलिस का विशेष सहयोग रहा है।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. मंगलू पोड़ियाम पिता बुटलू पोड़ियाम उम्र 28 वर्ष साकिन भटबेड़ा थाना धनोरा जिला नारायणपुर (छ.ग.)।
2. सुनील कोर्राम उर्फ सामू कोला पिता आयतु कोर्राम उम्र 21 वर्ष साकिन भटबेड़ा थाना धनोरा जिला नारायणपुर (छ.ग.)।

**आपराधिक प्रकरणः-**

थाना ओरछा अपराध क्रमांक- 05/2024 धारा 147, 148, 149,307, 120(बी) भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट 4, 5 वि.प.अधिनियम।

# हीरक जयंती वर्ष में भारत स्काउट गाइड ने निकाली साइकिल रैली

**पर्यावरण एवं जल संरक्षण, बालिका शिक्षा व यातायात सुरक्षा हेतु**

**कोण्डागांव,** 3 मई (देषबन्धु)। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, संयुक्त राज्य सचिव श्रीमती शिवानी गणवीर के मार्गदर्शन में यह आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में समन्वित रूप से संपन्न हुआ। इसी कड़ी में जिला कोण्डागांव में भी पदेन संरक्षक एवं जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार पदेन जिला आयुक्त गाइड एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान की उपस्थिति में प्रातः 8 बजे स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा से साइकिल संदेश रैली प्रारंभ हुई, जो ग्राम पंचायत बाखरा तक पहुंची। इस साइकिल रैली में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स सहित विभिन्न स्कूलों के स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षिकाएं एवं स्काउट गाइड लीडर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागी पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बालिका शिक्षा, यातायात सुरक्षा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर लिखे नारे, बैनर व तख्तियों के साथ गांव की गलियों से गुजरकर जनमानस में पर्यावरणीय चेतना का संचार करने का प्रयास किया। रैली समापन के दौरान सभा आयोजित कर वरिष्ठ स्काउट्स एवं गाइड्स मोहित पटेल, सुनीला नाग, साकी राम मौर्य, सतेन्द्र पवार को सम्मानित किया गया। संस्था प्राचार्य को संस्था में संचालित स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर दल का सेजस दहिकोंगा के नाम नवीनीकरण चार्टर प्रदान किया गया। रैली का आयोजन में प्रेमसिंह नेताम सरपंच ग्राम पंचायत दहिकोंगा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद सदस्य श्रीमती मोमबती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम सिंह नाग, उप सरपंच मनोज देहारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी, जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू, जिला सचिव चमनलाल सोरी, स्काउट मास्टर ऋषिदेव सिंह, रोवर लीडर दशरथ लाल ध्रुव, रेंजर लीडर विद्या मांझी, गाइड केप्टन सुनीला नाग, पूर्व जनपद सदस्य रामप्रसाद नाग, ग्राम पूजारी फरसराम बघेल, पंच रामचंद्र मंडावी, रतनलाल बघेल, मनीष मंडावी, अस्तू नेताम, पालक हेमचंद सागर, फूल सिंह दिवान सहित संस्था के छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव ने दी।



# उप मुख्यमंत्री का चारामा में भव्य स्वागत



**चारामा,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश उप मुख्यमंत्री व कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव का स्थानीय विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री अपने एक दिवसीय प्रवास पर कांकेर जाते हुए प्रवेश द्वारा चारामा में रुक कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात किए उप मुख्य मंत्री के स्वागत में प्रमुख रूप से नन्द कुमार ओझा , हालदर साहू, राजा देवनानी,मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर प्यारे लाल देवांगन, गौतम लुंकड़, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंजू सोनकर,नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा पार्षद लोकेश सोनकर संदीप मेश्राम उत्तम साहू रजनी यादव तुलसी कुंजाम जगदीश वर साहू अमिता बंजारे, हेम मंडावी सुशील निषाद, महावीर उसेंडी , भागी साहू, रवि सिन्हा, संतोषी सिन्हा, जय श्री सिन्हा,भोज सिन्हा भोज सोनी अजय जगवानी बंटी सबनानी , रेखा पटेल,दीपक सोनकर, अंकित जैन, करण निर्मलकर,धर्मेन्द्र सोनकर, अमजद खान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में न्यायिक अधिकारियों की बैठक



**कोण्डागांव,** 3 मई (देशबन्धु)। 2 मई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं उपस्थिति में 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कोण्डागांव न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विक्रम प्रताप चंद्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.पॉक्सो) कोण्डागांव श्रीमती यशोदा नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय उपस्थित रहे। आगामी 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई और इस बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए। साथ ही लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया तथा लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय प्रणाली में जन सहभागिता को बढ़ावा देने के संबंध में व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश के द्वारा समस्त न्यायाशीगण को निर्देशित किया कि सभी न्यायालयों में अधिक से अधिक वादों का समाधान आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निपटाया जाय ताकि न्यायिक व्यवस्था पर भार कम हो और नागरिकों को शीघ्र न्याय प्राप्त हो।

# तेज आंधी तूफान से टीन शेड उड़ा



**सरायपाली,** 3 मई (देशबन्धु)। शनिवार शाम 5 बजे शहर में तेज आंधी और तूफान से टीन शेड उड़ गया यह घटना शहर के वार्ड नंबर 6 बनिया पारा की है वार्ड नंबर 6 बनिया पारा में रहने वाले सजन अग्रवाल ने पिछले साल अपने छत के ऊपर टीन शेड लगाया था टीन शेड उड़ कर सड़क पार कर दीना काशी के गोदाम में लगे एस्बेस्टस सीट पर गिरा और आम के पेड़ के सहारे अटक गया इससे कोई जन हानि नहीं हुई आंधी तूफान के कारण लोग अपने घर पर ही थे सड़क के किनारे गली में कई कार खड़ी थी आंधी तूफान के कारण शहर में बिजली ढाई घंटे तक बंद थी आंधी तूफान का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ है समाचार लिखे जाने तक अनेक ग्रामों में बिजली नहीं थी आंधी तूफान से कई पेड़ गिर गए हैं।

# मनरेगा योजना अंतर्गत ऋषभ कुमार जैन की नियुक्ति हुई लोकपाल पद पर



**कोण्डागांव,** 3 मई (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत ऋषभ कुमार जैन की नियुक्ति लोकपाल पद पर हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा लोकपाल के पास मनरेगा लाभार्थियों से शिकायत प्राप्त करने का अधिकार है, जिसमें वे स्थलीय जांच हेतु आदेशित भी कर सकते हैं तथा विशेषज्ञ से सहायता भी ले सकते हैं। लोकपाल ऋषभ कुमार जैन जिला अन्तर्गत समस्त जनपद पंचायतों में शिकायत निवारण हेतु शिविर का आयोजन कर मनरेगा श्रमिक और लाभार्थियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होंगे। ऋषभ कुमार जैन से जिला पंचायत के कक्ष क्रं.19 में कार्यालयीन समय पर मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकेंगे तथा मोबाईल नम्बर 9179790001 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# जल संचयन एवं संवर्धन हेतु ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**दीवाल लेखन कर गांव-गांव में दी जा रही भू-जल स्तर की जानकारी**



**कोण्डागांव,** 3 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, कृषि निस्तारी एवं अन्य उपयोग हेतु पानी के संचयन एवं संवर्धन हेतु ग्रामीणों में जन जागरूकता के लिए समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण हेतु संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम पंचायतों की भू-जल स्तर की जानकारी हेतु ग्राम पंचायत भवनों में दीवाल लेखन किया जा रहा है। शासन के मंशानुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जी.आई.एस. आधारित जल संचय तथा आजीविका संवर्धन हेतु कार्ययोजना बनाया जाएगा, जिसके तहत महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत अनुमेय प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधित कार्य जैसे लूज बोल्डर चेक डेम, गेबियन संरचना, कंटूर ट्रेंच, नवीन तालाब, अमृत सरोवर निर्माण, परकोलेश टैंक वृक्षारोपण इत्यादि कार्यों को कराया जाएगा। उक्त कार्ययोजना को सफल बनाने हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के द्वारा शुक्रवार 02 मई को ग्राम पंचायत बडेकनेरा में ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए संकल्प दिलाई गई और जल संरक्षण का महत्व बताया गया। इस दौरान प्रधान मंत्री आवास ग्रामीण के तहत बनने वाले आवासों की प्रगति को तेजी लाने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक पंचायत बी.आर.मोरे, कोंडागांव अनुविभागीय अधिकारी अजय उरांव सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# तृषा नायक ने पांचवी बोर्ड में 90 फीसदी अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उतीर्ण



**सिमगा,** 3 मई। ग्राम केसदा निवासी डां केके नायक की नातिन कुमारी तृषा नायक ने 5 वीं बोर्ड परीक्षा में केरला पब्लिक स्कूल की छात्रा ने 90 ल अंक लाकर अपने विघालय एवं अपने परिजनों को गोरवान्वित किया है । तृषा नायक बचपन से ही होशियार है पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहती है । उनके शाला परिवार एवं परिजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का बेहतर माध्यम विश्व भारती

- नर्सिंग इंस्टीट्यूट मोखपाल में खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन
- विधायक चैतराम और जिपं अध्यक्ष नंदलाल ने बांटे ईनाम



**दंतेवाड़ा,** 3 मई (देशबन्धु)। विश्वभारती नर्सिंग इंस्टीट्यूट, मोखपाल,दंतेवाड़ा में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इसका आज पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इसमें महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी एवं अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले में विश्वभारती नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिला है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दंतेवाड़ा जिले में अब एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो चुकी है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनप्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक मानस मिश्रा ने सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रायोजक निकाय के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने भी संस्थान के प्रयासों की सराहना की एवं भविष्य में जिले में स्वास्थ्य शिक्षा के और विस्तार की बात कही।

# डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 3 मई (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत् जिले में संचालित 5 डी.ए.व्ही. मुख्य मंत्री पब्लिक स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिसमें आर.टी.ई. एवं शासकीय कोटा के तहत इंट्री क्लास में 30 सीट निर्धारित है। इसके साथ ही के.जी. 2 से कक्षा 8 वीं तक रिक्त सीट पर एडमिशन दिया जा रहा है। उक्त कक्षाओं के रिक्त सीट में प्रवेश के लिए संबंधित संस्थाओं से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त करने सहित प्रतिपूर्ति कर 30 मई तक जमा किया जा सकता है। के.जी. 1 हेतु आयु सीमा 3 से 4 वर्ष के बच्चों को लिये जाने का प्रावधान है। जिसमें आरटीई 12 1 (सी) में प्रवेश के लिए 4 आवश्यक दस्तावेज में से जन्म प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र या गरीबी रेखा के नीचे प्रमाण पत्र, सरकारी अस्पताल से प्रमाण पत्र या चाइल्ड वेलफेयर समिति की सूची में पात्रता शामिल है। आवेदन करते समय मोबाईल नम्बर अपने घर परिवार के सदस्यों का दें ताकि समय पर सूचना प्राप्त हो सके।

# सुशासन तिहार में थानेश्वर केशवानी को मिला व्हीलचेयर



**बिलाईगढ़,** 3 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार के दौर में ज़िले में जनकल्याण और संवेदनशील प्रशासन का एक प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया है, जहाँ एक दिव्यांग नागरिक की छोटी-सी जरूरत को न सिर्फ गंभीरता से सुना गया, बल्कि त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे घर पर ही सुविधा उपलब्ध कराई गई। वार्ड क्रमांक 9, सारंगढ़ निवासी थानेश्वर केसरवानी, जो मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी गंभीर और दुर्लभ बीमारी से जुझ रहे हैं। उन्होंने हाल ही में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग से व्हीलचेयर की मांग की थी। यह मांग उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि वह उसके जीवन का सहारा था। आवेदक थानेश्वर की इस जरूरत को कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। उनकी पहल पर समाज कल्याण विभाग ने अत्यंत सराहनीय कार्य करते हुए उच्चस्तरीय संवेदनशीलता का परिचय दिया और विभाग के अधिकारियों ने खुद जाकर थानेश्वर के घर व्हीलचेयर प्रदान किया गया। जब विभागीय अधिकारी व्हीलचेयर लेकर थानेश्वर के घर पहुँचे, तो उस पल की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। वर्षों से चलने में असमर्थ थानेश्वर के लिए यह व्हीलचेयर केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि उनकी स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और सामाजिक जुड़ाव का माध्यम है।आवेदक थानेश्वर केसरवानी ने इस मानवीय सहायता के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, समाज कल्याण विभाग, सारंगढ़-बिलाईगढ़ प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके जीवन में नई ऊर्जा और आशा लेकर आई है।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का किया जा रहा निराकरण


**श्रम विभाग द्वारा हितग्राहियों को दिया गया श्रमिक कार्ड**



**कोण्डागांव,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों द्वारा निरंतर निराकरण किया जा रहा है। सभी विभागों के साथ साथ श्रम विभाग को छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत श्रमिक कार्ड के लिए कई आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसका श्रम विभाग द्वारा आवेदकों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच व परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों का तत्काल श्रमिक कार्ड बनाया जा रहा है।

सुशासन तिहार में कोंडागांव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गिरोला की श्रीमती सुशीला दीवान, ग्राम पंचायत छोटे भिरावंड निवासी सुदामा तथा ग्राम बनहरदी निवासी तोरण साहू ने श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किए थे, जिस पर श्रम विभाग कार्यालय द्वारा निराकरण की कार्यवाही करते हुए प्राप्त आवेदन एवं दस्तावेजों की जांच व परीक्षण किया गया और आवेदकों को श्रमिक कार्ड प्रदाय किया गया। इसी प्रकार श्रम संसाधन केन्द्र बड़ेराजपुर में श्रीमती प्रमिला नेताम का और श्रम संसाधन केन्द्र केशकाल में ग्राम पंचायत एटेकोनहाड़ी निवासी श्रीमती फगनी मरकाम का श्रम कार्ड बनाकर दिया गया। अब तक सुशासन तिहार अंतर्गत श्रम विभाग विभाग द्वारा 70 लोगों का श्रम कार्ड के लिए पंजीयन किया जा चुका है। हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदाय करने के साथ ही श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की जा रही है। सुशासन तिहार के ओवदनों के निराकरण पर सभी हितग्राहियों द्वारा खुशी जताते हुए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# तेजस्वनी ठाकुर ने प्रयास विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9वीं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**बागबाहरा,** 3 मई (देशबन्धु)। कु. तेजस्वनी ठाकुर पिता स्व. श्री ताहर सिंह ठाकुर (राजस्व निरीक्षक) ने शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9 वीं में 98.33 ल अंक अर्जित कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अपने पापा मम्मी , परिवार और समाज का नाम रोशन की है। इसके सफलता छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ ,अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़, ए.जी. एस. ,अ. ज. जा.शासकीय सेवक संघ और सर्व आदिवासी समाज द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दिया है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की है।

# सड़क हादसे में होनहार आशुतोष की मौत

- एक्टिवा को इनोवा ने मारी ठोकर
- प्रतिष्ठित व्यापारी प्रशांत के ज्येष्ठ सुपुत्र थे आशुतोष



**दंतेवाड़ा,** 3 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के पास एनएच में एक सड़क हादसे में शहर के होनहार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक आशुतोष अग्रवाल, शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रशांत अग्रवाल के बड़े बेटे थे। यह घटना गुरूवार की सुबह करीब साढ़े 3 बजे हुई थी। आशुतोष यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। अपने दुकान में काम करने वाले कृष्णा यादव के साथ सुबह एक्टिवा से कारली की ओर निकले थे, इस दौरान एक तेज रफ्तार इनोवा ने उसके एक्टिवा वाहन को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने के दौरान आशुतोष की मौत हो गई। वहीं कृष्णा यादव को बेहतर ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक घटना के बाद पुलिस और अस्पताल में संपर्क किया गया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। अगर वक्त रहने एम्बुलेंस मिल जाती तो संभवतः आशुतोष की जान बच सकती थी। आशुतोष का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया, जिसमें उनके परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में शहरवासी भी शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इधर पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फूटेज के आधार पर अज्ञात इनोवा की पहचान हो गई है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। होनहार युवक के इस असामायिक निधन से पूरे दंतेवाड़ा में शोक की लहर रही। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान दिनभर बंद रहे और शहर में सन्नाटा रहा।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- अपने देश में मृत्यु की औसत दर क्या है ?
मिंटू- सौ फीसदी !
चिंटू- सौ फीसदी, क्या मतलब?
मिंटू- मतलब यह कि जो भी जन्म लेता है, वह जरूर मरता है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने अब जिलों में लगाए जाएंगे शिविर


## तीन माह के भीतर काम पूर्ण करने का टारगेट



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के संबंध में आज क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों एवं अनुबंधित कंपनियों की हाई लेवल मीटिंग हुई। जिसमें हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट जनता को कम से कम असुविधा के साथ निर्धारित समय में लगाए जा सके, इसके लिए रोड मैप तैयार की गई।

एस. प्रकाश परिवहन सचिव सह परिवहन आयुक्त एवं डी. रविशंकर अपर परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में में राज्य के सभी आरटीओ/डी टी ओ के साथ अनुबंधित कंपनियों के साथ बैठक हुई। बैठक में जनता को आ रही समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। राज्य में 1 अप्रैल 2019 से पहले की लगभग 50 लाख से अधिक पंजीकृत वाहन हैं एवं लगभग 3 लाख के करीब हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के ऑर्डर प्राप्त हो चुके है, किंतु फिटमेंट की गति थोड़ी धीमी है। इसके लिए वाहनों की संख्या के आधार पर अनुबंधित कंपनियों के फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के साथ हर जिले में कंपनियों के साथ कैम्प टीम बनाने के निर्देश दिए गए। रायपुर में 5 टीम, धमतरी में 4 टीम, महासमुंद में 4 टीम,दुर्ग में 8 टीम ,कवर्धा- 2 टीम,बिलासपुर-6 टीम,जांजगीर चम्पा 3 टीम,कोरबा 5 टीम, रायगढ़-6 टीम,जशपुर- 3 टीम,अम्बिकापुर -4 टीम,कोरिया-3 टीम, जगदलपुर-3 टीम, दंतेवाड़ा-2 टीम,कांकेर-03 टीम, बलौदाबाजार-3 टीम,गरियाबंद, बालोद, बेमेतरा में 2-2 टीम एवं अन्य जिलों में 1-1 कैम्प/मोबाइल टीम बनाने के निर्देश दिए गए। जो जिलों के विभिन्न स्थानों पर कैम्प लगा कर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के लिए नियमानुसार ऑर्डर लेंगे। आवश्यकता अनुसार नम्बर अपडेट किए जाएंगे ।उसी दिन एवं दूरस्थ जिलो में दूसरे दिन तक अनिवार्य रूप से नंबर प्लेट फिट किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अनुबंधित कंपनियों को सभी जिलो में वाहनों की संख्या के अनुसार हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बनाने वाली मशीनों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। जिससे जल्द से जल्द लोगों के नंबर प्लेट बन सके। नियत समय में संबंधित स्थान पर प्लेट पहुँच सकें, फिटमेंट किया जा सके इसके अलावा ऑर्डर करने पर 15 दिनों से अधिक की वेटिंग न हो, प्रत्येक जिलों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। मोबाइल नम्बर सार्वजनिक किये जाएंगे ।कार्यों में तीव्रता, समन्वय लाते हुए 3 महीनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट फिटमेंट का लक्ष्य रखा गया है।

# नक्सलियों के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं के बीच विरोधाभास



■ टी एस सिंहदेव व धनेंद्र साहू सरकार के साथ, बैज शांति वार्ता के पक्षधर

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। नक्सलवाद पर आखिरकार सत्तारुढ़ भाजपा सरकार के साथ विपक्षी दल कांग्रेस के सुर ताल एक होते नजर आ रहे हैं। यह बात पूर्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू के बयान से होती है, जिसमें उन्होंने नक्सलवाद के मुद्दे पर सरकार के साथ होने की बात कही थी। धनेंद्र साहू के बयान की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें फोन कर इस दिशा में सरकार के प्रयासों से अवगत कराया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू से फोन पर नक्सल मुद्दे पर किए बातचीत को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि उनके (धनेंद्र साहू) के साथ कांग्रेस के कई नेताओं के (नक्सलवाद पर) सकारात्मक बातों को सुनकर धन्यवाद देने के लिए फोन किया है। हम सरकार के साथ है, और लाल आतंक समाप्त होना चाहिए।

इस पर धनेंद्र साहू ने कहा कि जो सच्चाई है, वह बोलना ही है। इस पर हम सरकार के साथ हैं। पहली बार इतनी कार्रवाई हो रही है। विपक्ष का मतलब यह नहीं है कि सही काम का भी विरोध किया जाए। इसके साथ ही विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पुंडम की जानकारी देते हुए बताया कि नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए अलग से सर्वे कराकर प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया जा रहा है।

इसके अलावा बस्तर में शांति की स्थापना के लिए अपना बलिदान देने वालों की स्मृति में बलिदानी स्मारक बनाकर उसमें संगमरमर की मूर्ति लगाई जाएगी। इस तरह से 500 से अधिक बलिदानी स्मारक बनाया जाएगा। इसमें एक स्मारक के निर्माण में तीन लाख तीन हजार रुपए का खर्च आएगा। साहू ने कहा कि बलिदान देने वालों का यह बड़ा सम्मान है। यह सराहनीय कार्य है।

इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक विषय पर एक साथ बैठकर चर्चा कर पूरी दुनिया को संदेश दे देंगे कि कुछ भी हो जाए इस विषय पर हम सब एक साथ हैं। इसके साथ ही झीरम घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वे स्वयं (उप मुख्यमंत्री) इस बार स्थल पर जाकर अपनी जान गंवाने वाले नेताओं को श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्प अर्पित करेंगे। इस पर धनेंद्र साहू ने कहा कि यह एक ऐसी चीज है कि जो पार्टी से अलग हटकर है।

# एसपी रायपुर को अवमानना नोटिस



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर एएसआई के रिटायरमेंट के बाद भी उसके खिलाफरिकवरी आदेश जारी कर समस्त देयकों को रोक दिया गया अदालती आदेश के बाद भी देयकों का भुगतान नहीं करने पर अब हाईकोर्ट ने रायपुर पुलिस अधीक्षक के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है शौर्य पेट्रोल पंप पुलिस पंप रायपुर में कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक मैकेनिक के खिलाफपेट्रोल पंप में अनियमितता बरतने एवं 1 करोड़ से अधिक की राशि गबन करने के आरोप में विभागीय कार्रवाई करते हुए लगभग 10 लाख राशि वसूली का आदेश 7 साल पूर्व जारी किया गया था जिसके विरुद्ध इस सहायक उप निरीक्षक मैकेनिक ने हाईकोर्ट में रिट याचिका प्रस्तुत की थी जिस पर अदालत ने वसूली पर रोक लगाई गई थी इसी दौरान गत 21 फरवरी 2024 को वह सेवानिवृत हो गया इसके बाद उसके समस्त सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान रोक दिया गया इसके खिलाफ इस पुलिस कर्मचारी ने एडवोकेट आरके केशरवानी के माध्यम से हाईकोर्ट में फिर से रिट याचिका पेश कीण् हाईकोर्ट ने वसूली कार्यवाही को निरस्त करते हुए समस्त सेवानिवृति लाभों का भुगतान 45 दिनों के भीतर करने निर्देश दिया इसके बाद भी निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किये जाने पर अवमानना याचिका लगाई गई इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# एक्सप्रेस-वे रायपुर से होकर विशाखापट्टनम समुद्र तट के पास जाकर खत्म होगा

■ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया औचक निरीक्षण




**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज रायपुर से कांकेर जाते समय अभनपुर में निर्माणाधीन रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभनपुर में ओवरब्रिज निर्माण की प्रगति का अवलोकन किया। साव ने वहां मौजूद विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से ओवर ब्रिज निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता के बारे में पूछा। उन्होंने सड़क और ओवर ब्रिज के निर्माण में अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा। यह एक्सप्रेस वे रायपुर से शुरु होकर विशाखापट्टनम के समुद्र तट के पास जाकर खत्म होगा।

अभनपुर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के निरीक्षण के बाद उप मुख्यमंत्री ने ग्राम भेलवाडीह पहुंचकर रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से गुणवत्ता के सभी मापदंडों और सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें बताया कि निर्माण में सभी मानकों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। रायपुर से धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरापुट और सब्बावरम होते हुए 464 किलोमीटर लंबा यह सिक्स-लेन एक्सप्रेस-वे विशाखापट्टनम बंदरगाह तक जाएगा। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे इस एक्सप्रेस-वे का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। साव द्वारा सड़क और ओवरब्रिज के कार्यों के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी सहित भारतमाला परियोजना, लोक निर्माण विभाग और निर्माण एजेंसी के अधिकारी भी मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ से गुजर रहे भारतमाला परियोजना के कार्यों के निरीक्षण के बाद कहा कि यह भारत सरकार की बहुत महत्वाकांक्षी परियोजना है जो छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी कम होगी। यह विशाखापट्टनम बंदरगाह तक जाने वाली राज्य के हित में अहम् परियोजना है। आर्थिक गलियारे के रूप में यह छत्तीसगढ़ और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सहकारी बैंक में करोड़ों का घोटाला 24 कर्मचारी दोषी, 6 बर्खास्त




**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की सीओडी ब्रांच में सामने आए 3.09 करोड़ रुपये के घोटाले में बैंक प्रबंधन ने सख्त कदम उठाए हैं। वर्ष 2016 से 2022 के बीच वित्तीय अनियमितताओं की जांच के बाद 24 कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई है। इनमें से 6 कर्मचारियों को बर्खास्त 3 को पदावनतए जबकि 15 कर्मचारियों का वेतनवृद्धि रोकने और वेतन से रिकवरी का आदेश जारी किया गया है।

**कठोर निर्णय स्टाफसमिति की बैठक में लिए गए**-यह निर्णय बैंक की स्टाफ उपसमिति की 30 अप्रैल 2025 को हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता बैंक के प्राधिकृत अधिकारी और सहकारिता आयुक्त कुलदीप शर्मा आईएएस ने की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जीरो टॉलरेंस सुशासन नीति के तहत यह कार्रवाई की गई।

**मुख्य आरोपी और कार्रवाई**- सीओडी ब्रांच घोटाले में पाँच मुख्य आरोपी चंद्रशेखर डग्गर संजय शर्मा विजय कुमार वर्मा घनश्याम देवांगन और पंकज सराफको सेवा से बर्खास्त किया गया है। अशोक पटेल और प्रकाश गवारले को पदावनत किया गया है। शेष 15 कर्मचारियों पर वेतनवृद्धि रोकने और वसूली की कार्रवाई तय की गई है।

**अन्य शाखाओं में भी फर्जीवाड़ा उजागर**-गंज और खोरपा शाखा में 1.01 करोड़ के घोटाले में आरोपी विजय कुमार वर्मा को दोबारा बर्खास्त किया गया शारदा शर्मा को पदावनत किया गया और अन्य दो कर्मचारियों पर वेतनवृद्धि रोकने का आदेश हुआ। बटगन.बलौदाबाजार शाखा में 3.45 करोड़ के प्रकरण में सूरज कुमार साहू को सेवा से बर्खास्त कर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**बैंक प्रशासन की सख्त चेतावनी**-कुलदीप शर्मा ने स्पष्ट किया कि सहकारी बैंकों में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनियमितता के मामलों में कानूनी कार्रवाई वसूली और एफआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बैंकिंग व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। इस बड़े फर्जीवाड़े में सख्त प्रशासनिक कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य सरकार और बैंक प्रबंधन अब सहकारी संस्थानों में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह गंभीर हैं।

# जनता के हित में करें स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार: साय

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षा बैठक



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आमजन के हित में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा है कि अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हो और उन्हें अपने घर के आस पास ही अच्छा इलाज मिले। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

श्र साय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एनीमिया, मैटरनल प्रोग्राम और लेप्रोसी जैसी बीमारियों पर प्राथमिकता से काम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजनों के इलाज में कोई कमी नहीं आएगी और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के खाली पदों को भी शीघ्र ही पीएससी और व्यापम के द्वारा भरा जाएगा।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य सरकार के गठन के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गयी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं को भी मुख्यमंत्री के सामने रखा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य टीबी और मलेरिया जैसी बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। टीबी उन्मूलन की दिशा में उपचार सफलता की दर 90 फीसदी है जबकि इस दौरान शत प्रतिशत टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। इसके साथ ही राज्य में मार्च 2025 तक टीकाकरण का 94 फीसदी लक्ष्य पूर्ण किया गया है।

# आसमान से बरसी आफत, चार लोगों की मौत



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आज शाम के समय अचानक बदले मौसम ने कहर ढाया है। तेज हवा और बारिश के साथ आकाशीय बिजली ने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। जशपुर में चलती कार में एक पेड़ गिर गया जिससे चालक की मौत हो गई वहीं दो की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं आकाशीय बिजली से अंबिकापुर में एक और बिलासपुर में भी एक की मौत हुई है।

**जशपुर में चलती कार में गिरा पेड़, दो की मौत**

छत्तीसगढ़ में शनिवार की शाम अचानक हुए बारिश और तूफान के चलते जशपुर में चलती कार में एक पेड़ गिर गया जिससे चाक की मौत हो गई वहीं दो लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेज आंधी-तूफान के चलते यह हादसा हुआ है। यह नारायणपुर थाने के महुआटोली की घटना बताई जा रही है।

**बिजली से शिक्षक की मौत**

सरगुजा में तेज गरज-चमक के साथ हो रहीं मूसलाधार बारिश के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक शिक्षक की मौत हुई है। सीतापुर थानाक्षेत्र के ग्राम केशला निवासी शिक्षक हरीश कुमार एक्का अपने रिश्तेदार के यहां शामिल होने के लिए तमता गया हुआ था। जो अपने घर वापस आने के लिए केशला के लिए निकला हुआ था। जहां रास्ते में तेज बारिश से बचने के लिए शिक्षक ग्राम रजौटी चौक में रुक गया। जहां आकाशीय बिजली गिरने से शिक्षक हरीश कुमार एक्का आकाशीय बिजली के चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही शिक्षक ने दम तोड़ दिया। जहां सीएचसी सीतापुर में डॉक्टरों की टीम ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया है। वहीं घटना के बाद मृतक शिक्षक के परिजन सदमे है। जानकारी के मुताबिक शिक्षक हरीश कुमार एक्का सीतापुर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत केशला का रहने वाला था। जो ग्राम कुनकुरी के माध्यमिक शाला में पोस्टेड था। वहीं शिक्षक की मौत के बाद उसके 04 बच्चे और पत्नी अनाथ हो गए हैं। फिलहाल पूरे मामले में सीतापुर पुलिस ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर पूरे मामले में जांच शुरू करते हुए मृतक शिक्षक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

**गाज गिरने से दो किशोर झुलसे, एक की मौत**

वहीं रतनपुर क्षेत्र में दर्दनाक हादसा सामने आया है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो किशोर के झुलसने की घटना घटी है, जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरे की इलाज जारी है। इलाज के दौरान 16 वर्षीय योगेश यादव मौत हो गई है।

# आईसीएआई ने अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स डे मनाया



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की रायपुर शाखा ने अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स डे उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर वित्तीय लेखांकन में पारदर्शिता, समानता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया ।इस कार्यक्रम में सीए विकास गोलछा (अध्यक्ष, आई सी ए आई) रायपुर शाखा), सीए ऋषिकेश यादव (सिकासा अध्यक्ष) और सीए चांदनी दुबे ने अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने पारंपरिक अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स (ए एस) और इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स की व्याख्या की, जिसमें बताया गया कि इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों आई एफ आर एस) के अनुरूप हैं और भारत में कुछ विशिष्ट कंपनियों के लिए अनिवार्य किए गए हैं ।वक्ताओं ने यह भी बताया कि इन मानकों के सही अनुपालन से निवेशकों, नियामकों और आम जनता जैसे सभी हितधारकों का विश्वास मजबूत होता है और भारत की वैश्विक वित्तीय प्रणाली से मेल बैठाने की दिशा में यह एक अहम कदम है। आई सी ए आई रायपुर शाखा ने प्रोफेशनल्स को जागरूक करने और अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स के सही उपयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# फार्मासिस्टों को पंजीयन, नवीनीकरण के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे राजधानी रायपुर के चक्कर

■ अब घर बैठे ऑनलाइन हो जाएगा काम : स्वास्थ्य मंत्री



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के ऑनलाइन फार्मासिस्ट नवीनीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया। अभी तक फार्मेसी संस्थानों से उत्तीर्ण होकर छात्र छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करा रहे हैं। यह पंजीयन 1 वर्ष एवं 5 वर्ष के लिए होता है। इसके बाद छात्रों को अपने पंजीयन का नवीनीकरण करना पड़ता है। इसके लिए काउंसिल कार्यालय में स्वयं आकर फॉर्म भरकर विभिन्न प्रक्रिया से होकर एवं काउन्सिल में स्वयं उपथित होकर अपना पंजीयन प्राप्त करना पड़ता है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि अभी तक मैनुअल प्रक्रिया होने से फार्मासिस्टों को रायपुर का चक्कर लगाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर हमने स्वास्थ्य सुविधाओं को ऑनलाइन मोड में लाने का काम शुरू किया है। इससे फार्मेसी जगत में काफी सकारात्मक परिवर्तन आएगा और ऑनलाइन पंजीयन के बाद अब पंजीयन का ऑनलाइन नवीनीकरण शुरू होने से 35 हजार से अधिक फार्मासिस्टों को लाभ मिलेगा और अब वो अपने काम और व्यवसाय में बिना किसी परेशानी के ज्यादा समय दे सकेंगे जिसका लाभ प्रदेश को भी मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर फार्मासिस्टों की परेशानियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा इनके पंजीयन के नवीनीकरण के लिए आनलाइन सुविधा प्रदान कर दी है। अब नवीनीकरण का कार्य भी फार्मासिस्ट अपने घर से ही कर सकेंगे और उन्हें रायपुर आकर स्वयं उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत फार्मासिस्टों को अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों को स्कैन करके अपलोड करना होगा तथा आवश्यक फीस को ऑनलाइन ही काउंसिल के खाते में जमा करना होगा।

फार्मासिस्ट को अपनी पहचान के लिए अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर देना होगा। जिसमें पंजीयन के नवीनीकरण के लिए व्यक्ति की सही पहचान करके उसके पंजीयन का नवीनीकरण कर दिया जायेगा। इसके पश्चात नवीनीकृत पंजीयन प्रमाण पत्र को डाक के माध्यम से पोस्ट कर फार्मासिस्ट के घर पंहुचा दिया जायेगा। पंजीयन नवीनीकरण के ऑनलाइन मोड से प्रारंभ हो जाने से राज्य के 35 हजार से अधिक फार्मासिस्टों को लाभ होगा।

## बृजमोहन अग्रवाल को जन्मदिन के दिन ही लोस प्राक्लन समिति का सदस्य बनने पर बधाई

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय पेंशनर्स कल्याण समिति ने 1 मई को बृजमोहन अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके यशस्वी दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की।



# मुख्यमंत्री साय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के डंगनिया में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ब्राम्हण समाज ने सदैव समाज को ज्ञान और संस्कार देने का कार्य किया है। उन्होंने भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है और प्रभु श्रीराम हमारे भाँचा हैं। रामलला मंदिर निर्माण छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए गौरव और आस्था का विषय है। च्श्रीरामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत अब तक 22,000 श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना भी प्रारंभ की गई है, जिसमें श्रद्धालु सरकारी व्यय पर विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है और 44 प्रतिशत भूभाग वनों से आच्छादित है। नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। हमारी सरकार ने 31 मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलवाद से पूर्णत: मुक्त कराने का संकल्प लिया है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने विकास के लिए एक सशक्त 'विजन डॉक्यूमेंट' तैयार किया है और नई औद्योगिक नीति लागू की गई है। डिजिटलीकरण के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है, और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '2047 तक विकसित भारत' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, हम 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में ब्राम्हण समाज की भागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ वर्ष के अल्पकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारा है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर देने की बात हो या किसानों को 3100 रुपये प्रति चिंटल की दर से धान का मूल्य दिलाना—हमने हर वर्ग की भलाई के लिए काम किया है। बस्तर और सरगुजा में जनजातीय समाज के लिए 5500 रुपये प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रक्रियाओं, संस्थाओं और क्रियाओं के शुद्धिकरण का कार्य जारी है। राज्य निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। कौशल उन्नयन, पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पीएससी में भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच चल रही है, और कई दोषी जेल की सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि ब्राम्हण समाज एक प्रगतिशील समाज है, जिसने हमेशा विमर्श और विचारों का स्वागत किया है।

इस अवसर पर महंत वेदप्रकाशाचार्य, विधायक मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला, रायपुर महापौर मीनल चौबे, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, साहित्य अकादमी अध्यक्ष शशांक शर्मा, सुमन अशोक पांडेय, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राम्हण समाज अध्यक्ष शिवांजल शिव गोविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।ज्ञ

# रेलवे में लोको पायलटों के कार्य वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लोको पायलटों के कार्य वातावरण में सुधार हेतु कई ठोस कदम उठाए गए हैं, जिससे न केवल उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि हो रही है, बल्कि उन्हें अधिक संरक्षित और आरामदायक कार्य परिस्थितियाँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 508 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजनों के केब में एसी की सुविधा उपलब्ध है। इन एसी की कार्यशीलता की नियमित रूप से जाँच की जाती है ताकि इंजन के शेड से बाहर निकलते समय वे पूर्णत: कार्यशील हों। इसी प्रकार, 63 इंजनों में वॉटरलेस यूरिनल लगाए गए हैं। इनकी स्थिति की भी समय-समय पर निरीक्षण के दौरान जाँच की जाती है ताकि लोको पायलटों को स्वच्छता की बेहतर सुविधा मिल सके।

लोको पायलटों को ड्राइविंग के दौरान अधिक सुविधा देने हेतु 128 इंजनों में विशेष आरामदायक सीटें उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही, 483 इंजनों में आवश्यक औजारों से सुसज्जित टूल बॉक्स लगाए गए हैं जिससे चालक दल को भारी बैग लेकर चलने की आवश्यकता नहीं रहती।

रेल परिचालन के दौरान संचार को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 2089 नए डिजिटल वॉकी-टॉकी सेट उपलब्ध कराए गए हैं।

सभी रनिंग रूम एवं लॉबी को एयर कंडीशनिंग की सुविधा से लैस किया गया है, ताकि चालक दल को विश्राम के समय बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त, रनिंग रूम और लॉबी के समग्र सुधार हेतु 150 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं।

रनिंग रूम में निम्नलिखित प्रकार की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे चालक दल को विश्राम के साथ साथ आवश्यकतानुसार सुविधा भी मिल सके-

दो बिस्तरों वाले विश्राम कक्ष, ताकि एक चालक दल दूसरे को बिना बाधित किए विश्राम कर सके।, मेडिटेशन रूम, जिससे मानसिक शांति और ध्यान की सुविधा मिल सके।, वॉशिंग मशीन और कपड़े प्रेस (इस्त्री) की सुविधा।, वाटर प्यूरीफायर द्वारा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता।, शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन हेतु पृथक रसोईघर, जिनमें अलग-अलग बर्तन उपयोग किए जा रहे हैं।

लोको पायलटों को उनके कार्यस्थलों/इंजनों तक सुगमता से पहुँचने के लिए 77 सड़क वाहनों (टैक्सी/कार आदि) की व्यवस्था की गई है, जिससे यार्ड और साइडिंग तक पहुँचने में समय की बचत हो रही है।

प्रशिक्षण सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उसलापुर स्थित विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र में पारंपरिक इंजनों के लिए सिमुलेटर की सुविधा उपलब्ध है। 3-फेज इंजनों के लिए सिमुलेटर की खरीद प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। साथ ही उसलापुर स्थित चालक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण एवं हॉस्टल सुविधा के उन्नयन हेतु 40 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने लोको पायलटों की सुरक्षा, संरक्षा, सुविधा एवं दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और कार्य वातावरण को निरंतर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सुशासन तिहार

# तीसरे चरण निगम जोनवार लगाएगा शिविर

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार और उप्रमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से मांगों और शिकायतों से सम्बंधित ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में लगाए जाकर प्राप्त किये गए. द्वितीय चरण में लगभग 1 माह में प्रथम चरण में प्राप्त आम जनता की मांगों और शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समाधान करने का कार्य तेज गति से प्रतिदिन निरन्तर प्रगति पर है. रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाकर सम्बंधित अधिकारीगण आवेदकगणों को उनके आवेदन पर की गयी समाधान की कार्यवाही की जानकारी देंगे और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी देंगे, ताकि पात्र हितग्राहीगण शासन की विभिन्न लाभदायी योजनाओं से सहजता और सरलता से पूर्ण लाभान्वित हो सकें. इसके अंतर्गत सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा जोनवार सभी 10 जोनों में विभिन्न 10 सार्वजनिक स्थानों पर समाधान शिविर आयोजित किये जायेंगे.जोन 1 के तहत 10 मई को दही हांडी मैदान गुढ़ियारी, जोन 2 के तहत 7 मई को शहीद स्मारक भवन, जीई मार्ग, जोन 3 के तहत 13 मई को बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर, जोन 4 के तहत 15 मई को सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, जोन 5 के तहत 19 मई को डीडी नगर सामुदायिक भवन सेक्टर -2, जोन 6 के तहत 20 मई को शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक शाला टिकरापारा,जोन 7 के तहत 23 मई को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जीई मार्ग, जोन 8 के तहत 27 मई को सामुदायिक भवन भारत माता स्कूल के सामने टाटीबंध, जोन 9 के तहत 28 मई को इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय कम्युनिटी हाल जोरा रायपुर, जोन 10 के तहत 30 मई को सामुदायिक भवन गुरुद्वारा देवपुरी में समाधान शिविर लगाया जाएगा।

# गायकी और नए पुराने गीतों से देर रात तक झूमे श्रोता

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। मायाराम सुरजन हाल में शुक्रवार की शाम नए पुराने हिंदी फिल्मी गीतों की महफिल सजी। प्रयास म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों ने देर रात तक श्रोताओं को अपनी मधुर आवाज से बांधे रखा। इसमें इरा पंत, संजीव ठाकुर, अरूप मजुमदार, सुनील जार्ज, सुब्रत चौधरी, अफशां कुरैशी, शमीम कुरैशी, स्वागता डे, संगीता डे, बबलू नारायण, सुदीप दत्ता, सुमित दत्ता, केआर संतोष कुमार, श्रीदेवी मूर्ति ने गीतों को स्वर दिए।



कार्यक्रम में गायकों ने लता मंगेशकर, आशा भोंसले, कविता कृष्णमूर्ति, किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, मुकेश, हेमंत कुमार, भूपिंदर, से लेकर उदित नारायण, अरिजित सिंह तक के गानों को स्वर दिए।

छत्तीसगढ़ पावर कंपनी से रिटायर्ड एच आर मैनेजर और अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्लेयर इरा पंत ने न सिर्फ अपनी सुरीली आवाज से तालियां बटोरीं बल्कि अपने कुशल संचालन से श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। सुमित दत्ता के साथ उनके गीत पायली छुनमुन छुनमुन को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। शमीम कुरैशी ने कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे, संजीव ठाकुर ने गुंचे लगे हैं कहने, सुमित डे ने जानम देख लो मिट गईं दूरियां, अरुप मजूमदार ने किसी नजर को तेरा, अफशां कुरैशी ने सजना है मुझे सजना के लिए, स्वागता डे ने ये समां, समां है ये प्यार का, इरा पंत ने घर जाएगी, तर जाएगी, बबलू नारायण ने चांद आहें भरेगा, सुनील जॉर्ज ने क्या नजारे, क्या सितारे, श्रीदेवी मूर्ति ने दिल ने कहा चुपके से, सुब्रत चौधरी ने आज मौसम बड़ा बेईमान है, केआर संतोष ने आजा रे आ जरा, सुदीप दत्ता ने तुमने मुझे देखा, होकर मेहरबां, संगीता डे- तुम्हीं मेरी पूजा गीत गाकर वाहवाही बटोरी। डुएट्स को भी लोगों का भरपूर प्यार मिला। करवटें बदलते रहे (सुनील जार्ज-स्वागता डे), परदेशिया ये सच है पिया (संजीव ठाकुर-संगीता डे), तुम मिले प्यार से (संजीव ठाकुर-इरा पंत), तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती (सुनील जार्ज-अफशां कुरैशी), हमसफर मेरे हमसफर (बबलू-अफशां कुरैशी), अपने प्यार के सपने सच हुए (सुनील जार्ज-स्वागता डे), वादा करले साजना (सुब्रत चौधरी-स्वागता डे), रात के हमसफर (संगीता डे-सुब्रत चौधरी), ले चल, ले चल मेरे जीवन साथी (बबलू नारायण-अफशां कुरैशी), ऐ मेरे हमसफर, इक जरा इंतजार (सुदीप दत्ता-संगीता डे), कई दिन से मुझे (अरूप मजूमदार-अफशां कुरैशी), चांदनी रात में इक बार तुम्हें देखा है ( स्वागता डे-सुनील जार्ज), इक प्यार का नगमा है (अफशां कुरैशी-शमीम कुरैशी) जैसे युगल गीतों ने भरपूर तालियां बटोरीं।

## माहेश्वरी समाज का सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण कल

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के सानिध्य मे रायपुर ज़िला द्वारा सर्वाइकल कैंसर के बचाव हेतु महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा । रविवार को सुबह दस बजे से महेश छात्रावास जी.ई रोड पर ये टीकाकरण आयोजित हैं ।प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँधडा, ज़िला अध्यक्ष पवन करणानी सचिव आशीष पुंगलिया ने बताया कि 9 वर्ष बच्चियों से 26 वर्ष की महिलाओं को यह टीका लगता है, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाता है ।टीकाकरण पूर्णत: नि:शुल्क होगा। डॉ साधना चाँडक,डॉ अशोक भट्टर,डॉ सतीश राठी,डॉ रवि राठी,डॉ अमित मोहता के मार्गदर्शन मे ये अभियान चलेगा ।

## निधन

### रानुलाल बंगानी

**नवापारा-राजिम,** 3 मई। श्वेताम्बर समाज के वरिष्ठ सदस्य रानुलाल बंगानी बोरसी वाले उम्र 77 का आकस्मिक निधन आज रात्रि 3 बजे हो गया ।उनका अंतिम संस्कार 10.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे जीतेन्द्र, विकास बंगानी के पिता थे।



### राजकिशोर शुक्ला

**पलारी,** 3 मई। पलारी के ग्राम घोटीया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजकिशोर शुक्ला 85 का आज शनिवार को देवलोक गमन हो गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण सहित पत्रकारगण बड़ी संख्या मे शामिल हुए। वे प्रेमा देवी शुक्ला के पति ,गीता मिश्रा,सविता मिश्रा, अखिलेश शुक्ला,मिथलेश शुक्ला के पिता, प्रतिक शुक्ला सुनैना, प्रेरणा शुक्ला,स्वकाश शुक्ला के दादा,अजय, अभय,महीमा, प्रतिभा के नाना थे।



### कमल नारायण राजपूत

**पलारी,** 3 मई। पलारी के ग्राम अमेठी के प्तिष्ठीत नागरिक पूर्व जनपद सदस्य डा.कमल नारायण राजपुत का आज आकस्मिक निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है वे कुलदीप और सोनू राजपूत के पिता थे।



### दिलीप भाई

**रायपुर,** 3 मई। श्रीनगर रायपुर निवासी दिलीप भाई भगवान जी भाई काचा का निधन हो गया है वे 62 वर्ष के थे जिनकी अंतिम यात्रा रविवार की सुबह 10 बजे निवास स्थान श्री जी पेलेस न्य हाउस श्रीनगर रायपुर से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिये निकाली जाएगी।



# सुयश अस्पताल में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय जटिल एंडोस्कोपी कार्यशाला



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। सुयश अस्पताल रायपुर में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय जटिल एंडोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रक्रिया 3 एवं 4 मई 2025 सुयश अस्पताल कोटा गुढ़ियारी रोड रायपुर में राखी गयी है,इसमें पेट आंत लिवर और पैंक्रियास ग्रंथि के रोगो का जटिल इलाज एंडोस्कोपी के माध्यम से किया जायेगा। इस कार्यशाला का नेतृत्व सुयश अस्पताल के गैस्ट्रोइंट्रोनोलोजी विभाग के निर्देशक डॉ मनोज लाहोटी और मुख्य सलहाकारगैस्ट्रोएंट्रोनोलॉजी डॉ अमित जोशी ने किया है। कार्यशाला में भारत और विदेश से प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने भाग लिया। जिसमे शामिल है – डॉ राधिका चव्हाण (पुणे) डॉ अमिताभ नायक (इंग्लैंड, यू. के.) डॉ प्रकाश दलाई (भुबनेश्वर, ओड़िशा) इस कार्यशाला में जटिल रोगो का एंडोस्कोपी उपचार किया जायेगा जैसे एक्लेसिया कार्डिया से पीड़ित मरीजों का इलाज के माध्यम से किया गया। ये सभी मरीज खाना निगल पाने में असमर्थ थे। पैंक्रियास ग्रंथि में पानी का थैला स्यूडोसिस्ट ) को मेटालिक स्टंट द्वारा एंडोस्कोपी प्लेसमेंट आहार नाली व अमाशय के फूली हुई नशों में इंजेक्शन ग्लू और काइल जैसी नविन तकनीकों का उपयोग किया गया। ह्रदय एवं स्वास नाली के समीप गांठ से नमूना निकल कर विश्वस्तरीय जांच को संपन्न किया गया। यह कार्यशाला शसक्त प्रमाण है की सुयश अस्पताल रायपुर में अब विश्वस्तरीय इंडोस्कोपिक माध्यम से जटिल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोगो का सफल इलाज में मध्य भारत के अग्रणी संस्थान है।

# आदिवासी मुख्यमंत्री के प्रदेश में आदिवासियों के साथ अन्याय क्यों ?

**रायपुर** 3 मई (देशबन्धु)। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल रामेन डेका को पत्र में लिखा कि, अनुसूचित क्षेत्र सुकमा वनमंडल के 67732 तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारो के वर्ष 2021 और 2022 के तेन्दूपत्ता बोनस की राशि 8,21,89,273.00 रूपये का गबन करने वाले अपराधियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करें।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने बताया कि, अनुसूचित क्षेत्र बस्तर के वनमंडल सुकमा के 67732 आदिवासी तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) की राशि 8,21,89,273.00 रूपये का गबन करने की एक घटना हाल ही में प्रकाश में आई है। परंतु इस अत्यधिक गंभीर आपराधिक मामले में राज्य सरकार की कार्यवाही अत्यधिक निराशाजनक है। वन मंडल सुकमा के अन्तर्गत आने वाले समस्त 25 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों तथा वन विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा घोटाला किया गया है किन्तु अब तक केवल एक अधिकारी का निलंबन और गिरफ्तारी की गई है, जो कतई पर्याप्त नहीं है। इसमें सभी आरोपियों के विरूद्ध तत्काल आपराधिक कृत्यों के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत और कदाचारों के लिए सेवा नियमों के अंतर्गत कार्यवाही करने के लिए राज्य सरकार को निर्देश देने का कष्ट करेंगे।

डॉ. महंत ने कहा कि, वनमंडल सुकमा अन्तर्गत 67,732 आदिवासी परिवारों को तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2021 तथा 2022 के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक (बोनस) की राशि क्रमश: रू. 4,51,50,388.00 तथा रू. 3,70,38,885.00 कुल राशि रू. 8,21,89,273.00 का वितरण एक साथ वर्ष 2023-24 में नगद रूप में किया जाना था। इसके लिए राशि वनमंडल सुकमा के डी.एफ.ओ. को भेजी गई थी। परंतु नियमों तथा पात्रता के अनुसार इस राशि का वितरण संग्राहकों को नहीं किया गया और प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के पोषक अधिकारी (जो वन विभाग के होते हैं), प्रबंधक तथा डी.एफ.ओ. द्वारा मिलकर आपराधिक षड़यंत्र पूर्वक गबन कर लिया गया और लघु वनोपज संघ तथा विभाग को अवगत करा दिये कि, 2024-25 मे शत प्रतिशत बोनस वितरण कर दिया गया हैं। विधान सभा के बजट सत्र फरवरी-मार्च 2025 में सदन के पटल पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करके वन मंडल सुकमा में शत प्रतिशत बोनस वितरण किये जाने की जानकारी वन मंत्री के द्वारा दी गई। पूरे प्रदेश में 12,50,000 तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार हैं, इनको कुल 2,50,78,57,670.00 रूपया बोनस वितरण किया जाना था।



**राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष ने चरणदास महंत ने लिखा पत्र**

डॉ. महंत बताया कि,कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की सतर्कता के कारण बोनस वितरण नहीं करने की शिकायत होने पर कराई गई जांच में यह पाया गया कि बोनस की राशि का वितरण किया ही नहीं गया है। तब बड़े पैमाने पर छापे मारे गये और केवल एक अधिकारी को निलंबित किया गया और एफ.आई.आर. दर्ज करके गिरफ्तार किया गया।

इस अति संवेदनशील प्रकरण को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि 1.67,732 गरीब आदिवासी तेन्दूपत्ता संग्राहकों के बोनस की जितनी राशि का गबन अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने किया है, उतनी राशि लघु वनोपज संघ द्वारा पुन: जारी करके पात्रतानुसार बोनस का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता पूर्वक करवाया जाए।

# गांवों के वैद्यों का ज्ञान, बैगा-गुनिया की विरासत बनेगी प्रदेश की शक्ति

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों के लिए औषधि पौधों का प्लांटेशन करना है। इसको बेचना बहुत ही फायदेमंद होगा। आज किसान धान की खेती करते हैं। एक एकड़ में धान से आय प्राप्त होती है, औषधि पौधे जब खेतों में लगाएंगे तो एक एकड़ में धान से कयी गुना आय प्राप्त होगी। श्री साय शनिवार को यहाँ छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आहूत पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।





मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वस्थ परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड का गठन हमारी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया है। इस बोर्ड का उद्देश्य यही है कि जो हमारे वनवासी क्षेत्र में वैद्य हैं, उनको आयुर्वेद का बहुत ज्ञान होता है। ऐसे ही वैद्यराज का संवर्धन व संरक्षण करना और जो औषधि पौधे हैं ऐसे औषधि पौधे और सुगंधित पौधे का भी संरक्षण करना है और उसका संवर्धन करना है, उसको आगे बढ़ाना है। उनकी खरीदी बिक्री, सभी कार्यों का दायित्व इस बोर्ड का है। बोर्ड अध्यक्ष के रूप में विकास मरकाम की इस उद्देश्य की पूर्ति करेंगे। जब बड़े-बड़े अस्पताल जवाब दे देते हैं और उनकी दवाइयों से लोग की बीमारी ठीक नहीं होती तो वे लोग वैदराज की ओर जाते हैं जो हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। श्री मरकाम के नेतृत्व में ऐसे वैद्यों का भी संवर्धन और संरक्षण होगा और जो औषधि पादप के उत्पादन से मिलेगा, इसके लिए बोर्ड की तरफ से फॉरेस्ट विभाग की ओर से कई सब्सिडी और सुविधा भी है और उसकी खरीदी भी विभाग करेगा। बोर्ड आने वाले समय में विभिन्न स्थानों पर विशेष कर बस्तर और सरगुजा संभाग में लोगों के बीच में जाकर जागरूकता सिविल लगाएगा और वहां पर किसानों को जो फायदा होने वाला है इसके ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे किसान ऐसी औषधि पादप का उत्पादन कर अधिक फायदा प्राप्त करेंगे और आर्थिक रूप से सक्षम हो पाएंगे। यह काम आगे आने वाले समय में हमारा बोर्ड करेगा। आज छत्तीसगढ़ में इतने वन औषधि पादप हैं छत्तीसगढ़ पूरे देश में हर्बल स्टेट के रूप में जाना जाता है ।

**औषधि पौधे खेतों में लगाएंगे तो एक एकड़ में धान से कई गुना आय प्राप्त होगी : साय**

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ वन औषधि के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च राज्य के रूप में स्थापित हो इसकी दृष्टि से कार्य करना है।मुख्यमंत्री श्री साय की यह कल्पना है। यहां पर अनेक प्रकार के वन उपज हैं कई वन औषधि हमारे जीवन की अभिन्न अंग है लेकिन जैसे-जैसे हम ज्यादा आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं वहां पर इन चीजों को भूलने लगते हैं। हमारे पूर्वजों की इन सब संपत्तियों का संसाधनों का संरक्षण करना है, इसका संवर्धन करें। निश्चित तौर पर हमारी जो जीवन पद्धति है वह उसमें बहुत बदलाव आएगा। अब गांव में भी विभिन्न प्रकार की बीमारियां हो रही है लोगों को कहीं ना कहीं खान-पान और रहन-सहन और जो जीवन पद्धति है उसमें परिवर्तन होने के कारण हुई है हम ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें कि इन चीजों को व्यवस्थित करके रखें।मंत्री रामविचार नेताम ने कहा आज बहुत सारे गुनिया लोग हैं बैगा लोग हैं जड़ी बूटी के जरिए रोगों को ठीक कर देते हैं।

# सभी संभाग और जिलों में तत्काल पेंशन कार्यालय खोले राज्य सरकार : नामदेव

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने छत्तीसगढ़ सरकार से राज्य में तत्काल संभाग और जिलों में तत्काल पेंशन कार्यालय खोलने की मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने बताया है कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश की मांग पर राज्य सरकार ने इंद्रावती भवन में कोष लेखा एवं पेंशन संचालनालय से पेंशन को अलग करके पृथक पेंशन संचालनालय का 1 साल पहले स्थापना कर दिया है। परंतु संभाग और जिला स्तर पर पेंशन कार्यालय खोलने में विलंब होने से पेंशनरों का क्लेम अभी भी संभाग स्तर पर संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन और जिला स्तर पर जिला कोषालय से संचालित हो रहा है। जहां पेंशनर्स का सभी कार्य अत्यधिक विलंब से हो रहे है।जिसके कारण पृथक पेंशन संचालनालय की स्थापना महज खानापूर्ति बनकर रहकर रह गया है। वहां भी अधूरा सेटअप होने के कारण बुजुर्ग बीमार पेंशनरों का मेडिकल क्लेम पारित होने बहुत अधिक समय लग रहा है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने सरकार से इसे संज्ञान में लेकर तत्काल संभाग और जिलों में पूरी सेटअप स्वीकृत करके पेंशन कार्यालय खोलने और पेंशनरों के हित में कार्यवाही करने की मांग की है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख द्रौपदी यादव छत्तीसगढ़ प्रदेश के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश संगठन मंत्री टी पी सिंह, कोषाध्यक्ष बी एस दसमेर, सेवानिवृत दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक अनिल पाठक प्रदेश के विभिन्न जिले के अध्यक्ष आर जी बोहरे रायपुर,आदि ने सरकार से इसे संज्ञान में लेकर तत्काल संभाग और जिलों में पेंशन कार्यालय खोलने और पेंशनरों के हित में शीघ्र कार्यवाही करने मांग की है।

# स्वास्थ्य विभाग की एक और खरीदी में बड़ा घोटाला

## मर्चुरी कैबिनेट बॉक्स की खरीदी में कम रेट वालों को किया गया बाहर

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कुछ महीने पहले छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 660 करोड़ की मेडिकल उपकरण की खरीदी का घोटाला सामने आया था जिसके बाद ईओडब्लू एसीबी मामले की जांच कर रही है। इस बीच कांकेर जिले के दुर्गकोंदल में पदस्थ ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मनोज किशोरे के कार्यकाल में मर्चुरी कैबिनेट बॉक्स की खरीदी को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। यह टेंडर जीईएम पोर्टल पर दिनांक 7 अप्रैल 2025 को क्रमांक जीईएक 2025 बी119475 के अंतर्गत जारी हुआ था जिसमें 8 मर्चुरी कैबिनेट बॉक्स की खरीदी होनी थी। चौंकाने वाली बात यह है कि इस टेंडर में एक ही ब्रांड को फिक्स कर तीन अलग.अलग फर्मों मॉडल नेशनल ट्रेडर और श्री गुप्र ऑफकंपनी ने बिड डाला था। तीनों कंपनियों का ब्रांड और एक ही होने की वजह से यह पूरा मामला संदेह के घेरे में आ गया है।

**बाजार दर से दोगुनी कीमत पर दिया गया टेंडर:** सबसे हैरानी की बात यह है कि अन्य बिडरों ने यह मर्चुरी कैबिनेट




बॉक्स 11 से 12 लाख रुपये प्रति यूनिट की दर से उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था वहीं मॉडल गुप्र ने 28.78 लाख नेशनल ट्रेडर ने 30.97 लाख और श्री गुप्र ऑफकंपनी ने 32.53 लाख की दर से टेंडर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया। इनमें से 28 लाख 78 हजार 400 रू डालने वाले बीडर मॉडल गुप्र को टेंडर जारी कर दिया गया यह कीमत बाजार दर से दोगुनी से भी अधिक है।

**दोगुनी कीमत पर जारी कर दिया गया टेंडर**

जानकारी के मुताबिक टेंडर प्रक्रिया में अन्य बिडरों को दस्तावेज मूल्यांकन के दौरान अपात्र घोषित कर बाहर कर दिया गया। आरोप है कि कुछ जरूरी दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड होने के बावजूद यह कहकर खारिज कर दिया गया कि उनकी हार्ड कॉपी समय पर नहीं दी गई। जब संबंधित बिडर हार्ड कॉपी जमा करने गएए तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। यह सब तब हो रहा है जब सरकार सुशासन तिहार मना रही है और स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से पोर्टल को सार्वजनिक किया गया है। वहीं के कई अधिकारियों पर ईओडब्लू द्वारा शिकंजा कसने की घटनाएं पहले से सामने आ चुकी हैं। बाकी बिडरों ने जीईएम पोर्टल के उच्चाधिकारियों राज्य सरकार और सुशासन तिहार के मंच पर इस भ्रष्टाचार की शिकायत करने की बात कही है। उनका कहना है कि जब तक ऐसी मनमानी टेंडर प्रक्रियाएं बंद नहीं होतींए तब तक सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता की बात केवल दिखावा है।

### ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मनोज किशोरे ने दी ये सफाई

इस पूरे मामले पर जब ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मनोज किशोरे से प्रतिक्रिया ली गईए तो उन्होंने कहा कि टेंडर पोर्टल में निकाला गया है। नियमानुसार बिडरों ने टेंडर भरा है। तय हुआ और कम दर वाली फर्म को टेंडर दिया गया है। मैन्युफैक्चरिंग से कितने लोग जुड़े हैं या किसको क्या सम्बद्धता दी गई है यह मैं नहीं कह सकता।

# आधे घंटे की बारिश ने खोली निगम की पोल



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। आधे घंटे की आंधी.बारिश ने राजधानी में नगर निगम की पोल खोलकर रख दी समता कॉलोनी की मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भर गया है इसके चलते राहगीरों को आने.जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं लोगों के घरों में भी गंदा पानी घुस गया है समता कॉलोनी के रहवासियों ने वास्तविक ढाल के अभाव में नाली निर्माण के विरुद्ध मोर्चा खोला थाए लेकिन निगम प्रशासन ने एकतरफा निर्णय लेकर समता मुख्य सड़क पर पांच फीट के नाले निर्माण को स्वीकृत कर काम कराया अब इस नाले की निकासी के अभाव में पानी सड़क पर भर गया है लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा कि अभी गर्मी के मौसम में ये हाल है तो बारिश में क्या होगा नगर निगम को व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत है(

**रायपुर के सबसे पॉश इलाके में भरा पानी**

# घर के सामने शराब पीने से मना करने पर बदमाशों ने मारा चाकू



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक और चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। संतोषी नगर इलाके में नशे में धुत टाइगर समेत 4.5 बदमाशों ने नशा करने से रोकने पर चिकन सेंटर संचालक इश्तियाक खान पर चाकू और लाठी से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है। पीड़ित इश्तियाक खान ने बताया कि उसने अपने घर के सामने शराब पीने से मना किया था जिससे नाराज होकर आरोपी मुनाफ मेमन उर्फ टाइगर अपने साथी अमान अख्तरए रिहान तालिब फैजल और अन्य के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। घटना चार से पांच दिन पुरानी बता जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब इश्तियाक अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। रास्ते में आरोपियों ने उसे घेरकर चाकू और लाठी से बुरी तरह पीट दिया। हमले में इश्तियाक के सिरए पेट और जांघ में गंभीर चोटें आई हैं। इन आरोपियों पर पहले भी शराब पीने से रोकने पर मारपीट किए जाना सामने आया था। शराब पीने से मना करने पर बदमाशों ने मारपीटए चाकूबाजी और घर को जलाने की कोशिश करने की घटना को अंजाम दिया था। टिकरापारा थाना पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर बदमाशों की पतासाजी कर रही है।

# अंधे कत्ल गुत्थी सुलझी 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। राजधानी तिल्दा नेवरा स्थित कान्हा राईस मिल के पीछे मिली लाश की गुत्थी को सुलझा लिया है इस दौरान 04 आरोपी गिरफ़्तार किए गए हैं। बताया गया कि 30 04 2025 पुलिसको सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिरवे स्थित कान्हा राईस मील के पीछे शुक्लाभाठा सिरवे खार में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा ह कि सूचना पर थाना तिल्दा नेवरा एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा घटना स्थल जाकर देखने पर पाया गया कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था तथा उसके चेहरा व सिर भाग में चोट लगने से खून निकलकर सूख गया था एवं वहीं पर पड़े सीमेंट पोल का टुकड़ा में भी खून लगा था। प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा मृतक के सिर चेहरा में वार कर मार कर गंभीर चोट पहुंचा कर उसकी हत्या कर दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात मृतक के संबंध में पतासाजी करते हुये आसपास के लोगों व ग्रामों में पूछताछ कर मृतक की पहचान गोविंदा पाण्डेय पिता कृष्णा पाण्डेय उम्र 24 साल निवासी बसंतपुर नवागांव पेण्ड्रा जिला गौरेला पेण्ड्रा मारवाही। हाल पता . कान्हा राईस मील का निर्माणाधीन गोदाम ग्राम घुलघुल थाना तिल्दा नेवरा रायपुर के रूप किया गया जो ग्राम घुलघुल स्थित कान्हा राईस मील का निर्माणाधीन गोदाम का चौकीदार था। टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में घटना स्थल के आसपास निर्माणाधीन गोदाम में कार्य करने वाले लोगों सहित आसपास स्थित ग्रामवासियों से पूछताछ करते हुये अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर अज्ञात आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा घटना में संलिप्त आरोपी ग्राम तुलसी नेववरा निवासी चन्द्रकामता भारती उर्फ कामता भारती बिमलेश यादव एवं विधि के साथ संघर्षरत 02 बालक को पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर चारों के द्वारा हत्या की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। पूछताछ में आरोपियो अपचारी ने बताया कि दिनांक घटना को चारों ग्राम तुलसी के धान फड़ के सामने स्थित गौठान में शराब सेवन कर रहे थे इसी दौरान मृतक गोविंदा पाण्डेय वहां से जाते समय आरोपियों अपचारी को गाली गलौच करने लगा जिस पर चारों मिलकर मृतक को दौड़ाने लगे तो मृतक भाग रहा था इसी दौरान उसे पकड़कर उसके साथ मारपीट किये तथा आरोपियान अपचारी अपने दोपहिया वाहन में मृतक को जबरन अपने साथ बैठाकर घटना स्थल ले गये जहां पुनः उसके साथ मारपीट किये एवं पास पड़े सीमेंट पोल के टुकड़े से उसके सिर पर वार मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या दिये एवं मृतक के मोबाईल फोन को ले जाकर फेंक दिये। चारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग दोपहिया वाहन जप्त कर चारों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 103;1द्धए 238;क 3;5 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी चन्द्रकामता भारती उर्फकामतान भारती पूर्व में भी लूट के प्रकरण में थाना तिल्दा नेवरा से जेल निरूद्ध रह चुका है।

**शराब के नशे में गाली गलौच बना हत्या का कारण**

# बेखौफ–बेरोकटोक नशा करके वाहन चलाने वाले रोज घूम रहे मौत बनकर

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। राजधानी होने के कारण नाइट पाटी रात में घूमने.फिरने का कल्चर बढ़ा है। इसके साथ ही देर रात तक तेज रफ्तार या नशा करके कार चलाने वाले कई लोगों की जान ले रहे हैं। इससे कई परिवार बिखर गए हैं। किसी के घर का बेटा छीन गया तो किसी के पिता की मौत हो गई है। किसी के घर का दीपक बूझ रहा तो किसी के सिर से पिता का साया उठ रहा है। रायपुर में हर साल 200 से ज्यादा लोगों की मौत केवल हिट एंड रन के चलते हुई है। तेलीबांधा में प्रिया साहू की जान भी ऐसी ही लापरवाही के चलते चली गई है। इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

**सामान्य धाराओं से बेखौफआरोपी वाहन चालक:** सडक़ हादसे में मौत होने पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफपुलिस सामान्य धाराओं में अपराध दर्ज करती है। प्रावधान के तहत आरोपी को थाने से ही छोड़ दिया जाता है। वाहन को भी छुड़ा सकते हैं। इस तरह के प्रावधानों के चलते ही ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के हौसले बढ़ते हैं

**जेठ बोले, मदद भी नहीं की आरोपी को मिले सख्त सजा:** तेलीबांधा ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार कार ने प्रिया साहू नामक महिला की जान ले ली। उसकी दो छोटी बेटियां हैं। प्रिया के जेठ राजेश साहू ने बताया कि आरोपी अपनी कार से प्रिया और दो अन्य महिलाओं को रौंदते हुए निकल गया। कुछ जाकर चंद सेकंड के लिए कार रुकी। फिर तेजी से फरार हो गया। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव को गांव ले गए। अब तक किसी ने आर्थिक मदद नहीं की और न ही किसी तरह का मुआवजा दिया। क्षेत्रीय विधायक दयालदास बघेल के कार्यकर्ता पहुंचे थे। उन्होंने कुछ मदद की है। आरोपी कार चालक को सख्त सजा मिलनी चाहिए। कार को इधर.उधर लहराते हुए चला रहा था जिसके चलते यह हादसा हुआ है।

**इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर:** राजेश ने बताया कि घायल महिलाओं को भी उपचार के लिए काफी भटकना पड़ा है। पहले मेकाहारा अस्पताल ले गए। वहां से रामकृष्णा अस्पताल भेजा गया। फिर वहां से भी छुट्टी कराकर बालाजी अस्पताल ले गए। उनकी भी हालत काफी गंभीर बनी हुई है।

# स्कूल से सीसीटीवी कैमरा सिस्टम चोरी



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। धरसींवा थाने से 500 मीटर की दूरी पर दाऊ पोषन लाल हाई स्कूल है जहां पर चोरों ने देर रात धावा बोला और लेकिन वहां पर कुछ नहीं मिला तो वे वहां लगे सीसीटीवी कैमरा का पूरा सिस्टम उठाकर ले गए। इस घटना ने पुलिस गश्त और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिया है कि थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरी घटना घटित हो गई। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में असामाजिक तत्व खुलेआम घूम रहे हैं और न तो पुलिस और न ही पंचायत इन पर कोई ठोस कार्रवाई कर रही है। दिन हो या रातए लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। स्कूल जिन्हें विद्या का मंदिर कहा जाता है अब अपराधियों के लिए आसान निशाना बन गए हैं। सीसीटीवी सिस्टम की चोरी से न केवल स्कूल की सुरक्षा पर असर पड़ा हैए बल्कि भविष्य में होने वाली किसी भी आपराधिक गतिविधि की जांच में भी यह बड़ी बाधा बनेगा। धरसींवा थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दिवान ने बताया कि चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम सक्रिय रूप से चोरों की तलाश कर रही है और जल्द ही उन्हें बेनकाब कर कार्रवाई की जाएगी।

# गुजरात की महिला ठग गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। राजनांदगांव पुलिस की साइबर सेल ने मिशन साइबर सुरक्षा के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग सानिया प्रसन्न शाह 28वर्ष को अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया है यह गिरफ्तारी 1 मई 2025 को अहमदाबाद एयरपोर्ट से की गई और आज 3 मई को उसे राजनांदगांव के न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया सानिया और उसके गिरोह ने स्कैम सेंटर स्थापित जैसी फर्जी निवेश कंपनियों और ऑनलाइन जॉब व टास्क के नाम पर पूरे भारत में लोगों से करीब 10 करोड़ रुपये की ठगी की गिरफ्तार महिला के कब्जे से एक एप्पल मोबाइल सेट भी जब्त किया गया है

**पहले भी 5 ठग गिरफ्तार, कुल 6 अब तक हिरासत में:** इससे पहले साइबर सेल ने इस गिरोह के 5 अन्य सदस्यों श्रेणिक कुमार सांघवी शुभम तिवारी दीपक नरेडी रोहित महेश कुमार वीरवानी और अल्केष कुमार प्रेमजी भाई मांगे को गुजरात महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया था ये सभी स्कैम सेंटर में बैठकर फोन कॉल और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को ठगने का काम करते थे गिरोह ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेशी साइबर ठगों तक पहुंचाता था।

23 जनवरी 2025 को लखोली राजनांदगांव निवासी रूपेश साहू ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज की थी कि उनके बैंक ऑफबड़ौदा खाते में 22 दिसंबर 2024 को आशुतोष शर्मा द्वारा ठगी की 90,000 रुपये की रकम जमा की गई जिससे उनका खाता फ्रीज हो गयाण् इस शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

# मोबाइल फोन की चोरी, 3 आरोपी युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। संपत्ति संबंधी अपराधो पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से मोबाइल चोरो को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। प्रार्थी राजेंद्र कुमार साहू पिता सुरेंद्र कुमार साहू उम्र 49 वर्ष निवासी रावतपुरा कॉलोनी फेस 1 थाना टिकरापारा जिला रायपुर छत्तीसगढ़ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि की रात्रि 08. 00 बजे छुट्टी होने के बाद अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सी जी 04 के एफ2349 में चंगोराभाठा से अपने कॉलोनी रावतपुरा जा रहा था वर्धमान शोरूम के पास भाटागांव में पहुंचा था आंधी तूफान आने से प्रार्थी अपना मोटरसाइकिल को रोका वहीं पर तीन लड़के खड़े थे तभी तीनों लड़के इसके पास आए एक लड़का इसके शर्ट की जेब में रखे मोबाइल फोन को निकाल लिया और तीनों लड़के सफेद रंग के एक एक्टिवा वाहन में बैठकर भाग गए आरोपीगण को भागते हुए प्रार्थी मोटरसाइकिल नंबर को देख लिया था प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुरानी बस्ती में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी को चेक किया गया किंतु पता नहीं चला जिससे अज्ञात आरोपियों के पता तलाश हेतु थाना क्षेत्र में मुखबिर लगाई गई। मुखबिर से सूचना मिला कि की तीन लड़के मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एच.एल 9675 पर सवार होकर भाटा गांव में घूम रहा है की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घटनास्थल पर रवाना हुआ आरोपियों को थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया आरोपीगण के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने व चोरी गई माल मशरूका को जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। मेडिशाइन हॉस्पिटल के पास 18 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सचिन कुमार यादव के रूप में हुई ह जो थाना मुजगहन अंतर्गत बोरियाकला गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही न्यू राजेंद्र नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा व पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू करते हुए पुलिस ने मृतक के परिजनों व परिचितों से पूछताछ शुरु कर दी है कि सचिन ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

# धारदार चाकू के साथ 2 युवक गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि देवार डेरा बंजारी नगर रावांभाठा में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा देवार डेरा बंजारी नगर पहुंचकर आरोपी लाला देवार पिता गोवर्धन देवार उम्र 23 साल निवासी आरटीओ कार्यालय के पीछे देवार डेरा बंजारी नगर रावाभांठा थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 25 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इसी प्रकार खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खमतराई बाजार के अंदर एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा खमतराई बाजार के अंदर पहुंचकर आरोपी प्रशांत डोमरे पिता इन्द्रकुमार डोमरे उम्र.24 वर्ष निवासी चुलडी थाना किरोडा जिला गोंदिया महाराष्ट्र हाल पता खमतराई रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# आने वाला है एक और तूफान

**रायपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत कई शहरों में चली अंधड़.तूफान आफत बनकर टूटा। लोगों ने मौसम का विकराल रूप देखा। वहीं अब एक और तूफान आने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी किया है कि प्रदेश में अभी 5 मई तक अधड़ और बारिश के हालत बने हुए हैं। इसका असर मध्य छत्तीसगढ़ में दिखेगा।

**अधिकतम तापमान में नहीं होगा बदलाव:** रायपुर समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में 5 मई तक अंधड़ के साथ बारिश होगी। कहीं.कहीं ओले भी गिरेंगे। इसके कारण अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आएगा। बारिश के कारण प्रदेशभर में पारा लुढ़का है और सामान्य से 4 डिग्री तक कम हो गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान 37.4 डिग्री रायपुर का रहा जबकि सबसे कम तापमान 18 डिग्री पेंड्रारोड का रहा।

**मौसम विभाग ने 5 मई तक के लिए जारी की चेतावनी**

**बारिश से राहत तो है लेकिन, किसानों को नुकसान:** पश्चिम विक्षोभ व दो द्रोणिका जैसे सिस्टम से प्रदेश में लू चलने के बजाय बारिश हो रही है। ओले भी गिर रहे हैं। बारिश से राहत तो हैए लेकिन किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। यही नहीं अंधड़ भी जमकर तबाही मचा रही है। रायपुर में दोपहर में तेज धूप रही लेकिन यह सामान्य से 4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 6 डिग्री कम 21 डिग्री रहा। अधिकतम व न्यूनतम तापमान को देखकर लगता है कि यहां दिन व रात गर्म नहीं है। अन्यथा पिछले सालों में मई के पहले सप्ताह में लू चलने का ट्रेंड रहा है। 3 मई को रायपुर का अधिकतम तापमान 39 व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आसपास रह सकता है। गरज.चमक के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं।

# आज फिर बदले मौसम के तेवर

## बारिश से शहर तरबतर, घंटों बिजली गुल रही, शादियों के मंडप तक अंधेरा

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। आज शाम को फिर मौसम के तवर बदले और तेज हवाओं के साथ लगभग एक घंटे से ओला वृष्टि के साथ बारिश हुई जिसने शहर को तरबतर कर दिया। बारिश के साथ आज रह रह कर शाम के बाद 5-6 बार बिजली की आवाजाही बनी रहीं। इससे आम नागरिकों के साथ ही व्यवसाइयों को भी परेशानी उठानी पड़ी। सर्वाधिक परेशानी शादी विवाह व अन्य मांगलिक कार्यो वाले परिवारों के झेलनी पड़ी। इधर बिजली विभाग के अधिकारियों का आलम यह था कि उपभोक्ताओं को बिजली को लेकर कोई विधिवत जानकारी देना तो दूर फोन तक रिसीव नहीं कर रहे थे।



आज सुबह से रोज की तरह मौसम खुला रहा और तेज धूप रही मगर शाम 4 बजे के आसपास मौसम बदला और हल्की गरज के साथ ओले गिरने लगे और बारिश भी होने लगी। एकाएक हुई इस वर्षा और ओलावृष्टि से उद्यानिकी की फसल, ग्रीष्मकालीन धान व मूंग की फसल को भी भारी क्षति पहुंची है। उल्लेखनीय है कि 1 मई को भी इससे बड़ा मौसम का नजारा सामने आया था जिसमें बारिश, ओलावृष्टि ही नहीं तेज आंधी तूफान से बिजली तो घंटों बंद रही दुर्ग शहर के लगभग सभी मार्गो पर वृक्ष धराशायी हो गये जिससे सड़कों पर यातायात ठप्प पड़ गया तथा जगह जगह जाम लग गया था। आज स्थिति थोड़ी सम्हली रही और आंधी तूफान तेज हवाएं नहीं चली जिससे छोटे मोटे वृक्ष ही कहीं कहीं गिरे।

आज की इस वर्षा से दुर्ग शहर के अनेक हिस्सों में पानी भर गया हालांकि समय के साथ पानी निकलता रहा। बाजारों पर भी बारिश का असर पड़ा। बाजार पूरी तरह अस्तव्यस्त रहे। अतिक्रमण हटाये जाने के कारण व्यापारियों का ज्यादातर माल खुली सड़कों पर पड़ा भींगता रहा। जिन परिवारों में मांगलिक कार्य हो रहे है उन परिवारों में लोगों की चिंता देखते ही बनती थी। सर्वाधिक परेशानी बिजली को लेकर रही। दिन में कई बार बिजली की आवाजाही रही। बाजार क्षेत्र पूरी तरह अंधेरे में रहें।

# महतारी वंदन की 15 वीं किस्त जारी विधायक गजेन्द्र ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना की 15वीं किस्त विष्णुदेव साय सरकार ने जारी कर दी है। महिलाओं के खाते में डिबीटी के माध्यम खाते में 1-1 हजार रूपए भेजा गया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से जनता की गारंटी पूरी हो रही है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं की खुशी ही हमारा संतोष है।



महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिल चुकी 15 किश्त की राशि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी केबिनेट मंत्री का आभार जताया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की महिलाओ का सम्मान भाजपा ने ही किया है जन धन खाता होए उज्जवला योजना से सिलेंडर, महिला के नाम राशनकार्ड और महतारी योजना सभी जगह महिलाओ को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने मोदी सरकार ने चिंता की है। धान खरीदी कर किसानों को उनके फसल का उचित दाम दिलाये। हर महीने खाते में एक हजार रू. आने से महिलाओ को अब छोटी छोटी जरूरत के लिए पैसे मिल जा रहे है। प्रदेश के संवार्गीन विकास के लिए तत्पर भाजपा सरकार सभी क्षेत्रों में काम कर रही है। जो महिलाएं इस योजना के पात्र हितग्राही हैं उन्हें हर महीने महतारी वंदना योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। बीते वर्ष से शुरू हुई योजना के तहत 15 वीं किस्त सरकार द्वारा महिलाओ के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई।

# महापौर ने सफाई अभियान का लिया जायजा

## अवैध कब्जे हटाकर सफाई पर दिया जोर

- केलाबाड़ी नाला की सफाई को लेकर जताया असंतोष
- चेन माउण्टेन लगाकर नाले नालियों की सफाई के निर्देश

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के 60 वाडों में 1 मई से 8 जून जून तक तक महापौर महा.सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसके दूसरे दिन महापौर अल्का बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल और प्रभारी नीलेश अग्रवाल, नरेंद्र बंजार, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर उपायुक्त मोहेंद्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र, उपअभियंता विनोद मांझी, उपअभियंता उमायन्ति ठाकुर व अधिकारियों के साथ शुक्रवार को शहर के वार्ड 40 केलाबाड़ी चौक नाला व 39 इंदिरा नगर, नाला सहित मोहल्ले गलियों में घूमकर विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और विभिन्न नाला.नालियों पर से अतिक्रमणों को हटाकर बेहतर ढंग से साफसफाई कराने और नाला.नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।




महापौर ने केलाबाड़ी के भीतर नाला की साफसफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य अमले को बहुत नाराजगी जाहिर की। महापौर ने कहा कि सड़क किनारे और नालियों के ऊपर अवैध निर्माण अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नागरिकगण भी मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार द्वारा क्षेत्रों में साफसफाई व्यवस्था का जायजा लिया और केलाबाड़ी व इंदिरा शेष पृष्ठ 9 पर

# निगम का दूसरे दिन भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी

## मोती काम्पलेक्स के सामने, दुर्ग ट्रांसपोर्ट कं. लाईन, जिला अस्पताल परिसर से हटाए 70 से अधिक अवैध कब्जे

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओं अभियान आज दूसरे दिन भी जारी रहा। इस बार के अभियान में पहली बार ऐसा देखा गया कि मौके पर न कोई बड़े नेता उपस्थित हुए और न ही किसी तरह की राजनीतिक दखलदांजी नजर आई। प्रभावित व्यवसाइयों व निगम अधिकारियों के बीच हुई बातचीत, नोंकझोंक और कुछ हद तक तकरार से ही मामला निपट गया और इंदिरा मार्केट में जिला अस्पताल की बाउण्ड्रीवाल, तहसील क्वार्टर से लगे मकानों के सामने की दूकानें अस्पताल रोड में जनता ट्रांसपोर्ट मार्ग के दोनों तरफ की दूकानें मोती काम्पलेक्स के सामने जूते चप्पल की दूकानें, कुल मिलाकर पिछले दो दिनों के भीतर 141 दूकानों के अतिक्रमण शांतिपूर्वक हटा लिया गया। आज भी न कहीं पुलिस बल की जरूरत पड़ी और न ही जेसीबी का प्रयोग किया गया।

सभी दूकानदारों ने स्वयं दूकान का सामान व स्ट्रक्चर हटाना शुरू कर दिया। रात 7 बजे तक यह प्रक्रिया जारी है। निगम सूत्रों के अनुसार आगे भी यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।




नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान आज दूसरे दिन भी जारी रहा। निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम आज भी जेसीबी लेकर खड़ी रही। बीएसएफ व पुलिस बल के जवान भी तैनात रहे मगर टीम को कहीं भी बल प्रयोग की जरूरत नहीं पड़ी। व्यापारियों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया।

आज दूसरे दिन भी नगर निगम की अतिक्रमण हटाओं टीम बाजार व राजस्व अधिकारी शुभम गोईर के नेतृत्व में पूरे अमले जेसीबी मशीन इत्यादि के साथ मौके पर पहुंची। मोती काम्पलेक्स के सामने वर्षो से काबिज जूते चप्पल के व्यवसाइयों को टारगेट में लेते हुए दूकाने हटाने को कहा। पुराना पुलिस थाने से लगे ठेले इत्यादि की दूकानें भी निगम अधिकारियों के निर्देश पर हटाये जाने लगी। मोती काम्पलेक्स के सामने की जूता चप्पल लाईन, रेजिमेंटल प्रेस के सामने की दूकानें, संगम प्रेस के पास की नर्सरी की कब्जा, आटो पार्टस एवं मिस्त्री की दूकानें व ठेले वालों को हटाया गया। इसी तरह दूसरी ओर जनता ट्रांसपोर्ट कंपनी वाली लाईन से लेकर जिला अस्पताल के अंतर्गत आने वाले मरच्यूरी के सामने से लेकर होटल जैन से आगे तक की दूकानों को हटाया गया। ये दूकानें खाट, पलंग इत्यादि पर लगाई जाने वाली दूकानें है तो कुथ एक दो दुकान ऐसी भी है जिन्हें दो वृक्षों व खंभों के बीच रस्सी बांधकर मेक्सी फ्राक व दूसरे वस्त्र लटकाकर विक्रय किये जाते है। इन सभी को हटाने के लिये कहा गया। यहां की अधिकांश दूकानें खाली हो गई है।

इधर टीबी अस्पताल की बाउण्ड्री वाल से लेकर मेहता मेडिकल स्टोर्स और दूसरी तरफ तहसील क्वार्टर के सामने सड़क पर जिन लोगों ने अवैध रूप से दूकानें लगा ली थीं। उन लोगों ने अपनी अपनी दूकानों का सामान तो कल ही शेष पृष्ठ 9 पर

# जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का हुआ भव्य शुभारंभ

## 113 खिलाड़ियों के मध्य शह और मात का मुकाबला

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचार्य निधि शर्मा एवं समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी सुधीर अग्रवाल एवं अंतराष्ट्रीय साहित्यकार डॉ रौनक जमाल अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने शतरंज की चाल चलकर चैंपियनशिप का उदघाटन किया। मुख्य अतिथि निधि शर्मा ने




इस अवसर पर खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील करते हुए समस्त प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने शतरंज को एकाग्रता एवं बौद्धिक विकास का खेल बताते हुएं आयोजन के लिए जिला शतरंज संघ दुर्ग की सराहना की । विशेष अतिथि डॉ रौनक जमाल एवं समाजसेवी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिभा उभरकर सामने आती है।

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन के संबंध में जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत संघ के सचिव तुलसी सोनी, रॉकी देवांगन, शेख लतीफ, अनिल शर्मा, दिनेश जैन, एस के भगत, चंदन विश्वकर्मा, विक्रम सिंह, जयंता दास सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।

इस चैंपियनशिप में जिले के कुल 113 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में चयनित होने वाले दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो कि 15 मई से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित है। कार्यक्रम का संचालन जिला शतरंज संघ दुर्ग के सचिव तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन दिनेश जैन ने किया। यह स्पर्धा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल में 3 एवं 4 मई को आयोजित है।

# कलेक्टर की पहल पर रबी बीज उत्पादक कृषकों हेतु अग्रिम राशि का आंबटन जारी

## मजदूरी का भुगतान होने से बीज प्रक्रिया केंद्र में बीज पैकिंग कार्य प्रारंभ

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह के पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रबंध संचालक द्वारा बीज प्रक्रिया केंद्र रूआबांधा दुर्ग के अंतर्गत रबी 2024.25 के कुल 207 बीज उत्पादक कृषकों के 4919.02 चीटल बीजों की अग्रिम राशि 1.58 करोड़ का आंबटन जारी किया गया हैं। मजदूरों का लंबित मजदूरी राशि भुगतान होने से बीज प्रक्रिया केंद्र रूआबांधा में पैकिंग कार्य प्रारंभ हो गया है। राशि आबंटन एवं भुगतान से बीज उत्पादक कृषकों एवं मजदूर खुश होकर लगन पूर्वक अपने कार्य में लग गए है।

ज्ञात हो की विगत 26 अप्रैल को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उप.संचालक कृषि श्री संदीप भोई के साथ रूआबांधा स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र का निरीक्षण कर बीज उत्पादक किसानों से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया का बारिकी से संमीक्षा किया। कलेक्टर ने बीज प्रक्रिया केंद्र में बीज व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु बीज प्रबंधक एस.के.बेहरा से तत्कालिक संमस्याओं



के बारे में जानकारी ली। बीज प्रबंधक श्री बेहरा द्वारा प्रक्रिया केंद्र की प्रमुख चार समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु पहल करने कहा गया। उक्त कार्यवाही के फ्लस्वरूप प्रक्रिया केंद्र अंतर्गत रबी 2024.25 के कुल 207 बीज उत्पादक कृषकों का 19 अप्रैल 2025 तक के कुल 4919.02 चीटल बीजों की अग्रिम राशि 1.58 करोड़ का आबंटन जारी हो चुका है। पिछले तीन माह से मजदूरों की मजदूरी अप्राप्त होने से कार्य प्रभावित हुआ था वर्तमान में मजदूरी का लंबित राशि भुगतान होने से मजदूरों द्वारा विगत दो दिनों से पैकिंग कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणिकरण संस्था से बीज पैंकिंग हेतु आवश्यक टैंग प्राप्ति उपरांत खरीफबीजों की पैकिंग एवं भण्डारण कार्य सूचारू रूप से चल रहा है। बीज प्रबंधक एस. के, बेहरा ने बताया कि जिले की 87 समितियों में से 48 समितियों में 8742.60 चीटल बीज भण्डारण किया गया है, जो कि जिले की कुल मांग का लगभग 31 प्रतिशत हैं। मंचादूर, पाहरा, गोड़ी, लिटिया, शेष पृष्ठ 9 पर

# कलेक्टर ने केम्प 2 निवासी शेख अब्बास को किया जिला बदर

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शेख अब्बास को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर बदमाशों के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन.चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में शेख अब्बास पिता महबूब खान निवासी केम्प 2 चटाई चार्टर दीपक स्पोर्ट्स के पास थाना छावनी, तहसील व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 17 अप्रैल से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है।

जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना शेख अब्बास प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी शेख अब्बास पिता महबूब खान थाना छावनी दुर्ग का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना छावनी में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 17 प्रकरण दर्ज है। आरोपी अत्यंत क्रूर प्रवृत्ति के है एवं इनके आतंक से लोग भयभीत होकर दहशत में है। इनके विरूद्ध लोगों के द्वारा गवाही देने में जान का खतरा बना रहता है। इनके द्वारा लोगों को मारनाए पीटना जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त होने का कार्य करते है।

# नगर निगम शिक्षा समिति की बैठक में लिये गये अनेक निर्णय

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग प्रभारी लीलाधर पाल ने एमआइसी भवन के कक्ष में समिति के सदस्य और अधिकारी के साथ एमआईसी कक्ष में ली। शिक्षा समिति की बैठक ली, जिसमे निम्न विषयो पर चर्चा हेतु समिति के सदस्यों के सामने प्रस्ताव रखा



प्रभारी ने बताया कि समिति की बैठक कार्यो के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायेगें। नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले समस्त खेल मैदान व निगम द्वारा बनाए गए खेल भवन व व्यायाम शाला भवन के संचालन व संरक्षण के लिए समिति बनाई जायेगी।

निगम द्वारा संचालित जय हनुमान व्यायाम शाला में भवन संधारण व व्यायाम सामग्री व्यवस्था के अलावा शंकर नगर पानी टंकी मैदान में बास्केट बॉल और बैडमिंटन कोट बनाने के अलावा इंटरलॉक मेट कब्बडी और जुडो मेट की आवश्यकता बताया।

प्रभारी श्री पाल ने कहा वार्ड 11 हमर क्लिनिक के ऊपर जिम एवं वार्ड 16 में ओपन गार्डन सहित शहर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों में ओपन जिम का निर्णय समितियों के सदस्यों ने लिया। साथ ही निगम रहवासियों के लिए बघेरा में क्रिकेट मैदान निर्माण के अलावा शासकीय उमाध्यमिक विद्यालय तकिया पारा वार्ड 8 में शालेय भवन में इन्टरगेम सुविधा प्रदाय करने का निर्णय लिया शेष पृष्ठ 9 पर

# सुशासन तिहार बना उम्मीद की किरण

## घोबघट्टी की अंजली यादव को मिला नया सहारा

**कवर्धा,** 3 मई (देशबन्धु)। विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोबघट्टी की कुमारी अंजली (सरिता) यादव के जीवन में सुशासन तिहार ने नई रौशनी भर दी है। लंबे समय से आवागमन में कठिनाई झेल रहीं अंजली के चेहरे पर अब मुस्कान है, और इसकी वजह है उन्हें बिना किसी जटिल प्रक्रिया के ट्रायसाइकिल मिलना। कुमारी अंजली ने ट्राय सायकिल के लिए सुशासन तिहार में समाधान पेटी में आवेदन किया और सीधे उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्राय सायकिल मिला।



# भाजपा नेता, कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा का उपयोग पार्टी की मजबूती बनाये रखने के लिये करें

- भाजपा की मंडल बैठकों में सांसद बघेल, जिला अध्यक्ष कौशिक, विधायक यादव व महापौर बाघमार का आव्हान

**दुर्ग,** 3 मई (देशबन्धु)। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अब भाजपा मंडल इकाइयों का दौरा सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष अरविंद खुराना और महापौर अलका बाघमार के साथ शुरू कर दिया है। सभी मंडलों में जगह जगह बैठकें लेकर पार्टी की मजबूती तथा जनता से लगातार संपर्क बनाये रखने का मंत्र देते हुए कार्यकर्ताओं का आव्हान कर रहे है कि जिस तरह पिछले सभी चुनाव में सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूती दी, उसी तरह आगे भी समर्पित भाव से कार्य करते रहे। सभी जगह श्री कौशिक व नेताओं का कार्यकर्ताओं ने बाजे गाजे, फटाकों, व पुष्पहार, पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।



जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने अपनी पूरी टीम के सात आज धमधा, लिटिया बोरी, व दुर्ग पटरी पार, मंडल का दौरा कर बैठक ली। अमलेश्वर मंडल की बैठक भी शाम को ली। बैठक में सांसद विजय बघेल ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि आज मंडल पदाधिकारी के रूप में मेहनत से कार्य कर रहे जिले के पदाधिकारी बनेगें। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक पार्टी को सफल बनाने में जो एनर्जी दिखाई है उसे पार्टी को लगातार मजबूत बनाने लगाते रहे। विधायक दुर्ग शेष पृष्ठ 9 पर

# भाजपा अध्यक्ष ने शांति नगर में हेलमेट बैंक का उद्घाटन किया



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा में हेलमेट बैंक का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने किया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने श्रमिक दिवस पर हेलमेट बैंक प्रारंभ किया है, जो कि जीरो रोड दिगंबर जैन मंदिर के सामने शांति नगर में है। श्री सेन ने दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया के लिए सीट बेल्ट को आवश्यक बताते हुए कहा कि यातायात नियम भी यह कहता है। प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में लाखों लोगों की जान हेलमेट नहीं पहनने से होती है। जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन, भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर लाल देवांगन ने हेलमेट बैंक उद्घाटन किया। हेलमेट बैंक में लगभग 5 हजार हेलमेट रखें गए हैं। ऐसे लोग जो अच्छा हेलमेट नहीं ले पाते, आर्थिक अभाव के चलते हेलमेट बगैर वाहन चलाते हैं, वो 1 रूपये प्रतिदिन किराये के आधार पर बैंक से हेलमेट प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर शशी भगत, तरूण सिंह, दीपक भोंडेकर, गोपाल साहू, विजय शुक्ला, मोतीलाल श्रीवास्तव, मुखविंदर सिंह, अवतार सिंह मेहरा, सतबीर सिंह, विवेक सेन, मनीष सिंह, हरिश्चंद्र कनौजिया, मनमीत कौर, बी रामाराव, प्रदीप गुप्ता, संदीप यादव, तसविंदर सिंह, दीपक गुप्ता, अखिलेश सिंह, हरजिंदर सिंह, बाबी चौहान मौजूद रहे।

# जिलाधीश आदेश के तहत हो रही कार्रवाई

## आयुक्त सुशासन तिहार की जानकारी लेने पहुंच घरों में

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। भिलाई सुशासन तिहर 2025 के अंतर्गत नगर निगम भिलाई में कुल 1683 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से मांग के संबंध में 1228 निराकृत किया जा चुका है। 1055 लंबित है। 173 इसी प्रकार शिकायत 455, निराकृत 343 लंबित 112 है। जो बच गया है उसका निराकरण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह सुशासन तिहार के संबंध में दुर्ग जिले के सभी नगर निगमों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई थी। इसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि निराकृत आवेदनों का औचक रूप से निरीक्षण भी किया जाए। इससे आम जनता की संतुष्टि पता चल जाएगा। इसी तारतम में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त ऐसा लहरे के साथ जोन क्रमांक 2 में प्राप्त आवेदनों के



निराकरण का सत्यापन करने के लिए वार्ड क्रमांक 15 पूर्णिमा गुप्ता के घर गए। उनकी समस्या थी कि उनका मकान नीचे हो जाने के कारण बारिश के समय उनके घर में पानी भरता है। जिससे उन सबको बहुत परेशानी होती है। इसके निराकरण के लिए प्रस्ताव बना करके प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किये। कहीं पर बैक लाइन सीवरेज की समस्या थी। उसका भी निरीक्षण किये। शांति नगर पुलिस थाना सियान सदन के बगल में कुछ लोगों द्वारा नजूल जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है। सभी को नोटिस देखकर कार्रवाई करने के लिए सहायक राजस्व प्रभारी सहायक शरद दुबे को निर्देशित किये। कुछ लोगों द्वारा लिखित शिकायत की गई थी कि वैशाली नगर में 20 दुकानों का आवंटन पूर्व साडा से हुआ है। उसमें कुछ लोग किराए पर अपनी दुकान चलवा रहे हैं। ऐसी शिकायत शिकायत मिली है। उसको भी जांच करने के लिए आदेशित किये। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद संतोष मौर्या, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता सर्व समाज में शामिल

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। संजय साहू समाज सेवी युवा व्यवसायी छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के संरक्षक सदस्य एवं विनोद देवांगन अधिवक्ता, राजेंद्र सिंह चौहान सेवानिवृत शिक्षक द्वारा संघ की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश महासचिव लखन लाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्षगण अनुरूप साहू, संत कुमार केशकर, घनश्याम देवांगन, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी डी. पी. देशमुख, दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग भानु प्रताप यादव ने संगठन की ओर से बधाई दी है। यह जानकारी संगठन के भानू प्रताप यादव ने दी है। उन्होनें बताया कि पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने संगठन में शामिल हुए है।

# शासकीय नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटवाया गया



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का नबंर 43 खसरा नबंर 541 में अनिल द्वारा लगभग 8000 वर्गफीट में प्रिकास्ट लगाकर घेरा किया जा रहा है। जबकि ग्राम जुनवानी राजस्व अभिलेख में अनिल के नाम पर खसरा नबंर 541/81 रकबा 0.04 दर्ज है। पूर्व में उक्त भूमि का स्थल निरीक्षण गठित टीम द्वारा किया गया था। जिस पर बृजेश द्वारा मुरूम डालकर एवं प्रिकास्ट घेरा करके अतिक्रमण किया गया था। जिसे संयुक्त रूप से निगम भिलाई द्वारा पूर्व में रिक्त करवाया गया था। उक्त शासकीय भूमि भिलाई सीमा के अंदर होने के नाते हल्का पटवारी प्रतिवेदन में पंचनामा छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 1956 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप आज कार्यवाही की गई। अतिक्रमणकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के दुसरे खसरे में अपना जमीन मानकर जानबुझ कर अतिक्रमण कर रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आज सुबह निगम भिलाई के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में ईएसआईसी हास्पिटल के सामने पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जा को रिक्त कराया गया। ततपश्चात उक्त स्थल पर पंचनामा तैयार कर शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जोन प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्ना तिवारी, राजस्व निरीक्षक मीनू सिंह, सुपरवाईजर ईमान सिंह कनौजे, निरंजन असाटी, हरिओम गुप्ता, शशांक सिंह, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज उपस्थित रहे।

# रिश्वत की मांग करने वाली लिपिका निलंबित

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। कॉलेज के प्रोफेसर से कॉलेज में ही पदस्थ महिला लिपिक ने मेडिकल बिल क्लियर करवाने के एवज में रिश्वत की मांग की। रुपए नहीं मिलने पर मिन-मेख निकालती रही। शिकायत के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने महिला लिपिक को निलंबित कर दिया है। मामला भिलाई-3 में स्थित शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय का है। यहां प्रोफेसर के पद पर प्रोफेसर डा. श्रीकांत प्रधान पदस्थ हैं। उन्होंने अपनी मां का इलाज करवाने के बाद मेडिकल क्लेम के लिए डेढ़ लाख रुपए का बिल जमा किया था। जिसमें कॉलेज की लिपिक के द्वारा मीन मेख़ निकाल कर बिल क्लियर नहीं किया जा रहा था। बिल को क्लियर करवाने की बजाय लंबा इंतजार करवा दिया गया। बिल क्लियर करवाने के लिए कहने पर कमीशन की डिमांड की। चिकित्सा देयक का बिल अमाउंट करीब डेढ़ लाख था। आरोप लगाया गया कि लिपिक द्वारा जानबूझकर बिल लटकाए जाने और रिश्वत मांगने की शिकायत प्रोफेसर श्रीकांत प्रधान ने संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा दुर्ग राजेश पांडे से की थी। मामले की जांच करवाई गई जिसमें लिपिक को दोषी पाया गया। जिसमें अपर संचालनालय के प्रतिवेदन के अनुसार उच्च शिक्षा संचालनालय ने लिपिक को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में लिपिक को रायपुर क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय में अटैच किया गया है।


# टाउनशिप की विद्युत व्यवस्था को सामान्य

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। एक दिन पूर्व भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में आए तेज आंधी और तूफान से प्रभावित जनजीवन को सामान्य करने भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत अनुभाग के कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए।



बिजली के खंभे गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति और यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। उखड़े हुए पेड़ों को हटाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया गया। आंधी-तूफान के दौरान हवा की गति होने के कारण भिलाई टाउनशिप के 70-75 पेड़ गिर गए। जिसमें विद्युत आपूर्ति लाइन पर गिरे 42 से अधिक पेड़ों ने टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित किया। जिसके कारण टाउनशिप के विभिन्न सेंक्टरों में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। स्थिति की सूचना मिलने पर भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत अनुभाग के सदस्यों ने क्रेन, डोजर, डम्पर और उद्यानिकी विभाग के टीम के सहयोग से तत्काल कार्य प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम गिरे हुए पेड़ों को हटाया और हुई क्षति का आंकलन कर क्रमाश: सुधार की कार्यवाही प्रारंभ की। आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए पेड़ों को हटाने के बाद उन क्षेत्रों को प्राथमिकता के साथ रात में ही विद्युत आपूर्ति को सामान्य करने का प्रयास किया गया। जहां क्षति कम हुई थी और थोड़े से प्रयास से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो सकती थी। वहां पर रात्रि में ही विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई। विद्युत अनुभाग की टीम कल संध्या से लगातार विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द सामान्य करने में लगी है। हालांकि, व्यापक नुकसान के कारण कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति सामान्य होने में समय लग रहा है। टाउनशिपवासियों से अपील है कि ऐसे प्राकृतिक आपदा के दौरान धैर्य और संयम बनाए रखें और विद्युत अनुभाग के कर्मियों को अपना काम करने में सहयोग प्रदान करें। वही टाउनशिप में विद्युत व्यवस्था सामान्य होने की बात कही गई है।


# सेंट थॉमस में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग की समिति आरकन्स काउंसिल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समरोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ.पी.एस.वर्गीस थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम जी. रोईमोन ने कहा कि प्रबंधन विभाग की विशेषता इनकी एक्टिविटी क्लास है जिसमें छात्र विशेषरूप से प्रबंधन की बारीकियां सीखते हैं। फादर डॉ.पी.एस.वर्गीस ने कहा कि समय का प्रबंधन सबसे ज़रूरी है जो छात्र समय का सम्मान करत हैं वो जीवन में सदा सफल होते हैं। डॉ. देबजानी मुख़र्जी ने कहा कि समय प्रबंधन के साथ साथ विद्यार्थी यदि स्वयं को भी व्यवस्थित करेंगे तो जीवन में सदा सफलर हेंगे। डॉ सूसनआर अब्राहम ने कहा कि हमारे छात्र पढ़ाई के साथ उद्योग जगत में भी अपनी योग्यता सिद्ध कर रहें हैं। कार्यक्रम के दौरान पुररस्कार वितरण के साथ एक्टिविटी क्लास, समूह परिचर्चा, बेस्ट प्रेसेंटेशन, समाज सेवा कार्य. औद्योगिक भ्रमण एवं अन्य प्रतियोगिताओं केप्रमाणपत्र भी वितरित किये गए। छात्रों द्वारा इस अवसर पर मॉक पार्लियामेंट का भी सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र इखार, डॉ. निम्मी वर्गीस, डॉ. सुनीता क्षत्रिय, डॉ. रिंसी अब्राहम एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# लैग से रेत निर्माण की दिशा में शोध कार्य जारी : अनुप

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। संयंत्र सहित विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों की सहभागिता म मेटलर्जिकल उद्योगों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समस्याएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई लोकल सेंटर तथा इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ प्लांट इंजीनियर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य शासन एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी दोनों संस्थानों के सदस्य एवं दुर्ग.भिलाई के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र.छात्राएं भी उपस्थित थे। इस अवसर पर इस्पात संयंत्र से मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सिन्टर प्लांट बीएसपी अनुप कुमार दत्ता , महाप्रबंधक सीईटी.बीएसपी श्रीमती मंजू हरिदास, पूर्व महाप्रबंधक



प्रभारी राजीव वर्मा, सहायक प्राध्यापक मेटलजी, एनआईटी रायपुर डा. सुभाष गांगुली, वरिष्ठ महाप्रबंधक वेदांता एल्यूमिनियम लिमिटेड ओडिशा, अभिषेक दुबे, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैप्टर ए.एन. सिंह तथा अध्यक्ष भिलाई लोकल सेंटर पुनीत चौबे ने अपने विचार साझा किए। अनुप कुमार दत्ता ने बताया कि इस्पात उत्पादन के प्रारंभिक वर्षों में स्लैग के निष्पादन में अनेक चुनौतियाँ थीं, किन्तु सीमेंट संयंत्रों द्वारा स्लैग के उपयोग ने इसका समाधान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्लैग से रेत निर्माण की दिशा में शोध कार्य जारी हैं, जिससे नदी से रेत खनन कम होगा और नदियों का संरक्षण संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सेल द्वारा हाल ही में धान की पराली को सिन्टर संयंत्रों में बायोफ्यूल के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। जिससे उत्तरी भारत में स्मॉग की समस्या कम करने में मदद मिल रही है। बी.एस.पी. के पूर्व महाप्रबंधक प्रभारी राजीव वर्मा ने मेटलर्जिकल अपशिष्ट को फेरस और नॉन फेरस श्रेणियों में विभाजित करते हुए बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस तथा इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्लैग के पुन: उपयोग की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक टन लोहा उत्पादन पर लगभग 0.6 टन ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है। उन्होंने हरित इस्पात तकनीकों विशेषकर हाइड्रोजन के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हुए ठोस ईंधनों पर निर्भरता घटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। एनआईटी रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ.सुभाष गांगुली ने मेटलर्जी प्रक्रियाओं में हजार्डस हज़ार्डस और नॉन.हज़ार्डस अपशिष्ट की पहचान एवं पृथक्करण पर बल दिया। उन्होंने भूजल और जलाशयों में हेवी मेटल से होने वाले दीर्घकालिक प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए जीरो सॉलिड डिस्चार्ज मॉडल अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने उद्योगो, शैक्षणिक संस्थानों एवं अनुसंधान निकायों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। अभिषेक दुबे ने एल्यूमिनियम उत्पादन से उत्पन्न अत्यधिक क्षारीय रेड मड के निष्पादन की प्रक्रिया को साझा किया। उन्होंने बताया कि वेदांता द्वारा स्थापित एक पायलट संयंत्र के माध्यम से रेड मड को सीमेंट निर्माण योग्य फिल्टर केक में बदला जा रहा है। साथ ही उन्होंने उल्लेख किया कि चीन द्वारा बॉक्साइट से सीधे एल्युमिनियम निष्कर्षण की नई तकनीक विकसित की गई है। जिससे ठोस अपशिष्ट का उत्पादन काफी हद तक कम हो गया है। चर्चा का संचालन महाप्रबंधक श्रीमती मंजू हरिदास ने किया। अध्यक्ष ए. एन. सिंह पुनीत चौबे ने विचार व्यक्त किए। बसंत साहू द्वारा स्वागत भाषण तथा कार्यक्रम का संचालन निधि शुक्ला ने तथा पी. के. नियोगी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# भिलाई-चरौदा के दादर में चला निगम का बुलडोजर



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरौदा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-5 दादर-पर्थरा वार्ड में निगम प्रशासन की ओर से आज कार्यवाही की गई। जिसमें अवैध प्लाटिंग को निगम के जेसीबी वाहन की मदद से जमीदोज किया गया। यहां ज्ञात हो कि नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन को मिली सूचना के आधार पर वार्ड क्रमांक-5 दादर में धरसा रोड के किनारे नवा तालाब के पीछे अवैध प्लाटिंग किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत के द्वारा अपनी टीम को मामले में फौरन कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिसके पश्चात् उप अभियंता मुकेश रात्रे द्वारा अपने अमले के साथ मौके पर पहुच कर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान मुकेश रात्रे उप अभियंता के साथ टाईम कीपर श्यामता साहू सहित जेसीबी चालक भी मौजूद रहे। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा की इस कार्यवाही से लोगों में दहशत देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस तरह की शिकातया मिलने पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# सेवानिवृत्त पर सुरेखा को दी गई विदाई



**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि 37 साल एक ही विकास खंड में पाटन में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली एल एच व्ही श्रीमती सुरेखा रौठर जिन्होंने ने तीन पीढ़ियों की प्रसव कराएं शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गई। मुख्य अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि शासकीय प्रकिया में अर्धवार्षिक आयु पूरी करने पर एक ना एक दिन अपने कर्तव्य से सेवानिवृत्त होना है। श्रीमती सुरेखा रौठर ने क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से सेवा की है अध्यक्षता कर रहे बी ई ईटीओ बी एल वर्मा ने कहा कि सुरेखा रौठर ने अपने कर्तव्यों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन को जिला स्तर पर ओर राज्य सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में नाम रोशन किया है विशेष अतिथि प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि तीन पीढ़ियों तक जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं देना एक बड़ी उपलब्धि है जिनका प्रसव कराया आज वे लोग बड़े होकर स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में नौकरी कर रहे हैं। सुरेखा रौठर ने कहा कि केवल प्रशस्ति पत्र ओर शिल्ड प्राप्त करना उपलब्धि नहीं है बल्कि लोगों का प्रेम स्नेह दुलार इज्जत देना सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम में बी ईटीओ श्रीमती चंद्रकांता साहू, श्रीमती आर विश्वास के के वर्मा, जे आर मार्कंडेय, देवकी, सुमित्रा बोकासे, मधु देवांगन, श्रीमती चित्रलेखा देवांगन, श्रीमती देशलहरे, भूपेंद्र यादव, आशीष नेताम, महेश, उतम मधुकर, संजय मिश्रा, जीवनए विवेक साहू, आर के बंजारे, अंजना शर्मा, मधुलता लाल, रोशनी, छाया तुमडे सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुमधुर गीतों से गायक मन्ना डे को दी गई श्रद्धांजलि

**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। महान गायक मन्ना डे के 106 वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक शाम मन्ना डे के नाम संगीतमय कार्यक्रम 1 मई की शाम रिसाली में आयोजित की गई। इस दौरान रिसाली लड्डू गणेश मैदान के मंच का भी शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रिसाली महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, पार्षद जमुना ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम में नैवेद्य एण्ड ग्रुप द्वारा मन्ना डे के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती शशि सिन्हा द्वारा मन्ना डे के छायाचित्र पर पुष्प और ड्रिप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्यामल गोस्वामी, देवाशीष विश्वास, पामेला विश्वास, तपन कुमार नाथ, जाह्नवी दत्त ने मन्ना डे के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। तबला में आर पी जेना और सिंथेसाइजर में साईं चक्रवर्ती ने संगत की। मंच संचालन गोविंद पाल ने किया। तेज हवा का साथ बारिश के बाद भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। यह जानकारी सुभांकर ने दी है।



# स्टील सिटी चेंबर ने सांसद से की भेंट




**भिलाईनगर,** 3 मई (देशबन्धु)। विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा के साथ स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता एवं स्टील सिटी चेंबर के सचिव करमजीत सिंह गगन ने सांसद के आमंत्रण पर चर्चा में शामिल हुए। चर्चा के दौरान सांसद ने लीज नवीनीकरण प्रकरण में प्रबंधन के कार्यकलापों पर रोष जाहिर किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी, भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, प्रदेश के राजस्व मंत्री, संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर दुर्ग के नाम पत्र तैयार कर ई मेल के माध्यम से टाउनशिप क्षेत्र के व्यापारियों, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं हो रही परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्र लिखा। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विजय बघेल ने आश्वस्त किया है कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है आप सब लोग संगठित और एक जुट रहिए हम इस समस्या का हल स्तर पर निकालेंगे। ज्ञानचंद जैने में बताया कि संभवत सोमवार 5 मई को जिला कलेक्टर दुर्ग के साथ इसी विषय पर चर्चा प्रस्तावित है । आने वाले 15 दिनों तक हम सब लोग अपन अपने बाजार में संगठित होकर बीएसपी प्रबंधन के गैर जिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ नगर सेवा विभाग कि किसी भी कार्यवाही का डटकर मुकाबला करने तैयार रहेंगे। ज्ञानचंद जैने ने बताया कि सांसद विजय बघेल ने अपना पूरा सहयोग और मार्गदर्शन समय-समय पर देने का वादा चेंबर प्रतिनिधियों को किया है।

# सुशासन तिहार के तहत जिला परिवहन कार्यालय में लगाया गया लर्निंग लाइसेंस शिविर

**बालोद**, 3 मई (देशबन्धु)। जिला परिवहन कार्यालय पाकुरभाट बालोद में शनिवार को लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला परिवहन विभाग बालोद द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य सुशासन में आम जनता को सुविधा प्रदान करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस शिविर में लोग लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाईन आवेदन कर लर्निंग प्राप्त करने के हेतु विष्णु के सुशासन में जागरूकता का परिचय देते हुए अपना एक कदम आगे बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए जिला परिवहन विभाग ने जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किया जिससे लोगों को अपने क्षेत्र में ही लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने का अवसर व लाभ मिला। शिविरों में लोगों ने बड़ी संख्या में बढ़चढ़ कर भाग लिया और तुरंत अपना लर्निंग लाइसेंस प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत लगाए जा रहे लर्निंग लाइसेंस शिविरों में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। इसी कड़ी में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम भेंगारी निवासी वासुदेव एवं ग्राम धनेली निवासी गुलशन सहित जिले के अन्य क्षेत्रों से आए आवेदकों ने लर्निंग लाइसेंस बनवाने उक्त शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। वंही जिला परिवहन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए आवेदकों को त्वरित समाधान देते हुए लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया जिससे सभी आवेदकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने एक स्वर में कहा कि सुशासन तिहार के तहत समस्या का समाधान मिल गया। हमें बहुत खुशी है कि लाइसेंस के लिए भटकना नहीं पड़ा। वहीं ग्रामीण विनय सिन्हा ने भी कहा कि हम जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर बहुत ही लाभकारी है। त्वरित कार्यवाही के लिए हम प्रशासन के साथ साथ परिवहन विभाग का आभार व्यक्त करते हैं। आवेदकों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर वरदान साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को हम तहेदिल से धन्यवाद देते हैं जिन्होंने गांव.गांव में सुशासन पहुंचाने की पहल की है।



- लोगों का उमड़ा हूजूम
- वाहन चलाने का अधिकार मिलने से लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान

इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर पूर्णतया सफ्ल रहा। इस दौरान वाहन चालकों द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनवाए गए। लर्निंग लाइसेंस एक अस्थायी लाइसेंस है। जो ड्राइविंग सीखने और सड़क पर वाहन चलाने की अनुमति देता है। वंही लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर निर्धारित समयावधि के पश्चात ड्राइविंग टेस्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं और स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। वहीं दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की गई। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की समझाइश दी गई। हमारी मंशा है कि सभी अधिक से अधिक इस कैंप का लाभ लेकर लर्निंग लाइसेंस बनाए। वंही लाइसेंस शाखा प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा कैंप में उपस्थित लर्निंग लाइसेंस बनवाने आए लोगों को लर्निंग लाइसेंस के महत्व एवं यातायात की जानकारी दी गई। साथ ही श्री गंगा परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालक मनीष कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर न केवल वाहन चालकों को कानूनी रूप से वाहन चलाने की मान्यता दिलाई बल्कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया। यह पहल सड़क पर अनुशासन और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए परिवहन विभाग के समन्वित प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है तथा विष्णु के सुशासन में जिले के लोगों के आवेदनों का निराकरण कर तत्वरित लाभ दिलाने में जिले में संचालित सभी परिवहन सुविधा केन्द्रों के संचालकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है जो सराहनीय है। उक्त शिविर में जिला परिवहन विभाग से रवि ठाकुर, सुमन देशलहरे, सूश्मा जायसवाल, तुकेश हिरवानी, प्रोग्रामर चंद्रशेखर साहू, गणेश्वर मंडावी परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालक मनीष कुमार साहू, लीना साहू, होमेन्द्र गंजीर, सूश्मा बंजारे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने समाधान शिविर की तैयारी को लेकर जिला अधिकारियों की बैठक ली

**बेमेतरा,** 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज शाम यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार-2025 के तीसरे चरण की तैयारी की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, जिले के सभी एसडीएम एवं अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ के जिलों में च्सुशासन तिहारज् 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आप सब पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों का पालन सुनिश्चित करें।



**अधिकारी शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे : कलेक्टर**

उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 64 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में जिन अधिकारियों को दायित्व सौपा गया है, वहाँ जाकर व्यवस्था देख लें। इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा। शिविरों में विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टाल भी लगाए जाएंगे,यदि नए आवेदन प्राप्त होते है तो नए आवेदन भी लिए जाएं। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी देना सुनिश्चित करें।शिविरों में विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टाल भी लगाए जाएंगे,यदि नए आवेदन प्राप्त होते है तो नए आवेदन भी लिए जाएं। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर ने बताया कि किसी भी शिविर में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री , मंत्रीगण, सांसद,विधायकगण शामिल हो होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के दौरान कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे और ना ही अवकाश लेंगे। उन्होंने शेष आवेदनों का निराकरण रविवार शाम तक करने के निर्देश दिए।

# कपरमेटा मोड में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल मैजिक वाहन से टकराया



**गुरुर**, 3 मई (देशबन्धु)। बालोद धमतरी मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल व मैजिक वाहन में टक्कर हो गई। घटना मे मोटरसाइकिल में सवार 24 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को 3 बजे की है। ग्राम कोचवाही निवासी रूपेश कुमार राणा उम्र 24 वर्ष मोटरसाइकिल से ग्राम टेंगना बरपारा आया था, जहां से बालोद की तरफ जा रहा था वहीं मैजिक वाहन में पालतु मवेशी को लेकर वाहन चालक मुख्य मार्ग से गुजर रहा था, तभी कपरमेटा मोड़ के पास पहुंचे थे कि मोटरसाइकिल एवं मैजिक वाहन में टक्कर हो गई। घटना में मोटरसाइकिल में सवार युवक की लापरवाही सामने आई है।

**लापरवाही से हुआ हादसा**- प्रत्यक्षदर्शीयो के मुताबिक मोटरसाइकिल में सवार युवक तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जा रहा था जिसकी वजह से स्वयं मैजिक वाहन से जा टकराया। घटना में बाइक में सवार युवक के सिर में गंभीर चोट आया था, घटना के बाद राहगीरों की मदद से तत्काल घायल युवक को निजी वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दी।

इस घटना में मैजिक वाहन में सवार वाहन चालक को भी हाथ, पैर में मामूली चोट आई है जबकि मैजिक वाहन एवं मोटरसाइकिल को भी काफी क्षति पहुंचा है। शनिवार को शाम होने की वजह से शव का पीएम नहीं हो पाया है। रविवार को प्रातः गुरुर स्थित मर्च्युरी में पीएम किया जाएगा।

# सुशासन त्यौहार के मध्य जिले में जमकर चल रही अवैध रेत खनन कार्य

**बालोद**, 3 मई (देशबन्धु)। बालोद जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर मर्रामखेड़ा में जमकर अवैध रेत खनन का कार्य निरंतर जारी हैए विभागीय अधिकारी को इस बारे में जब पूछा जाता है तो वे अपनी अनभिज्ञयता जाहिर करते हुए उनका रटा रटाया जवाब मिलता है कि आप लोगों से हमें पता चला है कि अवैध रेत खनन का कार्य जारी है और हम अति शीघ्र टीम भेज कर दिखाते हैं। जब इस बारे में आज बात किया गया तो खनिज विभाग के प्रमुख अधिकारी ने कहा वहां पर कुछ नहीं चल रहा है उन्होंने कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए शीघ्र ही कार्रवाई की बात कहते हैं। जहां पर समाचार अखबारों में प्रमुखता से मर्रामखेड़ा में अवैध खनन की बात कही गई खनिज विभाग के अधिकारी यहां अपनी टीम ना भेज कर अन्य क्षेत्र जहां पर रेत खनन कार्य जारी नहीं है खानापूर्ति कर लेते हैं। ज्ञात होगी मर्रारामखेड़ाए पोडए रेगाकठेरा क्षेत्र में लगातार अवैध रेत खनन का कार्य दिन.रात जारी है। ग्रामीण बहुत परेशान है अपना नाम न छापने की छत में लगातार जानकारी मीडिया को दे रहे हैं लेकिन जिला मुख्यालय में बैठे आल्हा अधिकारी चुपचाप सब कुछ राजनीतिक दबाव के चलते हैं। खनिज विभाग का मानना है कि किसी भी क्षेत्र की रेत खनन का परमिशन नहीं दिया गया है बावजूद लगातार हाईवे में रेत की आवाजाही जारी है। इनके अलावा आरटीओ विभागए यातायात विभाग भी अपनी चुप्पी साध बैठे हैं। यह सभी अपना ठीकरा दूसरे अन्य विभाग पर फोड़ देते हैं। सफेद पोष की आड़ में नई सरकार बनने के बाद निरंतर अवैध खनन का कार्य जोरों पर है। आल्हा अधिकारी पर अत्यधिक दबाव के चलते कुछ भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग बहुत परेशान हैं।



**जिले के तीन क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से अवैध खनन कार्य जोरों पर, प्रशासन नींद में**

# तेज आंधी तूफान व बारिश से जन जीवन हुआ प्रभावित

**गुरुर,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से शाम होने के बाद तेज आंधी तूफान एवं बारिश की वजह से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है, शनिवार को भी तेज आंधी तूफान एवं बारिश की वजह से क्षेत्र वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गुरुर सहित ग्राम भरदा, पुरुर, कँवर, कुलिया, धनेली, अरमरीकला, धनोरा सहित अन्य गांव में घरों के अलावा दुकानों का भी तेज आंधी तूफान की वजह से टीन शेड उखड़ गया है। तेज आंधी तूफान एवं बारिश के बाद से लेकर शाम 7-30 बजे तक बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ठप रहा।



**ग्रीष्मकालीन धान, उड़द मूंग की फसलों को नुकसान**

शनिवार को देर शाम तक बिजली कटौती होने की वजह से क्षेत्र वासियों को ट्यूबवेल के माध्यम से मिलने वाला पानी अब तक उपलब्ध नहीं हो पाया है।वहीं तेज आंधी तूफान के कारण क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है, धान की फसलें जमीन में गिर गई है। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन उड़द मूंग की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

मौसम विभाग से जानकारी के मुताबिक अगले 48 घंटे में क्षेत्र में तेज आंधी तूफान व बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। वही आज शनिवार को सुबह से देर शाम तक मौसम में उतार-चढ़ाव के साथ गुरुर तहसील क्षेत्र का अधिकतम तापमान 37 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा।

# उपमुख्यमंत्री ने 5.43 करोड़ रुपए लागत की सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**कवर्धा,** 3 मई (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से कबीरधाम जिले में विकास की गूंज सुनाई देने लगी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज नाबार्ड योजना अंतर्गत ग्राम कान्हाभैरा में 5 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से 6.7 किमी लंबी बनो से कान्हाभैरा तक सड़क, पुल पुलिया का विधिवत भूमिपूजन किया।

यह सड़कों का निर्माण न केवल इस क्षेत्र को यातायात सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि ग्रामवासियों, किसानो के लिए विकास की नई राहें खोलेगा। लंबे समय से सड़क संपर्क के अभाव में परेशान ग्रामीणों के जीवन में अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आग्रह किया था, जिसे उन्होंने तत्परता से स्वीकार कर स्वीकृति दी। जिसके बाद आज इसका भूमि पूजन किया गया। उप मुख्यमंत्री ने आज ग्राम विकास की दिशा को आगे बढ़ते हुए ग्राम कान्हाभैरा के लिए सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण के लिए 12 लाख रुपए और दो बोर खनन की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सड़क मार्ग निर्माण की यह पहल जिले के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे स्थानीय बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस सड़क के बनने से ग्राम बानो, आंक्षीं, पथरा, कान्हाभैरा गांव के हजारों ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। आवागमन में सुविधा होगी। बेहतर सड़कों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यापार के नए अवसर साकार होंगे। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा इसमें ग्रामवासियों का सक्रिय सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा की सभी विकास कार्य समय पर पूर्ण किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में समग्र प्रगति संभव हो सके। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जिन गांवों में सड़कें नहीं हैं या वर्तमान में खराब स्थिति में हैं, वहां नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**कान्हाभैरा से बनो 6.7 किमी लंबी सड़क, पुल-पुलिया निर्माण से हजारों ग्रामवासी होंगे लाभान्वित**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा आवश्यक है और यह परियोजना स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि सरकार गांवों में बेहतर सड़कें और सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील की और विश्वास दिलाया कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है, ताकि हर व्यक्ति को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि हर क्षेत्र, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण, विकास की मुख्यधारा से जुड़े। आपके सहयोग से ही यह संभव हो सकेगा, इसलिए सभी ग्रामीणों से अपील है कि वे इन कार्यों में अपना सहयोग दें। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने भू-जल संरक्षण पर भी जोर देते हुए ग्रामवासियों को जमीन के नीचे जल स्त्रोतों को बचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जल संरक्षण को ग्रामीण विकास का आधार बताया।

# सुशासन तिहार के तहत सामाधान शिविरों के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने ली पत्रकार वार्ता



**बालोद,** 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता लेकर जिले में सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के उद्देश्यों तथा आगामी 05 मई से शुरू हो रहे समाधान शिविरों के आयोजन की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकड़ा, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपुजन

**डोंगरगढ़,** 3 मई। मुक्तिधाम समिति द्वारा सांसद संतोष पांडे की लगभग ग्यारह लाख रूपये निधि से मुक्तिधाम सौन्दर्यकरण भूमिपुजन का कार्य प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती की उपस्थिति में रिटायर्ड स्टेशन मास्टर एवं विश्वहिंदुपरिषद के विश्वनाथ यादव जी के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया उक्त अवसर पर सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, जस्मितसिंग बन्नोआना, मोंटी भाटिया,पार्षद निर्मलकर, डीकेश राव, भूपेंद्र मरकाम, पिंटू भाटिया, वीरेन्द अग्रवाल, कैलास अग्रवाल, मनोज गुप्ता,सविता दरगढ़, लक्ष्मी यादव, विनीत यादव चेतन अग्रवाल, श्याम तिवारी, विजय कोटांगले,विनय बंसल, सहित बहुसंख्यक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**जल ही जीवन है**

## निधन

### रानुलाल बंगानी



**नवापारा-राजिम,** 3 मई। श्वेताम्बर समाज के वरिष्ठ सदस्य रानुलाल बंगानी बोरसी वाले उम्र 77 का आकस्मिक निधन आज रात्रि 3 बजे हो गया उनका अंतिम संस्कार 10.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे जीतेन्द्र, विकास बंगानी के पिता थे।

### राजकिशोर शुक्ला



**पलारी,** 3 मई। पलारी के ग्राम घोटीया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजकिशोर शुक्ला 85 का आज शनिवार को देवलोक गमन हो गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण सहित पत्रकारगण बड़ी संख्या मे शामिल हुए। वे प्रेमा देवी शुक्ला के पति ,गीता मिश्रा,सविता मिश्रा, अखिलेश शुक्ला,मिथलेश शुक्ला के पिता, प्रतिक शुक्ला सुनैना, प्रेरणा शुक्ला,स्वकाश शुक्ला के दादा,अजय, अभय,महीमा, प्रतिभा के नाना थे।

### कमल नारायण राजपूत



**पलारी,** 3 मई। पलारी के ग्राम अमेठी के प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व जनपद सदस्य डा.कमल नारायण राजपुत का आज आकस्मिक निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है वे कुलदीप और सोनू राजपूत के पिता थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महापौर ने सफाई अभियान का...

नगर के स्थानीय नागरिकों से चर्चा भी की। साथ ही साथ इंदिरा कॉलोनी वार्ड 40 में महापौर ने दिए गए निर्देश में तत्काल बड़े चैन माउंटेन को लगाकर नाला सफाई भी कार्य जारी है। साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान लेबर कोर्ट के बाजू पेड़ से टकराते हुए बिजली तार को तत्काल प्रभाव से बंद करवा कर पेड़ को साफकर वापस बिजली तार को सही किया गया एवं किसी भी प्रकार की अपनी घटना से बचाया गया।

### निगम का दूसरे दिन भी ...

उठा लिया था। आज मलमा ढोने का कार्य जारी रहा। आज भी बड़ी संख्या में लोग इस इंदिरा मार्केट के नए रूप को देखने के लिये घंटों सड़क पर भीड़ लगाये रहे जिन्हें पुलिस के लोग जगह खाली करने के नाम पर खदेड़ते रहे। इन दूकानदारों ने बताया कि वे अपनी दूकानें खाली कराने व सामानों को अन्यत्र ले जाने का कार्य स्वस्फूर्त कर रहे है मगर दोपहर लगभग 2 घंटे तक पानी बारिश के व्यवधान के कारण कार्य प्रभावित रहा। दूकानदार किसी तरह दूकानों की सुरक्षा करते हुए सामान हटाने का कार्य करते हुए मौके पर ही डटे हुए है। परिजन उनके लिये घरों से खाना पहुंचाने का कार्य कर रहे है।

इस तरह दूकानों के हट जाने से इंदिरा मार्केट वाली सड़क भी दोनों ओर 12-12 फुट चौड़ी हो गई है। एक तरफ तहसील क्वार्टर दिखने लगे है तो सड़क के दूसरे किनारे की दूकानें हटाने के बाद जिला अस्पताल की बाउण्ड्री वाल में लिखे नारे भी पढ़े जाने लगे है। पुराने कोतवाली के सामने की फुटपाथ को भी अतिक्रमण से मुक्त किये जाने का कार्य जारी है।

आज के अतिक्रमण हटाओं अभियान में भवन अधिकारी गिरीश दीवान, राजेन्द्र ढवाले, बाजार अधिकारी शुभम गोईर, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार, बाजार विभाग से ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित जिला प्रशासन और यातायात विभाग पुलिस विभाग की टीम उपस्थित थीं।

### कलेक्टर की पहल पर ...

सांकरा, जांमगांव (एम) एवं घुघवा आदि समितियों में बीज भंडारण हेतु परिवहन कार्य किया जा रहा हैं। शीघ्र ही आगामी दिनों में जिले की सभी सिमितियों में बुवाई पूर्व बीज का भंडारण कर लिया जाएगा। श्री बेहरा ने यह भी बताया कि इस वर्ष कृषि विभाग द्वारा धान के प्रचलित किस्मों की मांग 25862 चीटल के साथ ही 10 वर्ष से कम रिलीज किस्मों का 1808 चीटल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं। धान की नई किस्मों में विक्रम टी.सी.आर, एम.टी.यू 1156, सीण्जी देवभोग, सी.जी धान 1919, विष्णुभोग स्लेक्शन 1 एवं एम.टी.यू 1318 आदि प्रमुख है।

### नगर निगम शिक्षा समिति की बैठक...

गया। बैठक के दौरान आरएन वर्मा, अश्वनी निषाद, आशीष चन्द्राकर, मनीषा सोनी, सरिता चन्द्राकर, गुलशन साहू, खिलावन मटियारा के अलावा ललित ढीमर एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

### भाजपा नेता, कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा का...

शहर गजेन्द्र यादव ने केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों व उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को अपना मनोबल बनाये रखने की सीख दी। बैठकों को महापौर दुर्ग अलका बाघमार ने भी संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि आम जनता की समस्या ही हमारी समस्या है, कार्यकर्ता व अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराये, निराकरण किया जायेगी।

इन बैठकों में जिला भाजपा मंत्री आशीष निमजे, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, धमधा जनपद उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, पटरीपार मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रम्हभट्ट, सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तेज हवा ने मचाया कहर घंटों रहा बिजली गुल



**गंडई पंडरिया,** 3 मई (देशबन्धु)। गंडई में लगभग 4 बजे मौसम ने अचानक करवट बदला और तेज हवा ने जाम कर कहर बरसाया। बता दें कि हवा इतनी तेज थी कि धूल, कचरा और अन्य चीजें को उड़ा ले गई। हवा इतनी तेज थी किलोग अपने घरों में दुबके रहे। गौरतलब है कि तेज हवा के कारण अक्सर घरों की टीन और अन्य खतरनाक सामान उड़कर लोगों को चोटिल कर देते हैं, जिससे कई बार जान का खतरा पैदा हो जाता है इस कारण एहतियात बरतते हुए नगरवासी तेज हवाओं के थमने का इंतजार करते रहे। तेज हवाओ के चलते पोस्ट आफिस के पास ए मार्किट एवं अन्य जगहों पर पेड़ गिर गए जिससे बिजली के तार टूट गए। सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। बिजली की तार को जोड़ने में विभाग को काफी मशक्कत करना पडा। इस बीच मौसम ने रूख बदला और तेज हवा के साथ पानी की बौछार शुरू हो गई, जिससे वातावरण खुशनुमा हो गया। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मौसम खराब रहने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

# अछोली अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मिली सफलता



**डोंगरगढ़,** 3 मई। 2 मई को डायल 112 से सुचना प्राप्त हुआ की ग्राम अछोली मे प्राथमिक स्कूल के पास रात्रि शादी कार्यक्रम हो रहा था उसी पंडाल के पिछे पुरान स्कूल भवन के बरामदे मे एक अज्ञात व्यक्ति की खुन से लथपथ शव मिलने पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 189/2025 धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा अज्ञात आरोपी पता तलाश हेतु आवष्यक दिषा निर्देष दिया गया जिस पर एसडीओपी आषीष कुंजाम के मार्ग-दर्शन पर डोंगरगढ़ पुलिस टीम अज्ञात आरोपी का सघन पता तलाष किया जा रहा था दौरान मुखबिर सूचना मिला कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो घटना दिनांक को घटना स्थल के आसपास मौजूद थे ग्राम कलकसा में राहुल वर्मा के घर के पीछे छिपे हुये हैं जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदेहियों को थाना लाकर बारिकी से पूछताछ करने पर मुख्य आरोपी राहुल वर्मा निवासी ग्राम कलकसा द्वारा अपने अन्य साथी षिवम यादव एवं भास्कर वर्मा निवासी अछोली के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी राहुल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू तथा आटो रिक्षा जप्त किया गया है। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा घटना के संबंध में बताया गया कि दिनांक 02.05.2025 को रात्रि में ग्राम अछोली भास्कर वर्मा के घर पर तीनों दोस्त शराब का सेवन कर घुमने के लिये आटो रिक्षा क्रमांक सीजी 04 के.वाय. 6742 से धुमने निकले जैसे ही स्कुल चौक अछोली के पास पहुचे तब आटो की लाईट भीम लाल नेताम के चेहरे पर पडा आटो के लाईट से चेहरे पर पडने के कारण आटो चालक राहुल के साथ वाद विवाद हुआ जिस पर षिवम यादव एवं भास्कर वर्मा के द्वारा मृतक के हाथ को पकड़कर रखा और राहुल वर्मा के द्वारा अपने आटो में रखे चाकू से भीम लाल के छाती में वार कर घटना से फरार हो गये थे।

# पानी की बूंद-बूंद को तरसते नगर सहित अंचल के लोग

**परपोड़ी**, 3 मई (देशबन्धु)। परपोड़ी एवं आसपास के गांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में 1 मई को आए तूफान से नगर सहित अंचल पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो गया है जिसमें सबसे अधिक नुकसान विद्युत खभों की हुई है सभी जगह में कहीं विद्युत के खंभे टूट गए हैं तो कहीं तारे जिससे आम लोगों का जीना मुश्किल सा हो गया है आज लगातार तीसरे दिन में भी आसपास की बात तो छोड़ दो नगर में ही विद्युत सही तरीके से बहाल नहीं हो पाया है जबकि आंधी तूफान के बाद से विद्युत कर्मचारी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं जितनी आबादी उससे कहीं अधिक विद्युत के तारे और खंबे हैं जिनमें बड़ी मात्रा में नुकसान हुआ है अब लाइट नहीं रहने से सबसे बड़ी समस्या पानी की हो गई है सरकार जहां बड़े–बड़े हैंडपंप और टंकी लगाने का दावा करती है वह सभी दावे लाइट बंद होने से खोखले साबित हो रहा है एक जमाना था जब लोग कुएं से मीठा और ठंडा पानी पिया करते थे लेकिन 1993 में बनी पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने कुएं को बत से बस्तर कर दिया है और पूरी सरकारी तंत्र कुएं को पाटने में भिड़ गए जहां प्रत्येक ग्रामों में सरकारी कुएं और सरकारी हैंड पंप होते थे जहां से लोग आसानी से पानी भर लेते थे और लाइट की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने कुएं को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया



वही हैंड पंप की जगह बड़े बड़े पानी टंकी हैंड पंप की जगह ले रहे है जिसमें विद्युत रहने से ही पानी चलता है और जहां सरकार कुएं से पानी पीने से कई प्रकार की बीमारी होने का दावा करने लगी की ऊपर से खुला हुआ रहता है और सभी प्रकार की गंदगी हवा में उड़कर कुएं में गिरता है कुएं के पानी पीने से बीमारी होती है यह सरकार का कहना था और फिर सरकार बोर खनन के लिए छूट देने लगा किसानों को बोर खनन के लिए खेत पर छूठ दिया जाता है यह झूठ आज भी जारी है लेकिन आज लगातार तीसरे दिन पानी नहीं मिलने से जिनके यहां कुएं हैं इस कुएं के पानी को पीने के लिए लाइन लगा हुआ है पहले प्रत्येक घर में कुआं होता था जिससे लोग पानी पीते थे यदि गर्मी के दिनों में कुआं का जल स्रोत नीचे चला जाता था तब भी पीने के अलावा अन्य कार्यों के लिए इस कुएं से पानी निकल जाता था अब जरा सोचो कि ऐसी भयावह स्थिति में हमारे पास कुआं रहता तो तो हम पानी के लिए तो इस भीषण गर्मी में नहीं तड़पते आज लगातार तीसरा दिन है नगर में कार्यालय द्वारा प्रत्येक वार्डों में टैंकर से पानी सप्लाई किया जा रहा है लेकिन सुबह से शाम हो जाता है नगर में पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रहा है लोग पानी के लिए परेशान ही हो रहे हैं तालाब में भी पानी की बहुत ही कमी है और तालाब पूरी तरह से गंदगी से भरा पड़ा है नगर में देखें तो सफाई व्यवस्था पूरी तरह कागज में है यथार्थ में नहीं नहीं तो बस स्टैंड स्थित तालाब का निरीक्षण कर सकते हैं की कितनी गंदगी है इस तालाब में नहाने से लोगों को खुजली होता है एक जमाना था जब नगर का यह तालाब गर्मी के दिनों में सुबह 3ः00 बजे से रात्रि 10 और 11ः00 बजे तक नहाने वालों की भीड़ रहता था जिस तालाब में खुजली के कारण किसी के मृत्यु होने पर भी नहाना अब पसंद नहीं करते और तालाब के पार में बड़े शहरों की तरह टैंकर बुलवाया जाता है या तो नगर की बात है इससे खराब स्थिति गांव की है जहां लोगों को पीने के पानी तक नसीब नहीं हो रहा है इसलिए अभी समय है गांव में और शहर नगरों में सभी जगह कुआं और हैंड पंप होना अतिआवश्यक है ऐसी स्थिति आगे बहुत बनने वाली है क्योंकि सरकार और नेता दोनों पेड़ काटने में मस्त हैं तो आगे और भयावह स्थिति होने वाली है इसलिए सरकारी या घरों के कुआं और हैंड पंप को बचा के रखें यदि कुआं जमीन के बराबर है तो उस पर ईट या पत्थर का जगत बनाकर ऊंचा कर दे तो कुएं में गिरने वाली समस्या नहीं रहेगा लोग इंसान और मवेशी लोग कुआं में गिर जाता है कहकर पाटना प्रारंभ कर दिए और इस तरह पाटी गई की आज कुआं का नाम और निशान तक मिट गया है इसलिए प्रकृति की देन है कुआं पोखर तालाब इसे पूर्णता संरक्षित कीजिए ना कि इसका दुरुपयोग करिए।

# ग्राम राखी जोबा राईस मिल हादसे की पीड़ितों से मिले आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा**, 3 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राखी जोबा में सूरज राइस मिल में हुए हादसे के मृतक परिवार से मिलने पहुंचे ज्ञात होगी ग्राम राखीजोबा में विगत दिवस आंधी तूफान में सूरज राइस मिल में एक हादसा हुआ है जिसमें बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चोंगी खपरी निवासी नंदकुमार निषाद की मृत्यु हो गई है तथा उनके पुत्र भगवान दास गंभीर रूप से इस हादसे में घायल हो गए हैं जिनका इलाज दुर्ग में चल रहा है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम चोंगी खपरी पहुंचकर मृतक परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी तथा हादसे के बारे में पूछताछ की जिसमें मृतक परिवार के सदस्यों ने तथा ग्राम वासियों ने बताया कि राखी जोबा स्थित उक्त राइस मिल मलिक के लापरवाही से यह हादसा हुआ है उनके द्वारा आवश्यक सावधानी का पालन राइस मिल में नहीं किया गया था जिससे यह हादसा हुआ और दो व्यक्तियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है अगर सूरज राईस मिल मालिक द्वारा सुरक्षा संबंधी उपाय अपनाते हुए उक्त मिल का निर्माण किया गया रहता तथा सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता तो शायद



यह घटना नहीं होती घटना के उपरांत सूरज राइस मिल मालिक के द्वारा मृतक परिवारों को 120000 रुपए दिए जाने की बात कही गई थी किंतु अब तक मात्र ?20000 देकर राइस मिल मालिक अपनी जुबान से पीछे हट रहा है जिसकी शिकायत मृतक परिवार वालों के द्वारा कलेक्टर और एस पी के नाम से जल्द ही ज्ञापन दिया जाएगा इस अवसर पर पूर्व विधायक ने मृतक परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी उनके साथ है और मृतक परिवारों को न्याय दिलाने के नाम से उन्हें जो भी सहयोग लगेगा वह करने को सहर्ष कांग्रेस परिवार तैयार है जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने राज्य शासन से मांग की है कि राखी जोब राइस मील हादसे में मृतक परिवार को तत्काल दो दो लाख की आर्थिक सहायताआर्थिक सहायता प्रदान की जाय तथा घायलों का इलाज शासन बेहतर तरीके से कराये।

# सांसद विजय बघेल से परपोड़ी के अध्यक्ष देशु राम साहू एवं पार्षदगण ने मुलाकात की



**परपोड़ी**, 3 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत परपोड़ी में भाजपा के अध्यक्ष बनने से लोगों को विकास की गति तेज होने की उम्मीद बंधी है। शनिवार को विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर नगर पंचायत परपोड़ी के अध्यक्ष देशु राम साहू ने पहल की है। अध्यक्ष के नेतृत्व मे पार्षदगण ने दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल भेट मुलाक़ात किए। अध्यक्ष एवं पार्षदगण ने कहा कि प्रदेश भाजपा की सरकार है लोगो को विकास की बहुत सी उम्मीद है। अध्यक्ष ने नगर पंचायत के विकास हेतु विस्तार से चर्चा की। सांसद विजय बघेल ने चर्चा के दौरान परपोड़ी नगर को हर सम्भव मदद हेतु आश्वासन दिया।

# सुशासन तिहार: समाधान शिविरों की तैयारियाँ तेज

- 1.40 लाख से अधिक आवेदनों में से 99 हजार का गुणवत्तापूर्ण निराकरण
- शत–प्रतिशत भूमि सीमांकन और फ़ौती मामलों का समाधान: कलेक्टर



**बेमेतरा**, 3 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार–2025 के अंतर्गत जिले में जनहितकारी कार्यों की रफ्तार तेज हो गई है। आज कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को तीनों चरणों की जानकारी दी।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक संपन्न हुआ, जिसमें जिले भर के कार्यालयों — जिला कार्यालय, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतें, जनपद पंचायत, तहसील और एसडीएम कार्यालयों — में समाधान पेटियां स्थापित की गईं। इन पेटियों में कुल 1,40,780 आवेदन प्राप्त हुए।

दूसरे चरण के तहत प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर निराकरण यानी कल रविवार तक किया जा रहा है। अब तक 99,000 से अधिक आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा चुका है। शर्मा ने बताया कि जिले में मात्र 3,022 आवेदन शिकायतों से संबंधित हैं, शेष आवेदन मांगों और सुविधाओं से जुड़े हैं।

कलेक्टर ने यह भी बताया कि जिले में सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त हुए हैं — लगभग 90,000। इनमें से 22,000 आवास स्वीकृत कर दिये गये हैं और 50,000 का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वच्छता मिशन, पेंशन, बिजली कनेक्शन, राशन कार्ड और अन्य राजस्व मामलों में भी गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया है और कुछ की प्रक्रिया जारी है। भूमि सीमांकन और फ़ौती के सभी प्राप्त आवेदनों का शत–प्रतिशत निराकरण कर लिया गया है।

श्री शर्मा ने बताया कि तीसरे चरण के अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक जिले में 64 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नगरीय क्षेत्र के 37 और ग्रामीण क्षेत्र के 27 शिविर शामिल हैं। इन शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म वितरित किए जाएंगे।

कलेक्टर ने बताया कि इन शिविरों का औचक निरीक्षण मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्रीगण, मुख्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। साथ ही उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को इन शिविरों में आमंत्रित करते हुए प्रचार–प्रसार में सहयोग की अपेक्षा की।

प्रेस वार्ता में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, जिले के समस्त एसडीएम, उप संचालक जनसंपर्क शशिरत्न पाराशर एवं प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रह्लाद रजक ने ग्रहण किया राज्य रजककार विकास कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का पद

**थानखम्हरिया**, 3 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रह्लाद रजक ने 3 मई को राजधानी रायपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में राज्य रजककार विकास कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद का विधिवत् रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय स्वयं उपस्थित रहे और श्री रजक को शुभकामनाएं दीं।



पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक एवं शुभचिंतक शामिल हुए। कार्यक्रम में चारों ओर उत्साह और हर्ष का माहौल रहा। प्रह्लाद रजक की यह नियुक्ति न केवल बेमेतरा जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि रजक समाज के लिए भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। ज्ञात हो कि श्री रजक जमीनी स्तर के कर्मठ नेता रहे हैं, जिन्होंने ऋस्स और भाजपा संगठन से लंबे समय तक जुड़कर कार्य किया है। पिछली सरकार में उन्हें पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य भी नियुक्त किया गया था। इस बार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में उन्हें राज्य रजककार विकास कल्याण बोर्ड जैसी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इस नियुक्ति से उनके समर्थकों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ पड़ी है। सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व एल्डरमैन लक्ष्मीनारायण चांडक, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, विनोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, गिरधारी निर्मलकर प्रदीप निर्मल, राजेंद्र निर्मल, तोप सिह,पवन, दिलहरन, सुशील, जयराम, ईश्वर,सहित विभिन्न समाजसेवियों, संगठनों और नेताओं ने श्री रजक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# आंधी तूफान से आम जन जीवन हुआ प्रभावित, राइस मिल के उड़े चिथड़े

**देवकर**, 3 मई (देशबन्धु)। बेमौसम हुई तेज आंधी तूफान और बारिश ने कई लोगों के आशियाने उड़ा दिए गुरुवार और शनिवार को आई आंधी ने आम जनजीवन को इतना प्रभावित किया की कई लोगों की शादियों के मंडप तक नहीं बचे कच्चे घरों के आशियानो को तूफान ने जमींदोज कर दिया तो वही उद्योग जगत में भी इसका बुरा असर देखने को मिला है आप को बता दें कि क्षेत्र मैं तूफान की गति इतनी तेज थी कि इसकी लपटों से कोई नहीं बच पाया घर के छत पर टंगी पानी टंकी भी तूफान का शिकार हुई है क्षेत्र के ग्राम नारधी में संचालित महावीर राइस एग्रो के राइस मिल को भी खासा नुकसान हुआ है राइस मिल के संचालक मुकेश जैन ने बताया कि जिस वक्त अचानक आंधी तूफान आया उस समय वो राइस मिल पर थे और राइस मिल पर कई मजदूर काम कर रहे थे तूफान की गति को देखते हुए मैंने मजदूरों को पक्के मकान पर ले जाकर सुरक्षित रखा किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है पर राइस मिल का पूरा टीन शेड उड़ गया लोहे का मोटा मोटा एंगल इतनी आसानी से मुड़ा की समझ से परे रहा मिल में रखे मशीन , धान , बारदाना , मिलिंग किया हुआ चावल सीसीटीवी कैमरा सहित कई उपकरण क्षतिग्रस्त हुए हैं जिससे करोड़ों का नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है।



# खम्हारडीह में बिजली के तार टूटने से पैरावट में लगी आग



**खैरागढ़**, 3 मई (देशबन्धु)। अंचल में रोजाना चल रही तेज आंधी तूफान से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। शनिवार की सुबह खम्हारडीह में तकरीबन 8.30 बजे तेज हवा से बिजली का तार टूटकर सीधे सरपंच छत्रपाल चौधरी के पैरावट में जा गिरा जिससे पैरावट में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पैरावट को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि तेज आवाज के साथ तार गिरा और चिंगारी निकलते ही आग भड़क उठी। ग्रामीणों ने तत्काल बाल्टी और पाइप से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता पैरावट जलकर खाक हो चुका था। बताया जा रहा है कि इस घटना से किसान को भारी नुकसान हुआ है।

# भूपेश बघेल का मिशन संडे टीम ने किया भव्य स्वागत, मीरा चौक मुद्दे पर हुई गंभीर चर्चा

**खैरागढ़**, 3 मई (देशबन्धु)। गुरुवार 1 मई को खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम अवेली में कांग्रेसियों के द्वारा को मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे बासी का आयोजन किया गया था। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जोरदार स्वागत किया गया। यह स्वागत मिशन संडे टीम के संयोजक एवं विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मजदूर दिवस पर ग्राम अवेली में आयोजित बोरे–बासी महोत्सव एवं विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन में शामिल होने पहुंचे थे। ग्राम सलोनी चौक में भूपेश बघेल का फूल–मालाओं और पटाखों की गूंज के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद बाइक रैली के माध्यम से उनका काफिला ग्राम अवेली पहुंचा।



इस भव्य स्वागत और बाइक रैली में मिशन संडे टीम के साथ नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, डॉ.अरुण भारद्वाज,भरत चंद्राकर, रविंद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, शेखरदास वैष्णव, राहुल बंजारे, हिमांचल सिंह, भुखन बंजारे, कमलेश यादव, गेंदलाल कुर्रे, सन्तोष वर्मा, उमेश कोठले, नागेश्वर साहू, कौशल साहू, मोहित साहू, टोमेन्द्र, परस राम, देवेंद्र साहू, सन्दीप सिरमौर, कोमल वर्मा, दिनेश वर्मा, देवेंद्र तोड़े, हरजीत सिंह, गोलु पाल, सूरज देवांगन, यतेंद्रजीत सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे। इस दौरान मिशन संडे टीम के सदस्य मनराखन देवांगन ने मीराबाई चौक में हुई तोड़फोड़ के मुद्दे को पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष गंभीरता से रखा है। उन्होंने भूपेश बघेल को इससे जुड़े दस्तावेजों की प्रतियां भी सौंपीं और कहा कि यदि भविष्य में मीराबाई चौक में पुन: मूर्ति स्थापना को लेकर आंदोलन होता है तो उसमें पूर्व मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू ने ग्राम देउरतराई का किया दौरा, ग्रामीणों की सुनी मूलभूत समस्याएं

**बालोद**, 3 मई (देशबन्धु)। बालोद से लगे हुए ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित गांव देउरतराई में विगत दिनों जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू ने दौरा किया। जहां उन्होंने ग्रामीणों की मूलभूत समस्याएं सुनी। इस दौरान खास तौर से जल जीवन मिशन में जमकर लापरवाही देखने को मिली। गांव में बिना ट्रायल के ही पाइपलाइन बिछाया गया था। जिसके बाद जब टंकी से सप्लाई शुरू हुई तो जगह.जगह लीकेज होना शुरू हो गया। इससे जब भी पानी सप्लाई शुरू किया जाता है गली में पानी बहने लगता है। जिससे कीचड़ तो हो ही रहा है तो वही जल की बर्बादी भी हो रही है। जहां एक ओर तपती गर्मी में जल संकट गहराता जा रहा है तो वही इस गांव में पीने का पानी बेकार बहता नजर आ रहा है। इस पर जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संबंधित विभाग और ठेकेदार इस पर ध्यान दें और व्यवस्था सुधारे। इस संबंध में उनके द्वारा ठेकेदार से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने विभिन्न वार्डों में ले जाकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू ने कहा कि जल जीवन मिशन का कार्य जिस समय तक पूरा होना था वह भी समय पर नहीं हुआ। निर्माण में देरी तो हुई है साथ ही लापरवाही भी बरती गई है। पानी टंकी भी लीकेज हो रहा है। ऐसी



स्थिति और भी कई गांव में देखने को मिल रही है। जो बताता है कि सरकार की इस योजना को लेकर संबंधित ठेकेदार और निर्माण एजेंसी कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सिवनी पंचायत के इस आश्रित गांव में जब उन्होंने दौरा किया तो देखा गया कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनी है। पाइपलाइन बिछाया गया तो बिना ट्रायल के बिछाया गया है। जब पानी सप्लाई की शुरुआत किए तो कई जगह पाइपलाइन फूटा हुआ था। घर के नलों में पानी तक नहीं पहुंच पा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए टैंकर का भी उपयोग गांव में किया जा रहा है। लेकिन वह भी नाकाफी है। हम सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों से पूछ रहे हैं साथ ही जो टेंडर लिए थे उनसे भी बात किए तो सब गोलमाल जवाब दे रहे हैं। मेरा शासन प्रशासन से यही निवेदन है कि इस मामले में जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए और ग्रामीणों को जो दिक्कत हो रही है उसे दूर कर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या देउरतराई और औराभांठा दोनों जगह है।

जानकारी अनुसार उक्त गांव में जल जीवन मिशन के तहत 2023 में टंकी स्वीकृत हुआ था। 2024 अप्रैल में बन कर तैयार हो जाना था। जिसके लिए 9 महीने का समय दिया गया था। लेकिन आज 1 साल से ज्यादा हो गया अभी भी कई कार्य पूरे नहीं हुए हैं और पानी टंकी जो बना उसमें भी पानी नहीं चढ़ पा रहा है। कई जगह पानी लीकेज हो रहा है। घरों में सप्लाई के लिए पाइपलाइन बिछाए गए हैं उसमें भी लापरवाही बरती गई है। गर्मी में जब पानी सप्लाई के लिए शुरू किया गया तो पाइप लाइन इतना फटा मिला है कि गली में पूरा पानी भरता जा रहा है। जो भ्रष्टाचार और खराब काम को दर्शाता है। दौरे से पूर्व ठेकेदार को भी सूचित किया गया तो भी वे मौके पर मौजूद नहीं हुए। उनके द्वारा कोई जवाब नहीं आया। अफसर भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो जितनी राशि स्वीकृत हुए हैं उसका आधा भी कार्य नहीं हुआ है। ना ही कार्य पूर्ण हुआ है। इस गांव में पानी का यह एकमात्र साधन है। उसमें भी गांव वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह पथरीला इलाका भी है। पाइप जो बिछाया है उसमें सपोर्ट के लिए रेत और मिट्टी तक नहीं डाली गई। सीधे बोल्डर पत्थर को डाल दिया गया है। प्लास्टिक का पाइप डाला गया है जो कि दबाव से फूटने लगा है। टंकी से पानी नलों तक नहीं पहुंच पा रहा है और गलियों में बह रहा है। पूजा साहू ने कहा इस तरह अव्यवस्था गांव में देखने को मिली है। जिस पर शासन प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए। ग्रामीणों के लिए यह बहुत ही ज्वलंत समस्या है। ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू के साथ जनपद सदस्य दुष्यंत साहू, सिवनी पंचायत के सरपंच बहुर सिंह नेताम, सुख सागर निषाद, मनोहर लाल मंडावी, भीखम राम देवांगन, पंच रेखा निषाद, दामिनी मंडावी, कमलेश्वरी सिन्हा, मनीषा ठाकुर, सूखित राम ठाकुर, वैभव शर्मा, ब्लॉक महामंत्री रोहित सागर आदि उपस्थित रहे।

# बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, छात्रों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**थानखम्हरिया**, 3 मई (देशबन्धु)। शिक्षा के साथ–साथ आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बाल संस्कार शिशु मंदिर, बरगा ने इस वर्ष की पंचम एवं अष्टम कक्षा की केंद्रीय परीक्षा में असाधारण सफलता हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



अष्टम कक्षा के विद्यार्थी– भूमिका 95.17 प्रतिशत, दीप 93.50 प्रतिशत, विनिता 92.00 प्रतिशत,

पंचम कक्षा के विद्यार्थी– मोरध्वज 95.00 प्रतिशत, डुकेश्वर 94.50 प्रतिशत, प्रतिमा 92.50 प्रतिशत

विद्यालय परिवार ने इन विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। संस्था प्रमुख ने बताया कि यह उपलब्धि केवल शैक्षणिक परिश्रम का परिणाम नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक संस्कारों की उस परंपरा का फल है जो वर्षों से संस्थान में सिंचित की जा रही है।

विद्यालय में अनेक संतों द्वारा समय–समय पर विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी दिव्य ज्ञान, योग, ध्यान, त्राटक, सूर्यनमस्कार, स्तुति–पाठ और श्रीमद्भागवतगीता के 15वें अध्याय के नियमित पठन जैसे संस्कार प्रदान किए जाते हैं। ये कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक विकास को सशक्त बनाते हैं। संस्था प्रमुख डॉ. रेवाराम पाल और समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों के परिश्रम और पालकों के सहयोग से यह सफलता संभव हुई है।

परीक्षा परिणाम पर पालक समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने कहा, 'बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा ने एक बार फिर उत्कृष्टता की मिसाल प्रस्तुत की है। परीक्षा परिणामों की श्रेष्ठता ने मन को गर्व और आनंद से भर दिया है। यह सफलता संस्थान की निष्ठा, समर्पण और अनुशासित कार्य प्रणाली का परिणाम है।' उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संस्था परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में ली पत्रकार-वार्ता

- सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार लगातार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य
- शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन
- जिले में कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन हुए प्राप्त
- कुल 84 हजार 129 आवेदनों का किया गया निराकरण

**राजनांदगांव,** 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार-वार्ता आहूत कर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। राजनांदगांव जिले कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग के संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 है। इसमें कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है।



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई 2025 से हो रही है, जो 30 मई 2025 तक चलेगी। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 68 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र व प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएगें। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। कलेक्टर ने पत्रकार साथियों से सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों लाभ ले सकें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी एवं अन्य अधिकारी व प्रेम व मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नगर निगम के सामान्य सभा में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष



**राजनांदगांव,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव के बाद महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम का पहला बजट पेश किया। बजट सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। जिलाध्यक्ष राजपूत ने महापौर मधुसूदन यादव, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, महापौर परिषद के सदस्यों सहित सभी पार्षदों को पहले बजट के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और पेश किए गए बजट की सराहना की। उन्होंने बजट को सर्व समावेशी व शहर को विकास की ओर ले जाने वाला बजट बताया। बजट सत्र के दौरान अन्य विषय के रूप में वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपूत ने इस प्रस्ताव को देश हित में लिया जाने वाला फैसला बताया। बजट सत्र में जिलाध्यक्ष राजपूत के साथ मंडल अध्यक्षद्वय सुमीत सिंह भाटिया, प्रशांत गुप्ता गोलू एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# स्टेशन पारा, पटरी पार में पानी की समस्या को ले कर चक्का जाम

## उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी रहे उपस्थित

**राजनांदगांव,** 3 मई (देशबन्धु)। पटरी पार लगातार हो रही जलप्रदाय की समस्या को ले कर राजनांदगांव के पटरी पार की जनता का आक्रोश फूटा है गौरतलब है कि बहुत समय से क्षेत्र की जनता पानी की भीषण समस्या से जूझ रही है उक्त मांग को ले कर आज उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं व बड़ी संख्या में जनता की उपस्थिति में लगभग एक घंटे तक चक्का जाम किया क्षेत्रवासी अपनी मांगो पर अड़े रहे व उच्च अधिकारी से मिलने की मांग लगातार करते रहे सीएसपी सहित चिखली चौकी प्रभारी भी उक्त मौके पर मौजूद रहे साथ अन्य पुलिस अधिकारी भी थे नगर निगम ई ई यू के रामटेके सहित जल विभाग प्रभारी उप अभियंता गरिमा वर्मा ने भी पहुंच कर सभी से बात करने का प्रयास किया लेकिन सभी ने एक स्वर में निगम आयुक्त को बुलवाने की बात कही जिसके बाद लगभग एक घंटे चक्का जाम चलने के बाद आयुक्त ने पहुंच कर आज से सुचारू रूप से पानी देने का आश्वासन दिया है साथ ही एक सक्षम अधिकारी की ड्यूटी लगाने की बात कही है गली गली यह देखने की कही कोई परेशानी तो नहीं है उक्त आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।



आसिफ अली ने बताया कि स्टेशन पारा, चिखली, रामनगर में पानी की समस्या बढ़ गई है पूर्व में कई बार ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया गया था उसके बाद भी किसी ने ध्यान नहीं दिया इसलिए हमें आंदोलन करने मजबूर होना पड़ा।

उक्त मौके पर चक्का जाम सहित जमकर नारेबाजी की गई निगम प्रशासन मुर्दाबाद, महापौर मुर्दाबाद के गगनचुंबी नारे लगे,

उक्त आंदोलन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली सहित पूर्व महापौर हेमा देशमुख, निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, स्टेशन पारा वार्ड पार्षद छोटेलाल रामटेके, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि अमीन हुड्डा, कांग्रेस खेल कूद प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष मनीष गौतम, शहर कांग्रेस संयुक्त महामंत्री अब्बास खान, यूसुफ खान, महामंत्री संदीप सोनी, अरविंद साहू, गोपाल सिन्हा, रामू यादव, गीत साहू, भागवत यादव, आनंद रामटेके, पंचराम निषाद, परदेशी वासनिक, कृष्णा ताम्रकार, बाबा यादव, अरविंद चंद्राकर, भावेश बुद्धदेव, राजेश सिन्हा, हरि साहू, जुगनू ठाकुर, झाडूराम साहू, रोहित यादव, जीत साहू, ॠषि रजक, हरि साहू, संतोषी नागवंशी, देवकी यादव, बिल्किस खान, चमेली यादव, इंद्रायणी यादव, कविता वैद्ये, बुना खान, रहना उईके, संध्या उईके, योगिता श्यामकर, मोइन गोरी आदि सहित सैकड़ों की तादाद में पटरी पार के महिला, पुरुष, युवा आदि उपस्थित रहे ।

# सोमनी में शासकीय भूमि की अवैध खरीद-बिक्री जोरों पर, ग्रामीणों में आक्रोश

- भूमाफिया सरकारी जमीन को निजी बताकर कर रहे हैं सौदे, शासन के आदेश को ठेंगा



**सोमनी (राजनांदगांव),** 3 मई (देशबन्धु)। क्षेत्र में शासकीय भूमि की अवैध खरीद-बिक्री का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में शासन द्वारा जारी आदेश और चेतावनियों के बावजूद कुछ भू-माफिया और दलाल मिलकर सरकारी जमीन को निजी बताकर लाखों में सौदे कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में ग्रामीणों और मीडिया द्वारा शासकीय भूमि की अवैध बिक्री का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था, जिसके बाद शासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए आदेश जारी किया कि बिना तहसीलदार की अनुमति के कोई भी पटवारी आबादी भूमि का रिकॉर्ड नहीं देगा। बावजूद इसके, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और धोखाधड़ी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

बताया जा रहा है कि नेशनल हाइवे किनारे स्थित शासकीय भूमि पर भू-माफिया द्वारा चुने की मार्किंग कर निजी भूमि बताई जा रही है और उसकी रजिस्ट्री की तैयारी की जा रही है। यह वही भूमि है जिसका उपयोग ग्रामीण वर्षो से सार्वजनिक मार्ग के रूप में तालाब तक पहुंचने के लिए करते आ रहे हैं।

प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि ग्रामवासियों के लिए महत्वपूर्ण है और इसकी बिक्री से जनसुविधाओं पर प्रभाव पड़ेगा। दलालों द्वारा दो से ढाई हजार रुपए प्रति स्क्वेयर फीट के हिसाब से जमीन बेचने की योजना बनाई जा रही है, जिससे गांव में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई की जाए और शासकीय भूमि को अवैध कब्जे और बिक्री से बचाया जाए।

# मिडिल प्रधान पाठक पदोन्नति में रायपुर संभाग सबसे पीछे, शिक्षक संगठन नाराज

- प्रदेश संगठन ने दी संभाग कार्यालय के अनिश्चित कालीन घेराव की चेतावनी
- मामले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल से




**राजनांदगांव,** 3 मई (देशबन्धु)। मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के पदों पर स्थानीय रायपुर संभाग में अब तक पदोन्नति नहीं हो पाई है, जिससे छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ नाराज है।

संघ के प्रांत अध्यक्ष जाकेश साहू, प्रदेश सचिव राजेंद्र लाडेकर, प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू, तुलसी राम पटेल, शिवकुमार साहू, बैजनाथ यादव, नरेन्द्र तिवारी, गायत्री मंडलोई, पुरुषोत्तम शर्मा, केशव पटेल, चंद्रशेखर सारथी, कमलेश भारती आदि ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के चार संभागों में मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के पदों पर पदोन्नति पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि पांचवा संभाग जो की राजधानी रायपुर है।

इसमें अभी तक प्रमोशन नहीं हुआ है, जिसके कारण संगठन में काफी नाराजगी देखी जा रही है। रायपुर संभाग के अंतर्गत सभी जिले के शिक्षक साथियों ने छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ के पास यह शिकायत की है कि यहां मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के पदों में प्रमोशन में लेट लतीफी की जा रही है, जबकि प्रदेश के अन्य सभी चार संभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अब सवाल यह उठता है कि राज्य शासन एवं डीपीआई के नियमानुसार जब अन्य संभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, तो फिर ऐसे में रायपुर संभाग में अब तक पदोन्नति क्यों नहीं हो पाई है।

इस मामले को संगठन ने संज्ञान में लिया है तथा आगामी दिनों राजधानी रायपुर में संभाग के पदोन्नति योग्य सभी शिक्षकों की बैठक बुलाई गई है। बैठक की तिथि शीघ्र तय कर जानकारी दी जाएगी। साथ ही संगठन द्वारा रायपुर संभाग आयुक्त को पदोन्नति हेतु ज्ञापन दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू एवं अन्य साथियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रदेश के चार संभागों में जब पदोन्नति हो गई है और रायपुर संभाग में नहीं हुई है। इसका मतलब इसकी जिम्मेदारी रायपुर संभाग कार्यालय की है। संगठन ने यह चेतावनी दी है कि यदि रायपुर संभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी नहीं हुई तो संभाग कार्यालय का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संभाग कार्यालय एवं शासन प्रशासन की होगी।

प्रदेश महासचिव भोजराम साहू, महेश्वर कोटपरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव हरिशंकर पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित कुमार पटेल, अमर दास बंजारे, रामसेवक पैकरा, राजेंद्र कुमार साहू, जगदीश साहू, दिनेश कुमार लहरे, देवेंद्र वर्मा, प्रमोद कुंभकार, दिनेश निर्मलकर, संतोष जैन, मनोज यादव, अभिषेक तिवारी, सुषमा प्रजापति, नारद सहारे, मुकेश दिवाकर, शंभूराम साहू, चंद्रशेखर सारथी, रेखा पुजारी, अरविंद पांडे, देवीदयाल साहू, फूलदेव गुप्ता, हीरालाल विश्वकर्मा, ज्वाला बंजारे, महेश शर्मा, बिमला लकड़ा, मंजू शर्मा, तुलसा मंडावी, नंदकुमार पटेल, रूलिका लकड़ा, नूरजहां खान, रूपेंद्र कुमार साहू, कोमल सिंह गुरु, तिलक खांडे, कुलदीप सिन्हा, कौशल्या कोले, शशिमा कुर्रे, विनोद सिंह राजपूत, मनीषा मिंज, कजला महिलांगे, कुलेश्वरी साहू, कैलाशचंद्र ठाकुर आदि ने रायपुर संभाग में मिडिल प्रधान पाठकों के पदों पर शीघ्र ही पदोन्नति नहीं होने पर रायपुर संभाग कार्यालय घेराव की चेतावनी दी है।

# 22 लाख में बना स्कूल भवन एक साल में गंभीर, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा कांपा (लोधी) का शिक्षा मंदिर

**थानखम्हरिया,** 3 मई (देशबन्धु)। जहां एक ओर शिक्षा को जीवन का आधार माना जाता है, वहीं दूसरी ओर कांपा (लोधी) गांव के प्राथमिक शाला भवन में हुए भ्रष्टाचार ने इस आधार को ही हिला कर रख दिया है। लगभग 22 लाख रुपये की लागत से मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित यह स्कूल भवन मात्र एक वर्ष में जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। दीवारों में दरारें, छत से झरता मलबा, पानी का ठहराव और कमजोर नींव इस बात की गवाही दे रहे हैं कि निर्माण के समय गुणवत्ता के नाम पर भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार हुआ है।



- ग्रामीणों की चेतावनी को किया गया नजरअंदाज, अब शिक्षक और बच्चे जान जोखिम में डालने को मजबूर

निर्माण के समय ग्रामीणों ने दी थी चेतावनी- स्थानीय ग्रामीणों ने भवन निर्माण के दौरान ही घटिया सामग्री और खराब कार्यशैली को लेकर ठेकेदार को आगाह किया था। बावजूद इसके, ठेकेदार ने ग्रामीणों की बात को अनदेखा किया। इसका खामियाजा अब स्कूली बच्चों और शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। भय का माहौल- शिक्षक व छात्र स्कूल आने से कतरा रहे- भवन की हालत इतनी भयावह हो गई है कि शिक्षक और छात्र स्कूल में प्रवेश करने से भी डरने लगे हैं। बारिश का मौसम आने से पहले ही दीवारें और छत जवाब दे रही हैं, जिससे किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। स्कूल में अब नियमित कक्षाएं लगनी बंद हो गई हैं।

जन समस्या निवारण शिविर में उठेगी आवाज- ग्रामीणों के अनुसार, आगामी 19 मई को ग्राम बेलगांव में सुशासन तिहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कांपा (लोधी) के ग्रामीण इस गंभीर मामले की शिकायत लेकर पहुंचेंगे। ग्रामीणों द्वारा तैयार आवेदन में जांच की मांग की गई है ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो और बच्चों को सुरक्षित शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

ग्रामीणों के मन में चल रहे सवाल- क्या प्रशासन नींद से जागेगा? क्या शिक्षा के इस मंदिर को दोबारा सम्मान मिलेगा? या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

# दस करोड़ का स्कैम करने वाली अंतर्राज्यीय साइबर ठग अहमदाबाद से गिरफ्तार

- पूर्व में अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह के 5 सदस्यों को किया जा चुका है गिरफ्तार गिरफ्तार आरोपिया द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर स्कैम सेंटर में बैठकर भारतीय लोगों से करती थी ठगी

**राजनांदगांव,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रार्थी रूपेश साहू संचालक च्वाईस सेंटर स्टेशन रोड निवासी लखोली राजनांदगांव ने थाना सिटी कोतवाली राजनांगदगांव में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बैंक ऑफ बड़ोदा स्थित बैंक खाता में दिनांक 22.12.2024 को राजनांदगांव निवासी आशुतोष शर्मा के द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक कही से ठगी गई रकम कुल 90000/- रूपये को मंगाने से प्रार्थी का उक्त बैंक खाता फ्रीज हो गया है। प्रार्थी की सूचना पर आरोपी आशुतोष शर्मा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 33/25 धारा 318(4) बीएनएस, 66(सी) आई.टी. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधों में म्यूल बैंक एकाउण्ट के उपयोग को देखते हुए कड़ी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री रामेन्द्र सिंह एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक श्री विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश करने हेतु टीम गठित किया गया। पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम आरोपी आशुतोष शर्मा से कड़ाई से पूछताछ की गई। आशुतोष शर्मा के मेमोरण्डम के आधार पर मामले में 03 आरोपी 1-श्रेणिक कुमार सांघवी पिता नरेश भाई सांघवी उम्र 24 साल, निवासी 204/सी राजारतन अपार्टमेंट कोसाम्बा रोड बिहाइन्ड श्रॉफ चाल वलसाड, जलाराम पुलिस चौकी जिला वलसाड गुजरात



को वलसाड गुजरात से एवं अन्य आरोपी 2-शुभम तिवारी पिता अवधेश तिवारी उम्र 26 वर्ष निवासी रामनगर, जेल रोड़ वार्ड नं. 21 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को डोंगरगढ़ से 3-दीपक नरेडी पिता गणेश नरेड़ी, उम्र 27 साल, निवासी ग्राम बसंतपुर, पुलिस चौकी मोहारा, थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.), 4-रोहित महेश कुमार वीरवानी पिता महेश कुमार सजनमल वीरवानी उम्र 32 वर्ष, निवासी - फलैट नंबर ए-2/201 कोकाने चौक मिरचंदानी पॉम्स राहाटानी हवैली सौदागर पुणे महाराष्ट्र हाल- जोगेश्वरी वेस्ट पटेल स्टेट रोड लोधा युनिका बिल्डिंग 20 वां मंजिल मकान नं 2006 वेस्ट अंधेरी मुंबई (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पृथक से धारा 319, 317 (4), 112, 61 बीएनएस व धारा 66 (सी) आई.टी.एक्ट जोडी गई है। उक्त चारों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार आरोपी श्रेणिक व रोहित वीरवानी के मेमोरण्डम कथन एवं साक्ष्यों के आधार पर विदेश स्थित स्कैम (ठगी) सेंटर में जाकर ठग गिरोहों के साथ सक्रिय रहकर ठगी हेतु विभिन्न बैंक खाता कीट व रजिस्टर्ड सीम कार्ड प्रोवाइड कराने, ठगी करने में गिरोह का सहायता करने एवं उन्हीं भारतीय रकम से क्रिप्टोकरेंसी-खरीदकर वापस विदेश साइबर ठगों को पहुंचाने में मदद करने का काम करने वाले आरोपी अल्केष कुमार प्रेमजी भाई मांगे को दिनांक 21.03.2025 को पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया था।

प्रकरण में कॉल सेंटर में बैठकर फोन कॉल व सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय लोगों को ठगी करने वाली एक अन्य महिला ठग सानिया प्रसन्न शाह के अहमदाबाद आने की सूचना पर तत्काल सिटी कोतवाली राजनांदगांव से निरीक्षक योगेश कुमार पटेल एवं सायबर सेल से प्रधान आरक्षक बसंत राव, आर0 प्रख्यात जैन व महिला आरक्षक पार्वती कवंर की संयुक्त टीम द्वारा अहमदाबाद जाकर उक्त महिला आरोपिया को अहमदाबाद एयर पोर्ट से दिनांक 01.05.2025 को गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमांड पर लेकर आज दिनांक 03.5.2025 को माननीय न्यायलय राजनांदगांव के समक्ष पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।गिरफ्तार आरोपिया और उसके गिरोह द्वारा स्कैम सेंटर में बैठकर पूरे भारत देश के भोले भाले लोगों से प्लेटफर्म एवं आदि फर्जी इन्वेस्टमेन्ट कंपनी एवं ऑनलाईन जॉब व टास्क के नाम से करोडों रूपयों की ठगी करने की जानकारी प्राप्त हुई हैं।

प्रकरण में अब तक 06 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। प्रकरण की विवेचना जारी है।उक्त कार्यवाही में सायबर सेल से निरीक्षक विनय पम्मार, थाना कोतवाली से निरीक्षक योगेश पटेल, सायबर सेल से प्र0आर0 बसंत राव, प्रख्यात जैन, म0आर0 पार्वती कवंर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

करोडो का सायबर स्कैम करने वाले गिरोह की महिला सदस्य पकड़ाई मुम्बई के आलीशान कॉलोनी के फ्लैट में रहने वाली सानिया प्रसन्ना शाह पिता प्रसन्ना शाह उम्र-28 वर्ष साकिन विंग-सी-3202 वाधवा एटमोसफियर फेस-01 गोरेगांव मुलूंड लिंक रोड मुलूंड वेस्ट मुंबई महाराष्ट्र की रहने वाली है जिसे अहमदाबाद से पकड़ने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

**उल्टा पुल्टा**

पंडित जी ने कुंडली मिलाई, 36 के 36 गुण मिल गए।
पर लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान होकर पूछने लगे- जब सारे गुण मिल रहे हैं तो आप क्यों मना कर रहे हो?
लड़के वाले- हमारा बेटा बिल्कुल लफंगा है, क्या बहू भी उसी के जैसी लाएं?

# अब तक जिले से मिले 2,39006 आवेदन 1 लाख 79 हजार का हुआ निराकरण



## सुशासन तिहार को लेकर कलेक्टर ने प्रेस वार्ता में साझा की जानकारी

**बलौदाबाजार,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जिले से अब तक 239006 आवेदन प्राप्त हुए है। इन आवेदनो का गुणवापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं सकारात्मक निरकारण किया जा रहा है। अब तक करीब 1लाख 79 हजार आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। 5 मई 2025 से शुरू हो रहे तृतीय चरण अंतर्गत समाधान शिविर आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेश में.सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 77 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगरीय निकाय अंतर्गत 27 व जनपद पंचायत अंतर्गत 50 शिविर आयोजित होगा। इनमें नगर पालिका बलौदाबाजार में 4 एवं नगर पालिका भाटापारा में 5 शिविर, नगर पालिका सिमगा, नगर पंचायत पलारी, कसडोल, रोहांसी, लवन और टुण्डडरा में 3-3 समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह प्रत्येक जनपद पंचायत के 10-10 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन होगा। शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी।

शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे और योजना के तहत सामग्री वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल 2 लाख 39 हजार 6 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग आधारित 2 लाख 33 हजार 745 एवं शिकायत से संबंधित 5261आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के एक लाख 77 हजार 601आवेदन एवं शिकायत के 1888 आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के मांग से संबंधित है जो करीब 63 हजार है। इसके साथ ही राशन कार्ड, महतारी वंदन, एवं राजस्थान विभाग से सम्बधित अधिक आवेदन है। कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी जिसमें योजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समाधान शिविरों में भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

# विधायक रोहित साहू के प्रयासों से पेयजल संकट से मिल रही मुक्ति





**राजिम,** 3 मई (देशबन्धु)। क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के साथ विभिन्न गाँवों में जलसंकट भी गहराता जा रहा है। कई गाँवों के जनप्रतिनिधियों ने विधायक कार्यालय पहुँचकर पेयजल की संकट से निजात दिलाने बोरखनन की मांग की थी जिस पर विधायक रोहित साहू ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल संबंधित विभाग को निर्देशित कर आवश्यकताग्रस्त गाँवों में बोरखनन के लिए गाड़ी भेजकर शीघ्र बोरखनन करने की व्यवस्था की। विधायक रोहित साहू के भागीरथ प्रयास के ग्रामीणों में खुशी की लहर है वहीं उन लोग विधायक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।विधायक के प्रयास से भीषण गर्मी में भी नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत गाड़ाघाट की सरपंच कमलेश्वरी ध्रुव, बिसु साहू, बीरेंद्र साहू, नारद ध्रुव, भूषण साहू, ग्राम पंचायत कुकदा सरपंच तुलसी ध्रुव, उपसरपंच अमरीका ध्रुव, तोरण कश्यप तथा फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बासीन के भाजपा कार्यकर्ता कुंदन सेन, कल्याण ध्रुव, खेवन साहू, तुलु ध्रुव सहित ग्रामीणों ने बोरखनन के लिए गाड़ी पहुँचने पर प्रसन्नता प्रकट की। सरपंच व ग्रामीणों ने कहा कि हैण्डपंप खराब होने के कारण दूर से पानी लाना पड़ता था, भूजल स्तर में लगातार गिरावट के कारण हैण्डपंप अब काम नहीं कर रहे हैं ऐसे में विधायक के प्रयासों से नया बोरखनन होने से निश्चित तौर पर अब पेयजल की समस्याओं का निदान हो सकेगा। विधायक रोहित साहू ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता ने अपनी समस्याओं के निदान के लिए हमें और भाजपा की सरकार को चुना है जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र की जनता को पेयजल की समस्या न हों इसके लिए जो भी संभव होगा हमारे द्वारा प्रयास किया जायेगा। गर्मी में पेयजल की कमी न हो इसके लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# डीएड, डीएलएड अभ्यर्थी संघ के लोगों ने किया विधायक संदीप साहू से मुलाकात



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 3 मई (देशबन्धु)। डी एड, डी एल एड अभ्यर्थी संघ के लोगों ने विधायक संदीप साहू से मुलाकात कर सहायक शिक्षक पद के काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करवाने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की मांग की है।

डी एड, डी एल एड अभ्यर्थी संघ के कमल प्रसाद, ओमकार दास, आनंद कैवर्त्य, भुनेश्वर कर्ष एवं रमा मानिकपुरी सहित अभ्यर्थियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक पद की पंचम चरण की काउंसिल व नियुक्ति प्रक्रिया 2621 पदों पर संपन्न कराई गई है। उक्त प्रक्रिया को 2 जुलाई 2023 के कॉमन मैरिट सूची के क्रमानुसार संपन्न कराया गया था जिस कारण 49.9: अभ्यार्थी अर्थात 1299 अभ्यार्थी ही पात्र हुए तथा 50.5: से अधिक अभ्यर्थियों के अपात्र होने से लगभग 1316 पद रिक्त रह गया है। इन पदों पर डी एड अभ्यर्थियों की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करने वैधता अवधि 1 जुलाई 2025 तक के लिए बढ़ाई गई है लेकिन यदि इन रिक्त पदों की समय पर काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है तो पुन: वैधता अवधि समाप्त होने संबंधी समस्या खड़ी हो जाएगी। उक्त अभ्यर्थियों ने बताया कि चूंकि वर्तमान में शिक्षकों की अति आवश्यकता है जिसके कारण अतिशीघ्र 2621 पदों के शेष 50.5: अर्थात 1316 रिक्त पदों पर 6 वें चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखने विधायक संदीप साहू से मुलाकात कर मांग की गई है।

# नोडल अधिकारी समाधान शिविर स्थलों का निरीक्षण कर दें रिपोर्ट



## कलेक्टर ने सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों के तैयारियों की ली जानकारी

**धमतरी,** 3 मई (देशबन्धु)। शासन की महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार का तीसरा चरण आगामी 5 मई से शुरू हो रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी समाधान शिविर स्थलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की रिपोर्ट दें। साथ ही प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होगा, जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों पर समाधान शिविर लगेंगे। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण के संबंध में आवेदकों को बताया जाएगा। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिविरों में उपस्थित लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी दी जाये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इन शिविरों के आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर आयोजन की तिथि से कम से कम तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को शिविर आयोजन स्थल का पहले ही मौका मुआयना कर जरूरी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही नोडल अधिकारियों को इन शिविरों के आयोजन के लिए संबंधित सरपंचों और पंचायत सचिवों से पूर्व में चर्चा कर योजना बनाने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करने कहा। कलेक्टर ने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर स्थलों पर छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करें। साथ ही इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण एवं जानकारी भी देने कहा। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन आदि लेने का काम भी किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर, पोषण शिविर, कृषि यंत्र-सामग्री वितरण, सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न उपकरण, सामग्रियों का वितरण आदि कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि तीसरे चरण में जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कुल 39 समाधान शिविर लगेंगे। अभियान के पहले चरण में जिलेवासियों से मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी इन शिविरां में दी जाएगी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कुरूद विकासखण्ड में 10, धमतरी विकासखण्ड में 8 तथा नगरी और मगरलोड विकासखण्ड में 7-7 समाधान शिविरों का आयोजन होगा। इसके साथ ही धमतरी नगर निगम-2, नगर पंचायत भखारा-1 नगर पंचायत आमदी-1, नगर पंचायत मगरलोड-1, नगर पंचायत कुरूद-1, नगर पंचायत नगरी-1 में समाधान शिविर आयोजित किये जायेंगे। यह समाधान शिविर आयोजन स्थल के आसपास की 10-12 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आयोजित होंगे।

# हवा-तूफान के कहर से बिजली व्यवस्था बाधित, बूंद-बूंद पानी के लिए तरसे लोग

**पालिका प्रशासन से प्रभावित मोहल्ले में टैंकर से पानी सप्लाई के लिए आग्रह किया गया, किंतु देर रात तक टैंकर से पानी नहीं पहुंच पाया : संध्या राव**



**नवापारा राजिम,** 3 मई (देशबन्धु)। नवापारा नगर में गुरुवार शाम को आए आंधी तूफान ने भारी कहर मचाया है। जिसका असर 48 घंटे बाद भी देखने को मिला। नगर के कई स्थानों में बड़े पेड़ गिर गए है। तो कही मकानों के छप्पर तक उड़ गए है। तूफान के कहर से सभी प्रभावित हुए है। अंधड़ तूफान के बाद बिजली गुल हो गई। किंतु विभाग तत्परता से देर रात नवापारा नगर में बिजली की बहाली शुरू हो गई थी।

अगले दिन नगर में लोगों के घरों में पानी की सप्लाई बाधित रही। सुबह घरों में नल न आने से लोगो को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ा। नगर के कई वार्डो के लोगों ने पालिका से पानी न आने की शिकायत की। मोहल्लेवासियों ने टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई किए जाने की मांग की। किंतु कई वार्डो में टैंकरों से पानी नहीं पहुंचने के कारण लोगों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिस पर नवापारा नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संध्या राव ने समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पार्षदों के साथ नलघर पहुंची। पानी की समस्या से पालिका प्रशासन को अवगत कराया। पालिका अधिकारी का तर्क था कि बिजली सप्लाई बाधित होने के कारण दुलना एनीकेट से टंकी में पानी नहीं चढ़ पाई। जिससे नगर में पानी सप्लाई बाधित हुई है। पालिका में प्रतिपक्ष की नेता श्रीमती संध्या राव ने बताया कि पालिका प्रशासन से प्रभावित मोहल्ले में टैंकर से पानी सप्लाई के लिए आग्रह किया गया। किंतु देर रात तक टैंकर से पानी नहीं पहुंच पाया था। जिससे लोगों को पीने एवं अन्य दैनिक उपयोग के लिए पानी उपलब्ध न होने से समस्या का सामना करना पड़ा। नगर के स्लम बस्तियों में लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ा। लोगो में पानी सप्लाई न होने से रोष देखा गया। गौरतलब है कि श्रीमती संध्या राव नगर हित के मुद्दों एवं जनहितैषी कार्यों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नगर की समस्याओं को पालिका में उठाकर निराकरण के लिए प्रयासरत है।

# वार्ड 28 में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,** 3 मई (देशबन्धु)। स्थानीय मौहारीभाठा वार्ड 28 स्थित बंधवा तालाब के पास सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद व वार्डवासियों की उपस्थिति में किया। सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कर नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि सीसी रोड बनने से वार्डवासियों को आवागमन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सभी वार्डों में सुगम यातायात के लिए लगातार सीसी रोड निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। नगर वासियों की सुविधाओं के अनुसार आगामी समय में भी कार्य कराए जाएंगे। भूमिपूजन अवसर पर पार्षद विजय साव, सभापति गुलशन साहू, सभापति जय देवांगन, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, वार्डवासी नमिता ध्रुव, माया चंद्राकर, पार्वती ध्रुव, भामा आदि उपस्थित थे।

# शासकीय प्राथमिक शाला भरसेला में बारह दिवसीय समर कैंप संपन्न




**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 3 मई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला भरसेला बड़ा में आयोजित बारह दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। समारोह की शुरुआत पाठशाला की विद्यार्थियों द्वारा मंगल गान से हुई। बच्चों ने अपने हाथों से बनाई कलात्मक वस्तुओं का प्रदर्शन किया। प्रधान पाठक डॉ.कमलेश कुमार सेन ने कहा कि गर्मियों में बच्चों को एफएल.एन. सीखना सीखना कैम्प में प्रतिदिन खेल-खेल बुनियादी गणित और हिंदी के कार्य में दक्षता हासिल कर रहें है। साथ ही साथ चित्रकला और कागज से मुखौटे बनाना, मिट्टी के खिलौने बनाना बच्चों की मेहनत को दिखाती है। सरपंच प्रतिनिधि धीरज वर्मा, चुकेश्वर तिवारी और पालक सदस्यों को प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए डॉ. कमलेश कुमार सेन ने बताया कि पाठशाला संस्कारित शिक्षा का सशक्त माध्यम है। छोटी उम्र में ही बच्चे पाठशाला से जो संस्कार सीखते हैं, वे जीवन भर काम आते हैं। समर कैंप जैसे आयोजन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वक्फ कानून किसी के खिलाफ नहीं, इससे वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आएगी पारदर्शिता : विधायक



**महासमुंद,** 3 मई (देशबन्धु)। वक्फ कानून को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि वक्फकानून किसी के खिलाफनहीं है। यह वक्फसंपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। देशभर में इसके खिलाफअफवाह फैलाया जा रहा है, लेकिन यह किसी के अधिकारों को कम या खत्म नहीं करता है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक श्री सिन्हा ने कहा है कि यह कानून मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, पारदर्शिता और तकनीक आधारित प्रबंधन है। विपक्ष का काम भ्रम फैलाने का है इसलिए वे इस कानून का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले भी जब यह संशोधन बिल दोनों सदनों में पेश किया गया तो कुछ विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। फिर भी यह बिल दोनों सदनों में पारित हो गया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति जी की मंजूरी के बाद अब यह कानून बन गया है। वहीं जैसे ही यह कानून लागू हुआ देश के कुछ हिस्सों में इसका विरोध भी शुरु हो गया। क्योंकि देश में कुछ ऐसे तत्व हैं जो नहीं चाहते कि देश में एकता और भाईचारा बने रहे। वे हमेशा देश में अशांति फैलाने का कार्य करते हैं। अगस्त 2024 में संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बिल पेश किया। विपक्ष के विरोध और हंगामे की वजह से इस पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी जेपीसी बनाने का फैसला हुआ। कमेटी ने 34 बैठक कीं और कई राज्यों का दौरा किया। कई इस्लामिक विद्वानों और कानून के जानकारों से चर्चा की। जनवरी 2025 में कमेटी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंपी। 500 पेज की रिपोर्ट में 14 बदलाव किए गए थे। फिर अप्रैल में यह दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन गया।यह कानून वर्षों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत किया है और न्याय व समानता के युग की शुरुआत की है। इस विधेयक के माध्यम से वक्फबोर्ड और वक्फसंपत्तियां अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होने वाली हैं। यह बिल करोड़ों लोगों को न्याय देने वाला है। इससे निश्चित ही मुस्लिम समुदाय के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने वक्फकानून का विरोध कर रहे विपक्ष के पार्टियों के लिए कहा कि देश में अच्छा बदलाव से विपक्ष को हमेशा परहेज रहता है। वक्फ कानून बनते ही इसके खिलाफकोर्ट तक पहुंच गए हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में अशांति का वातावरण बनाया गया। ताकि वक्फ कानून को वापस लिया जाए, लेकिन केंद्र की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार गलत के आगे कभी घुटने नहीं टेकेगी। अपने सही फैसलों पर हमेशा अडिग रहेगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह में विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत



**राजिम,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रगतिशील ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में डंगनिया में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, का स्वागत प्रगति शील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शिवांजल शर्मा के साथ राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी एवं ब्राह्मण समाज के प्रदेश संगठन मंत्री विवेक शर्मा, समीर शर्मा तथा ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, सुधांशु शुक्ला, मोतीलाल साहू, रायपुर की महापौर श्री मति मीनल चौबे, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, पार्षद, जनप्रतिनिधि, ब्राह्मण समाज पदाधिकारी व प्रबुद्ध जन आदि उपस्थित थे।

# द्वितीय चरण में ननि में 8 व जपं में 41 समाधान शिविर होगा

**महासमुंद**, 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शनिवार को प्रेस वार्ता लेकर ष्सुशासन तिहार.2025 के तीसरे चरण की शुरुआत की जानकारी दी। प्रेस वार्ता कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे। मीडिया को संबोधित करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत 8 व जनपद पंचायत अंतर्गत 41 शिविर आयोजित होगा। इनमें नगरीय निकाय महासमुंद में 3 शिविर एवं बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली और तुमगांव में एक.एक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत पिथौरा में 10, महासमुंद, बागबाहरा व सरायपाली में 8.8 तथा बसना में 7 समाधान शिविर का आयोजन होगा। इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा ।जिसको पूरी तैयारी कर लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्यए कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल एक लाख 82 हजार 99 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग आधारित एक लाख 78 हजार 857 एवं शिकायत से संबंधित 3242 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के एक लाख 74 हजार 206 आवेदन एवं शिकायत के 2 हजार 519 आवेदन कुल एक लाख 76 हजार 725 आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद,विधायकगण स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी। आयोजित की जाएगी जिसमें योजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समाधान शिविरों में भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों का प्रचार.प्रसार प्रभावी ढंग से करें ताकि अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचे।



**सुशासन तिहार को लेकर कलेक्टर ने ली प्रेसवार्ता**

# कलेक्टर उइके ने ली प्रेस वार्ता, सुशासन तिहार व समाधान शिविरों की दी जानकारी

**गरियाबंद**, 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर बीएस उइके ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता लेकर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविरों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिले में 5 मई से 30 मई 2025 के बीच कुल 31 समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 25 शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में और 6 शिविर नगरीय निकायों में होंगे।

कलेक्टर उइके ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना, शासकीय योजनाओं योजनाओं की समीक्षा और निगरानी करना, इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी पत्रकारों से आग्रह किया कि शिविरों की जानकारी व्यापक रूप से प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित हो सकें।

**जिले में 1 लाख 44 हजार 988 आवेदन**

कलेक्टर ने यह भी बताया कि जिले में पहले चरण में विभिन्न माध्यम से अब तक कुल 1,44,988 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 93,311 का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों पर कार्यवाही जारी है। सभी आवेदनों को स्कैन कर संबंधित विभागों को ऑनलाइन एवं भौतिक रूप से भेजा गया है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में इन आवेदनों की प्रगति की जानकारी दी जाएगी। मौके पर समाधान योग्य मामलों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। इसके अलावा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और प्रपत्र उपलब्ध होंगे।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित वरिष्ठ अधिकारी होंगे शामिल**

कलेक्टर ने बताया कि तीसरे चरण के समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री न केवल शिविरों का औचक निरीक्षण करेंगे बल्कि विकास योजनाओं की समीक्षा बैठकें भी लेंगे। इस दौरान प्रेस वार्ता में जिला पंचायत सीईओ श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद थे।



**5 मई से होंगे जिले में 31 समाधान शिविर, ग्रामीणों और नागरिकों को मिलेगा लाभ, सीएम साय भी होंगे शामिल**

# तेजस्वनी ठाकुर ने प्रयास विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9वीं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**बागबाहरा**, 3 मई (देशबन्धु)। कु. तेजस्वनी ठाकुर पिता स्व. श्री ताहर सिंह ठाकुर (राजस्व निरीक्षक) ने शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9 वीं में 98.33 त्न अंक अर्जित कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अपने पापा मम्मी , परिवार और समाज का नाम रोशन की है। इसके सफलता छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ ,अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़, ए .जी. एस. ,अ . ज. जा.शासकीय सेवक संघ और सर्व आदिवासी समाज द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दिया है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की है।



# तृषा नायक ने पांचवी बोर्ड में 90 फीसदी अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में की उतीर्ण

**सिमगा**, 3 मई। ग्राम केसदा निवासी डां केके नायक की नातिन कुमारी तृषा नायक ने 5 वीं बोर्ड परीक्षा में केरला पब्लिक स्कूल की छात्रा ने 90 त्न अंक लाकर अपने विघालय एवं अपने परिजनों को गोरवान्वित किया है । तृषा नायक बचपन से ही होशियार है पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहती है । उनके शाला परिवार एवं परिजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।



# जीवन ज्योति स्कूल में कक्षा 5 व 8वीं के परिणाम शत-प्रतिशत

**आरंग**, 3 मई। नगर के जीवन ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 5 और 8 वीं के परिणाम शत-प्रतिशत आएं है। कक्षा 5वीं की छात्रा पंखुडी चंद्राकार 95 फीसदी अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया किया है। वहीं आर्यन कुमार 91 और केवल प्रसाद साहू 90.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में अल्का मार्कंडे - 90.33 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम तम्मना साहनी 88.17 और हिमशिखा साहू 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के छात्र-छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष जताया है। स्कूल के संचालक श्री मति चेम्बक वल्ली, प्राचार्य प्रसन्ना और अभिभावकों ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं।



# जाति जनगणना मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : मिंजून साहू



**फिंगेश्वर**, 3 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय कैबिनेट सुरक्षा समिति की बैठक में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति जनगणना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है जिसका पूरा देश ने समर्थन किया है एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मिंजून साहू पूर्व जिला अध्यक्ष गरियाबंद व पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ ने बताया कि जिस जाति गत जनगणना को कांग्रेस द्वारा सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के कारण आजादी के बाद भी नहीं कराया गया था उस जाति जनगणना को देश की वशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने करने का निर्णय लिया जिससे कि कांग्रेस एवं विपक्षी दल के नेताओं को एक बड़ा झटका लगा है साहू जी ने कहा है कि सभी दल की सरकार जिनकी सरकार लंबे समय तक रही है वही लोग इनका विरोध करते थे सन 1951 में पहली बार जाति जनगणना करने की शुरुआत की गई थी परंतु कांग्रेस को इसका नुकसान होने का डर नुकसान होने के कारण उन्होंने ठंडा बस्ती में डाल दिया था 70 वर्षों तक जाति जनगणना नहीं कराई गई जो कि आज देश के प्रधानमंत्री ने जाति जनगणना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है कांग्रेस के नेताओं ने यह हमारी पुरानी मांग है करके श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं जाति जनगणना लोगों को बहुमत के आधार पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करेगा और मोदी जी का मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास मूल मंत्र के साथ देश देश को एक मुख्य धारा में सभी को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं इसलिए विपक्ष परेशान हो रही है साहू जी ने इस मोदी जी के प्रयास को साधुवाद दिया है।

# जीवन में सद्गुरु का आना पुण्योदय का संकेत : पं. अमन शर्मा

**फिंगेश्वर**, 3 मई। देवांगन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस शिक्षक कालोनी फिंगेश्वर में व्यासपीठ से बोलते हुए पंडित रामानुज अनिरूद्ध दास अमन शर्मा पंचकोसी धाम मौलीपारा फिंगेश्वर वाले ने कहा कलयुग में कथा पंडाल में आकर बैठने मात्र से जीवन का कल्याण निश्चित है। बसर्ते सुनने के भाव में पवित्रता, एकाग्रचित्त एवं विश्वास की भाव झलकनी चाहिए। कलयुग में दान को उत्तम बताया गया है। जिसमें अन्न दान गऊ दान कन्या दान भूमि दान आदि ।भगवान भाव के भूखें हैं आप उन्हें जिस रूप में पुकारोगे भगवान उसी रूप में तुम्हें प्राप्त होंगे। भक्त प्रहलाद ने मां की कोख से ही भगवान नारायण को अपना आराध्य देव माना चुका था ।जब प्रहलाद पांच साल के हुए तभी से नारायण नारायण कहते हुए उनके नामों को जपने लगा था वे अपने पिता हिरण्यकश्यप के बार बार मना करने पर भी नारायण नाम लेना नही छोड़ा अंत में अपने पिता हिरण्यकश्यप का नरसिंह के हाथों मोक्ष दिलाया चतुर्थ दिवस में आगे बोलते हुए जड़ भरत के बारे में कहा जिसके मन निर्मल हो छल कपट से परे हो सभी को एक रूप अर्थात सम भाव देखे वही जड़ भरत हैं। जड़ भरत को जो भी काम मिला उसे ईश्वर का प्रसाद समझकर किया हर प्राणी में ईश्वर का स्वरूप देखने वाला भरत की सरलता को देखकर एक समय राजा उसे मृत्यु दण्ड देना चाहते थे वह भी भरत की सरलता को देखकर उनके भक्ति के आगे झुकना पड़ा भगवान के प्रति हमारा प्रेम निर्मल होना चाहिए न कि दिखावा। भगवान कण कण में व्याप्त हैं। ईश्वर अंश जीव अविनाशी चेतन अमल सहज सुख राशि भगवान सुख को देने वाले हैं भक्त के लिए सदैव वे आगे रहते हैं। चतुर्थ दिवस के अवसर पर काफी संख्या में भक्त जन कथा पंडाल में आकर कथा का आनंद उठाया।



**चतुर्थ दिवस जड़ भरत, नरसिंह अवतार की कथा सुनकर भक्तजन पूरे समय हरि भजनों पर झूमते दिखे**

# तेज आंधी तूफान से टीन शेड उड़ा



**सरायपाली**, 3 मई (देशबन्धु)। शनिवार शाम 5 बजे शहर में तेज आंधी और तूफान से टीन शेड उड़ गया यह घटना शहर के वार्ड नंबर 6 बनिया पारा की है वार्ड नंबर 6 बनिया पारा में रहने वाले सजन अग्रवाल ने पिछले साल अपने छत के ऊपर टीन शेड लगाया था टीन शेड उड़ कर सड़क पार कर दीना काशी के गोदाम में लगे एस्बेस्टस सीट पर गिरा और आम के पेड़ के सहारे अटक गया इससे कोई जन हानि नहीं हुई आंधी तूफान के कारण लोग अपने घर पर ही थे सड़क के किनारे गली में कई कार खड़ी थी आंधी तूफान के कारण शहर में बिजली ढाई घंटे तक बंद थी आंधी तूफान का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ है समाचार लिखे जाने तक अनेक ग्रामों में बिजली नहीं थी आंधी तूफान से कई पेड़ गिर गए हैं।

# जानेंद्र चेलक ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 91.6 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान किया प्राप्त



**सिमगा**, 3 मई। कार्मल पब्लिक स्कूल के दसवीं के छात्र जानेंद्र चेलक ने आई सी एस ई बोर्ड परीक्षा में 91. 6त्न अंकों के साथ अपने शाला में द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं ।उनके इस उपलब्धि पर उनके शिक्षक शिक्षिकाओं माता पिता एवं सहपाठियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं वह नंदकुमार चेलक एवं श्रीमती नोमल चेलक व्याख्याता के सुपुत्र है।

# झूठा आरोप में जेल भेजने की शिकायत

**तिल्दा नेवरा**, 3 मई। नगर के वार्ड 22 के निवासी खुर्शीद आलम ने नेवरा थाने में शिकायत किया है कि मुझे वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि ने जेल भेजने की धमकी दी है खुर्शीद आलम ने संवाददाता को लिखित में बताया कि उक्त वार्ड में नशीले दवा बेचने की बात कह कर मानसिक रूप से परेशान करता है वह थाने में केश बनवाकर अंदर करने की बात करता है जिससे मैं मानसिक रूप से परेशान हूं मैं थाने में लिखी शिकायत कर दिया है इस संबंध में चर्चा करने पर वार्ड प्रतिदिन बताया कि खुर्शीद आलम ने मुझे देख लेने की बात कह कर धमकी दिया है मैं भी खाने में शिकायत कर दिया है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में पहली कक्षा के लिए 6 को होगी लॉटरी

## 120 आवेदनों में से चुने जाएंगे 50 छात्र



**गरियाबंद**, 3 मई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी से चयन किया जाएगा ।शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यह प्रक्रिया जिले के सभी आठ सेजेस में 6 से 10 मई के बीच आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग ने इसके लिए रोस्टर जारी कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण सीट आवंटन के लिए लॉटरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। गरियाबंद और मैनपुर विकासखंड के स्कूलों में यह प्रक्रिया 6 मई (मंगलवार) को सुबह 10 बजे विद्यालय परिसर में होगी। वहीं छुरा, फिंगेश्वर और देवभोग में लॉटरी प्रक्रिया 9 मई (शुक्रवार) को सुबह 10 बजे संपन्न होगी। सभी जगहों पर शाला प्रबंधन समिति, अधिकारी और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से लॉटरी होगी।

**100 से अधिक आवेदन, केवल 50 सीटें**

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, हर विद्यालय में कक्षा पहली की 50 सीटों के लिए अब तक औसतन 100 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। अनुमान है कि 5 मई तक और आवेदन प्राप्त होंगे। ऐसे में सभी पात्र आवेदकों के बीच लॉटरी से चयन किया जाएगा। अन्य कक्षाओं में सीटें फुल, केवल 11वीं में प्रवेश खुला विद्यालय की अन्य कक्षाओं में सीटें पहले ही पूर्ण हो चुकी हैं। केवल कक्षा 11वीं में सीटें खाली हैं, जहां कम आवेदन होने के कारण लॉटरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। विद्यालय प्रबंधन ने सभी आवेदक पालकों से अपील की है कि वे लॉटरी प्रक्रिया के समय अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# समर क्लास के समापन पर बच्चों का उत्सवर्धन करने आरु साहू होगी शामिल

**पिथौरा**, 3 मई (देशबन्धु)। संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा द्वारा आयोजित 40 दिवसीय नि:शुल्क मल्टी टैलेंट समर क्लासेस के समापन समारोह 5 मई को सांस्कृतिक प्रतिभा सम्मान समारोह गुरु तेग बहादुर धर्मशाला में आयोजित होगी। आयोजन समिति के डायरेक्टर श्रीमती सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के उभरते बाल कलाकार छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरु साहू बच्चों के उत्सवर्धन एवं मोटिवेट करने के लिए उपस्थित रहेगी। आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी में जन्मी और यही की संस्कृति में रची बसी आरू साहू ने अपनी मधुर आवाज तथा कला के दम पर बहुत कम उम्र में प्रदेश के संगीत प्रेमियों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। उनकी गायकीय में न केवल लोक संगीत की मिठास है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक अटूट संकल्प भी है। इस आयोजन में संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा उन्हें उनकी उपलब्धि के लिए बाल श्रीअवार्ड से सम्मानित भी करेगी। तथा बच्चों को गायन के क्षेत्र में मार्गदर्शन करेगी। इस आयोजन को लेकर संस्कार शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी गौरव चंद्राकर,राजा बाबू उपाध्याय, संतोष गुप्ता ,अनिल पटनायक,संस्कार संस्थान की टीम,डुप्लीकेशन साहू वह अन्य सभी पदाधिकारी कार्यक्रम की बड़ी तैयारी में जुटे हुए हैं।



**संस्कार शिक्षण संस्थान आरु साहू को बाल श्री अवार्ड से करेगी सम्मानित**

# अखंड ज्योति रथयात्रा का गांवों में स्वागत

**महासमुंद** 3 मई (देशबंधु)। अखंड ज्योति रथयात्रा के 9वे दिन में ग्राम रामपुर डूमरपाली ढाक झलप छिलपावन, सिंघनपुर पचरी, नरतोरा एवं भट्गांव का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 600 परिजन उपस्थित हुए। 540 सत संकल्प पत्रक 440 पॉकेट बुक्स एवं 20 देवस्थापना किया गया। 12 परिजनों द्वारा दीक्षा लिया गया। ग्राम डूमरपाली में देवेंद्र नायक उपसरपंच के द्वारा दीक्षा ली गई। ग्राम झलप के सरपंच राकेश कुमार साहू के यहां देव स्थापना किया गया। रथ के साथ धनी राम चक्रधारी, प्रीत राम, अनिल कुमार, ओम प्रकाश साहू एवं गायत्री शक्ति पीठ से ललित कुमार सिंह, हीरा लाल साहू, परस सिंह चौहान, बोध राम साहू, जगमोहन साहू, रिखीराम साहू ,भरत सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। गांव के परिजन करण बरिहा परमानन्द देवसिंह दीवान जगत राम यादव शुकदेव साहू रथराम रामचरण पटेल नारायण सिंह ताम्रध्वज साहू ने गुरु कार्य में सहयोग किया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक रोहित साहू के प्रयासों ...

विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जिस प्रकार मांग की जा रही है उसी के अनुरूप बोर खनन कराकर पानी की समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने का प्रयास किया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।

### शासकीय प्राथमिक शाला भरसेला ...

बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से प्रत्युस शंकर शर्मा, ज्वाला प्रसाद कौशिक, माला साहू, द्रोपती श्रीवास, मयावती सेन, लखन पैकरा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

# जातिगत जनगणना की घोषणा का अभा वर्षीय यादव महासभा ने किया स्वागत

**बिलाईगढ़**, 3 मई (देशबंधु)। भारत देश का सबसे बड़ा यादव संगठन अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने केंद्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना कराया जाने की घोषणा का स्वागत किया हैद्य अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में जातिगत जनगणना की घोषणा को भारत देश के लिए अहम फैसला बताया है द्ययादव महासभा ने कहा है कि अब जाति जनगणना के माध्यम से भारत के उन सभी जातियों के गणना आंकड़े सामने आ जाएंगे जो इस देश में निवास करती हैद्य इस जनगणना से दो बातें सामने आएगी पहले यह की कौन सी जाति कितनी संख्या में निवास करती है और दूसरा जनसंख्या के आधार पर विकास का खाखा उनके लिए तैयार किया जायेगा अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने कहा है कि जाति का जनगणना के बाद आरक्षण की स्थिति रोजगार की व्यवस्था एवं सामाजिक आर्थिक प्रशासनिक व राजनीतिक तौर पर विकास की दिशा में पिछड़े हुए उन जातियों को मौका मिलेगा जो संख्या अनुपात में अपना अधिकार प्राप्त नहीं कर पाते थेद्य अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में जाति का जनगणना की घोषणा पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि इस मांग को लेकर वे 6 वर्ष पूर्व से ही पूरे भारत देश में अभियान चला रहे थे अपने सामाजिक एजेंडा में शामिल इस मांग से संबंधित केंद्र सरकार को कई बार ज्ञापन भी दिया जा चुका है और यह संघर्ष आज साकार होने की दिशा में अग्रसर है इससे भारत में निवास रत सभी जातियों का जनसंख्या अनुपात में मूल्यांकन हो सकेगा जहां तक पिछड़े वर्ग की जाति का सवाल है तो हमें प्रसन्नता इस बात की है की यादव जाति पिछड़े वर्ग की जातियों में अब किस नंबर पर है इसका स्पष्ट तौर पर पता चल जाएगा अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने जाति जनगणना की घोषणा के पश्चात केंद्र सरकार से मांग की है कि इस ऐलान को अमली जामा पहनाने के लिए इस दिशा में बजट की व्यवस्था के साथ शीघ्र ही गणना प्रारंभ कराए जाने आवश्यक पहल किया जाएद्य अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रमुख महासचिव छत्तीसगढ़ इंजीनियर एसडी यादव, राष्ट्रीय सचिव डी आर यादव,वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी (छत्तीसगढ़) नरेन्द्र कुमार यादव ,राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू यादव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संयोजक अहीर रेजिमेंट, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी यादव सहित नरेन्द्र कुमार यादव प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ,रामाश्रय यादव प्रदेश उपाध्यक्ष,कमल यादव शिव यादव गणेश यादव, गिरधारी यादव जिला अध्यक्ष जांजगीर चांपा, विनोद यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद, जय किशन यादव, बसना से संजय यादव, धनंजय यादव,राजेश यादव, बृजेश यादव, संतोष यादव, कमलेश यादव, पप्पू यादव, अंशुल यादव, संजय यादव, राहुल यादव, पवन यादव ब्लॉक अध्यक्ष, ममता यादव, मिथिलेश यादव,अशोक यादव, जितेन्द्र यादव, सरायपाली से संरक्षक मनोरथलाल यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव, ईशान यादव,कोमल यादव, अंबर यादव,मयंक यादव व जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल यादव रायपुर , सक्ती से गोकुल यादव, गोविंद यादव ,सारंगढ़ से अजय गोपाल यादव, रामनारायण पुजारी यादव,जैजेपुर से अंजू कुमार यादव, बिलाईगढ़ से धनेश यादव आदि सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश यादव महासभा के समस्त पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों सहित कार्यकारिणी सदस्यों व देश एवं प्रदेश भर से यादव समाज के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सुशासन तिहार में थानेश्वर केशवानी को मिला व्हीलचेयर



**बिलाईगढ़**, 3 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार के दौर में ज़िले में जनकल्याण और संवेदनशील प्रशासन का एक प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया है, जहाँ एक दिव्यांग नागरिक की छोटी-सी जरूरत को न सिर्फ गंभीरता से सुना गया, बल्कि त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे घर पर ही सुविधा उपलब्ध कराई गई। वार्ड क्रमांक 9, सारंगढ़ निवासी थानेश्वर केसरवानी, जो मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी गंभीर और दुर्लभ बीमारी से जुझ रहे हैं। उन्होंने हाल ही में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग से व्हीलचेयर की मांग की थी। यह मांग उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि वह उसके जीवन का सहारा था। आवेदक थानेश्वर की इस जरूरत को कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। उनकी पहल पर समाज कल्याण विभाग ने अत्यंत सराहनीय कार्य करते हुए उच्चस्तरीय संवेदनशीलता का परिचय दिया और विभाग के अधिकारियों ने खुद जाकर थानेश्वर के घर व्हीलचेयर प्रदान किया गया। जब विभागीय अधिकारी व्हीलचेयर लेकर थानेश्वर के घर पहुँचे, तो उस पल की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। वर्षों से चलने में असमर्थ थानेश्वर के लिए यह व्हीलचेयर केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि उनकी स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और सामाजिक जुड़ाव का माध्यम है ।आवेदक थानेश्वर केसरवानी ने इस मानवीय सहायता के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, समाज कल्याण विभाग, सारंगढ़-बिलाईगढ़ प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके जीवन में नई ऊर्जा और आशा लेकर आई है।

## निधन

### रानुलाल बंगानी



**नवापारा-राजिम**, 3 मई। श्वेताम्बर समाज के वरिष्ठ सदस्य रानुलाल बंगानी बोरसी वाले उम्र 77 का आकस्मिक निधन आज रात्रि 3 बजे हो गया ।उनका अंतिम संस्कार 10.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे जीतेन्द्र, विकास बंगानी के पिता थे।

### राजकिशोर शुक्ला



**पलारी**, 3 मई। पलारी के ग्राम घोटीया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजकिशोर शुक्ला 85 का आज शनिवार को देवलोक गमन हो गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण सहित पत्रकारगण बड़ी संख्या मे शामिल हुए। वे प्रेमा देवी शुक्ला के पति ,गीता मिश्रा,सविता मिश्रा, अखिलेश शुक्ला,मिथलेश शुक्ला के पिता, प्रतिक शुक्ला सुनैना, प्रेरणा शुक्ला,स्वकाश शुक्ला के दादा,अजय, अभय,महीमा, प्रतिभा के नाना थे।

### कमल नारायण राजपूत



**पलारी**, 3 मई। पलारी के ग्राम अमेठी के प्रतिष्ठीत नागरिक पूर्व जनपद सदस्य डा.कमल नारायण राजपुत का आज आकस्मिक निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है वे कुलदीप और सोनू राजपूत के पिता थे।

# नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद,** 03 मई (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में तीन नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि वर्ष 2024 से प्रभाव में आए ये नए कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान ले चुके हैं। उनके अनुसार इन कानूनों का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रारंभ में चुनौतियाँ आ सकती हैं, किंतु निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण के माध्यम से हम इनका सहज उपयोग सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अब आपराधिक मामलों में चालान 60 से 90 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इन कानूनों का समयबद्ध,



पारदर्शिता के साथ पालन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को नए कानून के संबंध में सतत अध्ययन के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिला चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस विभाग को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में उप संचालक लोक अभियोजन आशीष कुमार सिन्हा एवं सहायक संचालक लोक अभियोजन घनश्याम पाण्डे ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नए कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई.एफआईआर के लिए फोन, ई.मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नये कानून के अंतर्गत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भी समय का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि अर्थदण्ड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। नए टेक्नोलाजी को अपनाने से कार्य सुगम होंगे तथा अपराधियों को समय पर दण्ड मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफआरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बार.बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, एडीएम हरिशंकर पैकरा, रवि कुमार साहू, ओंकारेश्वर सिंह, मनोज खांडे, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, श्रीमती मिषा कोसले, एसडीओपी सहित एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन विधिक परिवर्तनों के प्रति अधिकारियों को जागरूक करना तथा प्रशिक्षण की दिशा में ठोस पहल करना था।

# नगर अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों के प्रयास से गुढ़ियारी तालाब में 20 वर्षों बाद आया नहर पानी

**नगरी,** 3 मई (देशबन्धु)। गौरतलब है कि बढ़ती गर्मी के चलते तालाबों के पानी सूखने लगे हैं, जिससे नगर वासियों को मौत मिट्टी तीज नहावन कार्यक्रम के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं सभी पार्षदों ने संज्ञान लेते हुए इरिगेशन विभाग को पत्राचार किया।



विभाग ने आवेदन की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए त्वरित सोढूंर जलाशय से गुढ़ियारी तालाब, दरियारा तालाब में पानी भरने के लिए नाली में पानी छोड़ दिया। तकरीबन 20 वर्ष पूर्व इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित हुई थी तब से लेकर आज तक इरिगेशन की नालियां बंद पड़ी हुई थी। किसी ने कब्जा कर लिया तो कहीं दलदल तो कहीं पूरे मिट्टी बराबर हो चुके थे नगर पंचायत की पूरी टीम ने बड़ी मशक्कत से नालियों को पुन: पानी बहने योग्य बनाया, तब जाकर गुढ़ियारी तालाब में लगातार पानी भर रहा है, इस तारतम्य में अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षद ने कहा कि आने वाले समय में नगर के बहुत से तालाबों को इरिगेशन की मदद से गर्मी के दिनों में सब की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पानी भरा जाएगा, अध्यक्षा उपाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में गुढ़ियारी तालाब में पानी भरने के चलते नगर में जो पानी बरसात के दिनों में जाम हो जाता था वो अब इन नालियों के माध्यम से आसानी से निकल जाएगा, जो एक बीमारी का सबब बनता था पानी जाम के चलते पहले जैसी स्थिति नहीं होगी। पार्षद साथी असकरण पटेल, अश्विनी निषाद, राजा पवार, देवचरण ध्रुव, शंकरदेव सतत अपनी निगरानी विभाग के नाले में व तालाब में बनाए हुए हैं नगर

# सेजेस सिंगपुर में कार्ययोजना बैठक संपन्न



**नगरी,** 3 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में आगामी सत्र 2025-26 हेतु कार्ययोजना बैठक प्राचार्य डॉ वी पी चंद्रा की अगुवाई, शाला विकास और प्रबंधन समिति के सदस्यों के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को संपन्न हुआ, जिसमे सर्वसम्मति से निम्न फैसले लिए गए। कक्षा 8 के परीक्षा परिणाम आने के दूसरे दिवस से ही कक्षा 9 वीं में प्रवेश प्रारंभ हो जायेगा नव प्रवेशी विद्यार्थी पूरे दस्तावेज के साथ उपस्थित होंगे नए सत्र प्रारंभ से पूर्व अनिवार्यत: प्रवेश संबंधी सारी गतिविधियां संपन्न हो जायेगी ताकि सत्र के प्रथम दिवस से ही विधिवत पठन पाठन कार्य प्रारंभ हो जाए। वार्षिक कैलेंडर का निर्माण किया जाएगा जिसमे पूरे सत्र की कार्यकलाप निर्धारित रहेगा वार्षिक कैलेंडर निर्माण की जिम्मेदारी आर बी मारकोल, कल्याण कौशल और डी के देवांगन इन तीनों व्याख्याताओं को दी गई है। शाला स्तर पर आंतरिक समितिया यथा अनुशासन समिति, गुणवत्ता समिति, पालक संपर्क समिति का गठन किया जाएगा जिसमे पालक लोग भी उस समिति के अनिवार्य सदस्य होंगे। छात्र छात्राओं में अनुशासन बनाए रखने के लिए पालकों को शपथ पत्र देना होगा प्रत्येक पालक अनिवार्यत: अपने पाल्य /पाल्या की शैक्षणिक गतिविधि पर ध्यान रहे इसके लिए पूरे सत्र में कम से कम दस दिवस विजिट जरूर करेंगे। छात्रवासीय विद्यार्थियों की भी सतत निगरानी की जावेगी , ऐसे छात्र छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश दिया जाएगा जो शाला अनुशासन का पालन कर सके।

शाला विकास और प्रबंधन समिति बेहतर तालमेल के साथ शाला हित में कार्य करती रहेगी। कार्ययोजना बैठक में धनंजय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, लोमेश्व साहू नवनिर्वाचित सरपंच, श्रीमती ज्योति तिवारी उपसरपंच,अयुब खान पूर्व सरपंच, राधेलाल सिन्हा पूर्व सरपंच, ईशाक खान विधायक प्रतिनिधि और माध्यमिक विद्यालय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर के समस्त शिक्षक परिवार शामिल थे।

# सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजन, बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों ने जताया शासन का आभार

**महासमुंद** 03 मई (देशबंधु)। बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हुए कैबिनेट के बैठक में निर्णय लिया गया कि सीधी भर्ती 2023 में सेवा समाप्त 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजन होगा। इससे बर्खास्त हुए बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को राहत मिली है। इसी तारतम्य में बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों ने शुक्रवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर शासन और विधायक का आभार जताया। इस पर विधायक ने उन्हें नए पद के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देगी। बता दें कि वर्ष 2023 में हुए भर्ती परीक्षा में बीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को



सहायक शिक्षकों के पद पर पदस्थ किया गया था। कुछ समय बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार बीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के पद से हटाने एवं डीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को उनके पद पर पदस्थ करने का आदेश आया। इससे बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद से ही सरकार इन शिक्षकों के लिए समायोजन का रास्ता तलाश रही थी। इसी बीच जिले के बर्खास्त सहायक शिक्षक विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मिलने पहुंचे थे। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। सरकार सबके के हितों को ध्यान में रखते हुए रास्ता जरूर निकालेगी। 30 अप्रैल को हुए कैबिनेट के बैठक में बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजन का फैसला लिया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार चल रही है। इसमें किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होगा। युवाओं के लिए सरकार काफी कार्य कर रही है। इसलिए प्रदेश का युवा वर्ग सरकार के कार्यों से खुश है। कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक कला व विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता ;12वीं गणित विज्ञान पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एससीईआरटी के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए सांख्येत्तर पदों का सृजन किया जाएगा।

# अखंड ज्योति रथयात्रा का गांवों में स्वागत



**महासमुंद** 03 मई (देशबंधु)। अखंड ज्योति रथयात्रा के 9वे दिन में ग्राम रामपुर डूमरपाली ढाक झलप छिलपावन, सिंघनपुर पचरी, नरतोरा एवं भट्गांव का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 600 परिजन उपस्थित हुए। 540 सत संकल्प पत्रक 440 पॉकेट बुक्स एवं 20 देवस्थापना किया गया। 12 परिजनों द्वारा दीक्षा लिया गया। ग्राम डूमरपाली में देवेंद्र नायक उपसरपंच के द्वारा दीक्षा ली गई। ग्राम झलप के सरपंच राकेश कुमार साहू के यहां देव स्थापना किया गया। रथ के साथ धनी राम चक्रधारी, प्रीत राम, अनिल कुमार, ओम प्रकाश साहू एवं गायत्री शक्ति पीठ से ललित कुमार सिंह, हीरा लाल साहू, परस सिंह चौहान, बोध राम साहू, जगमोहन साहू, रिखीराम साहू ,भरत सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। गांव के परिजन करण बरिहा परमानन्द देवसिंह दीवान जगत राम यादव शुकदेव साहू रथराम रामचरण पटेल नारायण सिंह ताम्रध्वज साहू ने गुरु कार्य में सहयोग किया।

# द्वारकाधीश धाम में 11 से 17 मई तक श्रीमद भागवत कथा

## 5 को दो बसों में होंगे रवाना, जजमानों ने नगर के देवी-देवताओं को प्रणाम कर मांगी अनुमति

**महासमुंद** 03 मई (देशबंधु)। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति महासमुंद द्वारा द्वारकाधीश धाम गुजरात में 11 मई से 17 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए भागवत कथा के मुख्य जजमान शंकर पांडेय, इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत साहू, सीतादेवी साहू व अन्य जजमानों द्वारा कथा वाचन के लिए नगर पुरोहित पंकज तिवारी को कथा वाचन के लिए निवेदन पूर्वक निमंत्रित किया गया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर मुख्य जजमान और सह जजमान को श्रीफल अंग वस्त्र भेंटकर जजमान वरन की विधि पूर्ण कारवाई। इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि बद्रीनाथ धाम, रामेश्वरम



धाम में आयोजन के बाद इस वर्ष द्वारकाधीश की नगरी में यह आयोजन जन कल्याण भाव से किया जा रहा है। मुख्य जजमान, सह जजमान व सभी अन्य जजमान अपने कल्याण के साथ ही नगर कल्याण, जनकल्याण और धर्म भाव के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। पश्चात मुख्य जजमान, सह जजमान व आयोजन समिति के श्रीमती तारा चंद्राकर ने गणेश मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, राम मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर व पुराना अस्पताल स्थित हनुमान, शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर यात्रा की सफलता, कुशलता के लिए प्रार्थना कर यात्रा की अनुमति मांगी। आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के मूलचंद लड्ढा, देवेंद्र चंद्राकर, दिलीप जैन, राजेश नायक ने बताया कि 5 मई सोमवार को दोपहर 2 बजे कथा वाचक पं पंकज तिवारी के पुराना रावण भाठा स्थित निवास से करीब 80 यात्रियों का जत्था दो बसों में द्वारकाधीश धाम के लिए रवाना होंगे। 5 दिनों के यात्रा के दौरान सभी यात्री और औड़ा नागेश्वर, परली वैद्यनाथ, शनि सिगनापुर, भीमाशंकर, नासिक, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते हुए 10 मई की रात्रि गोमती द्वारका पहुंचेंगे। जहां 11 मई से जल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ होगा। वापसी में डाकोर द्वारका होते हुए सभी तीर्थ यात्री उज्जैन महाकाल और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते हुए 21 मई को महासमुंद पहुंचेंगे तिवारी के निवास में आयोजित निमंत्रण एवं जजमान वरन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तारा चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, रिखीराम साहू, बाबूलाल साहू, हीरालाल साहू, दिनेश महाराज, हेमंत द्विवेदी, विजय चंद्राकर, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# परिसमापनाधीन सहकारी समितियों के सदस्यों, हितबद्ध व्यक्तियों को 2 माह के भीतर दावा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने निर्देश

**महासमुंद** 03 मई (देशबंधु)। जिले में परिसमापनाधीन सहकारी समितियों के सदस्यों, हितबद्ध व्यक्तियों को उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्था द्वारा सूचना प्रकाशन की तिथि के 02 माह के समयसीमा के भीतर अपनी देनदारी लेनदारी व अन्य दावे प्रमाण प्रस्तुत करने सूचित किया गया है। दावे प्रमाण संबंधित सोसायटी के परिसमापक अथवा संबंधित कार्यालय के परिसमापन कक्ष में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और संस्था के पंजीयन निरस्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिले की विभिन्न सहकारी समितियां छग सहकारी सोसायटी अधिनियम 1962 के नियम 57 (1) (अ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया में हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत महासमुंद जिले की 36 समितियां शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियांए मत्स्य सहकारी समितियां, प्रिंटिंग प्रेस सहकारी समितियां, बुनकर सहकारी समितियां, और धान भंडारण समितियां प्रमुख हैं। इन समितियों के परिसमापक एस के गुप्ता सनि और एम के नायक वसनि को नियुक्त किए गए हैं जो अलग.अलग विकासखंडों की समितियों का परिसमापन कार्य देखेंगे। सभी संबंधित व्यक्ति को समय सीमा के भीतर अपने दावे प्रस्तुत करने कहा गया है। इनमें बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या सिर्री, कुम्हारीमुड़ा, नेहरू सहकारी धान भण्डार मर्या गांजर, माँ खल्लारी फल फुल बीज उत्पादक सह समिति मर्या. बागबाहरा शामिल है। इसी तरह बसना विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. पैता, भंवरपुर, गिधापाली, कलामन्दिर बुनकर सहकारी समिति मर्या भंवरपुर, महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति मर्या. जीवतरा, गणेश मुद्रणालय एवं स्टेशनरी सहकारी समिति मर्या. महासमुन्द, माँ सरस्वती प्रिटिंग प्रेस सहकारी समिति मर्या महासमुन्द, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या रामपुर, बंदोरा, दर्रीपाली, तेन्दुवाही बी, खिरसाली, खैरझिटी, नवागांव, मानपुर, बेलर, अरण्ड, मोंहदी व पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. लोहारिनडोंगरी, छातामौहा, साल्हेतराई, बिजराभांठा, गबौद एवं धनुरायमति बुनकर सहकारी समिति मर्या जाड़ामुडा तथा सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत माँ कैलाश फुल फुल बीज उत्पाण् क्रय सहण् समिति मर्याण् सरायपालीए प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्याण् गहनाखार, किसड़ी, मुंधा, डंगनिया, प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति मर्या. लिमगांव, बोडेसरा एवं तोषगांव शामिल है।

# श्रवण यंत्र पाकर चंद्रिका की दुनिया में लौटी आवाज़

## सुशासन तिहार में दिए आवेदन का त्वरित मिला समाधान

**बलौदाबाजार,** 3 मई (देशबन्धु)। लवन तहसील के ग्राम खटियापाटी की 17 वर्षीय चंद्रिका साहू के लिए हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार किसी वरदान से कम नहीं रहा। बचपन से ही 60 प्रतिशत तक सुनने में असमर्थ चंद्रिका ने ग्राम पंचायत में आयोजित चौपालं के दौरान अपनी परेशानी सामने रखी थी। उसके आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण



यन्त्र उपलब्ध कराया गया। श्रवण यन्त्र से चन्द्रिका अब पूरी तरह सुन सकती है।

चंद्रिका ने बताया कि कान से सुनाई न देने के कारण पढ़ाई और दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उसने चौपाल में समाजकल्याण विभाग से श्रवण यंत्र की मांग की थी ताकि वह सामान्य जीवन जी सके। शासन ने उसकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की और समाजकल्याण विभाग के माध्यम से उसे श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने के बाद चंद्रिका ने खुशी जताते हुए कहा कि अब वह पहले की तुलना में स्पष्ट और आसानी से सुन पा रही है। उसने सरकार और प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुशासन तिहार जैसी पहल से ग्रामीणों को सीधे लाभ मिल रहा है और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है। यह घटना न सिर्फ शासन की संवेदनशीलता को दर्शाती है बल्कि यह भी साबित करती है कि यदि मंच और मौका मिले तो हर जरूरतमंद तक मदद पहुँचना संभव है।

# रोहांसी मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया फल वितरण



**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 3 मई (देशबन्धु)। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पंचायत रोहांसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना किया गया यह कार्यक्रम भाजपा मंडल रोहांसी विजय कोसले के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर पार्षद लखन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता नरोत्तम बघेल, वरिष्ठ भाजपाई मोहन साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, बिहस कलिहारी, निर्मला रजक, पवन ध्रुव, मिनेंद्र यादव, कुमार पटेल, शंकर पैकरा, चरण दास कोसले, हरिकीर्तन यादव, ईश्वर बघेल, युगल साहू, बुधारू साहू, कमलेश चतुर्वेदी, अजय ध्रुव, जागेश साहू, राजू सेन, दिलीप कन्नौजे, रामप्रसाद यादव, हेमकिशन साहू, रोहित साहू, कुणाल सेन, टेकराम जायसवाल, कौशल साहू भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी उपस्थित थे।

# जल और पर्यावरण बचाने सड़कों पर उतरे स्काउट-गाइड्स

**गरियाबंद,** 3 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 75वीं स्थापना दिवस पर शुक्रवार को नगर में सायकल रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य जल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करना था। रैली को डीएसपी निशा सिन्हा और नगर पालिका उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली छिंद तालाब, गौरव पथ, भूतेश्वर महादेव मार्ग होते हुए तिरंगा चौक से सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल तक पहुंची। करीब 5 किलोमीटर लंबी इस रैली में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स ने बैनर, पोस्टर और नारों के साथ भाग लिया।



इस आयोजन का नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला सचिव रोमनलाल साहू, डीओसी (स्काउट) आशीष साहू और डीओसी (गाइड) सीमा साहू ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव थे। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। अगर समय रहते जल नहीं बचाया गया तो अगला विश्व युद्ध जल के लिए होगा। अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी ऋचा ठाकुर ने की। उन्होंने जल और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर बात की और जनभागीदारी की जरूरत बताई। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला स्काउट गाइड संघ उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, प्रीतम सिन्हा, सेजेस प्रबंधन समिति अध्यक्ष केसर निर्मलकर, सेजेस प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध, जिला खेल अधिकारी यूके नेताम, नपा सभापति सुरेन्द्र सोंनटेके और सूरज सिन्हा मौजूद रहे।

रैली को सफल बनाने में धर्मेंद्र ठाकुर, लुकेश्वर प्रधान, वर्षा पटेल, रूपा साहू, किरण सारथी, धर्मेंद्र कुमार और किरण नंद का योगदान रहा। इस रैली में सेजेस अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल, कन्या शाला, दर्रीपारा, फुलकर्रा और सरस्वती शिशु मंदिर के स्काउट-गाइड्स और रोवर-रेंजर शामिल हुए। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

# पदोन्नति के बाद सेटअप के अनुसार हो युतियुक्तकरण अन्यथा होगा कड़ा विरोध: संयुक्त शिक्षक संघ

## सरकार से मांग किया कि लंबित प्रधानपाठक, शिक्षकों के पदों पर पदोन्नति किया जाए

**नवापारा राजिम** 03 मार्च (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही पुनः प्रारंभ करने का आदेश सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश में पूर्व में निर्धारित नियमों को ही यथावत रखा गया है।जिसमें पहले स्कूलों का उसके बाद शिक्षकों के युक्तिकरण का प्रावधान है। इस संबंध में जब पूर्व में यह प्रक्रिया अपनाई गई थी, तब छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ द्वारा शिक्षक और शिक्षा हित में अपनी आपत्तियां सरकार के सामने दर्ज किया था। उस समय सचिव द्वारा चर्चा के दौरान ऐसे प्रावधान जिससे शिक्षकों को नुकसान हो रहा हो, उसे पृथक करने का आश्वासन दिया गया था। इसके कड़े विरोध के कारण सरकार को इसे बीच में ही रोकना पड़ा था, लेकिन अब उन्हीं प्रावधानों को अपनाया जाना उचित नहीं है। इस संबंध में संघ के प्रताध्यक्ष केदार जैन, प्रांतीय पदाधिकारी ममता खालसा, ओमप्रकाश बघेल, अर्जुन रत्नाकर, गिरजा शंकर शुक्ला, ओम प्रकाश चौधरी, माया सिंह, सोहन यादव, रूपानंद पटेल, ताराचंद जायसवाल, सुभाष शर्मा, विजय राव आदि ने सरकार से मांग किया है कि प्राचार्य एवं व्याख्याता की पदोन्नति गत कई वर्षों से लंबित है जिसकी प्रक्रिया अंतिम रूप में है जिसके साथ ही लंबित प्रधानपाठक, शिक्षक के पदों पर सर्वप्रथम पदोन्नति किया जाए, उसके पश्चात ही युतियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, अन्यथा इससे शिक्षकों को बहुत बड़ा नुकसान होगा जिससे शिक्षकों में आक्रोश फैलना स्वाभाविक है जो विरोध करने पर विवश हो जाएंगे।



**शिक्षकों पर किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं**

संघ पूर्व एवं वर्तमान में भी स्पष्ट कर मांग कर चुका है कि विभाग में स्वीकृत सेटअप, शिक्षा का अधिकार कानून के अनुसार ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया किया जाए। सेटअप के अनुसार ही वित्त विभाग से पद स्वीकृत हैं जिसके अनुसार भर्ती और पदोन्नति किया गया है। संस्था प्रमुख का पद यथावत रखा जाए। निर्धारित सेटअप के अनुसार नहीं किए जाने पर बड़ी संख्या में शिक्षक अतिशेष की श्रेणी में आएंगे एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव शिक्षा की गुणवत्ता पर भी पड़ेगा। संघ द्वारा आज इसका ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं शिक्षा विभाग के सचिव को प्रेषित किया गया है। साथ ही संघ यह स्पष्ट करता है कि युतियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों पर किसी भी प्रकार से अन्याय किया जाएगा तो वह बर्दाश्त नहीं होगा। संघ इसका कड़ा विरोध करते हुए धरना आंदोलन करने पर विवश होगा। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित दुबे द्वारा प्रदान किया गया।

# अग्निवीर लिखित परीक्षा पूर्व सेमिनार सम्पन्न



**धमतरी,** 3 मई (देशबन्धु)। शासकीय गर्ल्स कॉलेज धमतरी में आज अग्निवीर लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें अग्निवीर के लिए होने वाले परीक्षा में सिलेबस किस प्रकार का होगा इस टॉपिक पर विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता के रूप में जीवनलाल निषाद द्वारा परीक्षार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें रीजनिंग बुक, सामान्य ज्ञान बुक के बारे में बताकर मेजर राम सिंह यादव, मेजर आर डी अहलूवालिया, डॉ. ए.पी. लाल द्वारा लिखित पुस्तक पढ़ने की सलाह दी गई, निरंतर अभ्यास करते हुए पिछले 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करके आत्माकलन करना। जिले के ग्राम उरपुटी, कांदुल, भटगांव, करेठा, डोड़की, भोयना,बरारी, खरतुली, दरगहन, सिलौटी, सलोनी, कोलियारी, बोरसी, झांझरकेरा, मोहलई, कुकरेल, सोनेवारा, दर्री, रुद्री, बकली, पीपरछेड़ी सहित बड़ी संख्या में शहरी परीक्षार्थी सेमिनार में सम्मिलित हुए। जिस प्रकार माननीय कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा सेमिनार की रूपरेखा बनाई गई थी उसके अनुरूप परीक्षार्थियों की उपस्थिति सकारात्मक रही,वहीं एसडीएम पीयूष तिवारी ने सेमिनार की अंतिम कड़ी में परीक्षार्थियों से प्रश्न पूछा सेमिनार में आपने किन-किन बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की उत्तर में हर्ष सोनकर ने बताया कि हम लोग शारीरिक प्रशिक्षण निरंतर कर रहे हैं यहां लिखित परीक्षा के लिए समय प्रबंधन, सिलेबस,लेखक के बारे में जानकारी मिली।

कार्यक्रम में उपस्थित एसडीम पीयूष तिवारी, प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी, डॉ. डी.आर. चौधरी, डॉ रोहिणी मरकाम, थॉमस पाल प्रभारी खेल अधिकारी (शिक्षा विभाग) डॉ चंद्रशेखर बांधे, क्रीड़ा अधिकारी कन्या महाविद्यालय,मधुमाधव देव सहायक प्राध्यापक, जीवन निषाद विषय विशेषज्ञ, जगतपति देव सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी,वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक राजकुमार सिन्हा, खिलेंद्र साहू,संदीप सिन्हा, गोपेश साहू, लीना यादव, विकास सिंह ठाकुर,देवभरत साहू कैलाश ध्रुव उपस्थित रहे।

# जिले में कल से लगेंगे समाधान शिविर, तैयारी पूरी

**गरियाबंद,** 3 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन लिए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। तीसरे और अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई तक जिले के सभी विकासखंडों में समाधान शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर बीएस उइके ने शिविरों के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और जनपद पंचायत सीईओ को शिविरों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं।

विकासखंड देवभोग में पहला शिविर 05 मई सोमवार को शासकीय हाईस्कूल प्रांगण सीनापाली में लगेगा। इसमें सीनापाली, दरलीपारा, बाडीगांव, कैटपदर, घुमरगुड़ा, बरकानी, गंगराजपुर, सरगीगुड़ा, सुकलीभाठा पु., गिरसूल के ग्रामीण शामिल होंगे। विकासखंड मैनपुर में 06 मई मंगलवार को अमलीपदर छात्रावास परिसर में शिविर लगेगा। इसमें घुमरापदर, चिखली, खरीपधरा, दाबरीगुड़ा, बिरीघाट, मुड़गेलमाल, कुहीमाल, मुड़ागांव, अमलीपदर, कोदोभाठा, भैंसमुड़ी, सरनाबहाल, धनोरा, नवापारा, गुरजीभाठा अ, डेण्डूपदर के ग्रामीण शामिल होंगे।

जनपद पंचायत छुरा में 08 मई गुरुवार को मुड़ागांव में शिविर लगेगा। इसमें मुड़ागांव, सोरिदखुर्द, अमेठी, गोंदलाबाहरा, अकलवारा, साजापाली, कसेकेरा, पाटसिवनी, अमलोर, जामली, परसदाखुर्द, पिपरहट्टा, बोराबांधा ब, नवापारा भ, रानीपरतेवा के लोग शामिल होंगे।

जनपद पंचायत फिंगेश्वर में 09 मई शुक्रवार को कमारपारा बोरिद में शिविर लगेगा। इसमें जामगांव, लचकेरा, सोनासिल्ली, कोसमखुटा, रजकट्टी, गुण्डरदेही, खैरझिटी, भेण्ड्री जा., बोरिद, सरकड़ा, सिर्रीकला, पेण्ड्रा, पाली, परसदाकला के ग्रामीण शामिल होंगे।

# पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा थाना अर्जुनी का वार्षिक निरीक्षण कर, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश

**धमतरी,** 3 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार (भांपु.से.) द्वारा थाना अर्जुनी का वार्षिक निरीक्षण किया गया एवं थाना प्रभारी सहित थाना में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदय ने थाने के सभी अधिकारी/कर्मचारियों की परेड लेकर सलामी ली गई एवं सभी कर्मचारियों का टर्नआउट चेक किया गया जिसमें सउनि.रामसिंह साहू,आरक्षक अनिल साहू को उत्साहवर्धन के लिए।

प्रशंसा दिया गया एवं थाना के अच्छा नक्सा बनाने के लिए प्रआर. भूपेश सिन्हा को नगद ईनाम भी दिया गया साथ ही सीसीटी एनएस.एवं अन्य पोर्टलों, ई- साक्ष्य के संबंध सही जानकारी देने पर सीसीटीएनएस. आरक्षक लुकेश ठाकुर को ईनाम दिया गया। बीट सिस्टम के विफलता के लिए बीट प्रभारी उनि. लक्ष्मी शंकर मडलेश्वर को किया गया दंडित एवं थाना प्रभारी निरी. चंद्रकांत साहू को चेतावनी दी गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराध एवं थाना में पेंडिंग अपराधों, शिकायत, मर्ग एवं लंबित अपराधों,एवं सुशासन त्यौहार में प्राप्त शिकायत का भी समयावधि में सार्थक निराकरण हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। साथ ही नये कानून के प्रावधानों के अनुसार, ई-साक्ष्य,एवं तकनीकी संसाधनों का उपयोग करने के लिए भी निर्देश दिया गया।



थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष आदि के रख-रखाव व साफ-सफाई का निरीक्षण कर थाना प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारी-कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व लंबित अपराधों लंबित मर्ग, लंबित शिकायत,लंबित पत्रों का समयबद्ध गुणवत्ता पूर्वक निराकरण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं महिला एवं बच्चों संबंधी अपराध एवं गंभीर अपराधों के जांच निर्धारित समयावधि पर करने के भी निर्देश दिया गया। साथ ही थाने में उपस्थित आवश्यक विहित पंजियों ग्राम अपराध पुस्तिका, हिस्ट्री शीट रजिस्टर, निगरानी रजिस्टर सहित विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण कर कमियों को पूरा करने थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया।

थाने के माल खाना में जाकर जप्त सामग्री का बारीकी से निरीक्षण कर,रख रखाव एवं समयावधि पर जप्ती माल का निराकरण के भी निर्देश दिये गए। पुरुष हवालात, महिला हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किये उन्होंने थाना परिसर में साफ- सफाई का भी अवलोकन किये एवं परिसर को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। थाने के विवेचकों के पास कितना लंबित है जानकारी ली गई एवं लंबित शिकायत,लंबित अपराध, लंबित मर्ग,लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के सख्त निर्देश दिये गए। केस डायरी को प्रत्येक विवेचकों को अध्यन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस टीम को सतर्क रहकर मुस्तैदी से कार्य करने का निर्देश भी दिये।

थाना के अपराधों के ग्राफ को भी देखा गया, यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, महिला एवं बालक बालिकाओं से संबंधित तथा हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी करने। थाने में आम जनों के द्वारा किसी मामले को लेकर उपस्थित होने पर सम्मान पूर्वक बैठा कर उनकी समस्याओं/शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। बेसिक पुलिसिंग एवं विजिबल पुलिसिंग के तहत शाम को पैदल पेट्रोलिंग करने एवं हैटल, ढाबा, लॉज, बस स्टैंड चेकिंग, गुंडा, निगरानी, बदमाशों की नियमित चेकिंग एवं जुआ, सट्टा अवैध शराब बिक्री के संबंध में अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। समंस वारंट की तामिली की तामिली करने के संबंध में भी दिये निर्देश।

अंत में थाना के सभी अधिकारी कर्मचारियों की दरबार लेकर समस्याओं से भी रूबरू हुए,एवं उनके निराकरण लिए आश्वस्त भी किया। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत के लिये थाना पहुंचे कुछ ग्रामीणों से स्वयं रूबरू होकर शालिनता से उनकी शिकायत सुन थाना प्रभारी को विधिसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मीना साहू, थाना प्रभारी अर्जुनी निरी. चंद्रकांत साहू सहित थाने के सभी अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# मौसम विभाग ने जारी किया हीट एक्शन प्लान की तैयारी का अलर्ट

■ पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान का बढ़ना असामान्य



**भाटापारा,** 3 मई (देशबन्धु)। मैदानों में 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा जा रहा है तापमान। 2 दिन तक बन रही यह स्थिति हीट वेव को बढ़ा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने हीट एक्शन प्लान की तैयारी का अलर्ट जारी कर दिया है।

जलवायु परिवर्तन के दौर में अब चरम मौसमी घटनाएं, आम हो चलीं हैं। सतर्कता और दीर्घकालिक रणनीतियों को इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि मई से जुलाई के बीच भीषण गर्मी और हीट वेव की स्थितियां बन चुकीं हैं। आशंका है कि इस बरस लू के दिनों में वृद्धि हो सकती है ।

पहली बार पहाड़ी क्षेत्रों में- मैदानी क्षेत्र में तापमान तो सामान्य से अधिक ही है लेकिन पहली बार पहाड़ी क्षेत्र में तापमान का स्तर 30 से 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा हुआ है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इसे न केवल असामान्य माना हुआ है बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि यदि यह स्थिति लगातार दो दिन तक बनी रहेगी, तो पहली बार पहाड़ी क्षेत्रों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा।

भीषण गर्मी की आशंका- मई, जून और जुलाई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इन तीन महीनों को विशेष रूप से भीषण गर्मी वाला महीना माना है। इन महीनों में हीट वेव के दिन भी बढ़ने की प्रबल आशंका बलवती है। यह स्थिति स्वास्थ्य, कृषि और जल संसाधनों पर गहरा असर डालने सकती है। संवेदनशील जनसंख्या समूह बुजुर्ग, बच्चों और श्रमिक विशेष जोखिम वाले होंगे। इन तीनों समूह को सतर्कता अधिक बरतनी होगी।

बने हीट एक्शन प्लान- अलर्ट के बाद राज्यों ने जो हिट एक्शन प्लांस बनाए हैं, वह नाकाफी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अग्रिम चेतावनी प्रणाली को सबसे कमजोर माना है। स्वास्थ्य सेवाएं भी चुस्त नहीं हैं, तो जागरूकता अभियान को लेकर गंभीर नहीं है राज्य सरकारें। जल और बिजली की आपूर्ति भले ही ध्यान में हों लेकिन कसावट की आवश्यकता यहां भी हैं। इसलिए सतर्कता और दीर्घकालिक रणनीतियां अनिवार्य हैं।

दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता- गर्मी और लू जैसी चुनौतियों का सामना केवल तात्कालिक उपायों से नहीं किया जा सकता। इसके लिए कृषि, जल प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं में समन्वित और दीर्घकालिक रणनीतियाँ तैयार करना आवश्यक है। तापमान में हो रही असामान्य वृद्धि खाद्य सुरक्षा और फसल उत्पादन को भी प्रभावित कर सकती है। इसलिए किसानों को फसल चक्र में बदलाव करने और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना अब बेहद जरूरी हो गया है।

**डॉ. दिनेश पांडे, साइंटिस्ट (एग्रोनॉमी), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# नयापारा खुर्द में शासकीय भूमि पर रातों-रात अवैध कब्जे का मामला

■ मामले की लिखित शिकायत ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों ने तहसीलदार से की है



**पिथौरा,** 3 मई (देशबन्धु)। जिसके बाद पुनः सुशासन तिहार में ग्राम की ही महिला मुनिया साहू ने आवेदन क्रमांक 25144636400156 में बताया कि ग्राम के तालाब की भूमि में झोपड़ी बना अवैध कब्जा कर लिया जिसके बाद प्रशासन ने मौका देखने हल्का पटवारी कमल सिदार को भेजा जिसने भी अवैध कब्जे की पुष्टि जांच रिपोर्ट में की । इधर ग्रामीणों का कहना है

बेशकीमती भूमि को साक्ष्य के बाद कब्जों से न हटाने से प्रशासन की भी मिलीभगत का संदेह गहरा गया है।आपको बता दे खसरा नंबर 16, जो 0.32 हेक्टेयर की शासकीय भूमि है और रिकॉर्ड में तालाब के रूप में दर्ज है, जिस पर तुलसी राम साहू ने करीब 2 माह पूर्व ईंट का मकान बना लिया। मौका जांचने के बाद पटवारी कमल सिदार ने पंचनामा बना जांच में पुष्टि की कि खसरा नंबर 16 (कुल रकबा 2.69 हेक्टेयर) पर टीन शेड और ईंट से अवैध निर्माण हुआ है, जो लगभग 2-2.5 महीने पहले किया गया। यह भूमि सड़क किनारे होने के कारण काफी मूल्यवान है, और कब्जे का उद्देश्य इसे बेचने का प्रतीत होता है।

भूमि से सटा हुआ रॉयल किड्स निजी स्कूल है इस भूमि पर स्कूल के बच्चे सुखचार अधिनियम के तहत आवागमन का उपयोग करते है।

उसके बाद पड़ी रिक्त भूमि का उपयोग 1 दिवस के लिए बच्चों के खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए करने दो महीने पहले स्कूल ने कार्यक्रम के लिए इस स्थल की सफाई की थी, उसी दौरान भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया । ग्रामीणों ने कब्जेधारी से भूमि खाली करने को कहा, तो उसने उल्टा स्कूल पर शिकायत दर्ज करा दी।प्रशासनिक कार्रवाई की कमीग्रामीणों की शिकायत के बावजूद, पिथौरा तहसील में यह मामला महीनो बाद भी निराकरण नहीं किया गया। जो प्रशासनिक जवाबदेही की कमी को दर्शाता है। यह ग्रामीणों की बेबसी और न्याय की उम्मीदों को पर पानी फेरता है।

6 जनवरी को ठाकुर अनंत सिंह वर्मा ने उक्त शासकीय जमीन से बेजा कब्जा को मुक्त करने की शिकायत की थी आवेदन में ठाकुर अनंत सिंह वर्मा ने लेख किया था कि तुलसीराम साहू नयापारा खुर्द पटवारी हल्का नंबर 4 लहरौद पिथौरा के शासकीय भूमि खसरा नंबर 16 जो की मिसल अभिलेख में तालाब मद में दर्ज है जिसे तुलसीराम साहू के द्वारा 262 वर्ग फीट में ईंट का टेंपरेरी कवेलु वाला मकान बना कर कब्जा किया है अतः कीमती जमीन पर अवैध कब्जा तत्काल तोड़कर रख तो भूमि शासकीय परियोजना हेतु चिन्हांकित कर सुरक्षित किया जाए। लेकिन तहसीलदार ने मामले में कार्यवाही नहीं की। तहसीलदार नितिन ठाकुर से उनका पक्ष लेने कॉल किया गया तो संपर्क नहीं हो सका

***मामले की जानकारी तहसीलदार से लो। वहीं जानेंगे।***

***ओंकारेश्वर सिंह***
***पिथौरा***

# सुशासन तिहार मे रौशन हो रही टिकरापारा ब्राम्हण पारा की गलियां

**धमतरी,** 3 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत नगर निगम धमतरी की टिकरापारा निवासी आरती गिल, ब्राम्हण पारा निवासी राजू कुंभकार ने वार्ड की गली में विद्युत पोल लगाने और खंभों पर लगी लाईट को बदलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए नगर निगम द्वारा इन वार्डो में खराब लाईटों को बदला गया। वहीं नवीन विद्युत खंभें भी लगाये गये । श्री कुंभकार ने बताया कि पूर्व में बिजली के खंभें नहीं होने से रात के समय जीव-जंतुओं का भय और दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती थी। लेकिन निगम द्वारा हमारे वार्ड में नये बिजली के खंभें और लाईट लगाये जाने से अब कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि लंबे समय से वार्डवासियों द्वारा इसकी मांग की जा रही थी। सुशासन तिहार अंतर्गत उन्होंने अपनी समस्या समाधान पेटी में डाली और निगम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उनके वार्ड की गलियो को रोशन किया गया है। इसके लिए वार्ड के लोग साय सरकार को धन्यवाद दे रहे है।



'सुशासन तिहार 2025' के दूसरे चरण में विभागों को मिले आवेदनों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। सुशासन तिहार में दिये आवेदनों के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान होने से लोगों में खुशी देखी जा सकती है। जिले भर से प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान और नागरिकों को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिलने से सुशासन तिहार लोगों के बीच एक उम्मीद बन चुका है। लोग इसे शासन की जवाबदेही और जनता की समस्याओं को समझने वाली सरकार बता रहे है। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड कोस्टापारा निवासी लक्ष्मीकांत सोनी हामिम खान, देवेंद्र कुमार, पवन कुमार साहू, टिकेश सोना द्वारा वार्ड की साफ-सफाई हेतु आवेदन दिये गये थे। निगम द्वारा आवेदन पर कार्यवाही करते हुए कोष्टापारा वार्ड में कचरों की सफाई के साथ-साथ नालियों की भी सफाई की गयी। वार्डवासियों ने बताया कि पूर्व में नालियों में गंदा पानी भरा रहता था, जिससे बदबू व मच्छर पैदा होते थे। लेकिन अब इन नालियों की सफाई और कचरों के व्यवस्थित उठाव हो जाने से इस समस्या का समाधान हो गया है

इसके लिए उन्होंने साय सरकार को धन्यववाद दिया है।

# लॉज, होटल, ढाबा संचालकों के साथ डीएसपी एवं एसडीएम,थाना प्रभारी की उपस्थिति में ली गई बैठक



**धमतरी,** 3 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धमतरी मणिशंकर चन्द्रा द्वारा डीएसपी. एवं एसडीएम धमतरी एवं थाना प्रभारी धमतरी की उपस्थिति में होटल, लॉज, ढाबा संचालकों की बैठक ली गई। कोई बाहरी आपराधिक व्यक्ति शहर के किसी भी होटल, लॉज में आश्रय लेकर आपराधिक घटना कर कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

इस संबंध में धमतरी शहर के अंतर्गत स्थित होटल, ढाबा,लॉज संचालकों द्वारा आगंतुकों, ठहरने वाले व्यक्तियों से उनकी पहचान पत्र प्राप्त कर विधिवत अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड रखा जाये संचालकों को निर्देश दिये गये हैं। धमतरी जिले में स्थित सभी थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल, ढाबा, लॉज, धर्मशाला आदि में सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगे होना अनिवार्य है।

जिला धमतरी क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल, ढाबा, लॉज, धर्मशाला आदि के संचालकों द्वारा उनके परिसर में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का रिकार्ड प्रतिदिन संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देशों के पालन नही करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, उप पुलिस अधीक्षक मीना साहू, एसडीएम धमतरी, थाना प्रभारी धमतरी, होटल, ढाबा, लॉज के संचालक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# जिले में स्वास्थ्य, कौशल विकास सहित शासन की योजनाओं का होगा प्रचार

## कलेक्टर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को किया रवाना

**धमतरी,** 5 मई (देशबन्धु)। प्रयोग समाजसेवी संस्था द्वारा शासन की स्वास्थ्य, कौशल विकास सहित अन्य योजनाओं के प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि यह रथ जिले के चारों विकासखंडों धमतरी, कुरूद, नगरी और मगरलोड में जाकर स्वास्थ्य, कौशल विकास सहित शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं-कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार गीत, पॉम्पलेट सहित अन्य माध्यमों से किया जायेगा। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य कार्डो के बनवाने हेतु किये जाने वाले कार्य, आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता व इससे शासन द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सहायता आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही प्रवासी श्रमिकों के लिए बनाये गये अधिनियम 1979, श्रमिकों की जिम्मेदारी, ठेकेदार के कर्तव्य, पंजीयन की अनिवार्यता, प्रवासी श्रमिकों को मिलने वाली सुविधायें, और मालिक की जिम्मेदारी के बारे में भी बताया जायेगा। इसी प्रकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अंतर्गत पात्रता, दस्तोवज आवेदन प्रक्रिया, व लाभ की जानकारी दी जायेगी।




जागरूकता रथ द्वारा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी जायेगी। वहीं जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु निजी एवं शासकीय संस्थाओं में संचालित पाठयक्रमों, आवेदन प्रक्रिया, नियम एवं शर्तो के अलावा प्लेंसमेंट के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर प्रयोग समाज सेवी संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।